www.deshbandhu.co.in ख़बरें लगातार ...
छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक
संपर्क करें : deshbandhuraipur@gmail.com

पत्र नहीं मित्र
# देशबन्धु

रायपुर, सोमवार, 06 नवम्बर 2023 ■ वर्ष – 65 ■ अंक –202 ■ पृष्ठ –12 ■ मूल्य – 4.00 रु. प्रेस पंजीयन- 6072/59 डाक पंजीयन-सीजी/रायपुर संभाग/19/2021-23

पंजा का बटन दबाएंगे
कांग्रेस को जिताएंगे



## भरोसे का घोषणा-पत्र
2023-28



### वादा है, फिर निभाएंगे

- पहले की तरह इस बार भी होगा किसानों का कर्ज माफ
- अब धान का मिलेगा 3200 रु प्रति क्विंटल
- 20 क्विंटल प्रति एकड़ धान खरीदी
- गैस सिलेंडर पर 500 रुपए मिलेगी सब्सिडी
- 200 यूनिट बिजली फ्री
- सभी सरकारी स्कूलों/कॉलेजों में KG से लेकर PG तक शिक्षा मुफ्त
- 17.5 लाख गरीब परिवारों को हम आवास देंगे
- तेंदूपत्ते का प्रति बोरा 6000 रु और 4000 रु सालाना बोनस भी
- स्व-सहायता समूह का भी होगा कर्जा माफ
- अब 10 लाख रुपए तक का मिलेगा मुफ्त इलाज
- अब सभी सरकारी स्कूल बनेंगे स्वामी आत्मानंद स्कूल
- लघु वनोपजों की MSP पर मिलेंगे अतिरिक्त 10 रु प्रति किलो
- भूमिहीनों को मिलेंगे 10,000 रु प्रतिवर्ष
- युवाओं को उद्योग व्यवसाय ऋण में 50% की सब्सिडी
- 700 नए RIPA का होगा निर्माण
- तिवरा भी समर्थन मूल्य पर खरीदा जाएगा
- जातिगत जनगणना करवाएंगे
- दुर्घटना होने पर मुफ्त इलाज
- परिवहन व्यवसायियों के होंगे कर व कर्ज माफ
- अंत्येष्टि के लिए लकड़ी का प्रबंध राज्य सरकार करेगी

भरोसा बरकरार
फिर से कांग्रेस सरकार



भरोसा बरकरार
फिर से कांग्रेस सरकार

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी

# देश

**उवाच** "मध्य प्रदेश के विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी और समाजवादी पार्टी द्वारा उम्मीदवार उतारे जाने से न तो मध्य प्रदेश के चुनाव नतीजों पर कोई असर पड़ेगा और ना ही इण्डी अलायंस पर कोई असर होगा, क्योंकि इण्डी अलायंस लोकसभा चुनावों के लिए बनाया गया है। –दिग्विजय सिंह, वरिष्ठ कांग्रेस नेता



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 31.0 | 19.0 |
| मुंबई | 28.0 | 27.0 |
| कोलकाता | 28.0 | 22.0 |
| चेन्नई | 28.0 | 27.0 |

# मध्य प्रदेश में भाजपा-कांग्रेस ने 74 बागी नेताओं को पार्टी से निकाला

**भोपाल,** 5 नवम्बर (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश में हो रहे विधानसभा चुनाव में प्रमुख राजनीतिक दल भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस दोनों के लिए बागी मुसीबत बन गए हैं। इन बागियों का असर चुनावी नतीजे पर पड़ने की आशंका दोनों दलों को सता रही है। दोनों ही राजनीतिक दलों ने अब इन बागियों को बाहर का रास्ता दिखाना शुरू कर दिया है।

राज्य की 230 विधानसभा सीटों पर 17 नवम्बर को मतदान होने वाला है और चुनाव प्रचार अभियान जोरों पर है। नाम वापसी की तारीख निकल चुकी है और उसके बाद भी बड़ी संख्या में बागी मैदान में हैं। कांग्रेस और भाजपा दोनों ही राजनीतिक दल ऐसे हैं जिनके लिए लगभग 50 सीटों पर बागी या भीतरघाती मुसीबत का कारण बने हुए हैं। दोनों राजनीतिक दल पहले तो इन्हें मनाने में जुटे रहे और जब वे नहीं माने तो पार्टी ने निष्कासन का रास्ता चुना है। दोनों ही राजनीतिक दलों द्वारा अपने बागी और भीतरघातियों पर की गई कार्रवाई पर गौर करें तो एक बात साफ हो



■ सभी छह साल के लिए पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से किए गए निष्कासित

जाती है कि दोनों ही राजनीतिक दल परेशान हैं और यह बागी उनकी जीत के रास्ते में रोडा बन सकते हैं।

कांग्रेस ने 39 नेताओं को छह साल के लिए पार्टी से बाहर कर दिया है। मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव में भाजपा और कांग्रेस द्वारा जारी हुई अधिकृत प्रत्याशियों की सूचियों के बाद से एकाएक दर्जनों नेताओं और कार्यकर्ताओं ने पार्टी से बगावत कर दी और दूसरी पार्टियों में शामिल हो गए। लेकिन पार्टी से उन तमाम लोगों को निकाला गया है जो चुनावी मैदान में निर्दलीय खड़े होकर पार्टी के लिए मुसीबतें पैदा करते नजर आ रहे हैं। भाजपा ने बड़वारा विधानसभा से निर्दलीय चुनाव लड़ रही गीता पटेल सहित मुड़वारा की ज्योति दीक्षित और संतोष शुक्ला को भारतीय जनता पार्टी से निकाल दिया। वहीं, कांग्रेस ने भी मुड़वारा से संतोष शुक्ला और बहोरीबंद से शंकर महतो को पार्टी से छह वर्षों के लिए निष्कासित कर दिया है।

वहीं श्योपुर से बिहारी सिंह सोलंकी, मुरैना से राकेश सिंह गुर्जर, राजनगर से घासीराम पटेल, मलहरा से करन लोधी, निवाड़ी नंदराम कुशवाह, दमोह से शिवचरण पटेल, गुनौर से अनीता बागरी, चित्रकूट से सुभाष शर्मा डॉली, सतना से रत्नाकर चतुर्वेदी, रैगांव से रानी बागरी, सिंगरौली से चंद्रपताप विश्वकर्मा, जयसिंह नगर से फूलवती, अनूपपुर से छोटे सिंह, मुड़वारा से ज्योति दीक्षित, बड़वारा से गीता सिंह, मुड़वारा से संतोष शुक्ला, सौंसर से प्रदीप ठाकरे, होशंगाबाद से भगवती चौरे, हरदा से सुरेंद्र जैन, मांधाता से शिवेंद्र तोमर, नेपानगर से रतिलाल चिल्हात्रे, अलीराजपुर से सुरेंद्र ठकराल, जोबट से माधव सिंह डाबर, देपालपुर से राजेंद्र चौधरी, सुसनेर से संतोष जोशी, महीदपुर से प्रताप आर्य, बड़नगर से कुलदीप बना ओर जावद से सुराना बाई पर भी कार्रवाई हुई है।

### भाजपा ने 35 नेताओं को दिखाया बाहर का रास्ता

भाजपा ने 35 नेताओं को बाहर का रास्ता दिखाया। सभी छह साल के लिए पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से निष्कासित किए गए हैं। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि राज्य के विधानसभा चुनाव कड़ी टक्कर वाले हैं और कई नेताओं को लगता है कि इस बार के चुनाव उनकी राजनीतिक हैसियत को बदल सकते हैं। यही कारण रहा कि पहले उन्होंने अपने-अपने दलों से उम्मीदवार बनने की कोशिश की और जब असफल रहे तो उन्होंने सपा, बसपा, आम आदमी पार्टी से टिकट पा लिया। इतना ही नहीं, कई ऐसे नेता है जिन्होंने दूसरे दल का दामन थामने के बजाय निर्दलीय चुनाव मैदान में जोर लगाया है।

## माकपा ने तेलंगाना में 14 सीटों के लिए उम्मीदवारों की घोषणा की

**हैदराबाद,** 5 नवम्बर (एजेंसियां)। सीपीआई (एम) ने तेलंगाना विधानसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी है। पार्टी के राज्य सचिव टी. वीरभद्रम ने रविवार को 14 सीटों के लिए उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की। वीरभद्रम खुद पलेयर से चुनाव लड़ेंगे। करम पुलैया भद्राचलम (एसटी) से, पित्तला अर्जुन असवाराओपेट (एसटी) से, पलाडुगु भास्कर मधिरा (एससी) से, भुक्या वीरभद्रम वायरा (एसटी) से, येरा श्रीकांत खम्मम से और माचरला भारती सथुपल्ली (एससी) से चुनाव लड़ेंगे। सभी सात सीटें अविभाजित खम्मम जिले में हैं। सीपीआई (एम) ने मिर्यालगुडा, नकिरेकल (एससी), भुवनागिरी, जनागम, इब्राहिमपटनम, पाटनचेरु और मुशीराबाद से भी उम्मीदवार उतारे हैं।



कांग्रेस द्वारा दो सीटों की मांग का जवाब देने में विफल रहने के बाद मार्क्सवादी पार्टी ने अकेले चुनाव लड़ने का फैसला किया। उसने ऐलान किया कि वह 24 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। पार्टी ने कांग्रेस के लिए वायरा और मिर्यालागुडा सीटों की मांग को स्वीकार करने के लिए 2 नवंबर की समय सीमा तय की थी। पार्टी ने मूल रूप से भद्राचलम और पलेयर की मांग की थी।

# छत्तीसगढ़ में मोदी ने चुनाव आचार संहिता का किया उल्लंघन : गोखले

**अहमदाबाद,** 5 नवम्बर (एजेंसियां)। तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता और राज्यसभा सांसद संकेत गोखले ने भारतीय चुनाव आयोग (ईसीआई) में शिकायत दर्ज कराई है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने छत्तीसगढ़ के दुर्ग में अपनी हालिया चुनावी रैली के दौरान आदर्श आचार संहिता (एमसीसी) का उल्लंघन किया है। इसे साझा करने के लिए उन्होंने रविवार को सोशल मीडिया का सहारा लिया। गोखले का दावा है कि पीएम मोदी ने अपने भाषण के दौरान, अगले पांच वर्षों के लिए सरकार की मुफ्त राशन योजना के विस्तार की अनुचित घोषणा की। उनके अनुसार यह घोषणा चुनाव अवधि के बाहर की जा सकती थी। उनका तर्क है कि भाजपा के लिए चल रहे अभियान के बीच में की गई नीति घोषणा का यह समय मतदाताओं को प्रभावित करने का एक अनुचित प्रयास है।



■ संकेत गोखले ने भारतीय चुनाव आयोग में शिकायत दर्ज कराई

ईसीआई को लिखे पत्र में, गोखले ने इस बात पर प्रकाश डाला कि चुनाव अवधि के दौरान एक मंत्री की ऐसी घोषणा चुनाव आयोग के नियमों का उल्लंघन करती है, जो राज्य की शक्ति का लाभ उठाकर मतदाताओं पर अनुचित प्रभाव को रोकने के लिए बनाए गए हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि घोषणा न तो तत्काल थी और न ही समय के प्रति संवेदनशील थी और यह भाजपा की चुनावी संभावनाओं को लाभ पहुंचाने के लिए की गई थी, न कि प्रधानमंत्री की तटस्थ नीति घोषणा के रूप में। पत्र में, उन्होंने लिखा, यह आपके तत्काल संज्ञान में राज्य विधानसभा के आम चुनावों के लिए छत्तीसगढ़ में वर्तमान में लागू आदर्श आचार संहिता (एमसीसी) के गंभीर उल्लंघन का मामला लाने के लिए है। शनिवार 4 तारीख को नवम्बर, 2023, प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने छत्तीसगढ़ के दुर्ग में एक चुनावी रैली में भाषण दिया। रैली में अपने भाषण के दौरान, प्रधान मंत्री ने घोषणा की कि भारत सरकार की मुफ्त राशन योजना को अगले 5 वर्षों के लिए बढ़ाया जाएगा। यह घोषणा एक नीतिगत निर्णय है, जिसे आदर्श आचार संहिता लागू होने से पहले या विधानसभा चुनावों के बाद किया जा सकता था। इस नीति घोषणा के बारे में ऐसा कुछ भी जरूरी या समय-संवेदनशील नहीं है कि इसे मौजूदा अवधि के दौरान किए जाने की आवश्यकता हो।

इसके अलावा, यह घोषणा एक चुनावी रैली के दौरान की गई थी, जहां प्रधानमंत्री आगामी विधानसभा चुनावों के लिए अपनी पार्टी भाजपा के लिए प्रचार कर रहे थे। यह भाजपा के लिए एक स्टार प्रचारक के रूप में उनकी क्षमता में किया गया था, न कि भारत के प्रधानमंत्री के रूप में। इसलिए, प्रधानमंत्री की यह कार्रवाई आगामी विधानसभा चुनावों के मद्देनजर छत्तीसगढ़ में वर्तमान में लागू आदर्श आचार संहिता का स्पष्ट और घोर उल्लंघन है। घोषणा का समय और चरण यानी भाजपा की चुनावी रैली में स्पष्ट रूप से इससे पता चलता है कि यह सत्ताधारी पार्टी द्वारा चुनाव से पहले मतदाताओं को प्रभावित करने और समान अवसर के विचार को विफल करने का एक प्रयास है।

## सार संक्षेप

### हैदराबाद में दो जनसभाओं को संबोधित करेंगे मोदी

**हैदराबाद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 7 और 11 नवम्बर को चुनावी राज्य तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद में दो सार्वजनिक सभाओं को संबोधित करने वाले हैं। भाजपा के राज्यसभा सदस्य और ओबीसी मोर्चा के अखिल भारतीय अध्यक्ष के. लक्ष्मण ने यह जानकारी दी। पहली सभा बीसी आत्म गौरव सभा, एलबी स्टेडियम में आयोजित की जाएगी, जबकि दूसरी 11 नवम्बर को परेड ग्राउंड में एक सार्वजनिक सभा होगी, जो मैडिगा समुदाय द्वारा उठाए गए वर्गीकरण मुद्दे पर केंद्रित होगी। बीसी आत्म गौरव सभा का उद्देश्य गृह मंत्री अमित शाह के उस बयान की पुष्टि करना है कि तेलंगाना में भाजपा के सत्ता में आने के बाद एक बीसी को मुख्यमंत्री बनाया जाएगा।

### मिजोरम में मजबूती से चुनाव लड़ेगी पार्टी : अनिल

**नई दिल्ली।** मिजोरम चुनाव पर भाजपा नेता अनिल एंटनी ने कहा कि भाजपा यहां 23 सीटों पर लड़ रही है और हमें पूरा भरोसा है कि हम मजबूती से चुनाव लड़ेंगे। उन्होंने दावा कि हम यहां जिन सीटों पर चुनाव लड़ रहे हैं, उनमें से ज्यादातर पर जीत हासिल करेंगे। मैं आपको आश्वस्त करता हूं कि यह मिजोरम राज्य में हमारा अब तक का सबसे अच्छा प्रदर्शन होगा।

### तेलंगाना में कांग्रेस ने की क्लस्टर प्रभारी की नियुक्ति

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने तेलंगाना में विधानसभा चुनाव के लिए क्लस्टर प्रभारी और विधानसभा क्षेत्र पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की है। पड़ोसी राज्य कर्नाटक के कांग्रेस के कई वरिष्ठ मंत्रियों और नेताओं को विभिन्न क्षेत्रों में पार्टी की चुनावी गतिविधियों की देखभाल के लिए क्लस्टर प्रभारी के रूप में नामित किया गया है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे द्वारा क्लस्टर प्रभारी के रूप में नियुक्त किए गए 10 नेताओं में दिनेश गुंडू राव, प्रियांक खरगे, एमसी सुधाकर, केएच मुनियप्पा, कृष्णा बायरे गौड़ा और बीजेड जमीर अहमद खान शामिल हैं। साथ ही पार्टी ने तेलंगाना की 48 विधानसभा सीटों के लिए निर्वाचन क्षेत्र पर्यवेक्षकों को भी नामित किया गया। तेलंगाना में 30 नवम्बर को मतदान होगा और वोटों की गिनती तीन दिसंबर को होगी।

### लोकसभा चुनाव लड़ने का हूं इच्छुक : नौशाद सिद्दीकी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल विधानसभा में ऑल इंडिया सेक्युलर फ्रंट (एआईएसएफ) के एकमात्र प्रतिनिधि नौशाद सिद्दीकी ने कहा है कि वह डायमंड हार्बर निर्वाचन क्षेत्र से 2024 का लोकसभा चुनाव लड़ने के इच्छुक हैं। इस सीट से तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी मौजूदा सांसद हैं।

## युवाओं से कमलनाथ का वादा
# सत्ता में आने पर सरकारी भर्ती कानून बनाएंगे

**भोपाल,** 5 नवम्बर (एजेंसियां)। कांग्रेस की मध्य प्रदेश इकाई के अध्यक्ष कमलनाथ ने युवाओं से वादा किया है कि कांग्रेस सत्ता में आते ही खुशहाल युवा, खुशहाल मध्य प्रदेश पर काम करते हुए सरकारी भर्ती कानून अमल में लाएगी। कमलनाथ ने एक्स पर लिखा है, खुशहाल युवा, खुशहाल मध्यप्रदेश का लक्ष्य पाने के लिए मैं वचनबद्ध हूं। कांग्रेस सरकार युवाओं की मांग के अनुसार मध्य प्रदेश में 'सरकारी भर्ती का कानून' बनाएंगी।



प्रदेश की भर्ती परीक्षाओं में हुए 'घोटालों की निष्पक्ष और विश्वसनीय जांच' कराएगी। इसके लिए भर्ती जांच आयोग बनाएंगे। उन्होंने कहा, घोटाला कर युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ करने वालों को कठोर दंड सुनिश्चित करेंगे। युवाओं को न्याय मिलकर रहेगा। उन्होंने युवाओं से वादा किया है कि सरकार के दो लाख रिक्त पदों की भर्ती का वार्षिक कैलेंडर जारी करेंगे। ग्राम स्तर के नए एक लाख पद बनाकर नौकरी देंगे। भर्ती परीक्षाओं के शुल्क में 100 प्रतिशत की छूट देंगे। युवाओं के लिए 1000 करोड़ रुपए का स्टार्ट अप फंड बनाएंगे। 5 लाख करोड़ का वास्तविक निवेश धरातल पर लाएंगे और 1000 नई औद्योगिक इकाइयां और एक लाख एमएसएमई प्रारंभ कराएंगे। स्थानीय युवाओं को रोजगार देने वाले उद्योगों में वेतन अंशदान सरकार देगी।

# वसुंधरा ने आलाकमान के संकेतों को किया नजरअंदाज

**नई दिल्ली,** 5 नवम्बर (एजेंसियां)। भाजपा आलाकमान द्वारा राजस्थान विधानसभा चुनाव में स्पष्ट संकेत मिलने के बावजूद वसुंधरा राजे सिंधिया राजनीतिक मैदान छोड़ने को तैयार नहीं हैं। पार्टी आलाकमान ने भले ही वसुंधरा राजे की जिद के बावजूद उन्हें मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार या चुनाव प्रचार समिति का मुखिया घोषित नहीं किया हो, लेकिन राजस्थान की राजनीति की चतुर खिलाड़ी वसुंधरा राजे अभी भी मैदान छोड़ने को तैयार नहीं हैं। वसुंधरा राजे सिंधिया ने आलाकमान के राजनीतिक मूड और राज्य स्तर के नेताओं की तैयारियों को देखते हुए ग्राउंड जीरो पर फोकस किया और लगातार पांचवी बार न केवल झालरापाटन विधान सभा क्षेत्र से अपना टिकट सुनिश्चित किया बल्कि अपने ज्यादा से ज्यादा समर्थकों को टिकट मिले, इस बात को भी सुनिश्चित करने का पुरजोर प्रयास किया। पार्टी के एक नेता ने बताया कि चाहे चुनाव प्रभारी एवं केंद्रीय मंत्री प्रल्हाद जोशी के घर पर राजस्थान भाजपा कोर कमेटी के नेताओं की बैठक हो या पार्टी अध्यक्ष जेपी





नड्डा के घर पर बैठ, या फिर पार्टी मुख्यालय में केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक हो, वसुंधरा राजे हर बैठक में अपने समर्थकों को जीतने वाला उम्मीदवार बताते हुए उनकी जोरदार पैरवी करती नजर आई। कई बार इसके लिए वसुंधरा राजे सिंधिया को बैठक के अंदर अन्य नेताओं के साथ जोरदार बहस भी करनी पड़ी। वसुंधरा की वर्किंग स्टाइल को जानने वालों नेताओं के लिए यह किसी अचंभे से कम नहीं था। भाजपा राजस्थान के लिए अब तक 184 उम्मीदवारों के नाम घोषित कर चुकी है और पार्टी उम्मीदवारों की यह चारों लिस्ट अपने आप में बताती है कि वसुंधरा राजे सिंधिया ने पहली लड़ाई जीत ली है। वहीं दूसरी तरफ , वसुंधरा के करीबी और राजस्थान में भाजपा के एकमात्र मुस्लिम चेहरे यूनुस खान ने टिकट नहीं मिलने से नाराज होकर भाजपा छोड़ने और निर्दलीय लड़ने का ऐलान कर भाजपा आलाकमान को जोरदार झटका दिया है। अगर राजस्थान में किसी को बहुमत नहीं मिला, तो निर्दलीय विधायक सरकार गठन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं और यूनुस खान जैसे भाजपा के कई बागी ऐसे हालात में वसुंधरा राजे का ही साथ देंग

### 184 घोषित उम्मीदवारों में से 52 वसुंधरा के समर्थक

वसुंधरा राजे सिंधिया भले ही पुरजोर पैरवी के बावजूद कैलाश मेघवाल, राजपाल सिंह शेखावत, अशोक परनामी और यूनुस खान जैसे एक दर्जन से ज्यादा करीबियों को टिकट दिलवाने में कामयाब नहीं हो पाई हो, लेकिन अपनी जोरदार पैरवी से कालीचरण सराफ, वासुदेव देवनानी, अनिता भदेल, पुष्पेंद्र सिंह राणावत, जगसीराम कोली, प्रतापलाल गमेती, गोपीचंद मीणा, अशोक डोगरा, प्रताप सिंह सिंघवी, सिद्धी कुमारी, सुरेंद्र सिंह राठौड़ और दीप्ति माहेश्वरी सहित अपने 52 के लगभग समर्थकों को टिकट दिलवाने में कामयाब हो गई। 184 घोषित उम्मीदवारों में से 52 वसुंधरा राजे सिंधिया के समर्थक हैं। हालांकि राजस्थान भाजपा के एक दिग्गज नेता की मानें तो बाकी उम्मीदवारों में से भी 15-20 उम्मीदवार ऐसे हैं जो किसी पाले में नहीं हैं लेकिन उन्हें भी चुनाव जीतने के लिए वसुंधरा राजे की मदद की दरकार है। बाकी बची 16 सीटों पर भी वसुंधरा राजे अपने एक दर्जन के लगभग करीबियों को टिकट दिलवाने की जोरदार पैरवी कर रही हैं। समर्थकों को टिकट दिलवाने के मामले में राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल और लोक सभा अध्यक्ष एवं सांसद ओम बिरला यहां तक कि प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी को भी काफी पीछे छोड़ दिया है।

# कोठागुडेम बन जाएगा स्वर्ण मुकुट : केसीआर

**कोठागुडेम,** नवम्बर (देशबन्धु)। बीआरएस प्रमुख और मुख्यमंत्री के.चंद्रशेखर राव ने रविवार को आयोजित आशीर्वाद जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि बीआरएस की ओर से वनमा वेंकटेश्वर राव उम्मीदवार हैं, इन्हें भारी बहुमत से जिताएं। वे अच्छे इंसान हैं। केसीआर का चेहरा देखकर वनामा को वोट दें। तेलंगाना लाने वाले व्यक्ति के रूप में, मैं यह बात आशा भरे दिल से कह रहा हूं कि संपूर्ण तेलंगाना समाज बेहतर होगा।

■ चुनावी सभा में की बीआरएस के पक्ष में वोट देने की अपील

बीआरएस और केसीआर तेलंगाना समाज के लिए हैं, जीवन के सभी क्षेत्रों के लोग एक साथ आगे बढ़ेंगे। यदि सीतारमा परियोजना पूरी हो गई तो हमें सूखे का सामना नहीं करना पड़ेगा। कोठागुडेम स्वर्ण मुकुट बन जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि सिंगरेनी का 134 वर्ष पुराना इतिहास है। मुख्यमंत्री ने कहा कि तेलंगाना के अस्तित्व में आने से पहले 6400 नौकरियां दी गई। तेलंगाना स्थापना के साढ़े नौ साल बाद 19463 नई नौकरियां दी गई है। कांग्रेस यूनियन, सीपीएम और सीपीआई यूनियनों ने आश्रित नौकरियों को नष्ट कर दिया है। हम



आए तो 15256 लोगों को आश्रितों को नौकरी दी। पहले मजदूर मरते थे तो एक लाख रुपये देते थे और हाथ जोड़ लेते थे। आज हमने दस लाख रुपए दिए हैं। आश्रित के नौकरी नहीं लेने पर हम 25 लाख रुपए दे रहे हैं। हम मकान के लिए 10 लाख तक का ब्याज मुक्त ऋण दे रहे हैं। कांग्रेस 50 साल तक सशक्त रही।

बीआरएस का कार्यकाल दस वर्ष का है, फिर भी, विकास देखने लायक है। यह अंतर अवश्य नोट करें। मुख्यमंत्री केसीआर ने कहा कि जब तेलंगाना आया तो क्या स्थिति थी, आप जानते हैं। बिजली पैदा करने वाले कोठागुडेम में बिजली कटौती होती थी, ताजा पानी नहीं था। यदाद्रि पावर प्लांट पूरा हुआ तो चार हजार मेगावाट बिजली क्षमता बढ़ेगी। कोट्टागुडेम में मेडिकल कॉलेज खुला है। किडनी फेल होने पर यहां डायलिसिस केंद्र स्थापित किए गए हैं। 16761 एकड़ बंजर भूमि का स्वामित्व दिया गया है, इससे 4500 परिवारों को लाभ हुआ है। हमने आदिवासियों के खिलाफ मामले हटा दिए हैं।

### कांग्रेसियों के कारण सिंगरेनी में केंद्र को 49 फीसदी हिस्सेदारी मिली

केसीआर ने कहा कि सिंगरेनी 100 प्रतिशत हमारी थी। लेकिन कांग्रेस के अयोग्य महारथियों ने केंद्र सरकार से कर्ज लिया और 40 साल तक नहीं चुकाया। इससे केंद्र को 49 फीसदी हिस्सेदारी मिल गई, अन्यथा हमारी खदानें हमारे पास ही थी। ये निजाम की खदानें हैं। इससे नुकसान हुआ है, ऋण के कारण बंधा हुआ है। सिंगरेनी की चाल बदल गई है। कांग्रेस प्रशासन के तहत सिंगरेनी हार जाती। तेलंगाना आते ही हमने तीन प्रतिशत तेलंगाना इंक्रीमेंट दिया। कांग्रेस शासनकाल में कंपनी का टर्नओवर महज ग्यारह हजार करोड़ रुपए था, अब हमने इसे 33 हजार करोड़ में तक लाया है। सिंगरेनी के मात्र 419 करोड़ रुपए के मुनाफे को अब 2184 करोड़ तक ले आए हैं।

# छत्तीसगढ़ में जोगी परिवार के सामने विरासत बचाने की चुनौती

**रायपुर,** 5 नवम्बर (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के पहले मुख्यमंत्री अजीत जोगी के परिवार के सामने इस बार के चुनाव में विरासत को बचाने की चुनौती है। इस परिवार के तीन सदस्य छत्तीसगढ़ जनता कांग्रेस के उम्मीदवार के तौर पर मैदान में हैं। संभवत: इस चुनाव में यह इकलौता ऐसा परिवार होगा जिसके तीन सदस्य सियासी मैदान में ताल ठोक रहे हैं। छत्तीसगढ़ मध्य प्रदेश से अलग होने के बाद वर्ष 2000 में अस्तित्व में आया था और कांग्रेस के विधायकों की संख्या ज्यादा होने पर अजीत जोगी को मुख्यमंत्री बनाया गया था। बाद में अजीत जोगी की कांग्रेस से दूरियां बढ़ी और उन्होंने छत्तीसगढ़ जनता कांग्रेस का गठन किया। अब अजीत जोगी तो नहीं हैं मगर उनके परिवार के सदस्य उनकी सियासी विरासत को आगे बढ़ाने में लगे हुए हैं। राज्य की 90 विधानसभा सीटों के लिए दो चरणों में सात और 17 नवम्बर को मतदान होना है। इन चुनाव में जनता कांग्रेस के तीन सदस्य अमित जोगी पाटन से, रेणु जोगी कोटा से और ऋचा जोगी अकलतरा से किस्मत आजमा रहे हैं।



■ अमित जोगी पाटन से, रेणु जोगी कोटा से व ऋचा जोगी अकलतरा से आजमा रहे किस्मत

राज्य की सियासत पर गौर करें तो जोगी परिवार की सियासी हैसियत एक तरफ कम हो रही है तो दूसरी ओर उसके वोट बैंक पर भी असर पड़ रहा है। वर्तमान में इन तीन सदस्यों में सिर्फ रेणु जोगी ही विधायक हैं और वह एक बार फिर कोटा सीट से मैदान में हैं।

जनता कांग्रेस ने बीते चुनाव में लगभग साढ़े सात फीसदी से ज्यादा वोट हासिल करने के साथ पांच स्थानों पर जीत दर्ज की थी। मगर अजीत जोगी और देवव्रत सिंह की मृत्यु के बाद उपचुनाव हुए और दोनों स्थानों पर जनता कांग्रेस को हार का सामना करना पड़ा। इतना ही नहीं दो विधायक धर्मजीत सिंह और प्रमोद शर्मा अलग हो गए, अब कोटा सीट का प्रतिनिधित्व रेणु जोगी के पास है।

**मुद्दे** *मिजोरम में सड़क-विकास की बदहाली में अटका वोट*

# मिजोरम में राष्ट्रीय दलों की मौजूदगी से मुश्किल में क्षेत्रीय पार्टियां

**ऑइजोल, 5 नवम्बर (एजेंसियां)। अन्य राज्यों की तरह ही मिजोरम में भी चुनाव के मुख्य मुद्दे हैं, विकास और सड़कें। सड़कों की हालत बहुत दयनीय है। भारत में सड़क हादसों में होने वाली मौतों में सबसे अधिक वार्षिक वृद्धि मिजोरम में दर्ज की गई है। लोग मानते हैं कि विकास की बात तब की जा सकती है जब सड़कें अच्छी हों। इसके अलावा म्यांमार से**

आए शरणार्थी, मणिपुर हिंसा, किसानों से वादे भी अन्य अहम मुद्दे हैं। यह भी मानना पड़ेगा कि लोग सत्तारूढ़ सरकार के कामों से बहुत खुश भी नहीं हैं। लेकिन सड़क और विकास प्रमुख मुद्दा है। चुनाव विश्लेषक बताते है कि विकास और सड़क मुख्य मुद्दे हैं। मिजोरम में सड़कों की हालत बेहद खस्ता है। सरकार को ध्यान देना चाहिए था। वे कहते हैं सरकार भले कहे कि इस दौरान कोविड काल, म्यांमार



■ म्यांमार से आए शरणार्थी, मणिपुर हिंसा, किसानों से वादे भी अन्य अहम मुद्दे हैं

शरणार्थियों का मामला रहा या मणिपुर के विस्थापितों को संभालने में वक्त गुजरा लेकिन लोग इस बात को सुनने को शायद ही तैयार हों। विकास की रफ्तार उतनी नहीं रही, जितनी की होनी चाहिए। किसान भी सरकार से बहुत खुश नहीं है।

ऐसा लगता है कि इस बार का चुनाव पिछले चुनावों से हटकर होगा। इस बार कुछ नया देखने को मिल रहा है। राष्ट्रीय पार्टियों के आने से इस बार क्षेत्रीय पार्टियां ज्यादा सजग हो गई हैं। पहली बार वोट करने वाली रिशा कहती हैं, मैं उस सरकार को चुनना चाहूंगी जो हमारी मूलभूत सुविधाएं पूरी कर सके। युवाओं को उनके कॅरिअर को बढ़ाने के अवसर देने वाली हो। उच्च शिक्षा के लिए हमको बाहर नहीं जाना पड़े।

अच्छी सड़कें हों, परिवहन सुव्यवस्थित हो। यातायात अनुशासन के लिए मशहूर मिजोरम में सड़क हादसों की मौतों में भी देश में सबसे ज्यादा वृद्धि देखी गई है। हाल ही में जारी 'भारत में सड़क दुर्घटनाएं-2022' की वार्षिक रिपोर्ट में सामने आई है। देश में कुल मिलाकर हर दिन 1,264 दुर्घटनाएं और 462 मौतें होती हैं या हर घंटे 53 दुर्घटनाएं और 19 मौतें होती हैं। मिजोरम में दुर्घटनाओं में 2021 में 56 लोगों की मौत हुई, जो 2022 में 113 हो गई, जिसमें 101.79 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। रिपोर्ट में कहा गया है कि 57 लोगों की मौत ओवरस्पीडिंग के कारण हुई, 13 की मौत नशे में गाड़ी चलाने के कारण हुई, 9 की मौत गाड़ी चलाने के कारण हुई और बाकी की मौत अन्य कारणों से हुई। चर्च, नागरिक समाज समूह और राजनीतिक दलों ने 40 सदस्यीय मिजोरम विधानसभा के लिए आगामी चुनावों के लिए वोटों की गिनती की तारीख चुनाव आयोग से बदलने की मांग की है। पिछले महीने भी चर्च निकाय, राजनीतिक दलों और गैर सरकारी संगठनों ने संयुक्त रूप से चुनाव आयोग को मतगणना की तारीख को पुनर्निर्धारित करने के लिए लिखा था।

www.deshbandhu.co.in ख़बरें लगातार ...
छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक
संपर्क करें : deshbandhuraipur@gmail.com



पत्र नहीं मित्र
# देशबन्धु
रायपुर, सोमवार, 6 नवम्बर 2023 | वर्ष – 65 | अंक –202 | पृष्ठ –12 | मूल्य – 4.00 रु. प्रेस पंजीयन- 6072/59 डाक पंजीयन-सीजी/रायपुर संभाग/19/2021-23



वसुंधरा ने आलाकमान के संकेतों को किया नजरअंदाज पृष्ठ 2
■ पांच किलो मुफ्त अनाज में डूबा देश
■ भाजपा के नेतृत्व वाली 'आचार समिति' द्वारा महुआ मोइत्रा का... पृष्ठ 6
■ इजरायल के हमले में हर 10 मिनट में एक बच्चे की मौत
■ संघर्ष के बीच रूस का शरण देने को तैयार पृष्ठ 7
विराट ने की सचिन के वन डे क्रिकेट में सबसे ज्यादा 49 शतक की बराबरी पृष्ठ 8




## चुनाव में सीएम भूपेश के साथ दिनभर

# बघेल को कांग्रेस की जीत का सौ फीसदी भरोसा

### डीबी लाइव के प्रधान संपादक राजीव रंजन श्रीवास्तव की खास बातचीत

**रायपुर**, 5 नवंबर (देशबन्धु) ।मतदाताओं से सीधे मुद्दे की बात, पिछले वादों को पूरा करने के आत्मविश्वास के साथ इस बार के लिए कुछ और नए वादे, जनता की बेहतरी के काम करने का आश्वासन और इसके साथ कांग्रेस की शत-प्रतिशत जीत पर भरोसा दिखाना, भूपेश बघेल के साथ एक दिन में तीन-तीन चुनावी सभाओं के कवरेज का निचोड़ यही है। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को इस राज्य की जनता अपने सगे-संबंधी जैसा प्यार और सम्मान देती है। किसी के लिए भूपेश बघेल कका हैं, किसी के लिए दाऊ, किसी के लिए भैया। और भूपेश बघेल भी जनता के बीच अपने उसी पुराने अंदाज में अब भी पहुंचते हैं और घुलते-मिलते हैं, जैसा वे राजनीति के शुरुआती दिनों में किया करते थे। पहले अविभाजित मध्यप्रदेश और फिर 23 साल पहले बने राज्य छत्तीसगढ़ में बीते तीन दशकों में बहुत कुछ बदल गया।सत्ता बदल गई, अधिकारी बदल गए,लोगों के मिज़ाज बदल गए, लेकिन भूपेश बघेल की सहजता, जमीन से जुड़ाव, जुझारूपन और ठेठ छत्तीसगढ़िया अंदाज बिल्कुल



वैसा ही रहा। 3 नवंबर को भूपेश बघेल के साथ अभनपुर से लेकर अंतागढ़ तक उनकी सभाओं और दौरे के बीच उनसे लंबी बातचीत हुई, पेश है उसकी रिपोर्ताज।

अभनपुर की सभा में कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के साथ अभनपुर, राजिम, आरंग, कुरूद के कांग्रेस प्रत्याशी धनेन्द्र साहू, अमितेश शुक्ल, शिवकुमार डहरिया और तारिणी चंद्राकर भी मौजूद रहे।यहां राजिम माता, राजीव लोचन भगवान, कुलेश्वर महादेव के जयकारे से भाषण की शुरुआत करते हुए भूपेश बघेल ने प्रधानमंत्री मोदी पर निशाना साधा और कहा कि च्चकल पीएम मोदी कांकेर आए थे। उन्होंने कहा कि विकास नहीं हो रहा है। कांग्रेस और विकास का '36 का आंकड़ा' है। श्री मोदी पर तंज कसते हुए श्री बघेल ने कहा हम अडानी को खदानें और नगरनार स्टील प्लांट नहीं देते, इसलिए वह कह रहे हैं कि छत्तीसगढ़ में विकास नहीं हो रहा है। अगर हम खदानें और नगरनार स्टील प्लांट अडानी को देंगे तो ही विकास होगा।

भूपेश बघेल अपनी लगभग सभी चुनावी सभाओं में इसी तरह चुटीले अंदाज में भाजपा को और खासकर प्रधानमंत्री मोदी को घेरते हैं। छत्तीसगढ़ के चुनावों में भाजपा के स्थानीय नेतृत्व की जगह अब कांग्रेस की सीधी टक्कर मोदी सरकार से होती दिख रही है।देशबन्धु डीबी लाइव ने जब उनसे जांच एजेंसियों की कार्रवाइयों पर सवाल किया तो उनका सीधा जवाब था कि ये लोग पिछले तीन सालों से लगातार यही कर रहे हैं। राज्य सरकार को काम नहीं करने देना चाहते और ईडी और आईटी के जरिए अडंगा डालते हैं। भूपेश बघेल ने इस ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

## कांग्रेस का घोषणा पत्र जारी

# 3200 रु. क्विंटल में धान खरीदी, गैस सिलेंडर में 500 सब्सिडी, 200 यूनिट फ्री बिजली

### भाजपा के 31सौ पर कांग्रेस का जवाब



**रायपुर**, 5 नवम्बर (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने रविवार को अपना घोषणा पत्र जारी किया। सबसे बड़ी घोषणा कांग्रेस ने 3200 रुपए में धान खरीदी की कर सबको चौंका दिया है।रायपुर के राजीव भवन में प्रदेश प्रभारी कुमारी सैलजा और मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राजनांदगांव में इसे जारी किया। इनके अलावा संभागवार अलग-अलग नेताओं ने इसे जारी किया।

कुमारी सैलजा ने कहा कि, ये भरोसे की सरकार है, इसलिए क्योंकि हम वादा पूरा करते हैं। वही राजनांदगांव में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा जो घोषणा पिछली बार की गई थी वह सरकार बनने के बाद भी जारी रहेगी। शराब बंदी को लेकर कहा पिछली बार जो कहा उस पर कायम है।यह सामाजिक बुराई है।इसे अभी लागू करने का समय नही आया है। अनियमित कर्मचारी को लेकर कहा सरकार बनने पर इसका निराकरण करेंगे।

**इस बार भी किसानों का कर्ज माफ**–कुमारी सैलजा ने कहा 2018 में कांग्रेस सरकार बनते ही 18.5 लाख किसानों का 9272 करोड़ रुपए कर्जा हमने माफ किया था। इस बार भी कांग्रेस सरकार बनते ही उसी प्रकार कर्जा माफ होगा।राजीव गांधी किसान न्याय योजना में मिलने वाली इनपुट सब्सिडी सहित किसानों को धान की कीमत प्रति क्विंटल 3200 रुपये मिलेगी।

**20 क्विंटल प्रति एकड़ धान खरीदी**–पहले राज्य सरकार 15 क्विंटल प्रति एकड़ की धान खरीदी करती थी और इस वर्ष से 20 चिंटल प्रति एकड़ धान खरीदी शुरू हो गई ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

## सार संक्षेप

### महिला सैनिकों को भी मिलेगा मातृत्व अवकाश

**नई दिल्ली**। भारतीय सेना में कार्यरत महिला सैनिकों, सेलर्स और एयर वॉरियर्स को भी अब मातृत्व अवकाश और चाइल्ड केयर लीव मिलेगी। रक्षा मंत्रालय ने इस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। इनमें महिला अग्निवीर भी शामिल हैं। अभी तक सेना में केवल महिला अधिकारियों को ही मातृत्व, बच्चे की देखभाल और दत्तक ग्रहण के लिए छुट्टियां दी जाती थीं।

### आज से जारी होंगे चुनावी बांड, एसबीआई अधिकृत

**नई दिल्ली**। केंद्र ने भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) को 6 से 20 नवंबर के बीच अपनी 29 अधिकृत शाखाओं के माध्यम से चुनावी बांड जारी करने और भुनाने के लिए अधिकृत किया है। चुनावी बांड जारी होने की तारीख से 15 कैलेंडर दिनों के लिए वैध होंगे और यदि वैधता अवधि समाप्त होने के बाद बांड जमा किया जाता है तो किसी भी भुगतानकर्ता राजनीतिक दल को कोई भुगतान नहीं किया जाएगा। किसी पात्र राजनीतिक दल द्वारा उसके खाते में जमा किया गया चुनावी बांड उसी दिन जमा किया जाएगा।

### माकपा ने तेलंगाना में 14 सीटों पर उम्मीदवार उतारे

**हैदराबाद**। सीपीआई (एम) ने तेलंगाना विधानसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी है। पार्टी के राज्य सचिव टी. वीरभद्रम ने रविवार को 14 सीटों के लिए उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की। वीरभद्रम खुद पलेयर से चुनाव लड़ेंगे।

### कांग्रेस ने नया चोला पहनकर झूठी गारंटियां दी : अनुराग

**भोपाल**। मध्य प्रदेश में भाजपा उम्मीदवारों के समर्थन में प्रचार करने आए केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कांग्रेस पर झूठ बोलने का आरोप लगाते हुए कहा, कांग्रेस झूठी है, मध्यप्रदेश में अब चुनाव है तो कांग्रेस नया चोला पहनकर नई गांरटियां दे रही है। ठाकुर ने संवाददाताओं से चर्चा करते हुए कहा, कांग्रेस पार्टी झूठी है उसकी गारंटियां भी झूठी हैं। कांग्रेस फेल उसकी गारंटियां भी फेल।

# छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार गरीबों के हक पर डाका डाल रही है : योगी आदित्यनाथ

### कांग्रेस सरकार कोयला घोटाला, खनन घोटला और नौकरी में घोटाला कर रही है



**जगदलपुर**, 5 नवंबर (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव के प्रचार अभियान के अंतिम दिन जिले के बस्तर ब्लॉक मुख्यालय में भाजपा द्वारा आयोजित आमसभा को सम्बोधित करते हुए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार गरीबों के हक पर डाका डाल रही है। कांग्रेस सरकार कोयला घोटाला, खनन घोटला और नौकरी में घोटाला कर रही है। उन्होंने कहा कि बिहार में जब लालू प्रसाद यादव मुख्यमंत्री थे, तब चारा घोटाला हुआ था। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस गोबर ही पचा दिया और 1300 करोड़ का घोटाला कर दिया। उन्होंने बस्तर विधानसभा के भाजपा प्रत्याशी मनीराम को जिताने के साथ ही छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार बनाने की अपील की।

उन्होंने पूर्व सांसद स्व बलीराम कश्यप को याद करते हुए कहा कि स्व बलीराम के साथ लोकसभा में उन्हें काम करने का मौका मिला था। लोकसभा में उन्होंने बस्तर विकास के मामले उठाते थे, भले ही तत्कालीन कांग्रेस शासनकाल में मांग पूरी नहीं होती रही है। अब स्व ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

# छत्तीसगढ़ में पहले चरण की 20 सीटों पर प्रचार समाप्त

### मिजोरम में भी विधानसभा चुनाव प्रचार थमा, छत्तीसगढ़ में दो व मिजोरम में 1 चरण में चुनाव

**नई दिल्ली**, 5 नवम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में पहले चरण का विधानसभा चुनाव प्रचार व मिजोरम में एक चरण के विधानसभा चुनाव प्रचार रविवार शाम को समाप्त हो गया। छत्तीसगढ़ में 90 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में से 20 के लिए व मिजोरम में सभी 40 विधानसभा क्षेत्रों और मंगलवार को मतदान होगा। मतगणना तीन दिसम्बर को होगी।

छत्तीसगढ़ में नक्सलियों द्वारा मोहला मानपुर एवं नारायणपुर में हुई अलग अलग घटनाओं में भाजपा के दो कार्यकर्ताओं की हत्या की घटना को छोड़कर प्रचार आमतौर पर शान्तिपूर्ण रहा। राज्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार सुबह सात बजे से दोपहर तीन बजे तक मतदान समय वाले विधानसभा क्षेत्रों में दोपहर तीन बजे तक और सवेरे आठ बजे से शाम पांच बजे तक मतदान समय वाले विधानसभा क्षेत्रों शाम पांच बजे प्रचार समाप्त हो गया। प्रचार के आखिरी दिन अधिकांश क्षेत्रों में प्रत्याशियों ने रैलियां निकालकर शक्ति प्रदर्शन किया। पहले चरण के 20 विधानसभा क्षेत्रों में से दस विधानसभा क्षेत्रों मोहला-मानपुर, अंतागढ़, भानुप्रतापपुर, कांकेर, केशकाल, कोंडागांव, नारायणपुर, दंतेवाड़ा, बीजापुर और कोंटा में सवेरे सात बजे से दोपहर तीन बजे तक तथा 10 विधानसभा क्षेत्रों पंडरिया, कवर्धा, खैरागढ़, डोंगरगढ़, राजनांदगांव, डोंगरगांव, खुज्जी, बस्तर, जगदलपुर और चित्रकोट में सवेरे आठ बजे से शाम पांच बजे तक मतदान होगा।

**प्रत्याशियों ने रैलियां निकालकर शक्ति प्रदर्शन किया**

**20 विधानसभा क्षेत्रों में 223 उम्मीदवार**

प्रथम चरण के 20 विधानसभा क्षेत्रों में कुल 223 उम्मीदवार हैं जिनमें 198 पुरूष तथा 25 महिला हैं। प्रथम चरण के लिए 40 लाख 78 हजार 681 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इनमें 19 लाख 93 हजार 937 पुरुष मतदाता, 20 लाख 84 हजार 675 महिला मतदाता तथा 69 तृतीय लिंग मतदाता शामिल हैं। प्रथम चरण में निर्वाचन हेतु कुल 5304 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। राज्य में प्रथम चरण में मतदान वाले अंतागढ़ विधानसभा क्षेत्र में 13, भानुप्रतापपुर में 14, कांकेर में 9, केशकाल में 10, कोंडागांव में 8, नारायणपुर में 9, बस्तर में 8, जगदलपुर में 11, चित्रकोट में 7, दंतेवाड़ा में 7, बीजापुर में 8 , कोंटा में 8, खैरागढ़ में 11, डोंगरगढ़ में 10, राजनांदगांव में 29, डोंगरगांव में 12, खुज्जी में 10, मोहला-मानपुर में 9, कवर्धा में 16 तथा पंडरिया में 14 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं।

➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

# सत्ता में रहते हुए सट्टा का कारोबार कांग्रेस की हकीकत : स्मृति ईरानी

### विजय संकल्प महारैली में शामिल हुई भाजपा की स्टार प्रचारक, आम सभा को किया संबोधित

**कोण्डागांव**, 5 नवम्बर (देशबन्धु)। भाजपा की केंद्रीय मंत्री व स्टार प्रचारक स्मृति ईरानी ने कोंडागाँव के एनसीसी मैदान पहुँच विजय संकल्प रैली को संबोधित किया जहां अपने तीखे प्रहारों से प्रदेश के मुख्यमंत्री और कांग्रेस की सरकार पर जमकर कटाक्ष किया । चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए भाजपा प्रत्याशी लता उसेंडी के समर्थन में प्रचार के साथ ही प्रदेश में भाजपा की सरकार बनाने की अपील भी की । उक्त आमसभा से पूर्व कार्यकर्ताओं के हुजूम और बाजे गाजे के साथ नगर के रायपुर नाका चौक से एनसीसी मैदान तलक प्रचार वाहन में सवार होकर



आमजनता का अभिवादन करते रैली की शक्ल में सभा स्थल पहुची । अपने चिर परिचित अन्दाज़ में सभा को संबोधित करते हुए एक ओर जहां प्रदेश सरकार पर तीखे प्रहारों की झड़ी लगाई तो वही दूसरी ओर केंद्र की मोदी सरकार की योजनाओं का बखान करते छत्तीसगढ़ के कायाकल्प के लिए भाजपा के आगामी रोडमैप और विज़न को भी पेश ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

# कोहली ने सचिन के रिकॉर्ड की बराबरी की

### विराट ने वनडे में जड़ा 49वां शतक



**कोलकाता**, 5 नवम्बर (एजेंसियां)। भारत की रन मशीन विराट कोहली ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अपने वनडे कॅरियर का 49वां शतक लगाया। उन्होंने कोलकाता के ईडन गार्डन्स में अफ्रीकी टीम के खिलाफ यादगार पारी खेली। कोहली ने रविवार को वनडे में सबसे ज्यादा शतक लगाने के मामले में सचिन तेंदुलकर के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है। खास बात यह है कि उन्होंने अपने 35वें जन्मदिन पर यह उपलब्धि हासिल की। तेंदुलकर और कोहली के बाद सबसे ज्यादा वनडे शतक लगाने वालों में भारतीय कप्तान रोहित शर्मा हैं। रोहित ने 259 मैच की 251 पारियों में 31 सैकड़े लगाए हैं।

# राजस्थान में भाजपा ने 15 प्रत्याशियों की पांचवीं सूची जारी की

**नई दिल्ली**, 5 नवम्बर (एजेंसियां)। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने राजस्थान में आगामी 25 नवंबर को होने वाले विधानसभा आम चुनाव के लिए रविवार को 15 प्रत्याशियों की पांचवी सूची जारी की। भाजपा की केन्द्रीय चुनाव समिति ने इस सूची में जिन उम्मीदवारों के नामों पर स्वीकृति प्रदान की है उनमें जयपुर की सिविल लाइंस सीट पर पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डा अरुण चतुर्वेदी की जगह पत्रकार गोपाल शर्मा को टिकट दिया गया हैं जो कांगेस प्रत्याशी एवं खाद्य मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास का मुकाबला करेंगे। इसमें सरदारशहर विधानसभा क्षेत्र से पूर्व मंत्री राजकुमार रिणवा, शाहपुरा से राजस्थान बेरोजगार एकीकृत महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष उपेन यादव को चुनाव मैदान में उतारा हैं।

# आचार समिति के चेयरमैन बेशर्म व बेहूदा : महुआ

**नई दिल्ली**, 5 नवम्बर (एजेंसियां)। संसद में सवाल के लिए पैसे मामले में फंसीं टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा एक बार फिर आचार समिति पर निशाना साधा। उन्होंने रविवार एक्स पर लिखा कि



■ **समिति की तरफ से पूछे गए सवाल घटिया व अप्रासंगिक थे**

कमेटी की तरफ से पूछे गए सवाल घटिया और अप्रासंगिक थे। इसके मेरे पास रिकॉर्ड हैं। आचार समिति के चेयरमैन बेहूदा और बेशर्म हैं। महुआ ने आगे कहा कि यह जानकर मेरी रूह कांप रही है कि भाजपा मेरे खिलाफ क्रिमिनल केस बनाने की प्लानिंग कर रही है। मेरे पास कितने जोड़ी जूते जानने के बजाय सीबीआई और ईडी अडाणी पर 13000 करोड़ रुपए के कोयला घोटाले में एफआईआर करे।

## नीति निर्धारण

### विदेशी विश्वविद्यालयों के लिए आ रहे है नियम

# मेधावी छात्रों के लिए फीस होगी कम, योग्यता के आधार पर स्कॉलरशिप का होगा प्रावधान

**नई दिल्ली, 5 नवम्बर (एजेंसियां)। यूजीसी 'फॉरेन यूनिवर्सिटीज' के भारतीय कैंपस और यहां उनके परिचालन से जुड़े 'रेग्यूलेशन 2023' लाने जा रही है। इससे ऐसे मेधावी छात्र को लाभ होगा जो आर्थिक तंगी के कारण प्रसिद्ध विदेशी विश्वविद्यालय का रुख नहीं कर सकते।**

*भारत में अपना स्थानीय कैंपस स्थापित करने वाले कई विदेशी विश्वविद्यालय यहां ट्यूशन फीस में बड़ी छूट भी देंगे। ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय, ऑस्ट्रेलिया का मेलबर्न विश्वविद्यालय, क्वींसलैंड विश्वविद्यालय, अमेरिका का टेक्सस विश्वविद्यालय, सेंट पीटर्सबर्ग विश्वविद्यालय और इस्टिटूटो मारांगोनी ने भारत में अपना कैंपस खोलने में रुचि दिखाई है। विदेशी विश्वविद्यालयों के भारतीय कैंपस में गरीब मेधावी छात्रों को उनकी मेरिट के आधार पर स्कॉलरशिप देने का प्रावधान किया जा रहा है।*

*गौरतलब है कि लंबे इंतजार के बाद अब यूजीसी ने भारत में विदेशी कैंपस स्थापित करने का रास्ता खोल दिया है। यह निर्णय यूजीसी काउंसिल की बैठक में लिया गया। अब अपने अगले कदम में यूजीसी फॉरेन यूनिवर्सिटीज के भारतीय कैंपस और यहां उनके परिचालन से जुड़े 'रेग्यूलेशन 2023' लाने जा रही है।*

***कई प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों ने रूचि दिखाई***

*यूजीसी के मुताबिक यह रेगुलेशन अगले कुछ दिनों में जारी किए जा सकते हैं। यूजीसी के मुताबिक अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, फ्रांस व इंग्लैंड समेत विभिन्न राष्ट्रों के कई प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों ने भारत में कैंपस स्थापित करने को लेकर अपनी रुचि दिखाई है। इसके लिए इन विश्वविद्यालयों ने कई सुझाव भी दिए हैं। विदेशी विश्वविद्यालयों ने अपने सुझावों में क्लस्टर कॉलेज बनाने का सुझाव भी दिया है। यूजीसी का कहना है कि उन्हें अब तक 200 से अधिक भारतीय और अंतरराष्ट्रीय हितधारकों से सुझाव प्राप्त हुए हैं। यूजीसी के दिशानिर्देशों के आधार पर ही कोई भी विदेशी विश्वविद्यालय भारत में अपना कैंपस स्थापित कर सकेगा। भारत में कैंपस स्थापित करने की योजना बना रहे विदेशी विश्वविद्यालयों के लिए मसौदा दिशानिर्देशों को अंतिम रूप देते समय विदेशी विश्वविद्यालयों से प्राप्त सुझावों पर भी विचार किया गया है।*




## 23 दिसम्बर को मुंबई में होगा 18 वें भोजपुरी फिल्म अवॉर्ड का आयोजन

**मुंबई।** 18 वें भोजपुरी फिल्म अवॉर्ड का आयोजन 23 दिसम्बर को मुंबई में होगा। भोजपुरी सिने जगत से जुड़े निर्माता, निर्देशक, कलाकार और टेक्निशियंस को सम्मानित करने का उत्सव एक बार फिर से आने वाला है। वर्ष 2005 में शुरू भोजपुरी फिल्म अवार्ड का कारवां अब अपने 18वां संस्करण में पहुंचने को तैयार है। 18 वें भोजपुरी फिल्म अवार्ड 2023 की घोषणा कर दी गई है। इस बार यह फिल्म अवॉर्ड समारोह 23 दिसम्बर 2023 को मुंबई के मलाड स्थित अथर्व ऑडिटोरियम में होगा। इसकी जानकारी भोजपुरी फिल्म अवार्ड के संस्थापक अध्यक्ष विनोद कुमार गुप्ता ने दी। उन्होंने कहा कि 2023 में भोजपुरी सिनेमा के सबसे पुराने और प्रतिष्ठित जूरी-बेस्ड अवार्ड समारोह, अपने 18 वें साल में प्रवेश किया है।

## 'सौभाग्यवती भव' की शूटिंग में बिजी, परिवार संग नहीं मना पाऊंगी दिवाली : अमनदीप सिद्धू

**मुंबई,** 5 नवम्बर (एजेंसियां)। एक्ट्रेस अभिनेत्री अमनदीप सिद्धू, जो वर्तमान में शो 'सौभाग्यवती भव-नियम और शर्तें लागू' में नजर आ रही हैं, ने साझा किया कि शो की शूटिंग में बिजी रहने के चलते वह इस बार अपने परिवार के साथ दिवाली नहीं मना पाएंगी। इस बारे में बताते हुए, अमनदीप ने कहा कि हर साल, मैं अपने परिवार के साथ दिवाली मनाती हूं, लेकिन इस बार, 'सौभाग्यवती भव' की शूटिंग में बिजी होने के चलते, मैं अपने परिवार के साथ सेलिब्रेट नहीं कर पाऊंगी। उन्होंने कहा कि इस बार मुझे अपने परिवार, घर का बना खाना और सारी तैयारियों की याद आएगी, क्योंकि मैं हमेशा अपनी मां के साथ घर को सजाती थी। हालांकि, इस बार मैं पहली बार 'सौभाग्यवती भव' परिवार के साथ दिवाली मनाऊंगी। आप सभी को मेरा मैसेज है कि पटाखे न जलाएं, खुशियां बांटें, मजे करें और आप सभी को दिवाली की हार्दिक शुभकामनाएं। अमनदीप 'सौभाग्यवती भव' में सिया का किरदार निभा रही हैं, जबकि धीरज धूपर राघव की मुख्य भूमिका में हैं। 'सौभाग्यवती भव' स्टार भारत पर प्रसारित होता है।



## गांगेय डाल्फिन के संरक्षण से बढ़ेगा गंगा का आकर्षण व जैव विविधता

**लखनऊ,** 5 नवम्बर (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश में गांगेय डाल्फिन के संरक्षण की कवायद अब तेज हो गई है। इसी कारण चंद रोज पहले सरकार ने इसे राज्य का जलीय जीव घोषित कर दिया। नदी की जैव विविधता को बनाए रखने में इनकी अहम भूमिका होती है। विशेषज्ञों का मानना है कि इसे जलीय जीव की घोषणा से लुप्तप्राय हो रहे इस स्तनधारी जीव (मैमल्स) के सुरक्षा, संरक्षण और संवर्धन पर फोकस बढ़ेगा। इससे इनकी संख्या भी बढ़ेगी और ये गंगा का आकर्षण भी बढ़ाएगी।

गांगेय डॉल्फिन की संख्या भी उत्तर प्रदेश में सर्वाधिक है। एक अनुमान के मुताबिक अगर इनकी कुल संख्या 2000 के आसपास है तो उत्तर प्रदेश में इनकी संख्या 1600 से 1700 तक हो सकती है। ऐसे में इनके संरक्षण और संवर्धन की सर्वाधिक जिम्मेदारी भी उत्तर प्रदेश की ही बनती है।

**स्तनधारी जीव के सुरक्षा, संरक्षण और संवर्धन पर फोकस**

प्रधान मुख्य वन संरक्षक अंजनी आचार्य कहते हैं कि ये फ्रेश वाटर डॉल्फिन है। अभी भारत सरकार के साथ मिलकर गणना हुई है। इनकी संख्या काफी बढ़ी है। तकरीबन दो हजार से ज्यादा हैं। इन्हें राज्य का जीव घोषित होने के बाद इनके संरक्षण पर हमारा फोकस बढ़ जाता है। नदी के किनारे रहने वाले इसके संरक्षण और और सुरक्षा के प्रति जागरूक करेंगे। इसकी आधी से ज्यादा आबादी सिर्फ यूपी में ही पाई जाती है। इसलिए जिम्मेदारी बढ़ जाती है।

उन्होंने बताया गेरुआ, चंबल, घाघरा में पाई जाती है। गंगा में इनकी संख्या सर्वाधिक है। आने वाले कुछ वर्षों में ये गंगा नदी के आकर्षण का केंद्र बनेंगी।

बीबीएयू के इनवायरमेंट साइंस विभाग के प्रोफेसर डॉ. वेंकटेश दत्ता ने बताया कि डॉल्फिन गंगा बेसिन में पाए जाते है। यह बिलुप्तप्राय जीव है। मछली नहीं मैमल्स है। यह मछलियों की तरह अंडा नहीं देती। किसी भी स्तनधारी की तरह बच्चे पैदा करती है। इनकी प्रजनन क्षमता कम होती है। तीन चार साल के अंतराल पर एक मादा एक या दो बच्चे ही देती है। इसलिए भी इनका संरक्षण जरूरी है। प्रदूषण बढ़ने से इन्हें परेशानी होती है। शिप और क्रूज से परेशानी होती है। डाल्फिन की सक्रियता को नदी के जल के अपेक्षाकृत साफ होने का सूचक माना जाता है। प्रदूषित जल में यह जलीय जीव अपना निवास नहीं बनाता है।



## वायु प्रदूषण से 'दिल के दौरे से मौत का खतरा' बढ़ा

■ ज्यादा प्रदूषित हवा के संपर्क में रहना खतरे का कारण

**नई दिल्ली,** 5 नवम्बर (एजेंसियां)। बेंगलुरु के सकरा वर्ल्ड हॉस्पिटल के वरिष्ठ इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. दीपक कृष्णमूर्ति ने रविवार को चेतावनी दी कि ज्यादा प्रदूषित हवा के संपर्क में रहने से दिल के दौरे के कारण मृत्यु का खतरा बढ़ जाता है।

कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. दीपक कृष्णमूर्ति ने अपने एक्स अकाउंट से पोस्ट किया, 'वायु प्रदूषण हृदय संबंधी घटनाओं के लिए एक महत्वपूर्ण और कम-मान्यता प्राप्त जोखिम फैक्टर है।' आगे लिखा कि सूक्ष्म कण पदार्थ (पीएम2.5) के उच्च स्तर से एंडोथेलियल डिसफंक्शन और कोरोनरी में धीमा प्रवाह होता है और प्रणालीगत सूजन के कारण एथेरोस्क्लेरोसिस और थ्रोम्बस (थक्का बनना) में तेजी आती है।

इस बात पर ध्यान देना महत्वपूर्ण है कि बढ़े हुए पीएम 2.5 स्तरों के संपर्क में आने से भी दिल के दौरे के कारण मौत का खतरा बढ़ जाता है। दिल्ली में वायु प्रदूषण के कारण यह खतरा अधिक बढ़ गया है।

हृदय रोग विशेषज्ञ (कार्डियोलॉजिस्ट) ने कहा कि अब समय आ गया है कि सरकार इस खतरे को रोकने के लिए ठोस कदम उठाए। डॉक्टर ने इन्फोग्राफिक्स साझा करते हुए बताया कि हृदय रोगों से होने वाली 25 प्रतिशत मौतें घातक वायु



प्रदूषण के संपर्क में आने का परिणाम थीं।

सिस्टम ऑफ एयर क्वालिटी एंड वेदर फोरकास्टिंग एंड रिसर्च के आंकड़ों के अनुसार, एक और धुंध भरे दिन में रविवार को दिल्ली-एनसीआर में हवा की गुणवत्ता 'गंभीर' बनी रही और समग्र वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 482 पर रहा। जोकि सेहत के लिए बहुत खतरनाक है।

## 35 प्रतिशत कॉलेज छात्र पढ़ाई में मदद के लिए एआई टूल का कर रहे इस्तेमाल

**सैन फ्रांसिस्को,** 5 नवम्बर (एजेंसियां)। एक नए सर्वे से पता चला है कि एक तिहाई से ज्यादा कॉलेज छात्रों (35 प्रतिशत) ने पढ़ाई में मदद के लिए पिछले साल चैटजीपीटी जैसे जेनरेटिव एआई चैटबॉट का इस्तेमाल किया।

मॉर्निंग कंसल्ट द्वारा किए गए मैकग्रा हिल




■ 500 अंडरग्रेजुएट छात्रों और 200 कॉलेज प्रशिक्षकों का इंटरव्यू

सर्वे में छात्रों की आदतों और मानसिक स्वास्थ्य पर लेटेस्ट एजुकेशन ट्रेंड्स के बारे में जानने के लिए 500 अंडरग्रेजुएट छात्रों और 200 कॉलेज प्रशिक्षकों का इंटरव्यू लिया गया।

लॉन्ग टर्म में, ज्यादातर छात्रों और प्रशिक्षकों का मानना है कि एआई सीखने में सुधार करेगा। लगभग 58 प्रतिशत प्रशिक्षक और 62 प्रतिशत छात्र इस बात से सहमत हैं कि एआई से छात्रों के सीखने के तरीके में सुधार होगा जबकि एआई के सीखने पर नकारात्मक परिणाम होंगे।

रिपोर्ट में उल्लेख किया गया है, 'विश्वसनीय शैक्षणिक स्रोतों द्वारा विकसित और सत्यापित कंटेंट का इस्तेमाल करने वाले टूल्स की तरह रेलिंग लगाए जाने से, अधिकांश प्रशिक्षक और छात्र चैटजीपीटी और अन्य जेनरेटर एआई टूल का उपयोग करने में अधिक सहज होंगे।'

विस्कॉन्सिन-मिल्वौकी विश्वविद्यालय (यूडब्ल्यूएम) में जैविक विज्ञान विभाग में वरिष्ठ शिक्षण संकाय सदस्य एन रेडडेंट ने कहा कि मुझे लगता है कि एआई टेक्नोलॉजी में सीखने में सुधार करने और एक प्रशिक्षक के रूप में मेरे काम को आसान बनाने की क्षमता है। लेकिन मुझे लगता है कि प्रशिक्षकों को इसे पाठ्यक्रम में शामिल करने से पहले प्रौद्योगिकी की क्षमताओं और सीमाओं के बारे में जानने की जरूरत है।

उन्होंने आगे कहा कि मैंने असाइनमेंट के कुछ बहुत अच्छे उदाहरण देखे हैं, जो छात्रों को यह समझने में मदद करते हैं कि जेनएआई प्लेटफॉर्म क्या कर सकते हैं और क्या नहीं। सर्वे में जवाब देने वाले अधिकांश छात्रों ने बताया कि वे अपनी पढ़ाई के कारण परेशान (57 प्रतिशत) और तनावग्रस्त (56 प्रतिशत) महसूस कर रहे हैं।

मैकग्रा हिल द्वारा किए गए एक अन्य हालिया सर्वे के अनुसार, उन्होंने 'मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता' को उच्च शिक्षा पाठ्यक्रम सामग्री प्रदाताओं के लिए नंबर एक सबसे महत्वपूर्ण प्रवृत्ति के रूप में चिह्नित किया।

## अनुष्का शर्मा ने कोहली के 35वें बर्थडे पर शुभकामनाएं दी

**मुंबई,** 5 नवम्बर (एजेंसियां)। भारतीय क्रिकेटर विराट कोहली रविवार को 35 साल के हो गए। उनके जन्मदिन के मौके



पर उनकी पत्नी व एक्ट्रेस अनुष्का शर्मा ने जन्मदिन की शुभकामनाएं दी। अनुष्का ने सोशल मीडिया पर विराट की कई तस्वीरें शेयर कीं। 'पीके' फेम एक्ट्रेस ने कैप्शन में लिखा कि वह सचमुच अपने जीवन की हर भूमिका में असाधारण है और वो इसी तरह अपनी शानदार जर्नी में और भी चमकते पंख जोड़ते जा रहे हैं। हर आकार, रूप, हर चीज के माध्यम से, चाहे वह कुछ भी हो, मैं आपसे बहुत प्यार करती हूं। पोस्ट को राजकुमार राव, वरुण धवन, कार्तिक आर्यन, मीरा राजपूत और पूजा हेगड़े ने पसंद किया।

पोस्ट पर रिप्लाई देते हुए विराट ने कमेंट सेक्शन में रेड हार्ट और डांसिंग मैन इमोजी शेयर किया। कमेंट सेक्शन विराट को जन्मदिन की शुभकामनाओं से भरा हुआ है। फैंस ने लिखा 'एचबीडी चीकू', हैप्पी बर्थडे किंग,

अनुष्का और विराट ने 11 दिसम्बर 2017 को इटली में शादी की थी। 11 जनवरी 2021 को उनकी बेटी वामिका हुई। इस बीच, चल रहे आईसीसी क्रिकेट विश्व कप 2023 में, भारत रविवार को ईडन गार्डन्स में दक्षिण अफ्रीका से भिड़ेगा। वर्कफ्रंट की बात करें तो, अनुष्का की झोली में 'चकदा 'एक्सप्रेस' है।

## एआई लोगों तक उच्च गुणवत्ता व किफायती स्वास्थ्य सेवा लाएगा गूगल

**नई दिल्ली,** 5 नवम्बर (एजेंसियां)। गूगल का कहना है कि एआई और लार्ज लैंग्वेज मॉडल (एलएलएम) की अगली जनरेशन क्षमता में एक नाटकीय बदलाव का प्रतिनिधित्व करती है और दुनिया भर के लोगों को समानता तथा समावेशन के साथ उच्च गुणवत्ता, किफायती देखभाल और स्वास्थ्य प्रदान करने का वादा करती है। गूगल के मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. करेन डीसाल्वो ने कहा कि एआई में पेनिसिलिन की खोज के समान प्लैनेटरी स्केल पर लोगों के स्वास्थ्य को बदलने की क्षमता है।

उन्होंने एक ब्लॉग पोस्ट में कहा कि यदि साहसपूर्वक और जिम्मेदारी से विकसित किया जाए तो एआई स्वास्थ्य समानता के लिए एक शक्तिशाली शक्ति बन जाएगा, हर किसी के लिए परिणामों में सुधार करेगा।

गूगल रोजमर्रा के क्षणों में लोगों की मदद करने के लिए अपने उत्पादों में एआई तैनात कर रहा है। डीसाल्वो ने कहा कि ऐसा लग सकता है कि कोई व्यक्ति गूगल लेंस के साथ त्वचा की स्थिति के लिए खोज पर मानसिक स्वास्थ्य संसाधनों तक पहुंच प्राप्त कर रहा है, अनियमित हृदय ताल के बारे में उपयोगी स्वास्थ्य अंतर्दृष्टि प्राप्त कर रहा है या फिटबिट पर हमारी सबसे सटीक हृदय गति ट्रैकिंग को सक्षम कर रहा है।

उन्होंने बताया कि हमारे पास ब्रेस्ट, कोलोरेक्टल कैंसर की जांच और चेस्ट एक्स-रे इमेजिंग में एआई को लागू कर दुनिया की कुछ सबसे गंभीर बीमारियों में स्वास्थ्य तक पहुंच को लोकतांत्रिक बनाने के लिए अपने शोध को बेंच से बेड तक ले जाने वाली टीमें हैं।

जैसा कि हम सोचते हैं कि एआई की अगली लहर स्वास्थ्य को कैसे बदल देगी, इन तीन दृष्टिकोणों को ध्यान में रखना महत्वपूर्ण है। एआई को जिम्मेदारी से विकसित करना, दूसरों के साथ




सहयोग करना और याद रखना कि एआई स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए कई उपकरणों में से एक है।

गूगल एग्जीक्यूटिव ने कहा कि यदि जिम्मेदारी से विकसित और तैनात नहीं किया गया, तो एआई मौजूदा असमानताओं को बढ़ा सकता है। हम यह सुनिश्चित करने के लिए काम कर रहे हैं कि ये टेक्नोलॉजी किसी को भी पीछे न छोड़े और एआई की प्रगति का साहसिक व जिम्मेदार तरीके से उपयोग किया जाए।

## 'एक सूत्र में बंधकर समाज को करें मजबूती प्रदान'

**नई दिल्ली,** 5 नवम्बर (एजेंसियां)। नांगली बिहार एक्स्टेंशन नई दिल्ली स्थित किसान वाटिका के प्रांगण में 'खरवार वेलफेयर सोसाइटी, दिल्ली प्रदेश' द्वारा आयोजित कार्यक्रम खरवार परिवार वार्षिक मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें देश के कई राज्यों से खरवार समाज के सामाजिक नेताओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई एवं समाज के एकीकरण पर जोरदार अपील की। तथा दिल्ली में हर प्रदेश के खरवार परिवार जो भारत के दिल में निवास करते हैं अधिकतर लोग कार्यक्रम में सपरिवार उपस्थित रहे और अपनी सक्रिय भागीदारी प्रदान की। इसी क्रम में झारखंड प्रदेश से आए महान क्रांतिकारी दर्शन गंझू ने सामाजिक एकता और अखण्डता पर बल दिया। कार्यक्रम में उपस्थित वाराणसी के वरिष्ठ प्रोफेसर आर एन खरवार जी ने समाज के बच्चों को उच्च शिक्षा की ओर प्रेरित कि, डॉ. देवेश खरवार ने कहा कि दो रोटी कम खा कर भी बच्चों को शिक्षित करना आवश्यक है। राष्ट्रीय कार्यकारिणी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मजिंद्र खरवार ने संगठन को मजबूत करने के लिए आपसी समरसता पर जोर दिए खरवार भाई बहन एक सूत्र में बंधकर समाज को मजबूती प्रदान करें। राष्ट्रीय महामंत्री अरविन्द सिंह खरवार ने कहा कि समाज के मूल पहचान की लड़ाई को हर हाल में 2023 में ही जीत लिया जाएगा ओर जिसका संपूर्ण समाधान 2024 तक करा लिया जाएगा जिसमें समाज के युवा वर्ग का आवाहन किए। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अजय खरवार



महिलाओं के आत्मनिर्भर व समाज के प्रति सजग होने राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष ने कहा कि आगे की योजना में सोसाइटी समाज के मेधावी लेकिन सुविधाओं से वंचित बच्चों को उच्च शिक्षा एवं उच्च सेवाओं के लिए तैयार करने में पूर्ण सहायक बनेगी। महिला मण्डल की अध्यक्षा रितिका खरवार ने महिलाओं को आगे बढ़कर समाज का प्रतिनिधित्व करने और हर क्षेत्र में पुरूषों से कंधे से कंधा मिलाकर चलने पर जोर दीं।

## बर्फबारी के बाद सूरजताल झील जमी, रात का तापमान गिरा

**शिमला,** 5 नवम्बर (एजेंसियां)। हिमाचल प्रदेश के जनजातीय जिले लाहौल स्पीति के मनाली-लेह सड़क के पास सूरजताल झील ठोस बर्फ में तब्दील हो गई है। हालांकि अभी यह मार्ग यातायात के लिए पूरी तरह से बहाल है और पर्यटक भी आवाजाही कर रहे हैं। लाहौल के पर्यटक स्थल सिस्सू और इसके आसपास के जगहों पर आने वाले पर्यटक कुछ घंटे का सफर कर सूरजताल झील तक आवाजाही कर सकते हैं। पर्यटक इस झील का नजारा बर्फबारी से पहले मौसम को भांपकर कर सकते हैं। लाहौल-स्पीति प्रशासन ने दारचा से सरचू और लेह की तरफ जाने का समय सुबह 800 से 1100 और सरचू छोर से दारचा और मनाली की ओर 1100 से 200 बजे का समय तय किया है। ऐसे में पर्यटक मनाली-लेह मार्ग पर पड़ने वाली सूरजताल झील को देख सकते हैं। जनजातीय क्षेत्र में सुबह-शाम ठंड बढ़ गई है। लाहौल की ऊंचाई वाले क्षेत्रों में रात्रि तापमान शून्य से पांच डिग्री सेल्सियस तक गिर गया है। बारालाचा की तरफ अक्तूबर में बर्फबारी के बाद दिन के समय में भी तापमान जमाव बिंदु तक आ गया है। इस कारण सूरजताल, दीपकताल सहित चंद्रताल झील का पानी जम गया है। अब इन झीलों का पानी छह से सात माह बाद अपने स्वरूप में लौटेगा। पहाड़ों में ठंड के चलते नालों का पानी भी कम हो गया है। कुछ दिन में पहाड़ों से बहने वाले झरने भी जाम हो जाएंगे। इसके साथ चिनाव नदी का बहाव भी कम हो गया है।

**यातायात पूरी तरह से बहाल, पर्यटक की आवाजाही शुरू**

## यूपी के मेडिकल कॉलेजों में अब हिंदी में भी होगी पढ़ाई

**लखनऊ,** 5 नवम्बर (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश में चिकित्सा संस्थान अब सरकारी निर्देशों के अनुसार शिक्षा के माध्यम के रूप में हिंदी का उपयोग कर सकते हैं। राज्य भर के सभी चिकित्सा संस्थानों के प्राचार्यों और फैकल्टी सदस्यों को हिंदी में पढ़ाना शुरू करने और महानिदेशक चिकित्सा शिक्षा को मासिक अपडेट देने के लिए कहा गया है।

महानिदेशक चिकित्सा शिक्षा (डीजीएमई) किंजल सिंह ने सभी राज्य-संचालित, स्वायत्त मेडिकल कॉलेजों और किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (केजीएमयू) और डॉ राम मनोहर लोहिया इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (आरएमएलआईएमएस) के अधिकारियों को एक पत्र में कहा कि 31 अक्टूबर को जारी एक सरकारी पत्र में कहा गया है कि चिकित्सा शिक्षा विभाग के तहत कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में हिंदी में पढ़ाई शुरू की जाए।

इस परिवर्तन से मेडिकल छात्रों, विशेषकर उन लोगों के लिए अधिक स्पष्टता आने की उम्मीद है जिन्होंने अपनी पहली शिक्षा हिंदी में हासिल की है।वहीं केजीएमयू में फिजियोलॉजी विभाग के प्रमुख प्रोफेसर एनएस वर्मा ने कहा कि अब लगभग सभी एमबीबीएस विषयों के लिए हिंदी किताबें उपलब्ध हैं। कुछ की समीक्षा भी चल रही है। रूस, चीन, जापान जैसे कई देश छात्रों को अपनी भाषा में पढ़ाते हैं। केजीएमयू में एनाटॉमी विभाग के प्रमुख प्रोफेसर नवनीत कुमार ने कहा कि हालांकि, शिक्षकों ने बताया कि जब कक्षा में किसी भी जटिल प्वाइंट को विस्तार से समझाने की बात आती है तो हिंदी पहले से ही भाषा रही है।

हमारा लगभग 60 प्रतिशत कंटेंट हिंदी में समझाया जा रहा है। इससे छात्रों को यह समझने में मदद मिलती है कि हम वास्तव में क्या पढ़ाते हैं।

केजीएमयू में पल्मोनरी मेडिसिन विभाग के प्रोफेसर सूर्यकांत ने छात्रों को एमबीबीएस प्रथम वर्ष का



पाठ्यक्रम शुरू करने से पहले अंग्रेजी सिखाने की जरूरत पर जोर दिया।

उन्होंने सुझाव दिया कि यदि मेडिकल पाठ्यपुस्तकें हिंदी में उपलब्ध होंगी, तो इससे बेहतर शिक्षण में सुविधा होगी। विशेष रूप से, प्रोफेसर सूर्यकांत ने 1991 में अपनी थीसिस हिंदी में लिखी थी, जिसे राज्य विधानसभा द्वारा इसके पक्ष में प्रस्ताव पारित होने के बाद ही स्वीकार किया गया था।

30 सितम्बर को एनईईटी-यूजी काउंसलिंग के समापन के बाद, शरीर रचना विज्ञान, शरीर विज्ञान और जैव रसायन विज्ञान के छात्रों के लिए प्रथम वर्ष की कक्षाएं शुरू हो गई हैं।

### आपके हस्ताक्षर का वजन क्या है?

## सिर्फ आईआईएलएम के पास है इसका जवाब

**रांची,** 5 नवम्बर (एजेंसियां)। क्या आपने कभी सोचा है कि किसी कागज, फाइल, दस्तावेज या बैंक चेक पर आप जो हस्ताक्षर करते हैं, उसका वजन भी मापा जा सकता है? जी हां, यह संभव है। भारत में सिर्फ रांची के कांके स्थित इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ

■ व्यक्ति के हस्ताक्षर के असली-नकली होने की पहचान

■ 'माइक्रो बैलेंस' तकनीक पर आधारित उपकरण की मदद

लीगल मेट्रोलॉजी (आईआईएलएम) के पास यह तकनीक है कि वह किसी के भी हस्ताक्षर का वजन बता दे। यह संस्थान इस तकनीक के आधार पर किसी व्यक्ति के हस्ताक्षर के असली-नकली होने की



पहचान कर सकता है। आईआईएलएम के विशेषज्ञ बताते हैं कि यहां 'माइक्रो बैलेंस' तकनीक पर आधारित उपकरण की मदद से सूक्ष्म से सूक्ष्म द्रव्यमान की वस्तुओं के सटीक वजन का पता लगा लिया जाता है। इसकी मदद से न सिर्फ हस्ताक्षर, हमारे शरीर के छोटे से बाल, यहां तक कि हमारे द्वारा छोड़ी जाने वाली एक सांस का भी शत-प्रतिशत सटीक एवं मानक माप विश्लेषण किया जा सकता है। माइक्रोबैलेंस मशीन अत्यधिक संवेदनशील है। खराब मौसम या धूल का एक कण भी इसकी एक्युरेसी को प्रभावित कर सकता है। हस्ताक्षर का वजन माइक्रोग्राम में मापा जाता है। एक माइक्रोग्राम एक मिलिग्राम का एक हजारवां भाग होता है। इस तकनीक से की जाने वाली माप के जरिए असली-नकली हस्ताक्षर की पहचान की जाती है। संस्थान के एक पूर्व निदेशक बताते हैं, 'दिलचस्प बात यह कि जाली हस्ताक्षर का वजन असली हस्ताक्षर से ज्यादा होता है। इसके पीछे की वजह यह है कि कोई भी व्यक्ति अपने स्वाभाविक अंदाज में हस्ताक्षर करता है, जबकि उसकी हू-ब-हू नकल का प्रयास करने वाला व्यक्ति कलम पर अधिक दबाव डालने के लिए बाध्य होता है।' आईआईएलएम यानी इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ लीगल मेट्रोलॉजी, माप-तौल के लीगल पैरामीटर तय करने और इसके मानक तकनीकों पर प्रशिक्षण देने वाला पूरे दक्षिण और दक्षिण पूर्व एशिया में अपनी तरह का अनूठा और एकमात्र शीर्ष संस्थान है। यहां के उच्च मानकों की ख्याति ऐसी है कि अब तक यहां 32 देशों के हजारों अधिकारी प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके हैं। यह इंस्टीट्यूट केंद्र सरकार के उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के उपभोक्ता मामले विभाग के प्रत्यक्ष नियंत्रण में काम करता है। इस इंस्टीट्यूट की स्थापना का इतिहास भी दिलचस्प है। इसकी वेबसाइट में दी गई जानकारी के अनुसार, भारत में मीट्रिक प्रणाली लागू होने से पहले ही बाट और माप के प्रशिक्षण के लिए एक प्रशिक्षण संस्थान की आवश्यकता समझी गयी। इस दिशा में सबसे पहले बिहार और महाराष्ट्र की सरकारें सबसे पहले आगे आईं और अपने प्रवर्तन अधिकारियों को प्रशिक्षण देना प्रारंभ किया, जिससे देश में मानकों में समानता रहे उपभोक्ता अधिकारों का संरक्षण हो सके।

रायपुर, सोमवार 6 नवम्बर 2023
संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

# अंतर्विरोधों से परिपूर्ण भाजपा के चुनावी वादे

5 राज्यों के विधानसभा चुनावों के लिये प्रमुख राजनैतिक दलों का प्रचार अभियान जैसे-जैसे चरम पर पहुंच रहा है, कुछ घोषणापत्रों के जरिये तो कुछ भाषणों के माध्यम से वादे किये जा रहे हैं। कांग्रेस तथा भारतीय जनता पार्टी के बीच हिंदी पट्टी के तीन राज्यों में प्रमुख मुकाबला है- राजस्थान, मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़। तेलंगाना में पहले वहां की सत्तारुढ़ पार्टी भारत राष्ट्रीय समिति (बीआरएस) और भाजपा के बीच आमने-सामने की लड़ाई थी पर अब कांग्रेस के साथ बीआरएस को संघर्ष करना पड़ रहा है। भाजपा तीसरे क्रमांक पर है। मिजोरम में भी कांग्रेस ही सत्तारुढ़ मिजो नेशनल फ्रंट को चुनौती दे रही है।

एक ओर कांग्रेस की कमान सम्भालने वाले पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी एवं अन्य नेतागण कांग्रेस की गारंटियों को भरोसेमंद बतला रहे हैं वहीं भाजपा के स्टार प्रचारक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी (और उनके प्रमुख सिपहसालार गृह मंत्री अमित शाह) बतला रहे हैं कि उनकी कही बात खाली नहीं जायेगी। ऐसे में यह सबसे माकूल वक्त है कि इन राज्यों में दिये जा रहे आश्वासनों, वादों और गारंटियों के टिकाऊपन तथा विश्वसनीयता की समीक्षा की जाये- खासकर राजस्थान, मध्यप्रदेश व छत्तीसगढ़ के परिप्रेक्ष्य में। ऐसा नहीं कि मिजोरम एवं तेलंगाना के चुनाव महत्वहीन हैं। ऐसा इसलिये कि इन दो राज्यों में इन गारंटियों के परीक्षण का पैमाना या तो सीमित है (मिजोरम में, जहां विकास, धार्मिक आजादी एवं विविधता के संरक्षण की गारंटी कांग्रेस दे रही है) अथवा इन तीन राज्यों जैसा राजनैतिक समीकरण वहां नहीं हैं। मिजोरम में भाजपा मुकाबले में तो नहीं है लेकिन वहां तुलना कांग्रेस व केन्द्र में बैठी भाजपा के बीच हो रही है; जबकि तेलंगाना में भाजपा का पहले ही साफ होता सूपड़ा दिखने से कोई इन दोनों के बीच समानता या विरोधाभास की बात ही नहीं कर रहा है। वहां गारंटियों की तुलनात्मक समीक्षा कांग्रेस व बीआरएस को आमने-सामने रखकर हो रही है।

बहरहाल, राजस्थान व छत्तीसगढ़ के मामलों में भाजपा के सामने सबसे बड़ी चुनौती यही आ रही है कि इन दोनों राज्यों की कांग्रेसी सरकारों ने पिछले पांच वर्षों में जनता का भरोसा इसलिए जीता है कि वहां पर पिछले चुनावों में किये गये वादे न केवल पूरे किये गये बल्कि घोषित अवधि में अमल में लाये गये। मसलन, पिछली बार छत्तीसगढ़ ने वादा किया था कि पहली कैबिनेट बैठक में ही किसानों की कर्ज माफी का फैसला लिया जायेगा- वैसा हुआ। इस बार फिर से अगली सरकार के बनने पर ऋण माफ करने का वैसा ही ऐलान कांग्रेस ने कर दिया है। ऐसे ही, धान का समर्थन मूल्य बढ़ाने, उस पर बोनस देने, प्रति एकड़ 20 क्विंटल धान खरीदने, बेरोजगारी भत्ता देने आदि सम्बन्धी जो भी वादे किये गये थे, वे सारे के सारे छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सरकार ने पूरे कर दिखाये हैं। जनता के पास अविश्वास का कोई कारण नहीं है। भाजपा के पास यह कहने का अवसर भी नहीं है कि ऐसा हो नहीं सकता। छग कांग्रेस के पास ऐसे कई वादों की फेहरिस्त है जो उसकी निवर्तमान सरकार द्वारा पूरे किये गये हैं। उधर राजस्थान की बात करें तो वहां पुरानी पेंशन योजना, सस्ता गैस सिलेंडर आदि के वादे भी पूरे किये गये हैं।

पूरे किये गये वादों के चलते दोनों राज्यों में सरकार विरोधी भावना नहीं के बराबर है। दूसरी तरफ मध्यप्रदेश सरकार के खिलाफ जो प्रचंड नाराजगी नज़र आ रही है वह वहां व्याप्त भारी भ्रष्टाचार के कारण भी है जिसके कारण घोषित योजनाएं तक ठीक से लागू नहीं हो पाई हैं। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान अगर अपने व्यक्तिगत प्रयासों से वहां इन असफलताओं के बावजूद नैया पार लगा भी लेते तो वहां भाजपा नेतृत्व ने सात सांसदों या केन्द्रीय नेताओं को चुनावी मैदान में उतारकर चौहान की नाकेबंदी कर दी है।

परेशान भाजपा को देखा-देखी में ऐसी-ऐसी घोषणाएं करनी पड़ रही हैं जिनमें अनेक विसंगतियां तथा अंतर्विरोध नज़र आते हैं। इसके चलते वे अविश्वसनीय लग रही हैं और लोगों को प्रभावित करने में नाकाम भी दिखती हैं। (मौका मिला तो) कुछ वादे भाजपा लागू करती भी है तो वह उसके स्थापित विचारों के खिलाफ हैं। अपनी गारंटियों को विश्वसनीयता दिलाने के लिये उन्हें मोदी के नाम से जोड़ा जा रहा है परन्तु उससे स्थिति और उलझ रही है। मोदी ने तीनों राज्यों (राजस्थान, मप्र व छग) में पार्टी के वादों को अपनी व्यक्तिगत गारंटियां घोषित कर दिया है। यह एक तरह से चौहान के लगभग 18 वर्ष तथा भूपेश के पूर्व सीएम डॉ. रमन सिंह के 15 साल के कामों को श्रेय न देने जैसा है। कांग्रेस से बढ़कर घोषणा करने के चक्कर में छत्तीसगढ़ भाजपा के संकल्पपत्र में प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदी का आश्वासन दिया गया है क्योंकि कांग्रेस ने 20 क्विंटल का भरोसा दिया है। मजेदार बात यह है कि भाजपा के ही एक पूर्व मंत्री कांग्रेस की इस घोषणा को इसलिये दिखावटी कह चुके हैं कि राज्य में कहीं भी 17 क्विंटल से ज्यादा धान का उत्पादन असम्भव है। जिस नगद राशि वितरण को भाजपा रेवड़ियां कहती थी, वह अब उसके वादों के रूप में खूब बंट रही है। मनरेगा को वह अपनी उपलब्धि बता रही है जिसका कभी मोदी संसद में 'कांग्रेस की विफलता का स्मारक' कहकर मज़ाक उड़ाते थे। ओबीसी के मुद्दे पर भाजपा निरूत्तर है क्योंकि कांग्रेस जातिगत जनणना की बात कर रही है, वहीं मोदी इस पर इतना ही कह पा रहे हैं- 'मैं ओबीसी हूं इसलिये कांग्रेस मुझे गालियां देती है।' गारंटियों की स्पष्टता व विश्वसनीयता ही हार-जीत तय करेगी।

# पांच किलो मुफ्त अनाज में डूबा देश

आचार संहिता वंहिता छोड़िए आप! प्रधानमंत्री मोदी पर वह कोई लागू नहीं होती है। मोदी से पहले किसी प्रधानमंत्री पर आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के इतने आरोप नहीं लगे। हर चुनाव में चाहे विधानसभा के हों या लोकसभा के विपक्ष चुनाव आयोग के पास जाता है मगर आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। एक बार जरूर तीनों चुनाव आयुक्तों को 2019 में मोदी के भाषणों के खिलाफ लंबी सुनवाई करनी पड़ी थी और एक चुनाव आयुक्त अशोक लवासा ने मोदी के भाषणों को आपत्तिजनक माना था। मगर बाकी दो सदस्यों जिनमें एक मुख्य चुनाव आयुक्त भी थे मोदी को क्लीन चिट देना चाह रहे थे और फिर उन्होंने दी भी। मगर दो-एक के बहुमत से। लवासा ने सर्वसम्मति से वह फैसला नहीं होने दिया था। अपने फैसले को सही बताते हुए लवासा ने इस्तीफा दे दिया। मोदी और अमित शाह के खिलाफ 6 मामले चुनाव आयोग के सामने थे। जिनमें एक यह था जिसमें प्रधानमंत्री मोदी ने कहा था कि राहुल वायनाड से इसलिए चुनाव लड़ रहे हैं कि वहां बहुसंख्यक वोट कम हैं। अल्पसंख्यकों की शरण में गए हैं। यह भाषण उन्होंने लोकसभा चुनाव के दौरान महाराष्ट्र में दिया था। दूसरा एक मामला था जहां प्रधानमंत्री पुलवामा के शहीदों के नाम पर वोट मांग रहे थे। एक और भाषण में उन्होंने कहा कि परमाणु बम क्या हमने दीवाली के लिए रखा है। शाह के खिलाफ आरोप था कि उन्होंने भारतीय सेना को मोदी की सेना बोला है। इन सारे मामलों को लवासा गंभीर मान रहे थे जबकि बाकी दोनों उनमें कुछ भी अनुचित नहीं देख रहे थे।

ऐसे जाने कितने मामले हैं। अभी गुजरात विधानसभा में वोट डालने के बाद वे रोड शो करते हुए अपने भाई के घर गए। 2017 के यूपी विधानसभा चुनाव में तो मायावती ने उनकी शिकायत की थी। अब शायद उनसे पूछो तो वे कहेंगी कि मैं वापस ले लेती हूं! मोदी जी के खिलाफ मैं सोच भी नहीं सकती।

तो अब चुनावी राज्य छत्तीसगढ़ से प्रधानमंत्री की पांच साल और मुफ्त राशन की घोषणा आचार संहिता का उल्लंघन है, जैसा सवाल बेमतलब हो गया है।

औपचारिकता के लिए कांग्रेस को चुनाव आयोग जाना हो तो जाए मगर जवाब उसे राजनीतिक ही देना होगा।

टीवी अखबारों में यह घोषणा सुर्खियों में है। मोदी जी परवाह न करते हों मगर मीडिया थोड़ा सा अभी डरता है इसलिए इसे मास्टर स्ट्रोक नहीं कह पा रहा है। मगर है यह वाकई मास्टर स्ट्रोक!

छत्तीसगढ़ में मतदान के पहले चरण से ठीक पहले प्रधानमंत्री द्वारा की गई यह घोषणा लाभार्थियों के लिए बड़ा आश्वासन है। राहुल गांधी के शब्दों में कहें तो गारंटी।

लेकिन अगर कांग्रेस चाहती तो इसकी काउंटर गारंटी दे सकती थी। मोदी जी राजनीति के गहरे खिलाड़ी हैं।



शकील अख्तर

पता नहीं कांग्रेसी नेता गांव के लोगों से कितना मिलते हैं। लेकिन अगर मिलते होते और उनकी सुनते समझते तो उन्हें मालूम होता कि यह पांच किलो फ्री अनाज कैसा नशा बन गया है। गांव में अपने घर में मुफ्त राशन मिल जाने के बाद वह किसी काम का नहीं रहता। उससे पांच किलो से ज्यादा अनाज की बात करना होगी। काम देने का भरोसा देना होगा।

उनसे मुकाबला उसी स्तर पर हो सकता है। किसी बड़े माने जाने वाले टीवी एंकर के साथ हैलिकाप्टर में घूमने से नहीं। पार्टी एंकर को देश में नफरत फैलाने के लिए आरोपित करती है। अपने विपक्षी दलों के गठबंधन इन्डिया के द्वारा बाकायदा लिस्ट निकालकर उनका बहिष्कार करती है। मगर उसी को हैलिकाप्टर में घूमाकर इंटरव्यू दिया जाता है। इससे कितने वोट मिल जाएंगे यह कांग्रेस को बताना चाहिए।

मगर इन सब से कुछ होता नहीं। केवल नेता को यह खुशफहमी हो जाती है कि उसका चेहरा टीवी पर चमक गया। मगर उसका जरा सा चेहरा टीवी पर चमकाने के बदले मीडिया राहुल की छवि और खराब करने की छूट पाती है। हमने इन नेताओं को यह कहते सुना है कि हमसे तो अच्छी तरह मिलती हैं या मिलते हैं पता नहीं राहुल के साथ क्या समस्या है। मतलब समस्या राहुल में है। नफरती मीडिया में नहीं।

अभी जो एंकर हैलिकाप्टर में घूम रही थीं उन्होंने कांग्रेसी नेता के लिए एक से एक विशेषणों का प्रयोग किया। ब्राइट एंड फ्रेश। ऊर्जावान और उत्साही। कभी न हारने वाले और जाने क्या क्या! तो नेताजी फूले नहीं समा रहे। मुझमें इतने सारे गुण। तभी तो आईं थीं मेरा इंटरव्यू लेने। मगर कभी यह नहीं सोचते कि क्या राहुल के वास्तविक गुणों में से एक भी ये टीवी एंकर बता सकती हैं? अगर बता दें तो इनकी नौकरी तो छोड़िए ईडी भी पहुंच जाएगी। मगर कांग्रेस के नेताओं को सिर्फ खुद से मतलब है पार्टी और राहुल से नहीं।

खैर इससे राहुल की ताकत पर कोई असर नहीं पड़ता है। तो मुख्य मुद्दा था फ्री राशन पांच साल और। अब इसका जवाब यह नहीं हो सकता जो बहुत सारे लोग और कांग्रेसी भी दे रहे हैं कि साढ़े 9 साल में क्या किया? गरीब की हालत और खराब कर दी कि वह फ्री राशन पर रहने लगा। पांच साल और मतलब उसकी हालत ऐसी ही रखोगे या यह जो कांग्रेस कह रही है कि यह प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना कुछ नहीं है हमारी नेशनल फूड सिक्योरटी एक्ट की ही नकल है इससे कुछ नहीं होगा।

मंगलवार को मिजोरम की सभी और छत्तीसगढ़ की 20 सीटों पर मतदान हो जाएगा। इनमें आदिवासी संभाग बस्तर भी है। जहां के करीब-करीब सभी मतदाता पांच किलो मुफ्त राशन का फायदा उठा रहे हैं। 12 सीटें हैं यहां जिनमें से 11 आदिवासियों के लिए आरक्षित हैं। यह 12 में से 12 सीटें कांग्रेस के पास हैं। अब आप समझ सकते हैं कि प्रधानमंत्री ने छत्तीसगढ़ से यह घोषणा क्यों की और उस दुर्ग जिले में की जहां भी मंगलवार को मतदान होना है।

अब यह घोषणा तात्कालिक रूप से छत्तीसगढ़ की बस्तर और दुर्ग की 20 सीटों पर प्रभाव डाल सकती है। और बाद में हर जगह। इसका जवाब वही जैसा हमने ऊपर कहा राहुल की काउंटर गारंटी। गारंटी पर गारंटी ही दे सकती है। और राहुल का जवाब देना या यूं कहें जनता को और ज्यादा हिम्मत बंधाना वाजिब भी है।

मगर कहा अगर सही समय पर न जाए तो कोई फायदा नहीं। कांग्रेस की अधिकांश कहानी यही है कि जब चिड़िया खेत चुग जाती हैं तब वह पछताती रहती है। बाबा केदारनाथ के पास से अच्छी जगह कौन सी हो सकती है। वहीं से कहना चाहिए कि अगले पांच साल इतना ही! बिल्कुल नहीं। गरीबों को बढ़कर राशन भी मिलेगा और काम भी।

हर हाथ को काम। नौकरी रोजगार। और हां मुफ्त की अगर बात है तो आपके बच्चों को मुफ्त शिक्षा मिलेगी। और आपको और पूरे परिवार को मुफ्त इलाज। काम मिलने से आपके हाथ में नगद पैसे होंगे। आप जो चाहे खरीद सकते हैं। मुफ्त राशन पांच किलो नहीं बढ़ाकर देंगे। और काम देंगे ताकि तेल, घी, दूध, सब्जी, दाल मसाले, कपड़े, जूते खरीद सकें।

स्कूल सारे सरकारी करने और अस्पताल भी यह लोगों की सबसे बड़ी जरूरत है। मोदी जी केवल पांच किलो राशन में लोगों को उलझाए हुए हैं। मगर कांग्रेस चूंकि इसका ठीक से जवाब नहीं दे पा रही है तो मोदी जी का यह फंडा खूब चल रहा है।

हमें पता नहीं कांग्रेसी नेता गांव के लोगों से कितना मिलते हैं। लेकिन अगर मिलते होते और उनकी सुनते समझते तो उन्हें मालूम होता कि यह पांच किलो फ्री अनाज कैसा नशा बन गया है। गांव में अपने घर में मुफ्त राशन मिल जाने के बाद वह किसी काम का नहीं रहता। उससे पांच किलो से ज्यादा अनाज की बात करना होगी। काम देने का भरोसा देना होगा। मर गए सपनों को फिर से जिलाना होगा। बच्चों की पढ़ाई और उससे उनकी अच्छी नौकरी मिलने की कहानी सुनाना होगी। नहीं तो वे पांच किलो मुफ्त अनाज लेते रहेंगे और वोट देते रहेंगे।

**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार है)**

# भाजपा के नेतृत्व वाली 'आचार समिति' द्वारा महुआ मोइत्रा का उत्पीड़न शर्मनाक

**■ अरुण श्रीवास्तव**

भारतीय संसदीय कामकाज के इतिहास में पहले कभी किसी विधायी पैनल के अध्यक्ष को चरित्र हनन और स्त्रीद्वेषी विकृति की इतनी तीखी आलोचना का सामना नहीं करना पड़ा, जितना कि लोकसभा आचार समिति के अध्यक्ष विनोद कुमार सोनकर को करना पड़ रहा है। टीएमसी सदस्य महुआ मोइत्रा द्वारा उनके खिलाफ लगाये गये आरोप पर संदेह करने का कोई स्पष्ट कारण नहीं है, जिसे समिति में विपक्षी सदस्यों द्वारा भी सार्वजनिक रूप से दोहराया गया था, कि पैनल के अध्यक्ष भाजपा सांसद विनोद कुमार सोनकर ने संसद में प्रश्न पूछने के लिए एक व्यवसायी हीरानंदानी से धन तथा अन्य फायदा लेने के आरोप से सम्बंधित प्रश्न पूछने के बदले बड़े ही दुर्भावनापूर्ण और अपमानजनक तरीके से असम्बद्ध सवाल किये। उनके इस व्यवहार से नाराज विपक्षी दल के सदस्य विरोध में बैठक हॉल से बाहर चले गये।

मोइत्रा पर व्यवसायी दर्शन हीरानंदानी के इशारे पर सवाल पूछने का आरोप लगा है। यह भी आरोप लगाया गया कि उसने दुबई स्थित व्यवसायी के साथ अपने लॉगिन क्रेडेंशियल साझा किये। मोइत्रा के खिलाफ शिकायत झारखंड के भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने की थी।

यह बिल्कुल स्पष्ट है कि भाजपा पारिस्थितिकी तंत्र और उसका मीडिया सेल मोइत्रा को लोकसभा से हटाने और उनके राजनीतिक कॅरियर को समाप्त करने के लिए एक अच्छी तरह से तैयार किये गये जाल के साथ तैयार है। उनके लिए उनका चरित्र हनन और एक सस्ती और लालची महिला के रूप में उनकी छवि खराब करना सबसे अच्छा उपाय था।

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला इस मामले में कोई संवैधानिक कार्यवाही शुरू करेंगे या नहीं, क्योंकि इसमें कई लोगों की हिस्सेदारी है। लेकिन एक बात बिल्कुल स्पष्ट है कि भाजपा उन्हें दंडित करने और सदन से बाहर निकालने के लिए अपनी पूरी ताकत लगायेगी। भाजपा का तंत्र किसी को भी अडानी और मोदी के खिलाफ बोलने को बर्दाश्त नहीं कर सकता।

खुद मोइत्रा ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को बताया है, उनसे पूछा गया कि 'उन्होंने देर रात किससे, किस सॉफ्टवेयर पर और कितनी देर तक बात की। वे जानना चाहते थे कि जिन लोगों से उन्होंने बात की उनकी पत्नियों को इसके बारे में पता था या नहीं।'

सोनकर ने बाद में कहा कि समिति को मामले की व्यापक जांच करने का काम सौंपा गया था और सहयोग करने के बजाय, मोइत्रा विपक्षी सदस्यों के साथ क्रोधित हो गयीं और उन्होंने 'आपत्तिजनक शब्दों' का इस्तेमाल किया और उनके खिलाफ अनैतिक दावे किये। लेकिन उनका स्पष्टीकरण उन्हें मोइत्रा के उन आरोपों से बरी नहीं करता कि उन्होंने जानबूझकर उनसे अनैतिक और अपमानजनक सवाल पूछे।

मामला तब तूल पकड़ा जब समिति अध्यक्ष ने व्यक्तिगत सवाल पूछना शुरू कर दिया जैसे मोइत्रा ने रात में हीरानंदानी को कितनी बार फोन किया, वह दुबई और मुंबई में किस होटल में रुकी थीं। पैनल के एक विपक्षी सांसद ने कहा, 'हमने आपत्ति जताई और मोइत्रा ने भी।'

मोइत्रा की पीड़ा और आहत भावनाएं गुरुवार को बैठक कक्ष से बाहर आने के बाद लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को लिखे उनके पत्र में परिलक्षित हुईं, जिसमें उन्होंने आरोप लगाया कि सुनवाई के दौरान आचार समिति के अध्यक्ष द्वारा उन्हें 'कहावती वस्त्रहरण' का शिकार होना पड़ा। मोइत्रा ने यह भी लिखा- 'समिति को खुद को आचार समिति के अलावा किसी अन्य नाम से नामित करना चाहिए क्योंकि इसमें कोई नैतिकता नहीं बची है। विषय से संबंधित प्रश्न पूछने के बजाय, अध्यक्ष ने दुर्भावनापूर्ण और स्पष्ट रूप से अपमानजनक बयान देकर पूर्वकल्पित पूर्वाग्रह का प्रदर्शन किया।' जिस तरह से मुझसे सवाल किया जा रहा था, उसे सुनकर उपस्थित 11 सदस्यों में से 5 सदस्य बाहर चले गये और उनके शर्मनाक आचरण के विरोध में कार्यवाही का बहिष्कार किया।'

यह स्पष्ट नहीं है कि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला इस मामले में कोई संवैधानिक कार्यवाही शुरू करेंगे या नहीं, क्योंकि इसमें कई लोगों की हिस्सेदारी है। लेकिन एक बात बिल्कुल स्पष्ट है कि भाजपा उन्हें दंडित करने और सदन से बाहर निकालने के लिए अपनी पूरी ताकत लगायेगी। भाजपा का तंत्र किसी को भी अडानी और मोदी के खिलाफ बोलने को बर्दाश्त नहीं कर सकता।

लोकसभा की वेबसाइट का लॉगइन आईडी और पासवर्ड शेयर करने के मामले में मोइत्रा ने अपने पत्र में लिखा- 'इन्हें शेयर नहीं करने के नियम सांसदों को कभी क्यों नहीं बताये गये और यदि थे तो हर एक सांसद इस आईडी और लॉगिन को कई लोगों के साथ क्यों साझा कर रहा है?' उसने लिखा कि मैंने रिकॉर्ड पर बार-बार विरोध किया कि अध्यक्ष एक औरत के रूप में मेरी गरिमा पर दाग लगाने वाले व्यक्तिगत प्रश्न नहीं पूछ सकते हैं।

मोइत्रा ने एक महत्वपूर्ण मुद्दा उठाया है - लोकसभा आचार समिति के अध्यक्ष विनोद कुमार सोनकर ने उन्हें वकील जय अनंत देहाद्राई और व्यवसायी दर्शन हीरानंदानी द्वारा उनके खिलाफ लगाये गये 'कैश-फॉर-क्वेरी' आरोपों में जिरह करने की अनुमति क्यों नहीं दी। उन्होंने सोनकर को पहले ही बताया था-'शिकायतकर्ता देहाद्राई ने अपनी लिखित शिकायत में अपने आरोपों को साबित करने के लिए कोई दस्तावेजी सबूत नहीं दिया है, और न ही वह अपनी मौखिक सुनवाई में कोई सबूत दे सका है। प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों को ध्यान में रखते हुए, मैं देहाद्राई से जिरह करने के अपने अधिकार का प्रयोग करना चाहती हूं।'

मोइत्रा ने कहा, 'यह एक एथिक्स कमेटी है जो स्क्रिप्ट पढ़ रही है और हर तरह के गंदे सवाल पूछ रही है।' बसपा सदस्य दानिश अली ने कहा, 'हम ऐसी प्रक्रिया का हिस्सा नहीं बनना चाहते थे क्योंकि वे अनैतिक सवाल पूछ रहे हैं। द्रौपदी का चीरहरण कर रहे हैं।'

14 सदस्यीय नैतिक पैनल का हिस्सा बनने वाले कम से कम तीन विपक्षी सांसद, कांग्रेस के एन उत्तम कुमार रेड्डी, बसपा के दानिश अली और राजद के गिरिधारीलाल यादव, समिति पर एक महिला सांसद से अनैतिक व्यवहार करने का आरोप लगाते हुए बैठक से बाहर चले गये। रेड्डी ने आरोप लगाया, 'उनके सवाल पूर्वाग्रहपूर्ण, पक्षपातपूर्ण और अशोभनीय थे। हम दिन की शुरुआत से ही उसे यह बताने की कोशिश कर रहे थे कि वह इस तरह की पूछताछ न करे, लेकिन उसने हमारी बात नहीं सुनी।'

जाहिर है कि भाजपा जो चाहती थी उसका सख्ती से पालन किया गया है। इस धारणा को बल मिलता है कि इन अपवित्र घटनाओं के ठीक बाद, दुबे ने अपनी टिप्पणी दी कि मोइत्रा को जाना होगा। उसे कोई नहीं रोक सकता। इस बीच, प्रदर्शनकारी सांसदों ने यह जानने की कोशिश की है कि एक शिकायतकर्ता, भाजपा सांसद निशिकांत दुबे, राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (एनआईसी) की एक 'गोपनीय' रिपोर्ट को कैसे हासिल करने में कामयाब रहे, जिसमें कहा गया था कि मोइत्रा के संसदीय लॉगिन को दुबई से 47 बार एक्सेस किया गया था और यहां तक कि इसे डाला भी गया था। यह सार्वजनिक डोमेन में तब आया जब वह रिपोर्ट केवल एक दिन बाद समिति के सदस्यों को उपलब्ध कराई गई थी। विपक्षी दल भी उत्सुकता से उस कार्रवाई का इंतजार कर रहे हैं जो टीएमसी प्रमुख ममता बनर्जी बैठक के बाद लेने वाली हैं, जैसा कि पार्टी नेता डेरेक ओ 'ब्रायन ने खुलासा किया है।

## गुरवाणी विचार

# लेखे छोड़ अलेखे छूटे हम निरगुण लेहो उबारी

तुम दाते ठाकुर प्रति पालक, नायक खसम हमारे
निमख निमख तुम ही प्रतिपाल हो हम बरिक तुमरे धारे
नेव्हा एक कवन गुन कही पै,
बेसुमार वेअंत सुवामी तेरी अंत न किनही लहीअै
कोटि अपराध हमारे खंड ह अनिक विधि समझावहो
हम असियान अलपमत धोरी तुम आपन बिरद रख आवहो
तुमरी सरणि तुमारी आसा-तुम ही सजन
राखहो राखनहार दिआला नानक घर के गोले।।

गुरवाणी की ये पंक्तियां राग धनासरी से ली गई है जो कि गुरु ग्रंथ साहिब के 674 अंग पर सुशोभित है। इन पंक्तियों द्वारा पांचवे नानक प्रभु परमात्मा के गुणगान करते हुए मानव मन को समझा रहे हैं कि प्रभु परमात्मा सब किस्म की दाते देने वाला है। वह मालिक भी है और सब जीवों के पालन करने वाला भी है। सारा जगत उस परमात्मा के आगे भिखारी ही है और वह हर एक की झोली भरता रहता है। चाहे कोई उसकी भक्ति करता है या नहीं करता वह सबको कुछ न कुछ दे ही रहा है। हर प्राणी सबेरे खाली पेट उठता है पर पभु परमात्मा की कृपा से कुछ न कुछ खा कर ही सोता है। ऐसी प्रभु ने जुगती बनाई है। हमारे जीवन की अगुवाई करने वाला है। इस तरह वह हमारा मालिक भी है। वह हर क्षण हमारी पालना भी कर रहा है।

कोरोनाकाल की बिमारी में ज ब ऑक्सीजन की लोगों को जरूरत पड़ी तो दाल-आटे का भाव पता चल गया पर प्रभु तो हजारों वर्षों से हमें मुफ्त में हवा, पानी दे रहा है जिसकी कभी कोई कीमत नहीं लेता। पाल रहा अपनी धरती पर वो सबकी जिंदगी बदले में किसी से कुछ भी लेता नहीं है। जिस तरह एक मां अपनी संतान की पालना करती है। खुद भी गीले बिस्तर में सो जाती है पर अपनी संतान को कभी गीले में नहीं सुलाती। बच्चे को डांट फटकार भी लगाती है फिर सब भुला कर उसे गले से लगा लेती है। ठीक इसी तरह प्रभु परमात्मा भी हर प्राणी पर अपनी कृपा भरी नजर रखता है और हमारे द्वारा किए गए कई पापों को क्षमा भी कर देता है। चाहे हम उसकी भक्ति कर रहे हों या न भी कर रहे हों। इसलिए हर इंसान को हर वक्त प्रभु से यह बिनती करना चाहिए।

तुम करो दया मेरे सांई।
अैसो मति दीजै मेरे ठाकुर सदा सदा तुध धिआई।।

अगर वह हमारे द्वारा दिए गए कर्मों का लेखा जोखा, हिसाब करेगा तो हमें नरक में भी जगह नहीं मिल पाएगी।

इसीलिए
लेखे छोड़ अलेखे छूटे हम निरगुण लेहो उबारी।
नानक दास संत पोछे परियो राखि लेयो ए बारी।।

हमें अपने आपको गुलाम समझ कर प्रभु मालिक का हुक्म मानते रहना चाहिए।

मूल खरीदी लाला गोला, मेरा नावों सुहागा।
गुर की बचनी हाट बिकाना जित लाया तित लागा।।

तभी हमारा कल्याण हो सकता है। इसीलिए गुरवाणी द्वारा हमें समझाया है मन के पीछे चलने के बजाय गुरमति के अनुसार जीवनयापन करते हैं प्राणी के मन में गुरवाणी के साथ लगाओ। धीरे-धीरे होने लग जाएगा।

गुरमुखि वाणी नाम है, नाम रिदै बिसाई
मति पंखेरन वस हुई सत्गुरु धियाई।।
नानक आप दयाल होये नामै लिख पराईं।

आपकी कृपा हो जाए तभी गुरु का नाम हमारे हृदय में प्रकट हो जाता है। नाम रूपी अमृत भी हमें तभी प्राप्त हो पाता है। यह संभव भी तभी है जब प्रभु परमात्मा की हम पर विशेष किरपा हो जाए। तभी हम इस संसार समुद्र से अपनी जीवन नौका सुचारू रूप से खेकर प्रभु परमात्मा के सांचे दरबार में जाकर स्थान प्राप्त हो पाएंगे।

**इंदर सिंह आहुजा**

## आपके पत्र

# आचार संहिता को चिढ़ाती, चुनावी घोषणाएं

विधानसभा चुनाव से पहले सत्ता लोलुप नेता येन केन प्रकारेण सत्ता में काबिज होना चाह रहे हैं। विधानसभा के प्रथम चरण का मतदान 7 नवंबर को होना है। छत्तीसगढ़ में पदस्थ कांग्रेस सरकार के मुखिया भूपेश बघेल सहित कांग्रेस के महासचिव राहुल गांधी तथा प्रियंका गांधी वाड्रा ने चुनाव प्रचार- प्रसार की कमान संभाली है। चुनाव प्रचार के बहाने बड़े-बड़े लोक लुभावन वादे अपने घोषणा पत्र के माध्यम से कांग्रेस ने किए हैं। सबसे ज्यादा किसानों को साधने का प्रयास किया गया है। राहुल गांधी ने तो के जी से पी जी तक शिक्षा को मुक्त करने का ऐलान भी कर दिया है! कांग्रेस की ललचाई घोषणाओं के बाद भारतीय जनता पार्टी भी चुप बैठे रहेगी, ऐसा सोचना गलत होगा। भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने भी अपना घोषणा पत्र जारी करने की बात कही है। घोषणा पत्र में क्या होगा? किसके लिए होगा? कौन खुश तथा कौन नाराज होगा कुछ समय बाद सामने आ जाएगा। सवाल यह उठता है कि चुनाव आचार संहिता के बाद ऐसा करना आचार संहिता का उल्लंघन क्यों नहीं माना जा रहा है? जब वाहनों की जांच के दौरान कैश से लेकर हर प्रकार की सामग्री यह मानकर जब्त की जा सकती है, कि वह मतदान को प्रभावित कर सकती है, तब घोषणाओं पर विराम क्यों नहीं?

चुनाव से पूर्व मतदाताओं को लुभाने की नीयत से फ्री की रेवड़ियां बांटने पर निर्वाचन आयोग मौन क्यों है? देखा जाए तो चुनाव संपन्न होने के बाद 5 वर्षों तक सत्ताधारी दल को जन सामान्य के लिए योजनाओं की याद नहीं आती! जैसे ही नए चुनाव पास आते हैं दो सप्ताह के भीतर योजनाओं की झड़ी मानसूनी बादल की तरह बरसने लगती है! कहने को तो आचार संहिता के बाद किसी प्रकार की घोषणा या नए कार्यों को करना नियम विरुद्ध होता है,किंतु निर्वाचन आयोग पार्टियों द्वारा की जाने वाली लोक- लुभावन घोषणाओं पर आंख और मुंह पर पट्टी बांधे नजर आता है!

देश के प्रत्येक मतदाता को यह जानने का हक है कि फ्री की रेवड़ियों या नि:शुल्क गिफ्ट बांटने के लिए सरकारी अथवा राजनीतिक दल पैसे कहां से ला रही है? अथवा लाएंगी? देश के एक-एक करदाता को यह जानने का अधिकार है कि उसकी गाढ़ी कमाई का हिस्सा, जो टैक्स के रूप में जा रहा है, उसका उपयोग कहां और कैसे हो रहा है? साथ ही घोषणा पत्र में लालच देने वाली पार्टी को यह बताना होगा की घोषणाओं को पूरा करने के लिए फंड कहां से आएगा?

आज हर दल सत्ता चाहता है और सत्ता की चाहत में उसके द्वारा फ्री की रेवड़ियों की मिठास घोषणा पत्र में लपेटकर मतदाताओं को परोसी जाती है! यही वह घोषणाएं होती हैं जो देश अथवा प्रदेश को दिवालिया करने में अपनी भूमिका अदा करती है। निर्वाचन आयोग ही वह ताकतवर संगठन है, जो ऐसी राजनीतिक पार्टियों पर लगाम लगा सकता है। आने वाले लोकसभा चुनाव में यदि निर्वाचन आयोग को ऐसी शक्ति दे दी जाती है, जिससे वह चुनाव आचार संहिता के उपरांत राजनीतिक दलों द्वारा की जाने वाली लोक लुभावन घोषणाओं पर लगाम लगा सके, तो हम प्रदेश के विकास की नई तस्वीर देख सकते हैं। यदि हमारे निर्वाचन आयोग को 'पिंजरे का तोता' बनाकर रख दिया गया तो, वह दिन दूर नहीं जब भारत वर्ष का श्रीलंका बन जाएगा! यदि हम श्रीलंका या फिर ऐसा ही कोई राष्ट्र नहीं बनना चाहते हैं, तो वित्त आयोग से लेकर नीति आयोग को फ्री की घोषणाओं पर नियंत्रण करने पर गौर करना होगा।

डॉ सूर्यकांत मिश्रा, राजनांदगांव

# देश विदेश

## गजा से वतन लौटे 11 श्रीलंकाई नागरिक

**कोलंबो।** गाजा पट्टी में फंसे दो वयस्कों और नौ बच्चों सहित दो परिवारों के ग्यारह श्रीलंकाई नागरिक रविवार को सुरक्षित श्रीलंका पहुंच गए हैं। मंत्रालय की ओर से जारी एक बयान में कहा गया है कि राजदूत मामलों के प्रभाग ने काहिरा, रामल्लाह और तेल अवीव में श्रीलंका मिशनों के सहयोग से व्यवस्थाओं का समन्वय किया। मंत्रालय ने कहा कि दो नवंबर को मिस्र के अधिकारियों के समन्वय से काहिरा में श्रीलंकाई दूतावास द्वारा राफा बॉर्डर क्रॉसिंग के माध्यम से गाजा पट्टी से मिस्र में ग्यारह श्रीलंकाई लोगों के प्रवेश की सुविधा प्रदान की गई थी।

### गाजा स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा

# इजरायल के हमले में हर 10 मिनट में एक बच्चे की मौत

**तेल अवीव,** 5 नवम्बर (एजेंसियां)। हमास द्वारा संचालित गाजा स्वास्थ्य मंत्रालय के आपातकालीन चिकित्सा केंद्र ने आरोप लगाया है कि इजरायल के हमले में हर 10 मिनट में एक बच्चे की मौत हो रही है और दो घायल हो जाते हैं। आपातकालीन केंद्र के निदेशक मोआतासेम सलाह ने रविवार को एक बयान में कहा कि जब से इजरायल ने गाजा पर हमला करना शुरू किया है तब से 3,900 बच्चे मारे गए हैं और 8,067 बच्चे घायल हुए हैं। 1,250 बच्चे अभी भी लापता हैं। बयान में यह भी कहा गया कि इजरायली हमले में मारे गए लोगों में 70 फीसदी बच्चे, महिलाएं और बुजुर्ग थे। 7 अक्टूबर को हमास के हमले के बाद से इजराइल गाजा



पर बमबारी कर रहा है। हमास के हमले में 1,400 लोग मारे गए थे और कम से कम 239 लोगों को बंधक बना कर अपहरण कर लिया गया था।

## तेल अवीव में इजरायलियों ने किया सड़क जाम

**बंधकों को छुड़ाने की मांग**

**तेल अवीव।** हमास के आतंकवादियों द्वारा बंधक बनाए गए लोगों और लापता लोगों के परिवारों ने रविवार को तेल अवीव में एक सड़क को जाम कर दिया जिससे यातायात ठप हो गया। सभी इजरायल रक्षा बलों (आईडीएफ) के किरिया सैन्य अड्डे के सामने एकत्र हुए थे।

तेल अवीव में शॉल हमालेच रोड के सामने यातायात अवरुद्ध कर दिया गया है। हमास आतंकियों द्वारा बंधक बनाए गए बंधकों के परिवारों ने इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से मांग की है कि जब तक सभी बंधक सुरक्षित घर नहीं लौट आते, तब तक वह युद्ध विराम पर सहमति न जताएं। परिवार के सदस्यों ने पहले तेल अवीव में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की थी और मांग की थी कि इजराइल सरकार युद्ध विराम के लिए सहमत नहीं हो। परिवारों ने कहा कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं हो जातीं, वे आईडीएफ अड्डे के सामने डटे रहेंगे।



## संघर्ष के बीच रूस का शरण देने को तैयार



**व्लादिवोस्तोक।** रूस के सुदूर पूर्व में जेएआर के गवर्नर रोस्टिस्लाव गोल्डस्टीन ने रविवार को कहा कि यहूदी स्वायत्त क्षेत्र (जेएआर) फिलिस्तीनी-इजरायल संघर्ष के दोनों पक्षों के शरणार्थियों को स्वीकार करने के लिए तैयार है। रोस्टिस्लाव गोल्डस्टीन ने टेलीग्राम पर लिखा, हमारे लिए, हर जीवन महत्वपूर्ण है। हम यहूदी स्वायत्त क्षेत्र में उन लोगों को स्वीकार करने के लिए तैयार हैं जो शांति चाहते हैं। संघर्ष के दोनों पक्षों के शरणार्थी सभी समर्थन उपायों से लाभान्वित हो सकते हैं। जिस किसी को भी मदद की ज़रूरत होगी वह जेएआर में आश्रय पा सकेगा। समाचार एजेंसी शिन्हुआ के अनुसार, गोल्डस्टीन ने कहा कि जेएआर का विभिन्न संस्कृतियों और धर्मों के बीच शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व का इतिहास है। यह भयानक है जब इस खूनी नरसंहार में निर्दोष नागरिक, बूढ़े, महिला, बच्चों को पीड़ित होना पड़ता है। इजरायल और गाजा में अब यही हो रहा है।

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : सोमवार 6 नवम्बर, 2023 कार्तिक कृष्ण पक्ष 8

### राशिफल

मेष - आज संभलकर कदम रखने की जरूरत है। आसपास रहने वाले लोगों से विवाद हो सकता है। शारीरिक और मानसिक रूप से आप चिंता का अनुभव करेंगे। अनिद्रा के कारण स्वास्थ्य बिगड़ सकता है।

वृषभ - भावनाओं के बंधन में बंध जाने का अनुभव आपको होगा। आपके काम दिन में पूरे हो जाएंगे। भाई-बहनों से लाभ होगा। शारीरिक और मानसिक रूप से आप खुशी का अनुभव करेंगे।

मिथुन - आज आप किसी बात को लेकर नेगेटिव विचार मन में ना रखें। असंतोष की भावना रह सकती है। पारिवारिक वातावरण में मेलजोल नहीं रहेगा। शारीरिक रूप से भी आप स्वस्थ नहीं रह पाएंगे।

कर्क - आज भावनाओं के प्रवाह में आप न बह जाएं। छोटे प्रवास या पर्यटन की संभावना है। आज आपका स्वास्थ्य भी अच्छा रहेगा और मन भी खुश रहेगा। दोपहर के बाद कोई काम नहीं बनने से आप चिढ़चिढ़े रहेंगे।

सिंह - आज निर्णय लेने की स्थिति में आप नहीं रहेंगे। पारिवारिक कामों के पीछे धन का खर्च होगा। वाणी पर संयम रखें। नौकरी या व्यापार में उलझन दूर करने के लिए बड़ों की मदद लग सकती है।

कन्या - आज का आप का दिन मध्यम फलदायी है। फिर भी शारीरिक और मानसिक रूप से सुख- शांति रहेगी। व्यावसायिक क्षेत्र में भी वातावरण अनुकूल रहेगा। दोपहर के बाद आप के मन की स्थिति दुविधापूर्ण रहेगी।

तुला - आज पारिवारिक वातावरण अच्छा रहेगा। परिवार के सदस्यों के साथ अच्छा व्यवहार करना होगा। घर की साज-सजावट में भी परिवर्तन करेंगे, इससे मानसिक स्वास्थ्य अच्छा बना रहेगा।

वृश्चिक - आप के लिए आज भाग्यवृद्धि का दिन है। विदेश में स्नेहीजन से अच्छे समाचार प्राप्त होंगे। शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। धार्मिक प्रवास होने की संभावना है। धन लाभ की भी संभावना है।

धनु - आज सुबह आप का स्वास्थ्य नरम-गरम रह सकता है। नेगेटिव विचार से आप परेशान रह सकते हैं। वैचारिक स्तर पर संयम रखना आवश्यक है। आर्थिक रूप से तंगी का अनुभव करेंगे।

मकर - आज के दिन परिजनों के साथ पर्यटन का आनंद उठाएंगे। सुबह मन खुश रहेगा, लेकिन दोपहर के बाद किसी बात की चिंता आपको हो सकती है। अधिक खर्च होने से धन की तंगी रहेगी। सरकारी कामों में विघ्न आएंगे।

कुंभ - आज का दिन सुख और शांति से गुजरेगा। पारिवारिक जीवन में भी आनंद छा जाएगा। शारीरिक और मानसिक स्वस्थता प्राप्त होगी। आनंद-प्रमोद के साथ वाहन सुख प्राप्त होगा। व्यापार के क्षेत्र में आप को लाभ मिलेगा।

मीन - आज आप किसी व्यक्ति या वस्तु के आकर्षण में रहेंगे। किसी भी व्यक्ति के साथ बौद्धिक चर्चा या वाद-विवाद ना करें। नए काम की शुरुआत को आज टालें। दोपहर के बाद स्थिति में आकस्मिक सुधार दिखेगा।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## आज का इतिहास

1763 - ब्रिटिश फौज ने मीर कासिम को हराकर पटना पर क़ब्ज़ा किया।
1813 - मैक्सिको ने स्पेन से स्वतंत्रता हासिल की।
1844 - स्पेन ने डोमिनिकन गणराज्य को स्वतंत्र किया।
1860 - अब्राहम लिंकन अमेरिका के सोलहवें राष्ट्रपति चुने गए।
1903 - अमेरिका ने पनामा के स्वतंत्रता को मान्यता प्रदान की।
1913 - दक्षिण अफ्रीका में भारतीय खनन मजदूरों की रैली का नेतृत्व करने के लिए महात्मा गांधी को गिरफ्तार किया गया।
1943 - दूसरे विश्व युद्ध के दौरान जापान ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस को अंडमान और निकोबार द्वीप समूह सौंपे।
1949 - यूनान में गृह युद्ध समाप्त हुआ।
1962 - राष्ट्रीय रक्षा परिषद की स्थापना हुई।
1990 - नवाज शरीफ़ पाकिस्तान के प्रधानमंत्री बने।
1994 - अफ़ग़ानिस्तान के बुरहानुद्दीन रब्बानी गुट द्वारा संयुक्त राष्ट्र अफ़ग़ान शांति योजना स्वीकृत।
1998 - पाकिस्तान ने सियाचिन में युद्धविराम के भारत का प्रस्ताव नामंजूर किया।
2000 - ज्योति बसु ने लगातार 23 वर्षों तक पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री रहने के बाद पद छोड़ा।
2004 - रूस ने क्योटो करार की पुष्टि की।
2008 - स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया ने प्रधान ब्याज दर (जीएलआर) और जमादारों के कटौती की घोषणा की।
2010 - पश्चिम बंगाल के भूतपूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सिद्धार्थ शंकर राय का निधन।
2013 - सीरिया के दमस्कस में आत्मघाती विस्फोट में आठ लोगों की मौत, 50 घायल।
2013 - इराक की राजधानी बगदाद में आत्मघाती हमला, 15 मरे।
2013 - महान खिलाड़ी सचिन तेंदुलकर और वैज्ञानिक प्रो. सीएनआर राव को देश का सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'भारत रत्न' देने की घोषणा की गई।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

**बघेल को कांग्रेस की ...**

जवाब से सीधा संदेश दे दिया है कि वे किसी भी दबाव में नहीं आने वाले। बल्कि वे जनता को साफ शब्दों में बता रहे हैं कि उसके लिए कांग्रेस सरकार ने अब तक क्या किया और अगर दोबारा कांग्रेस की सरकार आएगी, तो फिर अगले पांच सालों में कांग्रेस और क्या-क्या करेगी।

देशबन्धु, डीबी लाइव ने भूपेश बघेल से सवाल किया कि पिछले पांच सालों में क्या खास बदलाव आया है। इस पर मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि आर्थिक स्थिति में महत्वपूर्ण बदलाव आया है। महिलाओं, किसानों, नौजवानों की स्थिति में गुणात्मक सुधार आया है। कांग्रेस सरकार ने शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में कई जरूरी काम किए हैं। भूपेश बघेल ने खास तौर पर स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूलों का जिक्र किया, जिसमें महंगे अंग्रेजी स्कूलों में गए बिना ही गरीब घर के बच्चों को अंग्रेजी माध्यम से शिक्षा मिलने लगी है। भूपेश बघेल ने कहा कि हमने छत्तीसगढ़ी भाषा, संस्कृति और यहां के तीज-त्योहारों, परंपराओं को सहेजने का काम पिछले पांच सालों में किया है।

यह पूछे जाने पर कि आप पर भाजपा ने मुद्दों को हड़पने का आरोप लगाया है, जैसे अब आप भी राम, सीता और कौशल्या माता की बात करने लगे हैं। इस पर भूपेश बघेल ने कहा कि हम तो श्रद्धा और निस्वार्थ भाव से इनका नाम लेते है। मोदीजी तो मजबूरी में छत्तीसगढ़ महतारी और कौशल्या माता की जय कहते हैं। जबकि छत्तीसगढ़ में कौशल्या माता का मंदिर है, जो अपनी तरह का अकेला है, हमने उसका जीर्णोद्धार किया। हम कौशल्या और सीता माता के साथ गऊ माता की भी सेवा करते हैं। जबकि भाजपा के लिए ये भी राजनैतिक मुद्दा है। हमने गौठान के जरिए गौमाता की सेवा की।

गौठान से उत्थान के सवाल पर भूपेश बघेल ने कहा कि हम तो पारंपरिक व्यवस्था को समझ कर उससे आज की अर्थव्यवस्था को संभाल रहे हैं। यांत्रिकीकरण के कारण गौपालन और दुग्ध व्यवसाय में लागत बढ़ रही थी और मुनाफा नहीं हो रहा था, तो हमने डेयरी वालों से गोबर और गौमूत्र खरीदना शुरु किया, फिर इनका इस्तेमाल खाद बनाने के लिए किया। इससे जमीन पर रासायनिक खाद का प्रयोग कम हुआ और उर्वरता बढ़ी। इस तरह हमने गौमाता और धरती माता दोनों की सेवा की।

भूपेश बघेल जब ये सारी बातें कर रहे थे, तो इसमें उनका राजनैतिक पक्ष कहीं दब गया और वे खालिस किसान की तरह ग्रामीण अर्थव्यवस्था से विकास के रास्ते को समझा रहे थे। और ठीक इसी तरह वे अपनी सभाओं में भी लोगों से जुड़ जाते हैं और बातें करते हैं। एक के बाद एक चुनावी सभाएं करते हुए भूपेश बघेल जरा भी थके हुए या परेशान नहीं दिखते। थकान होती तो होगी, लेकिन भूपेश बघेल का मानना है कि लोग वहां आपकी परेशानी सुनने नहीं आए हैं कि आपने कितने घंटे काम किया, आपको बुखार या सिरदर्द है। लोग एक अच्छी जिंदगी की आस लगाए हुए हैं और भूपेश बघेल अपने नपे-तुले भाषणों में लोगों को यही बताते हैं कि हमने पांच सालों में आपके लिए क्या किया और फिर से मौका मिला तो अब क्या करेंगे।

जैसे पखांजूर की सभा में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने लोगों को आश्वासन दिया कि पिछली बार की तरह इस बार भी कर्ज माफ होगा। 200 यूनिट तक बिजली फ्री होगी। सभी सरकारी स्कूल और कॉलेज में केजी से पीजी तक फ्री एजुकेशन होगा। शिक्षा और स्वास्थ्य की सुविधाओं का खास ख्याल रखा जाएगा। मुख्यमंत्री जिस समय कांग्रेस की ओर घोषणाएं कर रहे थे, उसी वक्त खबर आई कि भाजपा ने अपना घोषणापत्र जारी कर दिया है। भाजपा ने भी अपने घोषणापत्र में धान खरीदी को लेकर खास घोषणाएं कीं, जिस पर भूपेश बघेल ने भाजपा को आड़े हाथों लिया।

पखांजूर की सभा में कांग्रेस की घोषणाओं और भाजपा के घोषणापत्र के अलावा खास ध्यान खींचा अंतागढ़ के प्रत्याशी रूप सिंह पोटाई ने। मुख्यमंत्री ने श्री पोटाई को किसान का बेटा बताकर उनका परिचय जनता से करवाया। 35 बरस के रूप सिंह पोटाई दो बार सरपंच रह चुके हैं। हिंदी, हल्बी, छत्तीसगढ़ी और बांग्ला सभी भाषाओं पर उनकी एक जैसी पकड़ है और इस आदिवासी इलाके के बाशिंदों से उनकी भाषा में उन्हीं की तरह वो संवाद कर सकते हैं।

अभनपुर से अंतागढ़ तक कांग्रेस के लिए धुआंधार प्रचार करते हुए फिर भूपेश बघेल रायपुर होते हुए अपने विधानसभा क्षेत्र पाटन के लिए रवाना हो गए। चलते-चलते देशबन्धु डीबीलाइव ने उनसे सवाल किया आप लगातार यहां से वहां रैलियां कर रहे हैं। भाजपा भी अपना पूरा जोर लगा रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी छत्तीसगढ़ में भाजपा की जीत के लिए खास कोशिशें कर रहें हैं। ऐसे में आप कांग्रेस के लिए जीत की कितनी संभावनाएं देखते हैं। इस पर भूपेश बघेल ने जवाब दिया-शत-प्रतिशत।

भूपेश बघेल का सौ प्रतिशत जीत वाला आत्मविश्वास मतदाताओं की कसौटी पर कितना खरा उतरता है ये तो 3 दिसम्बर को नतीजों से पता चल ही जाएगा। फिलहाल ये कहा जा सकता है कि भूपेश बघेल जीत का यह दावा जनता की नब्ज टटोल कर ही कर रहे हैं। और पिछले पांच सालों में ही नहीं, अपने सुदीर्घ राजनैतिक जीवन के अनुभवों से उन्होंने सीख लिया है कि जनता की नब्ज बिल्कुल सही तरीके से कैसे पकड़ी और समझी जाती है।

**3200 रु. क्विंटल में धान खरीदी...**

200 यूनिट बिजली फ्री-फिर से कांग्रेस की सरकार बनते ही 200 यूनिट तक बिजली फ्री मिलेगी। पहले 200 यूनिट तक की बिजली का बिल नहीं आएगा। 200 यूनिट से अधिक खपत वाले उपभोक्ताओं को भी 200 यूनिट प्रति माह तक नि:शुल्क बिजली मिलेगी।

**गैस सिलेंडर पर 500 रुपए मिलेगी सब्सिडी**

फिर से कांग्रेस की सरकार बनते हो सभी आय वर्ग की माताओं एवं बहनों के लिए च्महतारी न्याय योजना लागू कर प्रति सिलेंडर के रिफिल करने पर 500 रुपए की सब्सिडी घर की महिला के बैंक खाते में सरकार द्वारा सीधे जमा की जाएगी।

केजी से पीजी तक शिक्षा मुफ्त-कांग्रेस सरकार बनते ही राज्य के उच्च शिक्षा, चिकित्सा शिक्षा एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के अंतर्गत आने वाले सभी शासकीय महाविद्यालयों में अध्ययनरत डिप्लोमा/ स्नातक/स्नातकोत्तर के सभी वर्ग के छात्र-छात्राओं को शिक्षा एवं प्रवेश शुल्क नहीं देना होगा। स्कूली शिक्षा पूर्ववत नि:शुल्क रहेगी।

**तेंदूपत्ते का प्रति बोरा 6000 रु**- राज्य में कांग्रेस की सरकार बनते ही तेंदूपत्ता संग्राहकों को प्रति मानक बोरा 4000 रुपये की जगह अब 6000 रुपये मिलेंगे और 4000 सालाना बोनस दिया जाएगा।

**17.5 लाख परिवार कोआवास**-प्रधानमंत्री आवास योजना के पात्र 7.5 लाख परिवारों को केंद्र सरकार ने आवास नहीं दिया है। हम उन सभी 7.5 लाख परिवारों और 10 लाख अन्य जरूरतमंद परिवारों को मुख्यमंत्री आवास न्याय योजनाज्ज के तहत आवास देंगे। इसके लिए हमने आर्थिक सर्वेक्षण करवा लिया है।

**भूमिहीनों को 10 हजार प्रतिवर्ष**-राजीव गांधी भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना के अंतर्गत आने वाले सभी हितग्राहियों को मिलने वाली राशि 7000 रुपए प्रतिवर्ष को बढ़ाकर दस रुपए प्रतिवर्ष दिया जाएगा ।

**लघु वनोपजों पर अतिरिक्त 10 रु प्रति किलो**-कांग्रेस सरकार ने 7 से बढ़ाकर 63 लघु वनोपजों को समर्थन मूल्य पर खरीदना शुरू किया है। अब हमारा वादा है कि समर्थन के अतिरिक 10 रुपए प्रति किलो दिए जाएंगे।

**10 लाख तक मुफ्त इलाज**-डा खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत अब गरीब वर्ग को इलाज के लिए 5 लाख रुपए की बजाय 10 लाख रुपए तक मिलेंगे। साथ ही गरीबी रेखा से ऊपर के लोगों को 50 हजार की बजाय अब 5 लाख रुपए तक की सहायता मिल सकेगी।

**दुर्घटनाओं का इलाज मुफ्त**-छत्तीसगढ़ के निवासियों की सड़क दुर्घटनाओं में तथा अन्य आकस्मिक दुर्घटनाओं में च्मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजनाज्ज के तहत नि:शुल्क स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराएंगे।

**समर्थन मूल्य पर तिवरा खरीदी**-कांग्रेस की सरकार ने गन्ने से लेकर कोदो, कुटकी व रागी के समर्थन मूल्य घोषित किए थे। इस बार सरकार बनते ही राज्य के किसानों से तिवरा को भी समर्थन मूल्य पर खरीदा जाएगा।

**अब सभी सरकारी स्कूल बनेंगे स्वामी आत्मानंद स्कूल**-राज्य के 6,000 शासकीय हायर सेकेंड्री एवं हाई स्कूलों को स्वामी आत्मानंद इंग्लिश एवं हिन्दी मीडियम स्कूलों में क्रमश- अपग्रेड करेंगे।

**स्व-सहायता समूह का भी होगा कर्जा माफ**-फिर से कांग्रेस की सरकार बनते ही महिला स्व-सहायता समूहों तथा महिलाओं द्वारा सक्षम योजनांतर्गत लिए गए ऋण माफ किए जाएंगे।

**जातिगत जनगणना**-जिसकी जितनी आबादी, उसका उतना हक को ध्यान में रखते हुए कांग्रेस प्रदेश में जातिगत जनगणना करवाएंगे ताकि सामाजिक न्याय सुनिश्चित हो सके।

**परिवहन व्यावसायियों के होंगे कर व कर्ज माफ**-राज्य के परिवहन व्यवसाय से जुड़े 66,000 से अधिक वाहन मालिकों के वर्ष 2018 तक के 126 करोड़ राशि के बकाया मोटरयान कर सहित शास्ति और ब्याज के कर्ज की माफी की जाएगी।

**700 नए औद्योगिक पार्कों का निर्माण**-फिर से कांग्रेस की सरकार बनते ही आगामी वर्षों में 700 नवीन ग्रामीण औद्योगिक पार्कों की स्थापना करेंगे। इससे ग्रामीण औद्योगिक केंद्र की संख्या 300 से बढ़ाकर 1000 हो जाएगी।

**युवाओं को उद्योग व्यवसाय ऋण में 50 फीसदी सब्सिडी**-युवाओं को उद्योग व्यवसाय के लिए ऋण पर अब तक 40 प्रतिशत सब्सिडी दी जाती थी। अब इसे बढ़ाकर 50 प्रतिशत सब्सिडी के साथ ऋण की सुविधा मिलेगी।

**अंत्येष्टि के लिए लकड़ी का प्रबंध**-प्रदेश में कांग्रेस की सरकार दोबारा बनते ही शहरी निकाय क्षेत्रों में अंत्येष्टि के लिए लकड़ी का प्रबंध सरकार की ओर से किया जाएगा।

**छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार ...**

बलीराम के काम को दिनेश कश्यप आगे बढ़ा रहे हैं। भाजपा जो बोलती है, वह करती है। देश में 4 करोड़ अवास बनाना था, इसमें छत्तीसगढ़ में भी 16 लाख आवास शामिल था, लेकिन कांग्रेस सरकार ने बनने नहीं दिया और इस राशि का बंदरबाट किया। भाजपा की सरकार आने पर सबसे पहले 18 लाख आवास बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में कांग्रेस सरकार ने केन्द्र की योजनाओं को लागू होने नहीं दिया। जन जीवन मिशन का काम भी नहीं हो पाया, जबकि यूपी में 150 लाख परिवार के घरों में पानी पहुंच रहा है। कांग्रेस के इशारे पर रतन दुबे की हत्या। सीएम आदित्यनाथ ने आमसभा को सम्बोधित करने से पहले नारायणपुर भाजपा के जिला उपाध्यक्ष स्व रतन दुबे को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि रतन दुबे जैसे कर्मठ कार्यकर्ताओं के कारण ही आज भाजपा विश्व में सबसे बड़ी पार्टी बनी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के इशारे पर ही नक्सलियों ने भाजपा नेता स्व रतन दुबे की हत्या की, जिसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा।

**बुलडोजर रौंदेगा माफियाओं की छाती**

सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि छत्तीसगढ़ में भी डबल इंजन की सरकार आ रही है और घोटालों की जांच करवाएगी। इसके बाद यूपी की तरह ही छत्तीसगढ़ में बुलडोजर माफियाओं की छाती को रौंदेगा और माफियाओं का हाल यूपी की तरह ही होगा। उन्होंने कहा कि लव जिहाद के नाम पर भाजपा कार्यकर्ताओं की हत्या की गयी, जो कि स्वीकार्य नहीं है। इस दौरान पूर्व सांसद दिनेश कश्यप, डॉ सुभाऊ कश्यप, रूपसिंह मंडावी, श्रीनिवास राव मद्दी, विद्याशरण तिवारी, वेदवती कश्यप, प्रत्याशी मनीराम कश्यप सहित अन्य उपस्थित थे।

**छत्तीसगढ़ में पहले चरण की ...**

स्टार प्रचारकों ने भी लगाया पूरा जोर-पहले चरण के चुनाव में भाजपा की तरफ से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी,गृह मंत्री अमित शाह,उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ,असम के मुख्यमंत्री हिमंता विश्वा सरमा,केन्द्रीय मंत्री स्मृति इरानी,पूर्व मुख्यमंत्री डा.रमन सिंह तथा कांग्रेस की ओर से कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे,पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी,पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं विधानसभा अध्यक्ष डा.चरणदास महंत ने चुनावी सभाएं की।आम आदमी पार्टी की ओर से दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल तथा पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने रोड शो एवं सभाएं की।

**सत्ता में रहते हुए सट्टा का कारोबार...**

किया। इसी बीच केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने कांग्रेस और भूपेश बघेल के खिलाफ सवाल उठाए हैं साथ ही कहा कि सत्ता में रहते हुए सट्टा कारोबार में रहना छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की हकीकत है । भाजपा के घोषणापत्र में किए गए वायदों का बखान कर किसान, महिला, युवा, मजदूर सहित प्रदेश के सभी वर्गों की बहतरी के लिए किए जाने वाले प्रयासों को मंच से विस्तार से साझा किया ।

इस दौरान भरी सभा से कांग्रेस विधायक की अकर्मण्यता और वादखिलाफ़ी पर प्रश्नचिन्ह लगाते हुए भाजपा प्रत्याशी लता उसेंडी ने कहा कि उन्होंने अपने राजनैतिक जीवन में मोहन मरकाम जैसा फ़रेबी और झूठा विधायक आज तक नहीं देखा । बस्तर में कांग्रेस पार्टी को मिले भारी बहुमत से निकले विधायकों और सांसद की लंबी फ़हरिस्त के बावजूद आज बस्तर के लोग खुद को ठगा सा महसूस करते है । घोषणापत्र में की गई वादखिलाफ़ी से जहां प्रदेश में निराशा और अराजकता का माहौल बना तो वही स्थानीय विधायक मोहन मरकाम की अकर्मण्यता और बढ़ते भ्रष्टाचार से कोंडागाँव का विकास भी अवरुद्ध हुआ।

कार्यक्रम के दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष दीपेश अरोरा, ओम प्रकाश टावरी, दयाराम पटेल, गोपाल दीक्षित, जसकेतु उसेंडी, बालसिंह बघेल, विक्की रवानी, रौनक दीवान, प्रतोष त्रिपाठी, बंटी नाग, जैनेंद्र ठाकुर, अश्विनी पांडेय, जितेंद्र सुराना, अंकुश जैन, मीनू कोर्राम, मंगतू नेताम, बालकुवर प्रधान, कृष्णा पोयाम, प्रेम सिंह नाग, अनीता नेताम, रेखा साहू, ईना श्रीवास्तव, लक्ष्मी ध्रुव, बसंती ठाकुर, विकास दुआ, शुभम् संचेती, अंकुश जैन, बिट्टू पाणिग्रही, अविरल अरोरा, गामा जयसवाल, नागेश देवांगन सहित समूचे मोर्चा प्रकोष्ठ से बड़ी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सुडोकू 6368

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | | 3 | | 2 | | 6 | 7 | 5 |
| | | | 6 | 5 | | 8 | | |
| | 2 | | | | 3 | 9 | | |
| | 1 | | | 3 | | 2 | | 6 |
| | 3 | | 8 | | 6 | | 9 | |
| 6 | | 8 | | 1 | | | 4 | |
| | | 1 | 3 | | | | 5 | |
| | | 7 | | 4 | 5 | | | |
| 9 | 4 | 5 | | 6 | | 3 | | 8 |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 6368



**बायें से दायें:-**

१. समाज-विरोधी
४. किसी कार्य को पूर्ण करने के लिए मिलने वाली शासकीय सहायता राशि
६. पकड़ना, रोकना, संभालना
७. हुकूमत करने वाला, अधिकारी (उर्दू)
८. किसी फल आदि पकने के करीब होना
१०. अनाथ (उर्दू)
११. बांटने वाला
१३. वध करना, मारपीट करना
१४. किंतु
१५. चीरने वाला
१७. उपाधि, पदवी (उर्दू)
१९. पाठ, अनुच्छेद
२१. निशेघ
२२. बड़प्पन
२४. झुका हुआ सिर

**ऊपर से नीचे:-**

१. ठहाका, जोर की हँसी
२. अपमानित, बेइज्जत
३. किसी कहानी का प्रधान पात्र
४. अप्राप्ति, न आना
५. वृत्त, गोलाकार (उर्दू)
९. अमुचित, अनुपयुक्त (उर्दू)
११. संकट
१२. रखवाला
१३. मां का भाई
१४. सूर्यवंशी राजाओं की राजधानी
१५. असमानता, जटिलता
१६. नीरस
१८. शवाच्छादन (उर्दू)
१९. नीच, दुष्ट, पापी
२०. सेना का ब्यूह, एक काव्यालंकार
२३. सरोवर

## वर्ग पहेली-6367



युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## दुनिया को जानें

### चीन में 60 राष्ट्र स्तरीय सार्वजनिक स्वास्थ्य टीमें बनाई गई

**बीजिंग,** 5 नवम्बर (एजेंसियां)। तीसरा विश्व स्वास्थ्य मंच 4 से 5 नवंबर तक चीन की पेइचिंग में स्थित छिंगहुआ विश्वविद्यालय में आयोजित हुआ। चीनी राष्ट्रीय स्वास्थ्य आयोग के उपाध्यक्ष लेइ हाईछाओ ने मंच के उद्घाटन समारोह में भाषण दिया। उन्होंने सार्वजनिक स्वास्थ्य और चिकित्सा प्रतिक्रिया क्षमताओं को बढ़ाने में चीन के पर्याप्त प्रयासों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि आज तक, चीन ने सार्वजनिक स्वास्थ्य और चिकित्सा आपात स्थितियों के लिए समर्पित 60 राष्ट्रीय स्तर की आपातकालीन प्रतिक्रिया टीमों की स्थापना की है। इसके अलावा, प्रांतीय, शहरीय और काउंटी स्तरों पर विशेष चिकित्सा इकाइयां स्थापित की गई हैं, जिसके परिणामस्वरूप कुल 6,500 से अधिक टीमें हैं। इस मौजूदा मंच का विषय 'महामारी का मुकाबला और चुनौतियों' पर केंद्रित है। अपने संबोधन में, लेई हाइछाओ ने इस बात पर जोर दिया कि नई सदी में कोरोनो वायरस से संबंधित तीन प्रमुख महामारियां देखी गई हैं, जो मानव स्वास्थ्य के लिए बड़े खतरे पैदा करती हैं और वैश्विक अर्थव्यवस्था और विकास परिदृश्य को बाधित करती हैं।

# खेल जगत

## रोहित ने एक कैलेंडर वर्ष में सर्वाधिक वनडे छक्कों के एबी डिविलियर्स के रिकॉर्ड की बराबरी की



**कोलकाता,** 5 नवंबर (एजेंसियां)। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने रविवार को ईडन गार्डन्स में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आईसीसी पुरुष वनडे विश्व कप 2023 मैच के दौरान एक कैलेंडर वर्ष में सबसे अधिक वनडे छक्के लगाने के दक्षिण अफ्रीका के एबी डिविलियर्स के रिकॉर्ड की बराबरी की। रोहित ने इस विश्व कप के दौरान वेस्टइंडीज के दिग्गज क्रिस गेल को पीछे छोड़ दिया था, जो अब 2019 में 56 छक्कों के साथ सूची में दूसरे स्थान पर हैं। 36 वर्षीय खिलाड़ी ने इस मुकाम तक पहुंचने के लिए 23 पारियां लीं और डिविलियर्स से पांच पारियां अधिक लीं। रोहित ने अपनी 40 रन की पारी के दौरान लुंगी एनगिडी पर दो छक्के लगाए और छठे ओवर में कैगिसो रबाडा की गेंद पर तेम्बा बावुमा को कैच देने से पहले 58 छक्कों का आंकड़ा छू लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए, भारत ने बहुत अच्छी शुरुआत की, रोहित ने दक्षिण अफ्रीकी तेज गेंदबाज पर हमला किया, उन्हें मैदान के चारों ओर मारा।

# विराट ने की सचिन के वन डे क्रिकेट में सबसे ज्यादा 49 शतक की बराबरी




■ सत्येन्द्र पाल सिंह

- ■ विराट ने शतक के साथ मनाया अपना 35 वां जन्मदिन
- ■ भारत ने बनाया 50ओवर में पांच विकेट पर 326 रन का विशाल स्कोर

नई दिल्ली, 5 नवंबर (देशबन्धु)। दुनिया के धुरंधर बल्लेबाज विराट कोहली ने पारी के 49 वें और दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज कसिगो रबाडा के दसवें और आखिरी ओवर की तीसरी गेंद को बैकफुट पर पंच कर एक रन लेकर कोलकाता के ईडन गार्डन पर आईसीसी वन डे क्रिकेट विश्व कप के अहम मैच में रविवार को शतक जडने के साथ दुनिया में वन डे अंतराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे ज्यादा 49 शतक जडने के अपने आदर्श सचिन तेंडुलकर के रिकॉर्ड की बराबरी कर अपना 35 वां जन्मदिन शानदार ढंग से मनाया। विराट ने मात्र 277 पारी खेल कर इस मुकाम तक पहुंचे जबकि सचिन ने यह कारनामा 451 पारियों में पूरा किया था। विराट कोहली ने जैसे ही यह शतक पूरा किया तो ईडन गार्डन में क्रिकेट प्रशंसकों का नीले समंदर कोहली , कोहली, कोहली के ेगूंज से पूरा स्टेडियम गूंज उठा। विराट ने अंतर्राष्ट्रीय वन डे क्रिकेट में पहला शतक इसी मैदान पर जड़ा था और सचिन तेंडुलकर के अंतर्राष्ट्रीय शतक जडने के लिए भी इसी मैदान को चुना। विराट का यह मौजूदा विश्व कप में यह दूसरा शतक था।

विराट के शानदार अविजित शतक और श्रेयस अय्यर (77 रन, 87 गेंद, दो छक्के, सात चौके) के साथ तीसरे विकेट की 129 रन की भागीदारी की बदौलत भारत ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 50 ओवर में पांच विकेट 326 रन का पहाड़ का स्कोर बनाया। विराट 121 गेंद खेल 12 चौकों की मदद से 101 रन और उनके साथ रवींद्र जडेजा 15 गेंद खेल कर एक छक्के और तीन चौकों की मदद से 29 रन बनाकर अविजित रहे। 40 से 45 वें ओवर के बीच भारत ने केएल राहुल (9) का विकेट खोया और 17 रन बनाए लेकिन रवींद्र जडेजा ने मैदान पर उतरते ही आक्रामक अंदाज में रन बनाए। सिटी ऑफ जॉय कोलकाता में विराट के इस 49 वें अंतर्राष्ट्रीय शतक के साथ दर्शकों को दिवाली से पहले ही दिवाली मनाने का मौका दे दिया। कप्तान रोहित शर्मा (40 रन। 24 गेंद, दो छक्के, छह चौके) ने ताबड़तोड़ अंदाज में अपने सलामी जोड़ीदार शुभमन गिल के साथ ताबड़तोड़ अंदाज में मात्र 5.5 ओवर में 62 रन जोड़ भारत को तूफानी शुरुआत। पहले चेंज के रूप में आने वाले तेज गेंदबाज कसिगो रबाडा ने रोहित को मिडऑफ पर कप्तान तेंबा बाउमा के हाथों कैच करा कर भारत को पहला झटका दे उनकी और गिल की भागीदारी को तोड़ा। रोहित और शुभमन गिल की ताबड़तोड शुरुआत ने भारत के बड़े स्कोर की नींव रखी। दक्षिण अफ्रीका के केशव महाराज (10-0-30-1) और कसिगो रबाड़ा (10-1-48-1) ने बीच के ओवर में बेहद नपी तुली गेंदबाजी कर एक एक विकेट निकाल कर भारत की रनगति पर लगाम लगाई और इसीलिए विराट और श्रेयस बीच के ओवर में संभल कर खेले।

विराट कोहली ने सबसे कसी हुई गेंदबाजी करने वाले दक्षिण अफ्रीका के बाएं हाथ के स्पिनर केशव महाराज के दसवें और आखिरी तथा पारी के 29 वें ओवर की दूसरी गेंद को लॉन्ग लेग पर खेल कर अपना 67 गेंद खेल कर पांच चौको की मदद सेअपना अर्द्धशतक पूरा कर अपना 35 वां जन्म दिन बनाया। केशव महाराज ने अपने इस स्पैल में सबसे ज्यादा सात रन अपने दसवें और आखिरी ओवर में दिए। वहीं श्रेयस ने महराज स्पैल खत्म होने के बाद तेज गेंदबाज मार्को येनसन के दूसरे स्पैल के पहले और पारी के 31 वें ओवर की दूसरी गेंद पर चौका जड़ 65 गेंद खेल कर अपना एक छक्के और चार चौकों की मदद से पूरा किया ही उनके इस ओवर में उन्होंने कुल तीन चौके जड़ भारत की पारी को फिर रफ्तार दी। भारत ने दक्षिण अफ्रीका के बाएं हाथ के लेग स्पिनर तबरेज शम्सी को निशाना बनाया और उन्हें लय पाने का मौका ही नहीं दिया। 28 ओवर में खासतौर पर श्रेयस अय्यर ने गियर बदला और तबरेज शम्सी के छठे ओवर से उन्होंने निशाना बनाया। धीमे आगाज के बाद अचानक रफ्तार पकडने वाले श्रेयस अय्यर (77 रन, 87 गेंद, दो छक्के, सात चौके) दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज लुंगी एंगिडी के दूसरे स्पैल के दूसरे और पारी के 37 वें ओवर में उनकी ऑफ कटर को उड़ाने की कोशिश में मिड ऑन पर एडन मरक्रम के हाथों लपके गए। श्रेयस ने आउट होने से पहले विराट कोहली के साथ तीसरे विकेट के लिए 129 रन की अहम भागीदारी की। केएल राहुल (9 रन, 17 गेंद)ज्यादा देर तक नहीं टिके और तेज रन बनाने की कोशिश में मार्को येनसन के आठवें और पारी के 43 वें ओवर की पहली गेंद को उड़ाने की फ्लिक करने की कोशिश की और रॉसी वान देर दुसों ने तेज दौड़ लगाकर स्कवॉयर लेग पर बेहतरीन कैच लपका और भारत ने चौथा विकेट 249 रन पर खो दिया। शम्सी के दसवें व आखिरी तथा पारी के 46 वें ओवर की अंतिम गेंद को सूर्य कुमार यादव (22 रन, 14 गेंद, 5 चौके) को रिवर्स स्वीप करने की कोशिश की और गेंद उनके दस्तानों को लगकर विकेटकीपर क्विंटन डी कॉक के दस्तानों में समाई और भारत ने पांचवां विकेट 285 रन खोया।

भारत के कप्तान रोहित शर्मा (40 रन, 24 गेंद, दो छक्के, छह चौके) ने तूफानी अंदाज में आगाज किया और दक्षिण के तेज गेंदबाज मार्को येनसन और लुंगी एंगिडी को निशाना बना शुरू के पांच ओवर में भारत के में 61 रन जोड़े। तब दक्षिण अफ्रीका के कप्तान तेंबा बाउमा ने छठे ओवर में गेंद अपने तुरुप के तेज गेंदबाज कसिगो रबाडा को दी। रबाडा के पहले ओवरकी पांचवी आफ स्टंप पर गिरी गेंद को उड़ाने की कोशिश में रोहित ने दक्षिण अफ्रीका के कप्तान तेंबा बाउमा को कैच थमा दिया और भारत ने अपना पहला विकेट 5.5 ओवर में 62 रन पर गंवाया। रबाडा ने रोहित को पांचवीं बार आउट किया।रोहित (23) को पारी के शुरू में मार्को येनसन के दूसरे और पारी के चौथे ओवर की गेंद को उड़ाने की कोशिश की लेकिन डीप थर्डमैन पर कैच तबरेज शम्सी ने कैच टपका दिया और तब भारत का स्कोर 44 रन था। शुभमन गिल (23 रन, 24 गेंद, एक छक्का, चार चौके) ने बाएं हाथ के स्पिनर केशव महाराज की तीसरी ही गेंद को फ्लिक करने गए लेकिन उनकी गेंद कुछ धीमे घूमी और उनके मिडलस्टंप की गिल्ली उड़ा ले गई भारत ने दूसरा विकेट 10.3 ओवर में 93 रन पर खो दिया। दक्षिण अफ्रीका कसिगो रबाडा और केशव महाराज ने आठ ओवर के भीतीर मिलकर 27 रन देकर कप्तान रोहित और उनके सलामी जोड़ी शुभमन गिल को आउट कर भारत की तेज रन गति पर जरूर कुछ लगाम लगाई। रबाडा का पहला स्पैल रहा 5-1-19-1

भारत ने शुरू के पांच ओवर में 61 रन बनाए और अगले 11 ओवर में 46 जोड़े और एक विकेट खोया। भारत ने शुरू के दस ओवर में कप्तान रोहित का एक विकेट खोकर 91 रन बनाए थे लेकिन अगले दस ओवर में शुभमन गिल के रूप एक विकेट खोकर 33 रन बनाए। दक्षिण अफ्रीका के बाएं हाथ के स्पिनर केशव महाराज ने बहुत ही सधी हुई गेंदबाजी कर विराट और खासतौर श्रेयस अय्यर को रनों के लिए खासा संघर्ष कराया। महाराज का पहला स्पैल रहा 5-1-15-1। खासतौर पर श्रेयस की धीमी बल्लेबाजी को देखकर 22 वें ओवर में दो विकेट पर 134 रन के स्कोर कप्तान रोहित शर्मा ने 12 वें खिलाड़ी इशान किशन के लिए संदेश भेजा। बाएं हाथ के स्पिनर केशव महाराज ने मिडल आौर ऑफ स्टंप पर ज्यादा गेंद रखी जबकि बाएं हाथ के लेग स्पिनर तबरेज शम्सी ने वाइड पांचवें स्टंप यानी गेंद को ऑफ स्टंप से बाहर स्पिन कराने की ज्यादा कोशिश की।

## ऑस्ट्रेलिया से हार ने इंग्लैंड में आत्मविश्वास की कमी दिखाई : मोईन



**अहमदाबाद,** 5 नवंबर (एजेंसियां)। इंग्लैंड के ऑस्ट्रेलिया से 33 रनों की हार के साथ आधिकारिक तौर पर 2023 पुरुष क्रिकेट विश्व कप से बाहर होने के बाद, ऑफ-स्पिन ऑलराउंडर मोईन अली ने टीम के भीतर आत्मविश्वास की कमी की ओर इशारा किया, जिसके कारण उन्हें बाहर होना पड़ा। इंग्लैंड अंक तालिका में सबसे नीचे है। मैं एक खिलाड़ी के रूप में निराश हूं और हम शुरू से ही इस टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सके। इस मैच से टीम में आत्मविश्वास की कमी दिखी। मुझे लगा कि हम आज रात थोड़े बेहतर थे और हमने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। परिस्थितियों की वजह से और हम जानते हैं कि हमें यह मैच जीतना चाहिए था, लेकिन क्रिकेट में ऐसी चीजें होती रहती हैं। मोईन ने स्काई स्पोर्ट्स से कहा, मुझे लगता है कि हमने शायद बहुत कुछ करने की कोशिश की है और विशेष रूप से खिलाड़ी के रूप में, हम वास्तव में आक्रामक होने की कोशिश करते हैं और फिर हम थोड़ा दबाव झेलने की कोशिश करते हैं, लेकिन हम ऐसा नहीं कर सके। आज रात भी, हर बार जब हमने कोशिश की, हम उस स्थिति में थे जहां हम थे, ठीक है, हम यहां सब ठीक कर रहे हैं, हमने बस दो विकेट जल्दी खो दिए और फिर हमें फिर से प्रयास करना पड़ा और फिर से दो विकेट खो दिए। यह थोड़ी स्कूली गलती है लेकिन ऐसी चीजें तब होती हैं जब एक टीम के रूप में आपके पास आत्मविश्वास नहीं होता है। और हम यह नहीं कह सकते कि हममें आत्मविश्वास नहीं है। हमें इसके बारे में कुछ करना होगा। हमने कोशिश की है। मैं मुझे लगता है कि हमने खिलाड़ियों के एक समूह के रूप में ऐसा करने की कोशिश की है। और कभी-कभी आप टीम में एक व्यक्ति के रूप में थोड़ा आंतरिक हो जाते हैं और यह टीम के लिए कभी भी उतना अच्छा नहीं होता है। अली ने इंग्लैंड के 287 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए बेन स्टोक्स और डेविड मलान के अर्धशतकों के साथ 42 रन बनाए। लेकिन यह तिकड़ी जल्दी आउट हो गई और इंग्लैंड 48.1 ओवर में 253 रन पर आउट हो गया। उनका यह भी मानना है कि इंग्लैंड में आत्मविश्वास की कमी के कारण उनके कौशल और योजनाओं का क्रियान्वयन ख़राब हो गया है। खिलाड़ियों के एक समूह के रूप में और प्रबंधन के साथ हमने कभी-कभी ऐसा करने की कोशिश की है, चलो बाहर जाएं और अपने तरीके से खेलें, और कभी-कभी जब हम मैच हार जाते हैं तो हमने (कहा) चलो चलें बाहर जाओ और कठिन बनो, और कठिन हो जाओ जो हमने हमेशा करने की कोशिश की है, और हमारे पास अभी आत्मविश्वास नहीं है। पक्ष में विश्वास की कमी... यह कहने के लिए कुछ है लेकिन फिर बाहर जाना और इसे करना है। मुझे नहीं लगता कि हमने ऐसा किया है। मोईन ने कहा, रनों की कमी, विकेटों की कमी, क्षेत्ररक्षण उतना अच्छा नहीं होना जितना हम जानते हैं कि हम कर सकते हैं।

## जब तक फखर थे, हम 450 रन का लक्ष्य भी हासिल कर सकते थे : बाबर आजम

**बेंगलुरु,** 5 नवंबर (एजेंसियां)। पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम ने कहा कि उनका मानना है कि जब तक बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज फखर जमान बल्लेबाजी कर रहे थे, उनकी टीम शनिवार को एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में न्यूजीलैंड के खिलाफ पुरुष एकदिवसीय विश्व कप मैच में 450 रन का लक्ष्य भी हासिल कर सकती थी। बाबर ने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) द्वारा पोस्ट किए गए एक वीडियो में कहा, मेरे दिमाग में यही चल रहा था कि जब तक फखर वहां थे, हम 450 रन का लक्ष्य भी हासिल कर सकते थे। जब वह इस तरह की पारी खेलते हैं तो हम 90त्न मैच जीतते हैं। जब उन्होंने मुझे बताया कि पिच अच्छी थी हमने साझेदारी बनाने और मैच को कम से कम 20 ओवर तक ले जाने का फैसला किया। मूल रूप से 402 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए, फखर और बाबर ने बारिश आने से पहले नाबाद 194 रन की साझेदारी की। ज़मान ने सिर्फ 81 गेंदों में नाबाद 126 रन बनाए, जिससे पाकिस्तान ने बारिश के कारण खेल रुकने से पहले सिर्फ 25.3 ओवर में 200/1 रन बना लिया, जिससे पाकिस्तान को डीएलएस पद्धति से 21 रन से जीत मिली जो टूर्नामेंट में उनकी चौथी जीत थी।



हमारे मन में बिल्कुल भी बारिश नहीं थी, क्योंकि आसमान साफ था। लेकिन बादल अचानक आ गए, और फिर हमने डीएलएस की गणना करना शुरू कर दिया और हम पूरे समय इसके साथ रहना चाहते थे। हम विकेट हाथ में रखने की कोशिश कर रहे थे , और मैं इसे गहराई तक ले जाने की कोशिश कर रहा था। फखर छोटी सीमा का उपयोग कर रहा था जबकि मैंने एक छोर पकड़ रखा था और हमने सुनिश्चित किया कि हम रन रेट को नियंत्रण से बाहर न जाने दें। बाबर ने कहा, हर छक्के के बाद मैंने उनसे कहा, इस मुद्दे को तूल मत दो। उन्होंने कहा ठीक है लेकिन फिर मुझे नजरअंदाज कर दिया और फिर भी छक्के मारने शुरू कर दिए। तो मैंने फिर उनसे कहा, जो करना है करो, बस आउट मत होना, (यह) मेरी अब तक देखी सबसे अच्छी पारियों में से एक थी। अपनी पारी के बारे में पूछे जाने पर, फखर ने कहा कि यह अभी भी उनकी सर्वश्रेष्ठ पारी नहीं है, उन्होंने जोर देकर कहा कि 2021 में वांडरर्स में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ उनकी 193 रन की पारी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में उनकी अब तक की सर्वश्रेष्ठ पारी है। उन्होंने कहा, इस विश्व कप में हमने जितने भी विकेट खेले हैं, उनमें से यह सर्वश्रेष्ठ था। दूसरे ओवर से यह स्पष्ट हो गया कि विकेट बल्लेबाजी के लिए बहुत अच्छा था। उन्होंने कहा, अगर साउदी और बोल्ट गेंद को स्विंग नहीं करा रहे हैं, तो आप जानते हैं कि विकेट बल्लेबाजी के लिए बहुत अच्छा है। चार ओवर के बाद, जो भी थोड़ी स्विंग थी, वह खत्म हो गई और इससे मुझे और भी अधिक आजादी मिली।

### आईसीसी विश्वकप 2023 अंक तालिका

| टीम | मैच | जीत | हार | टाई | पाइंट |
|---|---|---|---|---|---|
| भारत | 7 | 7 | 0 | 0 | 14 |
| दक्षिण अफ्रीका | 7 | 6 | 1 | 0 | 12 |
| ऑस्ट्रेलिया | 7 | 5 | 2 | 0 | 10 |
| न्यूजीलैंड | 8 | 4 | 4 | 0 | 8 |
| पाकिस्तान | 8 | 4 | 4 | 0 | 8 |
| अफगानिस्तान | 7 | 4 | 3 | 0 | 8 |
| श्रीलंका | 7 | 2 | 5 | 0 | 4 |
| नीदरलैंड | 7 | 2 | 5 | 0 | 4 |
| बांग्लादेश | 7 | 1 | 6 | 0 | 2 |
| इंग्लैंड | 7 | 1 | 6 | 0 | 2 |

## सार संक्षेप

### न्यूजीलैंड के खिलाफ धीमी ओवर गति के लिए पाकिस्तान पर 10 प्रतिशत मैच फीस का जुर्माना

**बेंगलुरु।** पाकिस्तान पर शनिवार को एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में आयोजित 2023 आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप के लीग मैच में न्यूजीलैंड के खिलाफ धीमी ओवर गति के लिए मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। आईसीसी एलीट पैनल ऑफ मैच रेफरी के रिची रिचर्डसन ने समय भत्ते पर विचार करने के बाद बाबर आजम की टीम को लक्ष्य से दो ओवर कम होने के कारण यह सजा दी। खिलाड़ियों और खिलाड़ी सहायता कर्मियों के लिए आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.22 के अनुसार, जो न्यूनतम ओवर-रेट अपराधों से संबंधित है, यदि खिलाड़ियों की टीम आवंटित समय में गेंदबाजी करने में विफल रहती है, तो प्रत्येक ओवर के लिए उनकी मैच फीस का पांच प्रतिशत जुर्माना लगाया जाता है। . बाबर ने अपराध स्वीकार किया और प्रस्तावित सज़ा स्वीकार कर ली, इसलिए औपचारिक सुनवाई की कोई आवश्यकता नहीं थी। मैदानी अंपायर पॉल विल्सन और रिचर्ड केटलबोरो, तीसरे अंपायर रिचर्ड इलिंगवर्थ और चौथे अंपायर जोएल विल्सन ने आरोप लगाया। मैच की बात करें तो, बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज फखर जमान के धमाकेदार शतक ने सुनिश्चित किया कि पाकिस्तान पुरुष वनडे विश्व कप के नॉकआउट चरण में जगह बनाने की दौड़ में बना रहे।

### संभवत: अब तक का सबसे संतोषजनक एकदिवसीय मैच है जो मैंने खेला है : एडम जम्पा

**अहमदाबाद।** ऑस्ट्रेलिया के लेग स्पिनर एडम ज़म्पा ने कहा कि 2023 आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप लीग मैच में 3-21 का प्रदर्शन, जो इंग्लैंड के खिलाफ 33 रन की जीत में समाप्त हुआ, उनके अंतरराष्ट्रीय करियर का सबसे संतोषजनक एकदिवसीय मैच था। शनिवार को नरेंद्र मोदी स्टेडियम में, ज़म्पा ने बल्ले से 19 गेंदों में 29 रन बनाए और मिशेल स्टार्क के साथ 38 रनों की महत्वपूर्ण साझेदारी की, जिससे ऑस्ट्रेलिया ने 286 रन बनाए। गेंद के साथ, ज़म्पा ने जोस बटलर, बेन स्टोक्स और मोइन अली को आउट किया। यहां तक कि उन्होंने डेविड विली का शानदार डाइविंग कैच भी लपका, जिससे ऑस्ट्रेलिया नॉकआउट में जगह बनाने के करीब पहुंच गया, जबकि उसके शेष लीग मैच अफगानिस्तान और बांग्लादेश के खिलाफ होने हैं।

## यह आदर्श नहीं, लेकिन हमारे पास कोई विकल्प नहीं : हथुरुसिंघे

**नई दिल्ली,** 5 नवंबर (एजेंसियां)। बांग्लादेश के मुख्य कोच चंडिका हथुरुसिंघे ने स्वीकार किया कि उनकी टीम के पास सोमवार को पुरुष वनडे विश्व कप मैच के लिए वायु प्रदूषण से भरी नई दिल्ली में श्रीलंका के खिलाफ खेलने के अलावा कोई विकल्प नहीं है, जो उनके अनुसार किसी के लिए भी आदर्श नहीं है। । बांग्लादेश और श्रीलंका दोनों ने राष्ट्रीय राजधानी में क्रमश: शुक्रवार शाम और शनिवार दोपहर को अपने प्रशिक्षण सत्र रद्द कर दिए थे क्योंकि एक्यूआई का स्तर गंभीर श्रेणी में आ गया था और शहर में भारी धुंध छाई हुई थी।



हथुरुसिंघे ने प्री-मैच प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, हम थोड़े चिंतित थे। इसलिए हमने एक अभ्यास सत्र भी रद्द कर दिया.हम जितना संभव हो सके बाहर के संपर्क में आने को कम करने की कोशिश कर रहे हैं क्योंकि हमें अभ्यास भी करना होगा और हमें इस स्थिति के दीर्घकालिक प्रभाव के बारे में सावधान रहना होगा। वायु गुणवत्ता दोनों टीमों को प्रभावित कर रही है। यह आदर्श नहीं है, लेकिन हमारे पास कोई विकल्प नहीं है। हमें अपने सामने की स्थिति में खेलना होगा। उन्होंने यह भी खुलासा किया कि बांग्लादेश के कुछ खिलाड़ी रविवार को अभ्यास सत्र में शामिल नहीं हुए क्योंकि वे अस्थमा से पीड़ित हैं और टीम प्रबंधन खराब वायु गुणवत्ता को देखते हुए उनके दीर्घकालिक स्वास्थ्य को जोखिम में नहीं डालना चाहता था। हमारे डॉक्टर ने खिलाड़ियों पर कड़ी नज़र रखी है। कुछ खिलाड़ी अस्थमा से पीड़ित होने के कारण अभ्यास के लिए नहीं आए, इसलिए वे होटल के अंदर ही रहे। अभ्यास के लिए भी, हम बहुत सचेत हैं। हमें जो प्रशिक्षित करना है हम उसे प्रशिक्षित करते हैं और वे ड्रेसिंग रूम में वापस चले जाते हैं। जब तक वे गेंदबाजी या बल्लेबाजी नहीं कर रहे हों तब तक वे समय नहीं बिताते हैं। इसलिए, हमने खेल से पहले अपने जोखिम को कम करने के लिए कुछ उपाय किए हैं। आईसीसी के एक प्रवक्ता ने शनिवार को आईएएनएस को बताया कि वे सोमवार को होने वाले मुकाबले से पहले नई दिल्ली में स्थिति का आकलन कर रहे हैं। आईसीसी प्रवक्ता ने कहा, आईसीसी और हमारे मेजबान, बीसीसीआई सभी प्रतिभागियों की भलाई को गंभीरता से लेते हैं और दिल्ली में वायु गुणवत्ता की निगरानी कर रहे हैं। हम स्थिति का आकलन करने के लिए विशेषज्ञों की सलाह ले रहे हैं।

खेल की बात करें तो बांग्लादेश ने सात में से सिर्फ एक मैच जीता है और वह पहले ही सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर हो चुका है। 1996 विश्व कप विजेता श्रीलंका ने दो जीत हासिल की हैं लेकिन सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए वह पतली गणितीय गणनाओं पर निर्भर है। पिच और ज़मीन बेदाग दिखती है। मुझे लगता है कि यह सबसे अच्छी पिचों में से एक है जिस पर हम शायद इस विश्व कप में खेलने जा रहे हैं। जैसा कि आपने कहा, श्रीलंका और बांग्लादेश ने हाल के दिनों में वास्तव में अच्छे मैच खेले हैं। हथुरुसिंघे ने निष्कर्ष निकाला, बात यह है कि, ईमानदारी से कहूं तो, दोनों टीमें वास्तव में समान स्थिति में, जितना संभव हो सके उतना ऊंचा स्थान हासिल करने की कोशिश कर रही हैं क्योंकि हमने सेमीफाइनल में पहुंचने का मौका खो दिया है

## विश्व कप टिकट कालाबाजारी : कोलकाता पुलिस ने बीसीसीआई प्रमुख से मांगी जानकारी

**कोलकाता,** 5 नवंबर (एजेंसियां)। कोलकाता पुलिस क्रिकेट विश्व कप 2023 मैच के टिकट कालाबाजारी मामले की जांच कर रही है। पुलिस ने भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के अध्यक्ष रोजर बिन्नी को नोटिस भेजा है। पुलिस ने टिकटों की ऑनलाइन मार्केटिंग में अपनाई जाने वाली प्रक्रिया की जानकारी मांगी है। शहर पुलिस के सूत्रों ने कहा कि बीसीसीआई अध्यक्ष से जानकारी मांगने का निर्णय शहर पुलिस के जांच अधिकारियों द्वारा क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ बंगाल (सीएबी) और ऑनलाइन टिकट मार्केटिंग एजेंसी के अधिकारियों से पूछताछ के बाद लिया गया। पता चला है कि जांच अधिकारियों के सवालों के जवाब बीसीसीआई अध्यक्ष को 7 नवंबर तक देने को कहा गया हैं।

नोटिस में यह भी कहा गया है कि बीसीसीआई का कोई भी अधिकृत प्रतिनिधि, जो कि बीसीसीआई अध्यक्ष भी हो सकता है, इस संबंध में संबंधित दस्तावेज 7 नवंबर तक पुलिस को दे। पता चला है कि शनिवार को पूछताछ के दौरान सीएबी अधिकारियों ने मामले में किसी भी तरह की जिम्मेदारी से इनकार किया। एसोसिएशन किसी भी तरह से टिकटों के विपणन से जुड़ा नहीं है जो एक ऑनलाइन एजेंसी के माध्यम से किया जा रहा है।

अब तक, पुलिस ने इस मामले में 22 लोगों को गिरफ्तार किया है, और कुल 127 टिकट जब्त किए हैं - सभी रविवार के मैच के लिए हैं। टिकट कालाबाजारी का मामला पहली बार तब सामने आया जब पुलिस ने 1 नवंबर की शाम को एक व्यक्ति को 5 नवंबर को होने वाले भारत-दक्षिण अफ्रीका मैच के लिए टिकट बेचने की कोशिश करते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। बाद में, एक व्यक्ति ने कोलकाता पुलिस में शिकायत दर्ज कराई, जिसमें बीसीसीआई, सीएबी और बुकमायशो पर वनडे विश्व कप 2023 के टिकटों की कालाबाजारी को बढ़ावा देने का आरोप लगाया।

### सुडोकू 6368 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 9 | 3 | 4 | 2 | 1 | 6 | 7 | 5 |
| 1 | 7 | 4 | 6 | 5 | 9 | 8 | 3 | 2 |
| 5 | 2 | 6 | 7 | 8 | 3 | 9 | 1 | 4 |
| 7 | 1 | 9 | 5 | 3 | 4 | 2 | 8 | 6 |
| 4 | 3 | 2 | 8 | 7 | 6 | 5 | 9 | 1 |
| 6 | 5 | 8 | 9 | 1 | 2 | 7 | 4 | 3 |
| 2 | 6 | 1 | 3 | 9 | 8 | 4 | 5 | 7 |
| 3 | 8 | 7 | 2 | 4 | 5 | 1 | 6 | 9 |
| 9 | 4 | 5 | 1 | 6 | 7 | 3 | 2 | 8 |

# [ अर्थ जगत ]

### पेट्रोल और डीजल की कीमतें अपरिवर्तित

**नई दिल्ली,** 5 नवम्बर (एजेंसियां)। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी जारी रहने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम आज अपरिवर्तित रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपए प्रति लीटर पर रहा।



### सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| टाइटन | 2.23 प्रतिशत |
| जेएसडब्ल्यू स्टील | 1.75 प्रतिशत |
| टाटा मोटर्स | 1.73 प्रतिशत |
| आईसीआईसीआई बैंक | 1.54 प्रतिशत |
| टेक महिंद्रा | 1.53 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| बजाज फिनसर्व | 2.37 प्रतिशत |
| इंडसइंड बैंक | 0.78 प्रतिशत |
| टाटा स्टील | 0.72 प्रतिशत |
| नेस्ले इंडिया | 0.53 प्रतिशत |
| बजाज फाइनेंस | 0.44 प्रतिशत |

### सर्राफा

दिल्ली

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 47,310 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 31,400 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 70,096 |
| वायदा | 70,183 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 870 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौंड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूं एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दड़ा | 2500-2600 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### चावल

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3640-3740 |
| चीनी एम | 3800-3900 |
| मिल डिलीवरी | 3520-3620 |
| गुड़ | 4300-4400 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 6450-6550 |
| दाल चना | 7450-7550 |
| मसूर काली | 7800-7900 |
| उड़द दाल | 10600-10700 |
| मूंग दाल | 9900-10000 |
| अरहर दाल | 10400-10500 |

## डीजीसीए के मसौदे में रात के काम के घंटे घटाने और पायलटों के लिए आराम बढ़ाने का है प्रस्ताव

**नई दिल्ली,** 5 नवम्बर (एजेंसियां)। विमानन निगरानी संस्था, नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने अपने हाल ही में तैयार किए गए मसौदे पर 4 दिसंबर तक टिप्पणियां आमंत्रित की हैं, जिसमें रात के काम के घंटों को कम करने और पायलट और चालक दल के सदस्यों के आराम को बढ़ाने का प्रस्ताव है। डीजीसीए का मसौदा पायलट थकान की शिकायतों की बढ़ती संख्या को संबोधित करने की आवश्यकता के जवाब में आया है। परिवर्तनों में अधिकतम उड़ान ड्यूटी की अवधि को 13 घंटे से घटाकर 10 घंटे करना और न्यूनतम साप्ताहिक आराम अवधि को 36 घंटे से बढ़ाकर 48 घंटे करना शामिल है।

मसौदे में आगे कहा गया है, 'एक ऑपरेटर यह सुनिश्चित करेगा कि दो स्थानीय रातों सहित लगातार 48 घंटों का न्यूनतम साप्ताहिक आराम प्रदान किया जाए ताकि एक साप्ताहिक आराम अवधि के अंत और अगले की शुरुआत के बीच कभी भी 168 घंटे से अधिक न हो।' इसके अतिरिक्त, डीजीसीए का सुझाव है कि स्टैंडबाय अवधि 12 घंटे से अधिक नहीं बढ़नी चाहिए, और हवाई अड्डे पर अधिकतम स्टैंडबाय समय



(शयन कक्ष के साथ या उसके बिना) 8 घंटे से अधिक नहीं होना चाहिए। इसके अलावा, डीजीसीए सिफारिश कर रहा है कि उड़ान चालक दल के सदस्यों को 168 घंटे की अवधि के भीतर एक बार को छोड़कर, लगातार दो रातों से अधिक, स्थानीय समयानुसार 0000 से 0600 बजे के बीच कोई उड़ान ड्यूटी नहीं सौंपी जानी चाहिए या नहीं ली जानी चाहिए।

उड़ान चालक दल के सदस्यों के लिए जो अपने गृह आधार या अधिवास समय से 48 घंटे से कम दूर रहते हैं, उड़ान अनुसूची के पहले प्रस्थान के बिंदु पर स्थानीय समय के आधार पर लगातार दो रातें निर्धारित की जाती हैं। उन्होंने कहा, 'डीजीसीए विशिष्ट शहर जोड़े और इन उड़ानों की प्रस्थान खिड़कियों के लिए केस-दर-केस आधार पर अल्ट्रा-लॉन्ग उड़ानों के संचालन के लिए मंजूरी देगा। ड्राफ्ट में कहा गया है, ऑपरेटरों को अल्ट्रा-लॉन्ग-हॉल परिचालन के लिए 'सिटी पेयर स्पेसिफिक' अनुमोदन प्राप्त करने के लिए डीजीसीए को एक विशिष्ट योजना प्रस्तुत करनी होगी।' इसमें कहा गया है, 'यदि ऑपरेटर निर्देशात्मक नियमों का पालन करता है तो डीजीसीए चालक दल की सतर्कता के लिए इन उड़ानों को मान्य कर सकता है, लेकिन यह प्राथमिकता दी जाएगी कि चालक दल की सतर्कता की निरंतर निगरानी के लिए ऑपरेटर थकान जोखिम प्रबंधन प्रणाली अपनाए।'

विमानन प्राधिकरण का यह भी कहना है कि डीजीसीए जरूरत के मुताबिक रिकॉर्ड की प्रतियां और विश्लेषण प्रस्तुत करने का अनुरोध कर सकता है। ऑपरेटरों को यह सुनिश्चित करना आवश्यक है कि उड़ान चालक दल के सदस्य अपने दैनिक उड़ान समय, ड्यूटी अवधि, उड़ान ड्यूटी अवधि और आराम अवधि का व्यक्तिगत रिकॉर्ड बनाए रखें।

## एसबीआई ने कर्मचारियों के वेतन और पेंशन में बढ़ोतरी के लिए 8,900 करोड़ रुपए अलग रखे

**मुंबई,** 5 नवम्बर (एजेंसियां)। एसबीआई के चेयरमैन दिनेश खारा ने शनिवार को कहा कि देश के सबसे बड़े बैंक के कर्मचारियों के वेतन और पेंशन में संभावित बढ़ोतरी ने दूसरी तिमाही के शुद्ध लाभ को प्रभावित किया है। बैंक दूसरी तिमाही में वेतन में 14 फीसदी बढ़ोतरी मानकर प्रावधान कर रहा है। खारा ने मुंबई में एसबीआई की दूसरी तिमाही के नतीजों की घोषणा के बाद एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि बैंक नवंबर 2022 से प्रभावी संभावित वेतन संशोधन के लिए पैसा अलग रख रहा है और उसने अब तक इसके लिए 8,900 करोड़ रुपए प्रदान किए हैं।



खारा ने कहा, 'हमें जो एकमुश्त प्रावधान करना था, उसके कारण मुनाफा थोड़ा कम हो गया है। अन्यथा हमें उम्मीद है कि अगले वित्त वर्ष में विकास की गति 16 प्रतिशत से 17 प्रतिशत तक जारी रहेगी। घरेलू मांग मजबूत है, त्योहार से जुड़े खर्च के कारण इसे और बढ़ावा मिलेगा।' एसबीआई ने चालू वित्तवर्ष की जुलाई-सितम्बर तिमाही के लिए शनिवार को शुद्ध लाभ में 8 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 14,330 करोड़ रुपए की वृद्धि दर्ज की। खुदरा ऋण में 16 प्रतिशत की वृद्धि कॉर्पोरेट ऋण वृद्धि से अधिक रही जो 7 प्रतिशत थी। हालांकि, खारा ने कहा कि कंपनियां धीरे-धीरे ऋण ले रही हैं और बैंक 4.77 लाख करोड़ रुपए के ऋण की पाइपलाइन पर मंजूरी और वितरण का इंतजार कर रहा है। खारा ने कहा, 'बैंक के पास 3.20 लाख करोड़ रुपए का असुरक्षित ऋण है। हमारे लगभग 86 प्रतिशत असुरक्षित ऋण वेतनभोगी ग्राहकों को दिए गए हैं जो सुरक्षित सरकारी नौकरियों में काम कर रहे हैं और चिंता का कोई कारण नहीं है।' आरबीआई के गवर्नर शक्तिकांत दास ने हाल की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक में बैंकों और एनबीएफसी की असुरक्षित ऋण में वृद्धि पर चिंता जताई थी। दास ने कहा, 'बैंकों और एनबीएफसी को अपने आंतरिक निगरानी तंत्र को मजबूत करने, जोखिमों का बढ़ना टालने और उनके हित में उपयुक्त सुरक्षा उपाय करने की सलाह दी जाएगी।'

## हुंडई, किआ ने 2 सालों में अमेरिका में बेचे 1 लाख से ज्यादा इलेक्ट्रिक वाहन

**सोल,** 5 नवम्बर (एजेंसियां)। दक्षिण कोरिया की प्रमुख कार निर्माता हुंडई मोटर और किआ ने पिछले दो सालों में संयुक्त राज्य अमेरिका में 100,000 से ज्यादा इलेक्ट्रिक वाहन बेचे हैं। समाचार एजेंसी योनहाप की रिपोर्ट के अनुसार, खास तौर से ईवी के लिए डिजाइन किए गए इलेक्ट्रिक ग्लोबल मॉड्यूलर प्लेटफॉर्म (ई-जीएमपी) का



उपयोग करने वाली कुल 101,976 हुंडई और किआ कारें दिसंबर 2021 से अक्टूबर 2023 तक राज्य भर में बेची गईं। दो कंपनियों ने आयोनिक 5 के बाद से किआ के ईवी6 और हुंडई के आयोनिक 5, आयोनिक 6 और जेनेसिस जीवी60 के चार ई-जीएमपी-आधारित मॉडल को अमेरिका में बिक्री के लिए रखा है, ई-जीएमपी पर विकसित पहला मॉडल दिसंबर 2021 में उत्तरी अमेरिकी में शुरू हुआ। इस अवधि के दौरान, इलेक्ट्रिक कॉम्पैक्ट क्रॉसओवर एसयूवी आयोनिक 5 कुल 51,420 इकाइयों की बिक्री के साथ सबसे ज्यादा बिकने वाला मॉडल था, इसके बाद ईवी6 की 36,838, आयोनिक 6 की 9,557 और जेनेसिस जीवी60 की 4,161 इकाइयां रहीं।

## वैश्विक टैबलेट बाजार को 3 तिमाहियों के बाद छुट्टियों के मौसम में भी करना पड़ रहा संकुचन का सामना

**नई दिल्ली**, 5 नवम्बर (एजेंसियां)। एक नई रिपोर्ट से पता चला है कि 2023 की पहली तीन तिमाहियों में टैबलेट बाजार में सबसे बड़ा संकुचन दर्ज किया गया और छुट्टियों का यह मौसम बहुत अलग होने की उम्मीद नहीं है। इंटरनेशनल डेटा कॉर्पोरेशन (आईडीसी) के शुरुआती आंकड़ों के अनुसार, दुनिया भर में टैबलेट शिपमेंट में 2023 की तीसरी तिमाही में 14.2 प्रतिशत (साल-दर-साल) की गिरावट दर्ज की गई, जो कुल 33.2 मिलियन यूनिट थी। आईडीसी के वरिष्ठ शोध विश्लेषक अनुरूपा नटराज ने कहा, 'वृहद आर्थिक स्थितियों में कोई नाटकीय सुधार नहीं होने के कारण, परियोजना और खरीद में देरी 2024 तक आगे बढ़ने की उम्मीद है।'



नटराज ने कहा, 'शिक्षा क्षेत्र में सुधार और विभिन्न क्षेत्रों में उपयोग के मामलों में वृद्धि से टैबलेट बाजार को लंबे समय तक टिके रहने में मदद मिल सकती है, लेकिन निकट भविष्य में हमें टैबलेट की बिक्री में कोई उल्लेखनीय वृद्धि की उम्मीद नहीं है।' सीमित मांग के बावजूद त्योहारी मौसम के कारण बाजार में पिछली तिमाही की तुलना में 18 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई। इस बीच, क्रोमबुक शिपमेंट में भी वित्तवर्ष 23 की तीसरी तिमाही में अनुबंध हुआ, जिसमें कुल 3.5 मिलियन यूनिट शिपमेंट में साल-दर-साल 20.8 प्रतिशत की गिरावट आई। एप्पल 12.5 मिलियन यूनिट की शिपमेंट के साथ टैबलेट बाजार में सबसे आगे है, फिर भी इसमें 15.1 प्रतिशत की गिरावट आई है। पिछले वर्षों के विपरीत, एप्पल ने तीसरी तिमाही के दौरान नए मॉडल लॉन्च करना बंद कर दिया है, जो आम तौर पर वर्ष की दूसरी छमाही में वृद्धि प्रदान करता है। रिपोर्ट में कहा गया है, हालांकि सब कुछ खत्म नहीं हुआ है, क्योंकि एप्पल पिछले साल से हिस्सेदारी बनाए रखने में सक्षम है। आईडीसी के अनुसंधान प्रबंधक जितेश उबरानी ने कहा, दुर्भाग्य से टैबलेट ने खुद को हमेशा पीसी और स्मार्टफोन के बीच एक अजीब बीच में पाया है और इससे बाजार पर दबाव बना हुआ है।

## वैश्विक रुख से तय होगी बाजार की चाल

**मुंबई,** 5 नवम्बर (एजेंसियां)। अमेरिकी फेड रिजर्व के ब्याज दरों को यथावत रखने से बीते सप्ताह हुई लिवाली की बदौलत करीब एक प्रतिशत की बढ़त पर रहे घरेलू शेयर बाजार की चाल अगले सप्ताह वैश्विक रुख से तय होगी। बीते सप्ताह बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 580.98 अंक अर्थात 0.91 प्रतिशत की तेजी के साथ सप्ताहांत पर 64363.78 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 183.35 अंक यानी 0.96 प्रतिशत मजबूत होकर 19230.60 अंक पर पहुंच गया। समीक्षाधीन सप्ताह दिग्गज कंपनियों की तरह मझौली और छोटी कंपनियों में भी लिवाली हुई। इससे बीएसई का मिडकैप 623.35 अंक अर्थात दो प्रतिशत की छलांग लगाकर सप्ताहांत पर 31735.86 अंक और स्मॉलकैप 701.03 अंक यानी 1.9 प्रतिशत उछलकर 37589.06 अंक पर रहा।




विश्लेषकों के अनुसार, मजबूत वैश्विक संकेतों, स्थिर मैक्रो-इकोनॉमिक डाटा और मजबूत घरेलू कॉर्पोरेट आय से बाजार को बढ़ावा मिला है। ऐसे संकेत मिल रहे हैं कि अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व के भविष्य में दरें बढ़ाने की संभावना नहीं है और तेल की कीमतों में मामूली गिरावट निवेशकों की उम्मीद को बढ़ा रही है। इसके साथ ही कंपनियों के चालू वित्त वर्ष की दूसरी तमाही के मजबूत आंकड़ों से बाजार को समर्थन मिल रहा है। वहीं, इजराइल-हमास संघर्ष का जारी रहना बाजार पर नकारात्मक प्रभाव डाल रहा है। इसका असर अगले सप्ताह भी बाजार पर देखा जा सकता है। साथ ही केंद्रीय बैंकों के ब्याज दरों को यथावत रखने के निर्णय पर भी निवेशकों की नजर बनी हुई है। इसके अलावा अगले सप्ताह बाजार को दिशा देने में विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) के निवेश प्रवाह और कंपनियों के तिमाही नतीजे की भी अहम भूमिका रहेगी। एफआईआई ने नवंबर में अबतक 3,064.50 करोड़ रुपए की बिकवाली की है वहीं इस अवधि में घरेलू निवेशकों का शुद्ध निवेश 1,871.53 करोड़ रुपये का रहा है। अगले सप्ताह एनएचपीसी, हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन (एचपीसीएल), पावरग्रिड, आईआरसीटीसी, क्रिसिल, एचसीएल इंफोसिस्टम, भेल, ऑयल इंडिया, अडानी पोर्ट एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन, अशोक लेलैंड, भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी), ओएनजीसी, कोल इंडिया, महिंद्रा एंड महिंद्रा, हिंडाल्को, हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स, सेल समेत कई दिग्गज कंपनियों के वित्त वर्ष 2023-24 की दूसरी तिमाही के परिणाम जारी होने वाले हैं।

दुनिया के प्रमुख केंद्रीय बैंकों की बैठक में ब्याज दर को लेकर होने वाले निर्णय से पहले निवेशकों की मजबूत धारणा की बदौलत विश्व बाजार के चढ़ने से स्थानीय स्तर पर ऊर्जा, दूरसंचार, तेल एवं गैस और रियल्टी समेत पंद्रह समूहों में हुई लिवाली से सोमवार को सेंसेक्स 329.85 अंक की छलांग लगाकर 64112.65 अंक और निफ्टी 93.65 अंक की तेजी के साथ 19140.90 अंक पर पहुंच गया। वहीं, चीन के विनिर्माण पीएमआई में गिरावट के कारण एशियाई बाजार के कमजोर पड़ने से हतोत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर ऊर्जा, हेल्थकेयर, ऑटो और सर्विसेज समेत बारह समूहों में हुई बिकवाली के दबाव में मंगलवार को सेंसेक्स 237.72 अंक का गोता लगाकर 63874.93 अंक और निफ्टी 61.30 अंक टूटकर 19079.60 अंक रह गया। इसी तरह अमरेकी फेड रिजर्व के नीतिगत दरों पर चल रही बैठक के निर्णय से पहले विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर कमोडिटीज, यूटिलिटीज, धातु, पावर और सर्विसेज समेत पंद्रह समूहों में हुई बिकवाली से बुधवार को सेंसेक्स लगातार दूसरे दिन 283.60 अंक टूटकर 63591.33 अंक और निफ्टी 90.45 अंक की गिरावट लेकर 18989.15 अंक पर आ गया। वहीं, अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व के ब्याज दरों को यथावत रखने के निर्णय से विश्व बाजार के सकारात्मक रुझान से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा लिवाली की बदौलत गुरुवार को सेंसेक्स 489.57 अंक की उड़ान भरकर 64080.90 अंक और निफ्टी 144.10 अंक की छलांग लगाकर 19133.25 अंक पर पहुंच गया।

इसी तरह अमेरिकी फेड रिजर्व के ब्याज दरों को अपरिवर्तित रखने से विश्व बाजार में बढ़त बरकरार रहने से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा लिवाली की बदौलत शुक्रवार को सेंसेक्स 282.88 अंक की छलांग लगाकर 64363.78 अंक और निफ्टी 97.35 अंक चढ़कर 19230.60 अंक पर रहा।

## विदेशी मुद्रा भंडार 2.6 अरब डॉलर बढ़कर 586.1 अरब डॉलर पर

**मुंबई,** 5 नवम्बर (एजेंसियां)। विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति और स्वर्ण में बढ़ोतरी होने से 27 अक्टूबर को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 2.6



अरब डॉलर बढ़कर 586.1 अरब डॉलर पर पहुंच गया वहीं इसके पिछले सप्ताह यह 2.4 अरब डॉलर घटकर 583.5 अरब डॉलर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 27 अक्टूबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 2.3 अरब डॉलर की बढ़त लेकर 517.5 अरब डॉलर हो गयी। इसी तरह इस अवधि में स्वर्ण भंडार 49.9 करोड़ डॉलर की बढ़ोतरी के साथ 45.9 अरब डॉलर पर पहुंच गया। वहीं, आलोच्य सप्ताह विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) में 1.5 करोड़ डॉलर की कमी आई और यह घटकर 17.9 अरब डॉलर रह गया। इसी तरह इस अवधि में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि 20.8 डॉलर की गिरावट के साथ 4.8 अरब डॉलर रह गई।

## खाद्य तेल और दाल-दलहन में मिलाजुला रुख

**नई दिल्ली,** 5 नवम्बर (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों की गिरावट के दबाव के बीच स्थानीय स्तर पर उठाव नरम रहने से बीते सप्ताह दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल और दाल-दलहन में मिलाजुला रुख रहा। तेल-तिलहन : वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का नवंबर वायदा सप्ताहांत पर 27 रिंगिट की गिरावट के साथ 3653 रिंगिट प्रति टन रह गया। इसी तरह नवंबर का अमेरिकी सोया तेल वायदा 1.56 सेंट उतरकर 50.78 सेंट प्रति पौंड बोला गया। सप्ताहांत पर खाद्य तेलों में मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान सूरजमुखी तेल 148 रुपए प्रति क्विंटल उतर गया। वहीं, सरसों तेल, मूंगफली तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। सप्ताहांत पर सरसों तेल 13187 रुपए प्रति क्विंटल, मूंगफली तेल 19926 रुपए प्रति क्विंटल, सूरजमुखी तेल 12160 रुपए प्रति क्विंटल, सोया रिफाइंड 11062 रुपए प्रति क्विंटल, पाम ऑयल 8333 रुपए प्रति क्विंटल और वनस्पति तेल 10200 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा।



दाल-दलहन : बीते सप्ताह दाल-दलहन के बाजार में मिलाजुला रुख रहा। सप्ताहांत पर चना 50 रुपए और दाल चना 50 रुपए प्रति क्विंटल महंगी हो गई। वहीं, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे। सप्ताहांत पर चना 6200-6300, दाल चना 7200-7300, मसूर काली 7650-7550, मूंग दाल 9500-9600, उड़द दाल 10200-10300, अरहर दाल 8500-8600 रुपए प्रति क्विंटल रहे।

अनाज : अनाज मंडी में मिश्रित रुझान रहा। साप्ताहांत पर गेहूं 100 रुपए प्रति क्विंटल चढ़ गया जबकि चावल के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे। इस दौरान (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2700-2800 रुपए और चावल 2800-2900 रुपए प्रति क्विंटल रहा।

## इज़राइल-हमास संघर्ष से खाद्य पदार्थों, ईंधन के दाम फिर बढ़ने का खतरा

**नई दिल्ली,** 5 नवम्बर (एजेंसियां)। गाजा में इजरायल की बढ़ती सैन्य कार्रवाई के एक क्षेत्रीय संघर्ष में बदलने की आशंका है। यदि ऐसा हुआ तो वैश्विक अर्थव्यवस्था का परिदृश्य खराब हो सकता है, जिससे विकास में गिरावट और ऊर्जा तथा खाद्य कीमतों में फिर से बढ़ोतरी का खतरा है। न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, अमीर और गरीब देश कोविड-19 महामारी और यूक्रेन-रूस युद्ध के कारण तीन साल के आर्थिक झटके के बाद अपनी सांसें वापस पाने लगे थे। चुभने वाली मुद्रास्फीति कम हो रही है, तेल की कीमतें स्थिर हो गई हैं और अनुमानित मंदी से बचा जा सका है। लेकिन कुछ प्रमुख अंतरराष्ट्रीय वित्तीय संस्थानों और निजी निवेशकों ने चेतावनी दी है कि नाजुक सुधार खराब हो सकता है। विश्व बैंक के मुख्य अर्थशास्त्री इंदरमिट गिल ने यूक्रेन और मध्य पूर्व में युद्धों के तेल और गैस की कीमतों पर प्रभाव का जिक्र करते हुए कहा, 'यह पहली बार है कि हमें एक ही समय में दो ऊर्जा झटके लगे हैं।'

रिपोर्ट के अनुसार, कीमतें बढ़ने से न केवल परिवारों और कंपनियों की क्रय शक्ति कम हो गई है, बल्कि खाद्य उत्पादन की लागत भी बढ़ गई है, जिससे विशेष रूप से मिस्र, पाकिस्तान और श्रीलंका जैसे विकासशील देशों में खाद्य असुरक्षा का स्तर बढ़ गया है। वैसे भी, राष्ट्र पहले से ही असामान्य रूप से उच्च स्तर के कर्ज, कमजोर निजी निवेश और पांच दशकों में व्यापार में सबसे धीमी रिकवरी से जूझ रहे हैं, जिससे उनके लिए संकट से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि उच्च ब्याज दरें मुद्रास्फीति पर काबू पाने के केंद्रीय



बैंक के प्रयासों का नतीजा हैं, जिससे सरकारों और निजी कंपनियों के लिए ऋण तक पहुंच पाना और डिफ़ॉल्ट से बचना मुश्किल हो गया है। गिल ने कहा, 'ये सभी चीजें एक ही समय में हो रही हैं। हम विश्व अर्थव्यवस्था के लिए सबसे नाजुक दौर में से एक में हैं।' गिल का आकलन अन्य विश्लेषकों के आकलन से मेल खाता है। जेपी मॉर्गन चेज़ के मुख्य कार्यकारी जेमी डिमन ने पिछले महीने कहा था कि 'यह दशकों में दुनिया द्वारा देखा गया सबसे खतरनाक समय हो सकता है', और गाजा में संघर्ष को 'पश्चिमी दुनिया के लिए सबसे बड़ी और सबसे महत्वपूर्ण बात' बताया। ईवाई-पार्थेनन के मुख्य अर्थशास्त्री ग्रेगरी डैको ने कहा कि सबसे खराब स्थिति में, जिसमें युद्ध का दायरा बढ़ा, तेल की कीमतें वर्तमान में लगभग 85 डॉलर से बढ़कर 150 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच सकती हैं। उन्होंने चेतावनी दी, इस परिदृश्य के वैश्विक आर्थिक परिणाम गंभीर हैं। उन्होंने हल्की मंदी, स्टॉक की कीमतों में गिरावट और वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए दो लाख करोड़ डॉलर के नुकसान का हवाला दिया। न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, अब प्रचलित माहौल अनिश्चितता का है, जो निवेश निर्णयों पर असर डाल रहा है और व्यवसायों को उभरते बाजारों में विस्तार करने से हतोत्साहित कर सकता है।

### सार संक्षेप

### वियासैट 800 कर्मचारियों की करेगा छंटनी

**सैन फ्रांसिस्को**। वैश्विक संचार कंपनी वियासैट 800 कर्मचारियों की छंटनी कर रही है, जो उसके कार्यबल का लगभग 10 प्रतिशत है। सैटेलाइट टुडे की रिपोर्ट के अनुसार, यह छंटनी तब हुई, जब कंपनी अधिग्रहण के बाद इनमारसैट व्यवसाय को एकीकृत कर रही है। वियासैट ने मई में इनमारसैट अधिग्रहण बंद कर दिया। छंटनी के बाद, वियासैट का परिचालन अभी भी वैश्विक रहेगा और इसके अधिकांश कर्मचारी अमेरिका और ब्रिटेन में स्थित रहेंगे। वियासैट के अध्यक्ष गुरु गौरप्पन ने कहा, 'हम जिन बदलावों की घोषणा कर रहे हैं, वे हमारे सबसे बड़े विकास अवसरों की ओर हमारे खर्च को केंद्रित करने और मार्जिन और लाभप्रदता का विस्तार करते हुए दीर्घकालिक सफलता के लिए वियासैट की स्थिति पर ध्यान केंद्रित करने के हमारे लक्ष्यों के अनुरूप हैं।' गौरप्पन ने कहा, साथ ही, हमारे कार्यबल को कम करने का निर्णय बहुत कठिन है, और ऐसा कुछ नहीं जिसे हम हल्के में लेते हैं। हम अपने दिवंगत सहयोगियों के प्रति उनके समर्पण, कड़ी मेहनत और योगदान के लिए आभार व्यक्त करना चाहते हैं, जो वियासैट की सफलता की कहानी का अभिन्न अंग रहे हैं।' इस कटौती से वियासैट को 45 मिलियन डॉलर का खर्च आएगा, जो मुख्य रूप से वित्तीय वर्ष 2024 की दूसरी छमाही में खर्च किया जाएगा। कंपनी ने कहा कि इस कदम से वित्तीय वर्ष 2025 से शुरू होने वाले वार्षिक खर्च में 100 मिलियन डॉलर की बचत होगी। रिपोर्ट के अनुसार, इससे कंपनी को अपने वित्तीय वर्ष 2025 कैपेक्स लक्ष्य 1.4 बिलियन डॉलर से 1.5 बिलियन डॉलर तक पहुंचने में भी मदद मिलेगी। पिछले महीने, वियासैट ने पुष्टि की थी कि वह वियासैट-3 और इनमारसैट-6 एफ2 दोनों के लिए बीमा दावों को अंतिम रूप दे रहा है, जिसके पावर सबसिस्टम में एक विसंगति थी।

### चीनी राष्ट्रपति ने सीआईआईई को बधाई संदेश भेजा

**बीजिंग**। छठा चीन अंतरराष्ट्रीय आयात एक्सपो (सीआईआईई) रविवार को पूर्वी चीन के शंघाई शहर में शुरू हुआ। चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने सीआईआईई को बधाई संदेश भेजा। इस बधाई संदेश में, राष्ट्रपति शी ने कहा कि साल 2018 के बाद से इसे पांच बार सफलतापूर्वक आयोजित किया गया है। सीआईआईई चीन के बड़े बाजार का लाभ उठाते हुए अंतरराष्ट्रीय खरीद, निवेश प्रोत्साहन, सांस्कृतिक आदान-प्रदान और खुले सहयोग के लिए एक मंच के रूप में कार्य करता है। इसके सकारात्मक योगदान ने नए विकास पैटर्न की स्थापना को गति दी है और वैश्विक आर्थिक विकास को बढ़ावा दिया है। राष्ट्रपति शी ने मौजूदा वैश्विक आर्थिक सुधार की गति में कमी को रेखांकित किया। उन्होंने सभी देशों को सहयोग करने और साझा विकास करने की आवश्यकता पर बल दिया और कहा कि चीन हमेशा वैश्विक विकास के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर रहेगा और अन्य देशों के लिए उच्च स्तरीय खुलेपन की पुरजोर वकालत करेगा। शी का कहना है कि चीन अधिक खुले, समावेशी, सार्वभौमिक रूप से लाभकारी, संतुलित और पारस्परिक रूप से लाभप्रद दिशा में आर्थिक वैश्वीकरण को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है।

# चुनाव को लेकर प्रशासनिक गतिविधियां सतत जारी, रोजाना हो रहा अलग-अलग प्रशिक्षण

## शनिवार को वोटिंग मशीन के कमिशिनिंग का प्रशिक्षण संपन्न

**गरियाबंद,** 5 नवंबर (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव में द्वितीय चरण में मतदान को लेकर जिले में प्रशासनिक गतिविधियां सतत जारी है। निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार चुनावी कार्य में लगे अधिकारी कर्मचारी को रोजाना अलग अलग कार्यो का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसके साथ ही प्रेक्षक और जिला निर्वाचन अधिकारी प्रशिक्षण जायजा भी ले रहे है। शनिवार को जिला मुख्यालय में सेक्टर ऑफिसर, मास्टर ट्रेनर और समस्त नोडल अधिकारी को निर्वाचन ड्यूटी के दौरान आपातकालीन चिकित्सा की जानकारी दी गई। इसके अलावा ई.व्ही.एम एवं वीवीपैट मशीनों की कमीशनिंग कार्य का भी प्रशिक्षण संपन्न हुआ। ईव्हीएम का रेण्डमाईजेशन किया गया। इस दौरान प्रेक्षक पी.सी. मीणा, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आकाश छिकारा, उप जिला निर्वाचन अधिकारी तीर्थराज अग्रवाल, अपर कलेक्टर अविनाश भोई, रिटर्निंग ऑफिसर राजिम धनंजय नेताम, बिन्द्रानवागढ़ रिटर्निंग ऑफिसर सुश्री अर्पिता पाठक, आईटी के उप निर्देशक नेहरू निराला सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।



**ईव्हीएम का रेण्डमाईजेशन किया गया:** शनिवार को राजनीतिक दलों के प्रत्याशी एवं उनके प्रतिनिधियों के उपस्थिति में शनिवार को जिला कार्यालय के सभाकक्ष में राजिम विधानसभा क्षेत्र - 54 एवं बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र क्रमांक - 55 के ईव्हीएम का द्वितीय रेण्डमाइजेशन ईएमएस सॉफ्टवेयर के माध्यम से किया गया। इस दौरान मतदान केन्द्र अनुसार बीयू, सीयू, वीवीपेट का आबंटन किया गया। जिसमें विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र-54 राजिम के लिए 331 बीयू, 331 सीयू एवं 383 वीवीपेट तथा विधानसभा क्षेत्र - 55 बिन्द्रानवागढ़ के लिए 361 बीयू, 361 सीयू एवं 418 वीवीपेट का आबंटन किया गया है।

**ई.व्ही.एम एवं वीवीपैट मशीनों की कमीशनिंग कार्य का दिया गया प्रशिक्षण:** शनिवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में विधानसभा चुनाव अंतर्गत कमीशनिंग कार्य के संबंध में मास्टर ट्रेनर एवं सेक्टर अधिकारियों को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर एवं सेक्टर ऑफिसर को मतदान प्रक्रिया के लिए कमीशनिंग की आवश्यकता के साथ ही ईवीएम और वीवीपैट मशीन को तैयार करने की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही अधिकारियों को उनके दायित्व और जिम्मेदारियों के बारे में भी बताया गया। प्रशिक्षण में उनके द्वारा बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट, वीवीपेट के संचालन करने के साथ ही प्रत्येक मशीनों को एक दूसरे से केबल कनेक्शनों से कनेक्ट करना, एड्रेस टैग लगाना, पिंक पेपर सील करना, पेपर रोल, मतदान पत्र लगाना, लॉक करना, सील करना, मॉक पोल, विभिन्न प्रपत्रों सहित अन्य गतिविधियों से विस्तार से अवगत कराया गया। इस अवसर पर विधानसभा क्षेत्र से संबंधित रिटर्निंग ऑफिसर, मास्टर ट्रेनर्स और संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

**कमिशनिंग की तैयारियों का लिया जायजा:** शनिवार को प्रेक्षक पी.सी मीणा, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आकाश छिकारा तथा राजनीतिक दलों के अभ्यर्थी एवं उनके प्रतिनिधियों की उपस्थिति में जिला मुख्यालय गरियाबंद स्थित कृषि उपज मंडी परिसर में राजिम और बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के लिए बनाये स्ट्रांग रूम को खोलकर ईव्हीएम, वीवीपेट मशीनों और मतदान दलों को वितरित की जाने वाली सामग्रियों की जानकारी ली। इस दौरान मीणा ने विधानसभा आम निर्वाचन 2023 के तहत मतगणना कक्ष में कंट्रोल यूनिट, बैलेट यूनिट और वीवीपेट मशीन में कमिशिनिंग की तैयारियों का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। रिटर्निंग अधिकारी ने बताया कि द्वितीय चरण के रेण्डमाईजेशन के उपरांत मतदान क्रमांक बीयू, सीयू को क्रमबद्ध रखने की कार्यवाही की जा रही है।

# दो अलग-अलग जगहों पर चाकूबाजी करने वाला आरोपी गिरफ्तार



**धमतरी,** 5 नवंबर (देशबन्धु)। कोतवाली पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि मोटर सायकल में तीन व्यक्तियों द्वारा एक व्यक्ति को धारदार चाकू से हाथ के कोहनी के पास चाकू मार दिया है कि सूचना पर तत्काल स्टॉफ पहुंकर प्रार्थी को इलाज हेतु हास्पिटल ले जाया गया जिस पर प्रार्थी विजय यादव पिता लल्लू यादव उम्र 40 वर्ष निवासी राम सागर पारा शिवचौक धमतरी की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरुद्ध धारा 324 भादवि. का अपराध पंजीबद्ध किया गया।

दूसरी घटना में प्रार्थी प्रकाश नुरुटी पिता बेलसिह उम्र 50 वर्ष निवासी इतवारी बाजार धमतरी द्वारा थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराया की बनियापारा के पास उनके पीठ में किसी व्यक्ति ने चाकू मार दिया है। आरोपी के विरुद्ध थाना कोतवाली में अपराध पंजीबद्ध कर धारा 307 भादवि. कायम किया गया एवं प्रार्थी को इलाज हेतु हॉस्पिटल ले जाया गया जहां से 108 वाहन से मेकाहारा रायपुर भेजा गया।

पुलिस अधीक्षक प्रशांत ठाकुर द्वारा आरोपी के विरुद्ध त्वरित कार्यवाही कर तत्काल गिरफ्तार करने के निर्देश दिये। जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती मधुलिका सिंह के मार्गदर्शन में एवं डीएसपी. सुश्री नेहा पवार के नेतृत्व में थाना प्रभारी निरी. ब्रिजेश तिवारी के साथ अलग अलग टीम बनाकर आरोपी कि पतासाजी कर आरोपी चंदन शर्मा पिता मुकेश शर्मा (सिंधी महराज) उम्र 18 साल 2 माह साकिन बनियापारा धमतरी को चंद घंटे में तत्काल पुलिस टीम ने गिरफ्तार कर लिया। गवाहों के समक्ष आरोपी से पूछताछ करने पर बताया कि पहले कि घटना प्रकाश इंटरप्राइजेज के पास उनके मोटर सायकिल में पीछे दो संघर्षरत बालक भी पीछे में बैठे थे और दूसरी घटना में आरोपी ने अकेले हि एक सायकल में जा रहे व्यक्ति के पीठ में चाकू मार दिया था। जिसको आज आरोपी द्वारा क्राईम सीन का रिक्रिएशन कर दिखाया गया की उसने दोनों घटनाओं को कैसे अंजाम दिया था। आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा जा रहा है एवं दो विधि से संघर्षरत बालक को बाल कल्याण समिति जिला धमतरी में पेश किया जा रहा है।

उक्त कार्यवाही में डीएसपी. सुश्री नेहा पवार, कोतवाली प्रभारी निरी. ब्रिजेश तिवारी, सायबर प्रभारी उनि. रमेश साहू, सउनि. रमेश साहू, कमिल चंद सोरी, प्रआर. देवेंद्र राजपूत, आर. विकास द्विवेदी, आनंद कटकवार, भूआर्य, आर. अकुंश नंदा, अनुराग पांडेय की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# मरौद में शुरू हुआ धान खरीदी



**महासमुंद,** 5 नवंबर (देशबन्धु)। धान खरीदी केंद्र मरौद में शुरू हुआ धान खरीदी का काम। यहां तीन दिनों में 352 क्विंटल धान की खरीदी 12 किसानों से की गई है। खरीदी केंद्र प्रभारी राकेश देवदास ने बताया कि अभी ज्यादा आवक शुरू नही हुई है। सीमित मात्रा में ही किसान धान बेचने पहुंच रहे है। 1 नवंबर से धान खरीदी प्रारंभ हुआ, किसानों ने तौलबाट का पूजन कर धान खरीदी का शुभारंभ किया। इस मौके पर प्राधिकृत अधिकारी दिलीप जैन, श्याम सोनवानी, दौवाराम निषाद, नारायण, आनंद ध्रुव, गोपी निषाद, जीवराखन साहू, जयप्रकाश आदि उपस्थित थे।

# रेंडमाईजेशन उपरांत प्रेक्षकों और राजनीतिक दलों की उपस्थिति में खोला गया स्ट्रांग रूम

**धमतरी,** 5 नवंबर (देशबन्धु)। विधानसभा निर्वाचन 2023 के तहत 4 नवम्बर शनिवार को 11 बजे ईव्हीएम मशीनों का द्वितीय चरण का रेंडमाईजेशन सामान्य प्रेक्षक सिहावा और धमतरी मनीष अग्रवाल, प्रेक्षक कुरुद दीपक रामचन्द्र तावरे, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऋतुराज रघुवंशी तथा विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में कराया गया।

जिला कार्यालय के सभा कक्ष में आयोजित ऑनलाइन रेंडामाईजेशन के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी ऋषिकेश तिवारी ने जिले के सिहावा, धमतरी और कुरुद विधानसभा क्षेत्र में निर्वाचन के दौरान उपलब्ध ईव्हीएम मशीन की बैलेट युनिट, कंट्रोल युनिट और व्हीव्हीपीएटी की संख्यात्मक जानकारी दी। इस अवसर पर रिटर्निंग ऑफिसर धमतरी विभोर अग्रवाल, कुरुद श्री सोनाल डेविड, सिहावा श्रीमती गीता रायस्त उपस्थित थीं।



विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में आज किए गए रेंडमाईजेशन उपरांत तीनों विधानसभा क्षेत्रों के मतदान केन्द्रों हेतु बैलेट यूनिट, कंट्रोल युनिट तथा व्हीव्हीपीएटी मशीन का रेंडमाइज किए गए। इस दौरान उन्होंने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को रेंडमाईजेशन की सम्पूर्ण प्रक्रिया के बारे में भी जानकारी दी। सिहावा विधानसभा के 259 मतदान केंद्रों हेतु 310 बैलेट यूनिट, 310 कंट्रोल यूनिट तथा 336 व्हीव्हीपीएटी मशीन का रेंडमाइज किए गए। कुरुद विधानसभा के 237 मतदान केंद्रों हेतु 284 बैलेट यूनिट, 284 कंट्रोल यूनिट तथा 308 व्हीव्हीपीएटी मशीन का रेंडमाइज किए गए। धमतरी विधानसभा के 257 मतदान केंद्रों हेतु 308 बैलेट यूनिट, 308 कंट्रोल यूनिट तथा 334 व्हीव्हीपीएटी मशीन का रेंडमाइज किए गए।

रेंडमाईजेशन उपरांत प्रेक्षकों और राजनीतिक दलों की उपस्थिति में खोला गया स्ट्रांग रूम

द्वितीय रेंडमाईजेशन उपरांत रिटर्निंग अधिकारियों के स्ट्रांग रूम (शासकीय भोपालराव पवार पालिटेक्निक, रूद्री) में मतदान केन्द्रवार मशीनों की छंटाई एवं निर्धारित खानों मे रखने हेतु आज प्रेक्षकों और निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों की उपस्थिति खोला गया।

## आम नागरिक आब्जर्वर को मोबाइल नंबर से भी संपर्क कर सकते हैं : पुलिस आब्जर्वर राजेन्द्र कुमार मीणा

**बिलाईगढ़,** 5 नवंबर (देशबन्धु)। कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित राजनीतिक दलों की बैठक में पुलिस प्रेक्षक श्री राजेन्द्र कुमार मीणा ने अभ्यर्थी और उनके प्रतिनिधियों को कहा कि जिले में आदर्श आचरण संहिता का उल्लंघन यदि हो रहा है तो सभी आब्जर्वर का मोबाइल नंबर प्रेस के माध्यम से भी उपलब्ध कराया गया है। संबंधित आब्जर्वर से संपर्क कर अपनी बात-शिकायत, सुझाव बता सकते हैं। सी-विजिल से भी शिकायत कर सकते हैं।

इस अवसर पर सामान्य प्रेक्षक श्री तापस राय (आईएएस), सामान्य प्रेक्षक श्री पवन कुमार (आईएएस), व्यय प्रेक्षक श्री रत्नेश कुमार सिंह (आईआरएएस), कलेक्टर डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी, पुलिस अधीक्षक श्री आशुतोष सिंह, अपर कलेक्टर निष्ठा पांडेय तिवारी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रकाश भारद्वाज सहित सहायक व्यय प्रेक्षक, सहायक रिटर्निंग अधिकारी आदि उपस्थित थे।

# छात्राओं ने मानव श्रृंखला बनाकर मतदाता जागरूकता का दिया संदेश



**महासमुंद,** 5 नवंबर (देशबन्धु)। शासकीय कन्या उमावि बिरकोनी में शनिवार को आगामी विधानसभा चुनाव में अधिक से अधिक मतदान करने हेतु आम नागरिकों को जागरूक करने के लिये मतदाता जागरूकता अभियान चला कर उपस्थित छात्राओं द्वारा मानव श्रृंखला बनाया गया। इसके पश्चात छात्राओ द्वारा पोस्टर बनाया गया और आम नागरिकों से 17 नवम्बर को अधिक से अधिक मतदान करने और अन्य नागरिकों को भी मतदान हेतु प्रेरित करने हेतु निवेदन किया गया। उक्त कार्यक्रम प्रभारी प्राचार्य परस राम सिन्हा के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर व्याख्याता अनुपमा मानिकपुरी, मनीषा तिर्की ने मतदान का महत्व बताया और शत प्रतिशत मतदान करने हेतु अपील किया गया। व्याख्यातागण श्रवण सिन्हा, चित्रसेन साहू, मनहरण लाल भट्ट, सन्त राम साहू, शिक्षक रेणुका चन्द्राकर, महेन्द्र ध्रुव, भानेन्द्र सिंह बिसेन, कार्यालयीन कर्मचारी केशव कन्नौजे, मनीषा राजपूत, दुलारी, सुरेखा मिश्रा उपस्थित रहे। पोस्टर बनाने में धानकुमारी, रुपाली साहू, पायल साहू, मोनिका साहू, चंचल साहू, मुस्कान, परवीन, तुषिता, शेया, कमलेश्वरी साहू, तुकेश्वरी साहू, निधि बंजारे, खुशबू चेलक, पदमिनी साहू, नीरा साहू ने उत्साह पूर्वक भाग लिया।

## मतदान केन्द्र के 100 मीटर के दायरे में अपने पक्ष में अपील जैसे कोई एक्टिविटी नहीं होना चाहिए : जनरल आब्जर्वर पवन

**बिलाईगढ़,** 5 नवंबर (देशबन्धु)। कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित राजनीतिक दलों की बैठक में बिलाईगढ़-43 के सामान्य प्रेक्षक श्री पवन कुमार ने अभ्यर्थी और उनके प्रतिनिधियों को कहा कि आप जितने जागरूक रहेंगे उतना ही अच्छे से निर्वाचन की गतिविधियों, नियमों, कार्यों को समझेंगे। जब जब निर्वाचन कार्यालय द्वारा किसी गतिविधि में शामिल होने के लिए बुलाया जाता है तो जरूर आएं। कमिशनिंग, स्ट्रांग रूम में वोटिंग मशीनों के सील आदि निर्वाचन गतिविधियों में स्वयं अभ्यर्थी या उनके एजेंट अनिवार्य रूप से शामिल हों। बैठक में जनरल आब्जर्वर श्री पवन कुमार ने कहा कि मतदान केन्द्र के 100 मीटर के दायरे में किसी भी व्यक्ति, दल या संस्था का अपने पक्ष में मतदान करने के लिए कोई अपील जैसे एक्टिविटी नहीं होनी चाहिए। इस अवसर पर सामान्य प्रेक्षक श्री तापस राय (आईएएस), पुलिस प्रेक्षक श्री राजेन्द्र कुमार मीणा, व्यय प्रेक्षक श्री रत्नेश कुमार सिंह (आईआरएएस), कलेक्टर डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी, पुलिस अधीक्षक श्री आशुतोष सिंह, अपर कलेक्टर निष्ठा पांडेय तिवारी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रकाश भारद्वाज सहित सहायक व्यय प्रेक्षक, सहायक रिटर्निंग अधिकारी आदि उपस्थित थे।

### फार्मेट सी-1 (समाचार पत्र, टीवी में प्रकाशन हेतु अभ्यार्थियों के लिए)
### आपराधिक मामलों के बारे में घोषणा

(वर्ष 2011 की रिट याचिका (सिविल) सं.536 में माननीय उच्चतम न्यायालय के दिनांक 25 सितम्बर, 2018 के निर्णय के अनुसार)

अभ्यर्थी के नाम और पता : राजेश मूणत, आत्मज स्व. श्री पूनमचंद मूणत, मकान नं. 12, सेंट्रल एवेन्यु वेस्ट, चौबे कॉलोनी, रायपुर, जिला-रायपुर (छत्तीसगढ़) 492010.

राजनैतिक दल का नाम : भारतीय जनता पार्टी

निर्वाचन का नाम : रायपुर पश्चिम विधानसभा-2023

निर्वाचन क्षेत्र का नाम : क्रमांक 49, रायपुर नगर पश्चिम विधानसभा

मैं राजेश मूणत (अभ्यर्थी का नाम), उपर्युक्त निर्वाचन के लिए अभ्यर्थी, सार्वजनिक सूचना हेतु अपने आपराधिक पूर्ववृत्त के बारे में निम्नलिखित विवरणों की घोषणा करता हूं :-

| क्रम सं. | (A) लंबित आपराधिक मामले | | | | (B) आपराधिक मामलों के लिए दोषसिद्धि के मामलों के संबंध में विवरण | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | न्यायालय का नाम | प्रकरण संख्या एवं तारीख | प्रकरण की स्थिति | संबंधित अधिनियमों की धारा(ओं) एवं अपराध (अपराधों) का संक्षिप्त विवरण | न्यायालय का नाम एवं आदेश (शों) की तारीख | कार्यालय(यों) और लगायी सजा का विवरण | लगाया गया अधिकतम दंड |
| 1 | प्रस्तुत नहीं | अपराध क्र. 39/19 कायमी दिनांक 3.2.2019 | माननीय उच्च न्यायालय बिलासपुर द्वारा विवेचना स्थगित रखने का आदेश | भारतीय दंड विधान (IPC) की धारा 406A, 420A 171E, 171F एवं 120 (B) एवं 9,13 भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |

### न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.)
### ईश्तहार

रा.प्र.क्र./..../अ-6/वर्ष 2023-2024
रायपुर, दिनांक 25.10.2023
ग्राम तेलीबांधा, प.ह.नं. 64

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदिका/क्रेता श्रीमती प्राची भाटिया पति श्री चन्द्रप्रकाश भाटिया निवासी शैलेन्द्र नगर रायपुर तहसील व जिला रायपुर छग द्वारा इस न्यायालय में धारा-110 छग भू-राजस्व संहिता 1959 के अंतर्गत नामांतरण बाबत आवेदन पत्र पेश कर लेख किया है कि ग्राम तेलीबांधा प.ह.नं. 64 रा.नि.मं. रायपुर तहसील व जिला रायपुर में स्थित परिवर्तित भूमि संधारण खसरा में शीट नंबर 29 भूखण्ड/प्लाट नंबर 12 खसरा नंबर 10/1 पर निर्मित मकान जिसका न्यू म.नं. 47/बी-184 रकबा 6062 वर्गफुट याने 56338 वर्गमीटर भूमि को पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 07.06.2023 (ई-पंजीयन आई.डी.नं. सीजी6304407062023006) के माध्यम से विक्रेता/अनावेदक डॉ. बालचंद आहूजा पिता स्व. श्री रामचंद आहूजा निवासी तेलीबांधा रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) से क्रय किया गया है। अत: उक्त पंजीकृत बैनामा के आधार पर प्रश्नाधीन भूमि को आवेदिका के नाम दर्ज किये जाने का निवेदन किया गया है।

अतएव जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से अपनी लिखित आपत्ति दिनांक 07.11.2023 को इस न्यायालय में पेश करें। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 25.10.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

सील

अतिरिक्त तहसीलदार
रायपुर (छ.ग.)

### न्यायालय आयुक्त कर्मचारी प्रतिकर अधिनियम, श्रम न्यायालय दुर्ग (छ.ग.)
### सूचना-पत्र

प्रकरण क्रमांक-74/ई.सी. एक्ट/2023
विविध
पेशी तिथि 23.11.2023
श्रीमती ललिता देवी व अन्य
विरूद्ध
विक्रांत कुमार पटेल व अन्य

सर्वसाधारण पक्षकारों को सूचित किया जाता है कि श्रमिक/कर्मचारी मृतक सुरेश यादव/पिता स्व. तुलो यादव का दिनांक 09.09.2022 को नियोजक के नियोजन में हुई मृत्यु का क्षतिधन राशि 13,38,675/रू. (अक्षरी तेरह लाख अड़तीस हजार छ: सौ पचहत्तर रूपये) बीमा कंपनी द्वारा जमा किया है।

उक्त मृतक का कर्मचारी प्रतिकर अधिनियम के तहत जो अपने आपको आश्रित व क्षतिपूर्ति राशि प्राप्त करने का अधिकार समझते हो वे इस न्यायालय में पेशी तिथि 23.11.2023 को प्रात: 11 बजे उपस्थित होकर आवेदन अभिप्रमाणित फोटो, बैंक पास मूल एवं फोटो प्रति, दो स्वतंत्र साक्षी तथा अन्य दस्तावेज प्रमाण के साथ उपस्थित होवे। जमा राशि आवेदन में यदि कोई आपत्ति हो तो वे आपत्ति पेश करें। आपत्ति पेश ना होने की स्थिति में जमा राशि भुगतान बाबत् अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।

आज दिनांक 31.10.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

सतीश कुमार जायसवाल
कमिश्नर
लेबर कोर्ट, दुर्ग (छ.ग.)

ICICI Home Finance | कार्पोरेट कार्यालय : आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कम्पनी लिमिटेड, आईसीआईसीआई एचएफसी टावर, अंधेरी - कुर्ला रोड, अंधेरी (ईस्ट), मुंबई-400059, भारत

शाखा कार्यालय : प्रथम तल, इंदिरा टावर, ए-26, जोन-।।, मेन रोड, व्यापार विहार, बिलासपुर (सी.जी.) 495001
शाखा कार्यालय : क्रीसेंट प्लाजा, यूनिट-एच4, द्वितीय तल, निकट स्वरूप टॉकीज, स्टेशन रोड, दुर्ग, छत्तीसगढ़-491001

खनियम 8 (6) का परंतुक देखें,
अचल सम्पत्तियों की बिक्री हेतु बिक्री सूचना

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8 (6) के परंतुक के तहत अचल आस्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना। एतद्द्वारा सर्वसाधारण को तथा विशेष रूप से कर्जदार(रों)/गारंटर(रों) को सूचना दी जाती है कि प्रत्याभूत क्रेडिटर के पास बंधक रखी/प्रभारित निम्नवर्णित अचल सम्पत्ति, जिसका सांकेतिक कब्जा आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कम्पनी लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्राप्त किया जा चुका है, "जैसी है जहां है", जैसी है जो भी है" तथा "जो भी है वहां है" आधार पर नीचे दिए संक्षिप्त विवरण के अनुसार बेची जाएगी ;

| क्र. सं. | कर्जदार (रों)/सह-कर्जदारों /गारंटरों /कानूनी वारिसों का नाम ऋण खाता संख्या | प्रत्याभूत आस्ति का विवरण, ऋणभारों सहित, यदि कोई | बकाया राशि | सुरक्षित मूल्य / धरोहर राशि जमा | सम्पत्ति निरीक्षण की तिथि एवं समय | नीलामी की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (ए) | (बी) | (सी) | (डी) | (ई) | (एफ) | (जी) |
| 1. | मनोज घरामी (कर्जदार), मिनाती घरामी (सह-कर्जदार), ऋण खाता संख्या एलएचआरपीआर00001294810 | 63 एमआईजी फ्लैट नंबर 63 पीएचएन 115, खसरा नंबर 6 का भाग, ब्लॉक नंबर 03, चतुर्थ तल, हाउसिंग बोर्ड कालोनी, डूमरतराई रायपुर, रायपुर, रायपुर-492001 | रू. 28,14,229/- 30-10-2023 | रू. 18,83,250/- / रू. 1,88,330/- | 06-11-2023 को पूर्वा. 11.00 बजे से अप. 03.00 बजे तक | 24-11-2023 को अप. 2.00 बजे से अप. 3.00 बजे तक |
| 2. | याकूब अहमद (कर्जदार), खिलेश्वरी देवी (सह-कर्जदार), ऋण खाता संख्या एनएचडीआरजी00000834012 | अपार्टमेंट नंबर मकान एलआईजी 63, भू तल, खसरा नंबर 201, जुनवानी, जिला दुर्ग, मध्य प्रदेश दुर्ग-491001 | रू. 18,78,396/- 30-10-2023 | रू. 7,88,940/- / रू. 78,900/- | 06-11-2023 को पूर्वा. 11.00 बजे से अप. 03.00 बजे तक | 24-11-2023 को अप. 2.00 बजे से अप. 3.00 बजे तक |

ऑनलाइन नीलामी हमारी नीलामी एजेंसी ग्लोब टेक की वेबसाइट (यूआरएल लिंक - https://BestAuctionDeal.com) पर सम्पन्न होगी। बंधकदाताओं/सूचनाप्रेषिती को 23-11-2023 को अप. 5.00 बजे से पूर्व कुल बकाया उस पर आगे ब्याज सहित भुगतान करने का अंतिम अवसर दिया जाता है, जिसमें विफल रहने पर प्रत्याभूत आस्ति की बिक्री निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार की जाएगी।

संभावित बिडर (बिडर्स) को धरोहर राशि जमा (ईएमडी) आरटीजीएस/डिमांड ड्राफ्ट (डीडी) (कालम ई देखें) आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कम्पनी लिमिटेड, स्काई पार्क, भू तल, यूनिट नंबर 1, निकट कनाल रोड, रायपुर - 492 001 में 23-11-2023 को अथवा पूर्व अप. 04.00 बजे से पहले जमा करनी होगी। संभावित बिडर (बिडर्स) को पंजीकरण प्रपत्र एवं बोली के नियम एवं शर्तों की हस्ताक्षरित प्रति भी आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कम्पनी लिमिटेड, स्काई पार्क, भू तल, यूनिट नंबर 1, निकट कनाल रोड, रायपुर - 492 001 में 23-11-2023 को अथवा पूर्व अप. 05.00 बजे से पहले जमा करनी होगी। धरोहर राशि जमा हेतु डिमांड ड्राफ्ट (डीडी) किसी राष्ट्रीयकृत/अनुसूचित बैंक से "आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कम्पनी लिमिटेड-नीलामी" के पक्ष में रायपुर, दुर्ग में देय होना चाहिए।

निरीक्षण, नीलामी के निबंधन और शर्तों या निविदा जमा करने के संबध में किसी अतिरिक्त स्पष्टीकरण के लिए कृपया आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कम्पनी लिमिटेड से 022-69974300 पर अथवा हमारे सेल्स एवं मार्केटिंग पार्टनर नेक्सजेन सॉल्यूशन्स प्राइवेट लिमिटेड से सम्पर्क करें।

प्राधिकृत अधिकारी के पास बिना कोई कारण बताए किसी भी या सभी बिड्स को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित है। बिक्री के विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए, कृपया देखें : https://www.icicihfc.com/

तिथि : 06-11-2023
स्थान : रायपुर, दुर्ग

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कम्पनी लिमिटेड

ICICI Home Finance | कार्पोरेट कार्यालय : आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कम्पनी लिमिटेड, आईसीआईसीआई एचएफसी टावर, अंधेरी - कुर्ला रोड, अंधेरी (ईस्ट), मुंबई-400059, भारत

शाखा कार्यालय : प्रथम तल, इंदिरा टावर, ए-26, जोन-।।, मेन रोड, व्यापार विहार, बिलासपुर (सी.जी.) 495001
शाखा कार्यालय : क्रीसेंट प्लाजा, यूनिट-एच4, द्वितीय तल, निकट स्वरूप टॉकीज, स्टेशन रोड, दुर्ग, छत्तीसगढ़-491001

खनियम 8 (6) का परंतुक देखें,
अचल सम्पत्तियों की बिक्री हेतु बिक्री सूचना

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8 (6) के परंतुक के तहत अचल आस्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना। एतद्द्वारा सर्वसाधारण को तथा विशेष रूप से कर्जदार(रों)/गारंटर(रों) को सूचना दी जाती है कि प्रत्याभूत क्रेडिटर के पास बंधक रखी/प्रभारित निम्नवर्णित अचल सम्पत्ति, जिसका भौतिक कब्जा आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कम्पनी लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्राप्त किया जा चुका है, "जैसी है जहां है", जैसी है जो भी है" तथा "जो भी है वहां है" आधार पर नीचे दिए संक्षिप्त विवरण के अनुसार बेची जाएगी ;

| क्र. सं. | कर्जदार (रों)/सह-कर्जदारों /गारंटरों /कानूनी वारिसों का नाम ऋण खाता संख्या | प्रत्याभूत आस्ति का विवरण, ऋणभारों सहित, यदि कोई | बकाया राशि | सुरक्षित मूल्य / धरोहर राशि जमा | सम्पत्ति निरीक्षण की तिथि एवं समय | नीलामी की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (ए) | (बी) | (सी) | (डी) | (ई) | (एफ) | (जी) |
| 1. | कैलाश चन्द्र दुबे (कर्जदार), गायत्री दुबे (सह-कर्जदार), ऋण खाता संख्या एलएचबीएसआर00001448415 एवं एलएचबीएसआर00001448416 | मौजा बोदी पीएच नंबर 1 केएच नंबर 528/2 पार्ट, वार्ड नंबर 2, रविशंकर शुक्ला वार्ड, नगर पंचायत बोदी, तहसील और जिला बिलासपुर सीजी, बिलासपुर 528/2, बिलासपुर, छत्तीसगढ़ - 495001 | रू. 29,30,440/- 30-10-2023 | रू. 26,73,000/- / रू. 2,67,300/- | 06-11-2023 को पूर्वा.11.00 बजे से अप. 03.00 बजे तक | 24-11-2023 को अप. 2.00 बजे से अप. 3.00 बजे तक |
| 2. | सुरजीत सिंह संधू (कर्जदार), कुलदीप कौर संधू (सह-कर्जदार), ऋण खाता संख्या एलएचआरपीआर00001299525 | ग्राम कुंडा वार्ड नंबर 19, आदर्श नगर, कुगदा, तहसील पाटन दुर्ग पाटन खसरा नंबर 50/10, दुर्ग, छत्तीसगढ़-491001 | रू. 29,24,869/- 30-10-2023 | रू. 21,26,493/- / रू. 2,12,650/- | 06-11-2023 को पूर्वा.11.00 बजे से अप. 03.00 बजे तक | 24-11-2023 को अप. 2.00 बजे से अप. 3.00 बजे तक |

ऑनलाइन नीलामी हमारी नीलामी एजेंसी ग्लोब टेक की वेबसाइट (यूआरएल लिंक - https://BestAuctionDeal.com) पर सम्पन्न होगी। बंधकदाताओं/सूचनाप्रेषिती को 23-11-2023 को अप. 5.00 बजे से पूर्व कुल बकाया उस पर आगे ब्याज सहित भुगतान करने का अंतिम अवसर दिया जाता है, जिसमें विफल रहने पर प्रत्याभूत आस्ति की बिक्री निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार की जाएगी। संभावित बिडर (बिडर्स) को धरोहर राशि जमा (ईएमडी) आरटीजीएस/डिमांड ड्राफ्ट (डीडी) (कालम ई देखें) आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कम्पनी लिमिटेड, प्रथम तल, इंदिरा टावर, ए-26, जोन-।।, मेन रोड, व्यापार विहार, बिलासपुर (सी.जी.) 495001 में 23-11-2023 को अथवा पूर्व अप. 04.00 बजे से पहले जमा करनी होगी। संभावित बिडर (बिडर्स) को पंजीकरण प्रपत्र एवं बोली के नियम एवं शर्तों की हस्ताक्षरित प्रति भी आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कम्पनी लिमिटेड, प्रथम तल, इंदिरा टावर, ए-26, जोन-।।, मेन रोड, व्यापार विहार, बिलासपुर (सी.जी.) 495001 में 23-11-2023 को अथवा पूर्व अप. 05.00 बजे से पहले जमा करनी होगी। धरोहर राशि जमा हेतु डिमांड ड्राफ्ट (डीडी) किसी राष्ट्रीयकृत/अनुसूचित बैंक से "आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कम्पनी लिमिटेड-नीलामी" के पक्ष में बिलासपुर, दुर्ग में देय होना चाहिए।

निरीक्षण, नीलामी के निबंधन और शर्तों या निविदा जमा करने के संबध में किसी अतिरिक्त स्पष्टीकरण के लिए कृपया आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कम्पनी लिमिटेड से 022-69974300 पर अथवा हमारे सेल्स एवं मार्केटिंग पार्टनर नेक्सजेन सॉल्यूशन्स प्राइवेट लिमिटेड से सम्पर्क करें।

प्राधिकृत अधिकारी के पास बिना कोई कारण बताए किसी भी या सभी बिड्स को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित है। बिक्री के विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए, कृपया देखें : https://www.icicihfc.com/

तिथि : 06-11-2023
स्थान : बिलासपुर , दुर्ग

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कम्पनी लिमिटेड

# कोल्दा को पंचायत नहीं बनाने पर ग्रामीणों ने दी चुनाव बहिष्कार की चेतावनी

- कोल्दावासी 2018 से कर रहे हैं ग्राम पंचायत का दर्जा देने की मांग
- ग्रामीणों ने गांव में लगाया चुनाव बहिष्कार का बैनर

**बागबाहरा,** 5 नवंबर (देशबंधु)। जनपद पंचायत बागबाहरा के अंतर्गत ग्राम पंचायत कन्हारपुरी के आश्रित ग्राम कोल्दा के ग्रामीणों ने आगामी विधानसभा चुनाव बहिष्कार का ऐलान किया है। उक्त बहिष्कार को लेकर ग्रामवासियों ने गांव में एक चुनाव बहिष्कार का बैनर भी लगाया है। ताकि हमारी मांगे पुरी हो सके। कोल्दा गांव के ग्रामीण इस गांव को ग्राम पंचायत बनाने की मांग कई वर्षों से शासन-प्रशासन से कर रहे हैं। लेकिन उनकी इस जायज मांग को नहीं सुनी जा रही है। जिसके कारण ग्रामीणों में तीव्र आक्रोश व्याप्त है।

जानकारी के मुताबिक ग्राम पंचायत कन्हारपुरी के आश्रित ग्राम कोल्दा में हर वर्ग के लोग निवासरत हैं। जिसमें सर्वाधिक साहू और आदिवासी समाज के लोग निवासरत हैं। इनका पंचायत मुख्यालय कन्हारपुरी है। जो कोल्दा गांव से चार किलोमीटर दूर है। जिसके लिए ग्रामीणों को पगडंडी और नाले के रास्ते से आना-जाना पड़ता है। यह रास्ता भी बरसात के दिनों में छह महीने तक बंद रहता है। जिसके कारण ग्राम पंचायत मुख्यालय से कोल्दावासियों का सम्पर्क टूट जाता है। बरसात के दिनों में यदि अत्यंत महत्वपूर्ण कार्य को लेकर कन्हारपुरी जाना हो तो यहाँ के लोगों को अन्य रास्तों का सहारा लेना मजबूरी है। यहाँ के ग्रामीण बरसात के दिनों में कोमा, बोईरगांव, खल्लारी से होकर कन्हारपुरी पहुँचते हैं या फिर दूसरे रास्ते झारा, मुड़ियाडीह, पाली से कन्हारपुरी पहुँचते हैं। दोनों सड़क मार्ग से कोल्दा की दूरी करीब 12 किलोमीटर की है। ऐसे में कई प्रकार के समस्या से ग्रामीणों को जुझना पड़ता है।




### लोकसभा व पंचायत चुनाव का कर चुके हैं बहिष्कार

उल्लेखनीय है कि यहाँ के ग्रामीण पंचायत एवं लोकसभा चुनाव के दौरान भी चुनाव का बहिष्कार सामुहिक रुप से कर चुके हैं। पिछली बार ग्रामीण चुनाव के दौरान निर्वाचन अधिकारियों को भी बंधक बना चुके हैं। यहाँ के ग्रामीण अपने गांव को पंचायत मुख्यालय बनाने क्षेत्रीय सांसद एवं विधायक समेत कलेक्टर तक फरियाद कर चुके हैं। लेकिन किसी ने भी इस गांव वालों की समस्याओं को गंभीरता से नहीं लिया। ग्रामीणों को नेताओं एवं अधिकारियों से केवल आश्वाशन ही मिलता रहा।

### कोल्दा गांव के वार्डों में एक भी पंच नहीं

यहाँ ग्राम पंचायत चुनाव के पांच वर्ष होने को है। लेकिन चुनाव बहिष्कार के चलते यहाँ के वार्डों में आज एक भी पंच प्रतिनिधि निर्वाचित नहीं है। पिछले समय शासन-प्रशासन ने कई बार यहाँ के लोगों से मतदान करने की अपील की थी। लेकिन ग्रामीण नहीं माने। वे अपनी जिद पर अड़े हुए हैं। ग्रामीणों की एक ही मांग है कि कोल्दा को ग्राम पंचायत मुख्यालय बनाया जाए।

### कई बार दिए आवेदन

ग्राम पंचायत कन्हारपुरी की सरपंच श्रीमती काजल टोंडेकर ने बताया कि ग्रामीण 2018 से अलग ग्राम पंचायत बनाने की मांग कर रहे हैं। तत्सम्बन्ध में कई विभाग के अधिकारियों को आवेदन भी दिया जा चुका है। लेकिन उनकी मांग अभी तक पुरी नहीं हुई है। मांग पूरी नहीं होने पर 2020 के पंचायत चुनाव का बहिष्कार भी किया जा चुका है। अब कोल्दावासी आगामी विधानसभा चुनाव का बहिष्कार करने की चेतावनी शासन-प्रशासन को गांव में बैनर लगाकर दिया है। ताकि हमारे वर्षों के यह मांग पुरी हो सके।

# फोटो पहचान पत्र के अतिरिक्त 12 वैकल्पिक फोटोयुक्त दस्तावेज दिखाकर भी मतदाता कर सकेंगे मतदान

**रायपुर,** 5 नवंबर (देशबन्धु)। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती रीना बाबासाहेब कंगाले ने बताया कि छत्तीसगढ़ विधानसभा निर्वाचन-2023 के अंतर्गत भारत निर्वाचन आयोग की ओर से सभी मतदाताओं को निर्वाचक फोटो पहचान पत्र जारी किए गए हैं। आयोग सभी मतदाताओं से अपेक्षा करता है कि वे मतदान स्थल पर अपना मत देने से पहले अपनी पहचान सुनिश्चित करने के लिए आयोग की ओर से जारी निर्वाचक फोटो पहचान पत्र दिखाएंगे।



मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती रीना बाबासाहेब कंगाले ने कहा कि यदि कोई निर्वाचक फोटो पहचान पत्र नहीं दिखा पाता है तो भारत निर्वाचन आयोग द्वारा उनके लिए 12 वैकल्पिक दस्तावेज भी अनुमत किए गए हैं। ऐसे निर्वाचक जो अपना निर्वाचक फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत नहीं कर पाते हैं, वे अपनी पहचान स्थापित करने के लिए आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, केंद्र/राज्य सरकार/लोक उपक्रम/पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, बैंकों/डाकघरों द्वारा जारी फोटोयुक्त पासबुक, एनपीआर के अंतर्गत आरजीआई द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड, श्रम मंत्रालय की योजना के अंतर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, सांसदों/विधायकों/विधान परिषद सदस्यों को जारी किए गए सरकारी पहचान पत्र और भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा दिव्यांगजनों को जारी यूनिक डिसएबिलिटी आईडी (यूडीआईडी) कार्ड का उपयोग कर सकते हैं। मतदाता इनमें से कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत कर मतदान कर सकेंगे।

प्रवासी निर्वाचकों को जो अपने पासपोर्ट में विवरणों के आधार पर निर्वाचक नामावालियों में पंजीकृत हैं, मतदान केंद्र में केवल उनके मूल पासपोर्ट (तथा अन्य कोई पहचान दस्तावेज नहीं) के आधार पर ही पहचाना जाएगा।

# ट्रक की ठोकर से बाइक सवार युवक की मौत

**बागबाहरा ,** 5 नवंबर (देशबंधु)। ओड़िशा से बागबाहरा की ओर आ रहे लापरवाह एवं अनियंत्रित ट्रक ने कोमाखान चौखड़ी के पास सुबह एक बाइक सवार युवक को सामने से जोरदार टक्कर मारने से मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वहीं आरोपी ट्रक ड्राइवर ने युवक के बाइक को ट्रक में फँसे बाइक को दो किलोमीटर तक घसीटते ले गया। लापरवाह ट्रक ड्राइवर की ठोकर से बाइक सवार युवक के चौखड़ी के पास उसकी लाश क्षत - विक्षत हालत में पुलिस को मिली। कोमाखान पुलिस ने इस घटना की सूचना मिलते ही सुबह मौका स्थल पर पहुंचकर शव का पंचनामा करके लाश का बागबाहरा में पोस्टमार्टम कराकर अंतिम संस्कार हेतु उसके परिजनों को सौंप दिया। इस घटना के बाद से आरोपी ट्रक ड्राइवर एवं कंडेक्टर ट्रक को नेशनल हाइवे रोड में छोड़कर दिनदहाड़े फरार हो गए। जो आम जनता के समझ से परे है। पुलिस ने उक्त ट्रक को थाने में जब्त कर अज्ञात ड्राइवर के खिलाफ थाने में धारा 304 ए के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।




पुलिस सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार वार्ड नंबर 50 इंदिरा आत्मा नगर पुरैना थाना न्यू राजेंद्र नगर रायपुर निवासी 28 वर्षीय मृतक युवक सूरज महानंद पिता सदानंद महानंद रायपुर से अपने काले कलर के हीरो स्प्लेंडर बाइक में सवार होकर ओड़िशा की ओर जा रहे थे। तभी ओड़िशा से बागबाहरा की ओर आ रहे ट्रक क्रमांक सीजी 04 एन टी 5572 ने कोमाखान चौखड़ी के पास सुबह 9-10 बजे के बीच लापरवाह एवं अनियंत्रित ट्रक ने रॉंग साइड में गाड़ी चलाकर बाइक सवार युवक को सामने से जबरदस्त ठोकर मार दिया। जिससे बाइक सवार युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। उक्त युवक कैटरीन का काम करने ओड़िशा जा रहे थे। जो हादसे का शिकार हो गया। सुबह 9-10 बजे के बीच कोमाखान चौखड़ी में ट्रक एवं बाइक में जबरदस्त आमने-सामने टक्कर होने से युवक का शव कई भागों में बंट गया। तथा मृतक युवक के बाइक उक्त ट्रक में फंसकर दो किलोमीटर तक चला गया। वहीं आरोपी ट्रक ड्राइवर एवं कंडेक्टर ने उक्त ट्रक को रोड में छोड़कर फरार हो गया। ऐसा पुलिस का कहना है। लेकिन यह बात आम जनता के समझ से परे है। क्योंकि यह घटना कोमाखान चौखड़ी में सुबह कई लोगों के बीच घटी है। और ट्रक ने फंसे बाइक को दो किलोमीटर तक घसीटते ले जाने के बाद रोड में ट्रक को छोड़कर ड्राइवर एवं कंडेक्टर का दिनदहाड़े फरार हो जाना यह बात किसी के गले नहीं उतर रही है। बहरहाल कोमाखान पुलिस ने आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ धारा 304 ए के तहत जुर्म दर्ज कर इस मामले की विवेचना की जा रही है।

# छग के विकास में कांग्रेस सरकार बाधा: योगी आदित्यनाथ

- रमन सिंह के पक्ष में मुख्यमंत्री योगी ने किया रोड शो, जनता से मांग आशीर्वाद
- छत्तीसगढ़ के विकास में कांग्रेस सरकार को बताया बाधा



**राजनांदगांव,** 5 नवम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के प्रथम चरण के तहत 7 नवंबर को मतदान की प्रक्रिया संपन्न होगी, जिसके प्रचार के अंतिम दिन रविवार को राजनांदगांव विधानसभा में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी डा. रमन सिंह के पक्ष में चुनाव प्रचार प्रसार करने भाजपा के स्टार प्रचारक उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी पहुंचे। यहां उन्होंने भव्य रोड- शो करते हुए जनसभा को संबोधित किया और डा. रमन सिंह के लिए जनता से आशीर्वाद मांगा।

छत्तीसगढ़ प्रदेश में प्रथम चरण के मतदान को लेकर राजनीतिक पार्टियों का प्रचार- प्रसार रविवार शाम 5:00 बजे से थम चुका है। इस प्रचार-प्रसार के अंतिम सभा को संबोधित करने राजनांदगांव विधानसभा में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी के स्टार प्रचारक आदित्यनाथ योगी पहुंचे। यहां उन्होंने प्रचार- प्रसार थमने से पूर्व शहर में विशाल रोड-शो किया और शहर के गंज चौक में एक आम सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने राजनांदगांव विधानसभा से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी डॉ रमन सिंह के पक्ष में मतदाताओं का आशीर्वाद मांगा। शहर के गुरुद्वारा चौक से आयोजित हुई इस रोड-शो में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के साथ राजनांदगांव विधानसभा प्रत्याशी डॉ रमन सिंह भी रथ पर सवार थे। इस दौरान जगह-जगह उनका फूल मालाओं से स्वागत किया गया।

वहीं शहर के गंज चौक में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी ने प्रदेश की भूपेश बघेल सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि भूपेश बघेल सरकार ने गरीबों का आवास का लाभ उन्हें नहीं दिया है। केंद्र से योजनाओं के लिए रुपए आते हैं, लेकिन जनता को भूपेश सरकार लाभ नहीं दे पा रही, उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ के विकास में भूपेश बघेल सरकार बाधा बन रही है, तो वहीं उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री एवं राजनांदगांव विधानसभा प्रत्याशी डॉ रमन सिंह की जमकर तारीफ करते हुए उन्हें सहज और सरल व्यक्तित्व का धनी बताते हुए उनके पक्ष में जनता से मतदान करने की अपील की। सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी ने कहा कि यह चुनाव के प्रथम चरण की अंतिम सभा है यह डॉक्टर रमन सिंह की कर्मभूमि है, जहां इस सभा को संबोधित करने का मुझे सौभाग्य मिला है।

# मतदान के लिए लोगों को जागरूक करने निकली महिलाओं की कार रैली

- मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती रीना बाबासाहेब कंगाले ने किया कारों के काफिले का नेतृत्व
- उत्कृष्ट मतदान संदेश के साथ सजी कारों को पुरस्कृत किया

**रायपुर,** 5 नवंबर (देशबन्धु)। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम स्वीप के अंतर्गत आज रायपुर में महिला कार रैली का आयोजन किया गया। छत्तीसगढ़ की मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती रीना बाबासाहेब कंगाले सहित सैकड़ों महिला कार चालकों ने इसमें हिस्सा लिया। महिला कार रैली के काफ़िले में उत्कृष्ट सजावट व संदेशों के साथ शामिल कारों के महिला चालकों को सम्मानित भी किया गया। कार रैली के माध्यम से मतदाताओं को 17 नवम्बर को होने वाले विधानसभा निर्वाचन में मतदान की अपील की गई। आयोजन में भारत निर्वाचन आयोग के प्रेक्षकों सहित रायपुर जिला प्रशासन के सभी विभागों, स्थानीय स्वयंसेवियों एवं सामाजिक संगठनों की महिला पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया।

छत्तीसगढ़ की मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती रीना बाबासाहेब कंगाले ने कार रैली में खुद स्टीयरिंग थामकर काफ़िले को लीड किया। रैली के दौरान उनके साथ जीप में सवार महिलाएं पूरे रास्ते भर लाउड स्पीकर पर मतदाताओं से 17 नवम्बर को मतदान अवश्य करने की अपील करते हुए दिखीं।

स्वीप कार रैली के लिए महिलाओं में खासा उत्साह दिखा। महिलाएं अपने कार की स्वयं सजावट कर सुबह से बी.टी.आई. ग्राउंड पहुंचने लगी थीं। महिलाओं के साथ उनके परिजन और सहेलियां भी कारों में सवार थीं, जो महिला कार चालकों का उत्साहवर्धन कर मतदाता जागरूकता का संदेश दे रही थीं।

महिलाओं ने अपनी कार को आकर्षक सजावट देने के साथ ही स्वयं भी पारंपरिक पोशाक में रैली में शामिल हुईं। छत्तीसगढ़ी वेशभूषा के साथ ही महिलाएं महाराष्ट्रियन, बंगाली, ओड़िसी, दक्षिण भारतीय, गुजराती पारंपरिक पोशाक व पगड़ी पहनकर वीरांगनाओं की तरह इस रैली में पहुंची। महिलाएं बी.टी.आई. ग्राउंड में निर्वाचन गीत मैं भारत हूँ... पर नृत्य व जुम्बा कर मतदान का संदेश देते दिखीं।

लंबे समय से लकवाग्रस्त अख्तर कुरैशी भी कार रैली के दौरान मतदान के लिए सभी को प्रेरित करने पहुंचे। 80 बरस के अख्तर अपने साथ राष्ट्रध्वज लेकर इस रैली में शामिल हुए। सी.ई.ओ. श्रीमती कंगाले ने उनके हौसले की सराहना करते हुए उन्हें न केवल कार रैली में अपने साथ शामिल कीं।

# चुनाव के पहले नक्सलियों और सुरक्षाबलों के जबरदस्त मुठभेड़

**कांकेर,** 5 नवम्बर (देशबन्धु)। जिलें के ताड़ोकि क्षेत्र में सुबह पुलिस और नक्सलियों के बीच जबरदस्त मुठभेड़ हुई है, मुठभेड़ में जवानों ने नक्सल कैंप को ध्वस्त कर दिया है, करीब एक घंटे चली मुठभेड़ में कुछ नक्सलियों के घायल होने की भी खबर है, एसपी दिव्यांग पटेल ने मुठभेड़ की पुष्टि की है।

अल सुबह डीआरजी कांकेर। जिलें के ताड़ोकि क्षेत्र में सुबह पुलिस और नक्सलियों के बीच जबरदस्त मुठभेड़ हुई है, मुठभेड़ में जवानों ने नक्सल कैंप को ध्वस्त कर दिया है, करीब एक घंटे चली मुठभेड़ में कुछ नक्सलियों के घायल होने की भी खबर है, एसपी दिव्यांग पटेल ने मुठभेड़ की पुष्टि की है।

अल सुबह डीआरजी और बीएसएफ की संयुक्त पार्टी नक्सल गस्त पर रवाना हुई थी तभी मुरनार के जंगलों में जवानों की नक्सलियों से मुठभेड़ हो गई, एक घंटे तक दोनो ओर से हुई गोलीबारी के बाद नक्सली भाग खड़े हुए हैं,मौके पर जवानों ने नक्सल कैंप को धवस्त करते हुए भारी मात्रा में नक्सल सामग्री जब्त की है,आशंका जताई जा रही है की मुठभेड़ में कुछ नक्सली घायल भी हुए है, बता दे कि विधानसभा चुनाव को लेकर नक्सली लगातार बहिष्कार का ऐलान कर रहे है और काफी एक्टिव मोड पर है, पहले चरण में बस्तर संभाग में वोटिंग होनी है जिसमे अब दो दिन ही शेष है,जिसको देखते हुए पुलिस ने सर्च ऑपरेशन तेज कर दिया है ताकि नक्सली अपने नापाक मंसूबों में कामयाब ना हो सके। एसपी दिव्यांग पटेल ने बताया कि नक्सल कैंप ध्वस्त किया गया है, इलाके में सर्च ऑपरेशन अभी भी जारी है, जवानों के वापस लौटने के बाद विस्तृत जानकारी मिल सकेगी।और बीएसएफ की संयुक्त पार्टी नक्सल गस्त पर रवाना हुई थी तभी मुरनार के जंगलों में जवानों की नक्सलियों से मुठभेड़ हो गई, एक घंटे तक दोनो ओर से हुई गोलीबारी के बाद नक्सली भाग खड़े हुए हैं,मौके पर जवानों ने नक्सल कैंप को धवस्त करते हुए भारी मात्रा में नक्सल सामग्री जब्त की है,आशंका जताई जा रही है की मुठभेड़ में कुछ नक्सली घायल भी हुए है, बता दे कि विधानसभा चुनाव को लेकर नक्सली लगातार बहिष्कार का ऐलान कर रहे है और काफी एक्टिव मोड पर है, पहले चरण में बस्तर संभाग में वोटिंग होनी है जिसमे अब दो दिन ही शेष है,जिसको देखते हुए पुलिस ने सर्च ऑपरेशन तेज कर दिया है ताकि नक्सली अपने नापाक मंसूबों में कामयाब ना हो सके। एसपी दिव्यांग पटेल ने बताया कि नक्सल कैंप ध्वस्त किया गया है, इलाके में सर्च ऑपरेशन अभी भी जारी है, जवानों के वापस लौटने के बाद विस्तृत जानकारी मिल सकेगी।



- कई माओवादी घायल, नक्सल कैंप भी ध्वस्त

# शराब दुकान की सुरक्षा में लगे दो सुरक्षाकर्मियों की हत्या

**जांजगीर,** 5 नवम्बर (देशबन्धु)। जिले के ग्राम सिवनी में उस वक्त सनसनी फैल गई जब शराब दुकान के बाहर खाट पर सो रहे दो सुरक्षाकर्मियों की लाश पाई गई। अज्ञात लोगों के द्वारा निर्ममता से दोनों की हत्या कर दी गई। हत्या के बाद शराब दुकान में चोरी की भी आशंका जताई जा रही है, क्योंकि दुकान का ताला टूटा हुआ पाया गया है। घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरु कर दी है।




प्रदेश के जांजगीर जिले में चांपा स्थित ग्राम सिवनी में संचालित शराब दुकान की सुरक्षा में लगे दो सुरक्षाकर्मियों की निर्ममता से हत्या कर दी गई। दोनों सुरक्षाकर्मी एक ही खाट पर सोए हुए थे जिनकी लाश सुबह सुबह लोगों ने देखी। देखते ही देखते यह खबर क्षेत्र में फैल गई और मौके पर लोगों का हुजूम इकट्ठा हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस भी मौके पहुंची और जांच में जुट गई। सुरक्षाकर्मियों की हत्या के बाद शराब दुकान में चोरी की आशंका भी जताई जा रही है क्योंकि शराब दुकान का ताला टूटा हुआ पाया गया है। चांपा एसडीओपी और थाना प्रभारी मौके पर मौजूद हैं जिनके द्वारा हर पहलु की जांच की जा रही है।

# घर से घूमने निकले युवक को अज्ञात वाहन ने रौंदा, मौके पर मौत, नशा बना कारण

**रायगढ़,** 5 नवम्बर (देशबन्धु)। चक्रधर नगर थाना क्षेत्र स्थित अंबेडकर आवास सेठी नगर निवासी 23 वर्षीय युवक शुक्रवार को अपने घर में जरूरी काम करके जल्द वापस आने की बात बोलकर घर से निकला था लेकिन देर रात तक नहीं लौटा। रात्रि करीब 3 बजे उर्दना बैरियर के पास महामाया मंदिर के सामने अज्ञात भारी वाहन ने सागर सोनवानी को ठोकर मार दिया और उसके ऊपर गाड़ी चढ़ाकर फरार हो गया था। इस बात की जानकारी दूसरे दिन सुबह मृतक के परिजनों को मिली। जिसे सुनकर उसके परिवार और घर वालों की स्थिति नाजुक हो गई।

चक्रधर नगर थाना क्षेत्र स्थित अंबेडकर आवास मकान नंबर 69 निवासी सागर सोनवानी पिता यादवधर सोनवानी उम्र 22 वर्ष बीते शुक्रवार की रात अपने घर से किसी जरूरी काम के लिए गया था। जो कि जो संजय नगर बैंक कॉलोनी में अपने दोस्तों के साथ शराब सेवन कर वापस अंबेडकर आवास कॉलोनी में रात्रि करीब 12 बजे अंतिम बार देखा गया था। उसके बाद वह कहां गया यह कॉलोनी में कोई नहीं जानता था। देर रात तक घर नहीं लौटने पर घर वाले उसकी तलाश कर रहे थे। इस दौरान कोतवाली पुलिस ने फोन पर घर वालों को सूचना दी की सागर सोनवानी को किसी अज्ञात वाहन ने अपनी चमत में ले लिया है और घटनास्थल पर ही सागर की मौत हो गई है। जानकारी मिलने के बाद मृतक के परिजन जिला अस्पताल पहुंचे और पूरे परिवार में गम का माहौल निर्मित हो गया। इस दौरान मृतक की मां की हालत काफी बिगड़ गई तब उसे पुलिस ने वापस घर भिजवाया। जिसके बाद मृतक के शव का पोस्टमार्टम प्रक्रिया करने के बाद मृतक के पिता का इंतजार पुलिस कर रही थी।



**NECC**

| 06.11.2023 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 5.25 | 80 | 170 |
| विल्हर | 6.25 | 95 | 195 |

डिलीवरी 540 सैकड़ा
दर्जन अंडा 75 रु.
मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रु.
CSPFA

प्रकाशक, मुद्रक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए देशबन्धु परिसर रामसागरपारा रायपुर से प्रकाशित एवं मुद्रित। सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव। प्रेस पंजीयन- 6072/59 डाक पंजीयन-सीजी/रायपुर संभाग/19/2021-23
फोन- (0771) 4077750, 4077760, 2292011/22 फैक्स-2534955 email id: deshbandhuraipur@gmail.com, website:deshbandhu.co.in

उल्टा पुल्टा

एक 88 साल के बुजुर्ग को फोन आया...
सर, हम बैंक से बोल रहे हैं, म्युचुअल फंड ले लो, सात साल में भाव डबल हो जाएंगे...!
बुजुर्ग ने जवाब दिया: बेटा, मैं उम्र के उस मोड़ पर हूं कि केले भी कच्चे नहीं खरीदता...!!!

संपादकीय

## किसानों के मुद्दे पर 'आप' भी

कहने को तो आम आदमी पार्टी मूलत: शहरी लोगों की पार्टी मानी जाती है क्योंकि यह शहरों में रहने वालों और वह भी सिविल सोसायटियों से जुड़े कार्यकर्ताओं द्वारा गठित की गयी है। इसका नेतृत्व भी अधिकतर उन्हीं लोगों के हाथों में हैं जो पढ़े-लिखे हैं और शहरों में रहने वाले सामाजिक कार्यकर्ता हैं, विशेषकर दिल्ली, मुम्बई जैसे महानगरों में। इसी कारण देश भर के अन्य छोटे-बड़े शहरों एवं कस्बों में भी जब इसका विस्तार हुआ तथा संगठन बना तो उसमें शामिल होने वालों में ज्यादातर युवा एवं शिक्षित समाज है। लम्बे समय तक माना गया था कि इसका दबदबा दिल्ली में है और इसकी राजनीति शहरी समस्याओं के ईर्द-गिर्द ही घूमती है। आप ने सस्ती या निशुल्क नागरिक सुविधाओं के दम पर दिल्ली विधानसभा के चुनाव जीते हैं। वहां उसका प्रचंड बहुमत है और वह बहुत ताकतवर भी है। पिछले साल हुए पंजाब के विधानसभा चुनाव जीतकर वहां भी उसने सरकार बनाकर सबको चकित किया था क्योंकि वहां मुख्य मुकाबला भाजपा व कांग्रेस के बीच ही था। इससे उसके बारे में यह धारणा दूर होने में मदद मिली कि वह केवल शहरी लोगों की पार्टी है। पंजाब की अर्थव्यवस्था का प्रमुख आधार कृषि ही है-उद्योग एवं व्यवसाय के साथ।

अपने बढ़ते विस्तार के कारण उसे केन्द्र सरकार की ओर से पैदा की जाने वाली संवैधानिक व प्रशासकीय अड़चनों से अक्सर जूझना पड़ता है। कभी उसके बनाये कानूनों को दिल्ली के उप राज्यपाल द्वारा निरस्त कर दिया जाता है तो कभी उसके किसी अधिकार में कटौती कर दी जाती है। इसके बावजूद पार्टी अलग-अलग राज्यों में चुनाव लड़ती आ रही है। अक्सर उसे भारतीय जनता पार्टी की भी टीम भी कहा जाता रहा क्योंकि उसके कारण भाजपा विरोधियों के वोट बंटते हैं और भाजपा को फायदा मिलता आया है। इसके बावजूद आप की विस्तार परियोजना कभी रूकी नहीं। हर जगह वह दिखती है, जहां उसका कोई जनाधार नहीं है या उसके लेशमात्र चुनाव जीतने की उम्मीद नहीं होती।

छत्तीसगढ़ में भी वह पूरी ताकत से लड़ रही है। सभी 90 सीटों पर उसके प्रत्याशी खड़े हैं। वे कहीं कम तो कहीं ज्यादा मजबूत नज़र आते हैं। कहीं-कहीं उनकी उपस्थिति नाम की है। प्रमुख प्रतिद्वंद्वियों यानी कांग्रेस-भाजपा के मुकाबले वह सभी जगह कमतर तो है परन्तु देखना यह है कि उसकी उपस्थिति का कहां कांग्रेस को फायदा मिलता है और कहां पर भाजपा को। शनिवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री व आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान भी फिर से छग में थे। बिलासपुर में उन्होंने घोषणा की कि जीतने पर राज्य के किसानों का पूरा धान खरीदा जायेगा और न्यूनतम समर्थन मूल्य 3200 रुपये प्रति क्विंटल होगा। यानी किसान यहां भी केन्द्र में है।

# कांग्रेस ने योजनाओं के लाभ के लिए तरसाया उसे वोट के लिए तरसना पड़ेगा : योगी आदित्यनाथ

**सुकमा**, 5 नवंबर (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव के प्रथम चरण के प्रचार के अंतिम दिन सुकमा मिनी स्टेडियम में पहुंचे उत्तरप्रदेश की मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण भारत के अंदर रामराज्य की उद्घोषणा का शुभारंभ है। रामराज्य का मतलब एक ऐसा शासन जिसमे जाति,धर्म के आधार पर कोई भेदभाव नही है। योजनाओं का लाभ हर गरीब, हर किसान, हर वंचित हर आदिवासी को हो सके। इसके लिए उन्हें किसी के सामने हांथ न फैलाने पड़े हर योजना का लाभ उन्हें सीधे मिले इसके लिए रामराज्य है। उन्हें हर प्रकार की सुरक्षा मिले, संसाधनों पर उनका पूरा अधिकार हो उन्हें हर प्रकार की सुविधा का लाभ मिले। प्रधानमंत्री ने पिछले साढ़े नौ वर्षों में देश मे रामराज्य की आधारशिला रखी है। 4 करोड़ को मकान, 10 करोड़ को शौचालय, स्वास्थ्य बीमा के लिए 5 लाख, हर घर तक जल, उज्ज्वला योजना के तहत सिलेंडर और अब तो अगले पांच वर्षों तक 80 करोड़ लोगों को मुफ्त में राशन उपलब्ध कराया जाएगा। जो कोई नही कर पाया वो मोदी ने कर दिखाया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अयोध्या में राम मंदिर बनाना नही चाहती थी और अगर चाहती तो उनके पास इतने वर्ष का कार्यकाल था उसमें ही बना देती। उन्होंने तो विवाद खड़ा किया, रामभक्त को पिटवाया और तो और कांग्रेस ने तो राम भगवान के अस्तित्व पर ही सवाल खड़े कर दिए थे। ऐसे लोग कैसे आपके सम्मान की रक्षा करेंगे। कैसे आपकी आस्था का ख्याल




रखेंगे। उत्तरप्रदेश में जैसे ही डबल इंजन की सरकार आई वैसे ही राम मंदिर से जुड़ी सारा बाधा दूर हो गई। हमने जो कहा कर के दिखाया, क्योंकि हमारे लिए अपना कुछ नही है जो कुछ है देश के लिए है। उत्तरप्रदेश मुख्यमंत्री ने कहा कि हर घर जल योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए केंद्र से मिले पैसे को कांग्रेस अपने आकाओं को भेजने का काम करती है। केंद्र से मिले पैसे गरीब और कमजोरों तक नही पहुंचती बल्कि चंद कांग्रेसियों के जेब मे चला जाता है। उन्होंने कहा कि हम आएंगे तो गरीब को जरूर आवास देंगे। आज गरीब लोग यही पूछ रहे हैं कि हमे तो नही मिला आपको मिला क्या। आज गरीब सरकार के सामने हिम्मत हार चुका है क्योंकि ये सरकार घोटाले और भ्रष्टाचार की सरकार है।

**सरकार बनी तो कांग्रेस के घोटालों की कराएंगे जांच : योगी**

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कल ही एक ऑनलाइन सट्टा महादेव एप के माध्यम से यहां की जनता के पैसे को कांग्रेस सरकार ने लोगों से ठग लिया है और 500 करोड़ रुपये की राशि का घोटाला उजागर हुआ है। जिस प्रकार से बिहार में लालू प्रसाद यादव की सरकार ने चारा घोटाला किया उसी प्रकार भूपेश बघेल की सरकार ने गोबर घोटाला किया है। छत्तीसगढ़ में गोबर घोटाला, खनन घोटाला, कोयला घोटाला, भू घोटाला, पीएससी घोटाला जैसे कई घोटाले किए जो कि कांग्रेस के संस्कार में है। यहां की सरकार धर्मांतरण, लव जिहाद के नाम और मौन है। मैं कहना चाहता हूं कि इस सरकार ने जितने भी घोटाले किए हैं इसकी जांच हमारी सरकार आएगी तो कराई जाएगी। जनता के पैसे पर डाका डालने वालों को सजा दिया जाएगा जैसे यूपी के दिया जाता है। कांग्रेस के लिए योजनाओं, विकास और सुविधाओं के लिए तरसाया है वैसे ही विधानसभा चुनाव में उन्हें वोट के लिए तरसाने का काम करना है।

## थाना परिसर में ग्रेनेड फटा बीएसएफ जवान की मौत

**दंतेवाड़ा**, 5 नवंबर (देशबन्धु)। जिले के कटेकल्याण थाना परिसर में हैंड ग्रेनेड फटने से बीएसएफ के एक हेड कांस्टेबल की मौत हो गई। गश्त ड्यूटी पर निकलते वक्त जवान के पोच में रखा हैंड ग्रेनेड अचानक फटने से यह हादसा हुआ। विधानसभा चुनाव में 7 नवम्बर को होने वाले पहले चरण के मतदान की सुरक्षा के लिए बीएसएफ की यह कंपनी यहां आई हुई है। इस संबंध में दंतेवाड़ा एसपी गौरव राय से मिली जानकारी के अनुसार थाना कटेकल्याण परिसर में विधानसभा चुनाव हेतु रुकी बल बीएसएफ सी/70 चार्ली कंपनी गश्त, सर्च के लिए निकल रही थी, तभी अचानक हेड कांस्टेबल बलबीर चंद निवासी हिमाचल प्रदेश के पोंच में रखा हैंडग्रेनेड फट गया, जिससे थाना परिसर में ही हेड कांस्टेबल को गंभीर क्षति पहुंची। घायल जवान को तत्काल एंबुलेंस से उपचार हेतु जिला अस्पताल दंतेवाड़ा ले जाया गया । जिला अस्पताल दंतेवाड़ा में डॉक्टरों ने उक्त जवान की जांच कर उसे मृत घोषित कर दिया। मामले में थाना कटेकल्याण द्वारा परिवार को सूचित कर मर्ग कायम कर जांच में लिया गया है।

## चोरी के वारदातों को अंजाम देने वाले शातिर 3 चोरों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**जगदलपुर**, 5 नवंबर (देशबन्धु)। शहर में पिछले कुछ समय से अलग-अलग स्थानों से चोरी संबंधी लगातार रिपोर्ट प्राप्त हो रही थी । थाना प्रभारी कोतवाली लीलाधर राठौर के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया था। जिनके द्वारा पूर्व में हुये चोरियों के सीसीटीव्ही फुटेज, तकनीकी साक्ष्य एवं वारदात के तरीके के आधार पर संदेही केशव कवि निवासी मालगांव थाना नगरनार को पकड़ा गया जिसने अपने मेमोरण्डम कथन में बताया कि उसके विरूद्ध 10-12 मामले चोरी के दर्ज है जिसमें चोरी की संपत्ति को बरामद करवाया था तथा उसके खिलाफ एक बलात्कार का भी मामला है जिसके कारण एक-डेढ़ साल जेल में भी रहा है। आरोपी केशव कवि ने बताया कि उक्त सभी प्रकरणों में पैरवी कराने हेतु पैसे की उसे अत्यंत आवश्यकता है नहीं तो सजा हो जायेगी, इसलिये पैसा इकट्ठा करने की नियत से वह नवंबर 2022 में जेल से छुटने के बाद दुबारा



चोरी करने लगा और इस दौरान लगभग एक साल में अपने दोस्त प्रवीण परिहार एवं विधि से संघर्षरत् बालक को समझा बुझाकर और पैसे का लालच देकर उनके साथ मिलकर कुल 15-16 छोटी-मोटी चोरियॉ करना स्वीकार किया गया है। आरोपी केशव कवि अपने दोनों साथियों को चोरी में साथ देने के लिये चोरी से अर्जित रकम में से कुछ हिस्सा दे देता था। इन शातिर चोरों के द्वारा शहर के अलग-अलग स्थानों से जिनमें जिला शिक्षा कार्यालय के बाजु से एक मोटर सायकल, अटल बिहारी वाजपेई वार्ड धरमपुरा से सोने एवं चांदी के जेवरात व नगदी रकम, शांति नगर वार्ड से एक मोटर सायकल, पथरागुडा से नगदी रकम, अब्दुल कलाम वार्ड से गैस सिलेण्डर, किराना सामान एवं नगदी रकम, छत्रपति शिवाजी वाजी वार्ड तेतरखुटी से कैमरा, मोबाईल फोन, पाउडर, परफ्युम, बैग व नगदी रकम, बृजराजनगर से सोने चांदी के आभुषण व नगदी रकम, आड़ावाल से सोने चांदी के जेवरात व नगदी रकम, आसना में एक घर से नगदी रकम को चोरी करना बताया है जिनमें थाना कोतवाली एवं थाना बोधघाट में अपराध पंजीबद्ध है। इन सभी मामलों में चोरी गई मशरूका की कुल कीमती-5,06,000/-रूपये आंकी गई है। आरोपी केशव कवि के निशानदेही पर धरमपुरा में की गई चोरी के सामाग्री दो नग सोने हार, एक नग सोने का चैन एवं एक जोड़ी चांदी का पायल कुल कीमती-89,500/-रूपये बरामद करने पश्चात गिरफ्तार किया गया तथा अन्य प्रकरणों में चोरी की संपत्ति को बरामद करने एवं उसके दो साथियों को पकड़ने के लिये समय की आवश्यकता थी जिसके लिये आरोपी केशव कवि को माननीय न्यायालय के >> शेष पृष्ठ 9 पर >

## विधान सभा चुनाव को लेकर अलर्ट मोड में बस्तर पुलिस प्रशासन



- शहर के चप्पे-चप्पे में और ग्रामीण क्षेत्र में किया जा रहा है गाड़ी से और पैदल फ्लैग मार्च
- फ्लैग मार्च में बस्तर पुलिस के साथ-साथ सीआईएसएफ, आरपीएफ, सीआरपीएफ, बीएसएफ, एसएसबी के जवान हैं शामिल

**जगदलपुर**, 5 नवंबर (देशबन्धु)। आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर पुलिस उपमहानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जितेंद्र सिंह मीना के नेतृत्व में बस्तर जिला पुलिस अलर्ट मोड पर है। चुनाव के दौरान सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद रहे इसके लिए पुलिस की तरफ से सभी उपाय किए जा रहे हैं। मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग बिना किसी डर व भय के निष्पक्ष और निर्भीक रुप से कर सकें, इसके लिए पुलिस प्रशासन की तरफ से सभी माकूल प्रबंध किए जा रहे हैं। पुलिस जवानों को चुनाव के तहत चौकसी के साथ कर्त्तव्य का निर्वाहन करने की और सुरक्षा के लिए बेहतर ढंग से निगरानी रखने के निर्देश दिए गए। शहर के चप्पे-चप्पे में और ग्रामीण क्षेत्र में फ्लैग मार्च का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें बस्तर पुलिस के जवानों के साथ-साथ सीआरपीएफ, सीआईएसएफ, बीएसएफ, एसएसबी एवंआरपीएफ के जवान शामिल हैं। पुलिस उपमहानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जितेंद्र सिंह मीना और कलेक्टर विजय दयाराम के. नेतृत्व में आज फ्लैग मार्च निकाला गया, जो शहर के अलग अलग इलाके से गुजरा। शहर में सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने, आम लोगों में विश्वास जगाने और असमाजिक तत्व एवं गुंडा बदमाशों में कानून का डर बनाने को लेकर लगातार फ्लैग मार्च किया जा रहा है। बस्तर जिला पुलिस बस्तर जिला के मतदाताओं से भयमुक्त होकर मतदान करने की अपील करता है, साथ-ही-साथ अगर कोई व्यक्ति अफ़वाह फ़ैलाता है या किसी को डराने-धमकाने की कोशिश करता है तो उसकी सूचना पुलिस को जरूर दें।

## अवैध रूप से 12 किलो गांजा परिवहन करने बस का इंतजार करते आरोपी के साथ एक नाबालिग गिरफ्तार

**जगदलपुर**, 5 नवंबर (देशबन्धु)। नगरनार पुलिस को अवैध रूप से गांजा परिवहन करने वालों को पकड़ने में फिर से सफलता मिली है। दो व्यक्ति अपने बैगों में अवैध से मादक पदार्थ गांजा रखकर परिवहन करने के लिए जगदलपुर के तरफ जाने वाली बस का इंतजार कर रहे थे। मुखबिर से मिली सूचना पर ग्राम धनपूंजी फॉरेस्ट नाका में हमराह स्टाफ के साथ पहुंचकर आरोपी आदर्श ठाकुर पिता प्रशांत सिंह ठाकुर उम्र 22 वर्ष निवासी ग्राम गढ़ी मोहल्ला रेहटी गुराद खेड़ा थाना रेहटी जिला सीहोर मध्य प्रदेश एवं अपचारी बालक उम्र 16 साल निवासी ग्राम गढ़ी मोहल्ला रेहटी गुराद खेड़ा थाना रेहटी जिला सीहोर मध्य प्रदेश को पकड़े जिनके बैगो का तलाशी लेने पर आरोपियों के कब्जे से कुल 12.300 किलोग्राम मादक पदार्थ गांजा कीमती 12300 रुपया एवं एक नग मोबाइल को जप्त कर आरोपियों को धारा एनडीपीएस एक्ट का पाया जाने से 1 नफर आरोपी को गिरफ्तार कर और 1 नफर अपचारी बालक को निरुद्ध कर अपराध सदर कायम कर विवेचना में लिया गया है। आरोपी को न्यायिक रिमांड पर न्यायालय पेश किया गया है और अपचारी बालक को किशोर न्यायालय पेश किया गया है ।




## कांग्रेस का घोषणा पत्र भाजपा घोषणा पत्र की फोटोकॉपी : दिनेश कश्यप



**महिलाओं के लिए कांग्रेस के घोषणा पत्र में कुछ भी नहीं : शिवनारायण पांडे**

**जगदलपुर**, 5 नवंबर (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय में रविवार को आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान पूर्व सांसद एवं भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जनजाति मोर्चा के राष्ट्रीय कोषअध्यक्ष दिनेश कश्यप ने कहा कि कांग्रेस का घोषणा पत्र भारतीय जनता पार्टी के घोषणा पत्र की फोटोकॉपी है इसमें कुछ भी नया नहीं है। पिछले बार भी कांग्रेस ने किसानों का ऋण माफ नहीं किया था इस बार भी केवल किसानों को ऋण माफी का लालच दे रही है। पिछले 5 साल प्रदेश में विकास का कार्य ठप पड़ा रहा । कांग्रेस की सरकार झूठ पर झूठ बोलते आई है। जबकि भारतीय जनता पार्टी के घोषणा पत्र में प्रधानमंत्री की जनकल्याणकारी योजना की गारंटी है। कांग्रेस सरकार ?3200 प्रति कुंटल धान खरीदने के बाद तो कह रही है लेकिन क्या यह एक किस्त में देगी जबकि किसान न्याय योजना का उल्लेख भी घोषणा पत्र में नहीं है। भारतीय जनता पार्टी ने एक किस्त में ?3100 समर्थन मूल्य पर धान खरीदने की गारंटी दी है। पत्रकार वार्ता में उपस्थित शिवनारायण पांडे ने कहा कि कांग्रेस के घोषणा पत्र में महिलाओं के लिए कुछ भी नहीं है जबकि भारतीय जनता पार्टी के घोषणा पत्र में सभी विवाहित महिला को ?12000 प्रति वर्ष देने की गारंटी दी गई है। उन्होंने कहा कि तेंदूपत्ता की खरीदी 5500 मानक बोरा खरीदी जाएगी और ?4000 बोनस के साथ ही चरण पादुका एवं छात्रवृत्ति जैसी सुविधाएं भी हितग्राहियों को प्रदान की जाएगी। भारतीय जनता पार्टी ने विश्व सहायता समूह को रेडी टू ईट का कार्य वितरण कर उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाने का कार्य किया था लेकिन कांग्रेस की सरकार ने रेडी ट्वीट का कार्य से छीनकर ठेकेदारों के हाथों दे दिया जिसके चलते कई स्व सहायता समूह बंद हो गए। भारतीय जनता पार्टी का घोषणा पत्र विकास का खाखा है जबकि कांग्रेस के घोषणा पत्र में केवल घोषणाएं ही हैं और कांग्रेस के घोषणा पत्र में आत्म बल की कमी नजर आ रही है। शराबबंदी को घोषणा पत्र से ही गायब कर दिया है। धोखा को भरोसा कह रहे हैं। पत्रकार वार्ता के दौरान प्रदेश प्रवक्ता संजय पांडे, पूर्व नगर अध्यक्ष राजेंद्र बाजपेई, उमाकांत सिंह, एल ईश्वर राव और आलोक अवस्थी उपस्थित थे।

## सेक्टर स्तरीय पुरुष क्रिकेट प्रतियोगिता में जीती पीजी कॉलेज जगदलपुर की टीम



**जगदलपुर**, 5 नवंबर (देशबन्धु)। प्रतियोगिता का फाइनल मैच रविवार को खेला गया जिसमें जगदलपुर की टीम विजेता रही। कांकेर की टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया , परंतु यह फैसला उनका गलत साबित हुआ। इस मैदान में जहा पर 100 रन बना पाना किसी भी टीम के लिए चुनौती थी वहीं जगदलपुर की टीम ने 156 रन केवल 4 विकेट खोकर बना दिया। जगदलपुर की सलामी साझेदारी 65 रनों की हुई जिसमें उत्कर्ष ठाकुर ने 23 और कैप्टन आदर्श ने 28 रनों का योगदान दिया। कांकेर की ओर से भूपेंद्र ने 2 विकेट लिए।

रनों का पीछा करने उतरी कांकेर की टीम ने शानदार शुरुवात देते हुए 115 रनों की सलामी साझेदारी रही लेकिन उसके बावजूद जगदलपुर की टीम ने वापसी करते हुए 26 रनों से जीत दर्ज किया, जिसमें डुमेंद्र शानदार गेंदबाजी करते हुए 2 विकेट लिए। कांकेर की ओर से तवकीर ने 50 और मयंक ने 51 रनों की पारी खेली। इस मैच के मैन ऑफ द मैच पलाश मंडल थे। इस प्रतियोगिता में बेस्ट बॉलर भूपेंद्र दरेंद्र एवम इस प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए पलाश मंडल को मैन ऑफ द सीरीज और बेस्ट बैट्समैन पलाश मंडल को सौंपा गया। आज के मैच के अंपायर सुनील एवम बलदेव और स्कोरर सुनील यादव थे। अंतर महाविद्यालय इन क्रिकेट प्रतियोगिता का हुआ समापन। पुरस्कार वितरण के मुख्य अतिथि शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय के कुलपति मनोज कुमार श्रीवास्तव, विशिष्ट अतिथि महाविद्यालय के पूर्व छात्र एवम् रणजी खिलाड़ी सौरभ मजूमदार, महाविद्यालय की पूर्व छात्रा एवम् इंडियन वूमेन फुटबाल एसोसिएशन से संबद्ध मुंबई नाइट फुटबाल क्लब की खिलाड़ी प्रियंका कश्यप रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ के इंदिरा ने की। प्रो. श्रीवास्तव ने कहा कि हार व जीत एक ही सिक्के के दो पहलु है। उन्होंने विजेता टीम को बधाई देते हुए कहा कि हारने वाले खिलाडियों को निराश नहीं होकर कमियों को दूर करना चाहिए तथा अगली बार ऐसी प्रतियोगिताओं में अपना दमखम दिखाकर लोहा मनवाना चाहिए। उन्होंने युवाओं को एक लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढने, खेलों के साथ शिक्षा में भी रुचि लेकर क्षेत्र का नाम रोशन करने का आह्वान किया। डॉ के इंदिरा ने युवाओं को खेलों के क्षेत्र में आगे बढने की बात कही। इस प्रतियोगिता में किए गए प्रदर्शन के आधार पर स्टेट लेवल और अंतर विश्वविद्यालय क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए टीम का चयन किया गया। चयनित खिलाड़ियों ने कुलपति से बेहतर खेल सुविधाओं के लिए निवेदन किया जिस पर कुलपति महोदय ने इन प्रतियोगिताओं से पूर्व कैंप आयोजित करवाने की घोषणा की। इसके साथ ही खिलाड़ियों को उच्च श्रेणी के प्रशिक्षक, जिम ट्रेनर एवम् फिजियोथेरपिस्ट उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि खेल सुविधाओं का अभाव नहीं होने दिया जाएगा, विश्वविद्यालय इसके लिए विशेष निधि उपलब्ध कराएगा। इस अवसर पर प्रतियोगिता के आयोजन समिति के सचिव डॉ. एनके सिंह, विधि विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. मोहन सोलंकी, लाइब्रेरियन डॉ. शोएब अंसारी उपस्थित रहे।

# भारत निर्वाचन आयोग के विशेष प्रेक्षकों के साथ मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी स्वीप कार्यक्रम में हुईं शामिल

**कोण्डागांव,** 5 नवंबर (देशबन्धु)। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा छत्तीसगढ़ के आगामी निर्वाचन 2023 के लिए नियुक्त विशेष सामान्य प्रेक्षक धर्मेन्द्र एस गंगवार, विशेष पुलिस प्रेक्षक अनिल कुमार शर्मा, विशेष व्यय प्रेक्षक भारत निर्वाचन आयोग राजेश टुटेजा, मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ रीना बाबा साहेब कंगाले, आईजी एवं नोडल अधिकारी सीआरपीएफ साकेत कुमार सिंह शनिवार को मतदाता जागरूकता हेतु जिला मुख्यालय स्थित विकासनगर स्टेडियम में आयोजित स्वीप कार्यक्रम में शामिल हुए। जहां उनके साथ कोण्डागांव जिले के सामान्य प्रेक्षक बालाजी दिगम्बर मंजूले, सूरज डी मांढरे, व्यय प्रेक्षक दिनेश कुमार जांगिड़ सहित कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक सोनी एवं पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार दौरान जिला पंचायत सीईओ एवं नोडल अधिकारी स्वीप प्रेमप्रकाश शर्मा एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

**सभी ने ली शत-प्रतिशत मतदान हेतु शपथ**

इस अवसर पर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ रीना बाबा साहेब कंगाले ने सभी को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन के लिए सभी को शपथ दिलाई। सभी ने निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ ली।



**मतदान हेतु हस्ताक्षर अभियान में शामिल हुए सभी प्रेक्षक**

कार्यक्रम में अतिथियों ने शत प्रतिशत मतदान अभियान के तहत हस्ताक्षर अभियान शामिल हुए और सभी को 7 नवम्बर को मतदान करने की अपील की। इस दौरान सभी ने मतदाता जागरूकता कार्यक्रम स्वीप के तहत आयोजित चित्रकला, मेहंदी एवं रंगोली प्रतियोगिता में कलाकारों द्वारा निर्मित कलाकृतियों का अवलोकन किया।

**नृत्य द्वारा बच्चों ने की मतदान की अपील**

इस अवसर पर स्कूली बच्चों द्वारा निर्वाचन की अपील करते हुए सभी को मतदान करने हेतु प्रेरित करने हेतु मनोरम नृत्य किया। प्रेक्षकों द्वारा जिले में संचालित मतदाता जागरूकता हेतु चलाये जा रहे अभियान की प्रसंशा करते हुए जिले के स्वीप आइकॉन भूतपूर्व सैनिक सूरज यादव, महिला आइकॉन डॉ जयमती कश्यप, सीनियर सिटीजन आईकॉन ऋषभ कुमार जैन, तृतीय लिंग समुदाय की आइकॉन के रूप में संतोषी बाई के साथ फोटो खिंचाई और सभी को बधाई दी। इस अवसर पर बड़ी संख्या में आम जन, स्कूली एवं महाविद्यालयीन बच्चे, युवोदय चैम्प्स स्वयंसेवक, महिलाएं, जिले के प्रतिभागी बच्चों एवं हर वर्ग के लोगों ने भाग लिया।

**युवोदय कोंडानार चैम्प्स के स्वयंसेवकों ने किया नुक्कड़ नाटक**

इस अवसर पर युवोदय कोंडानार चैम्प्स के स्वयंसेवकों ने मतदाता जागरूकता हेतु विशेष नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया। जिसमें सभी ने मतदान देने हेतु प्रेरित करते हुए अपने अधिकारों के प्रति लोगों को जागरूक किया। जिसकी सभी प्रेक्षकों ने पूरे मन से तारीफ की।

# रिसेकेला में 90 लोगों ने कांग्रेस प्रवेश किया

**सरायपाली,** 5 नवंबर (देशबन्धु)। सरायपाली विधानसभा क्षेत्र की कांग्रेस प्रत्याशी चातुरी नंद अपने जनसंपर्क अभियान के तहत केदुवा रिसेकेला बोदा कोसमपाली डुडूम चुआ राय पानी महुआ डीपा मोहन मुंडा बेहरा पालीपाली में जनसंपर्क कर कांग्रेस के पक्ष में वोट देने की अपील की चातुरी नन्द ने बताया कि वह कैसे इस मुकाम तक पहुँची उन्होंने बताया कि वह एक गरीब राजमिस्त्री की बेटी है जब वह कक्षा10 वी की पढ़ाई कर रही थी तो उनके पिता ने कहा कि बेटी मैं तुमको आगे की पढ़ाई का खर्च वहन नहीं कर सकता लेकिन मैं 10की परीक्षा अच्छे नम्बर से पास कर ली गर्मी की छुट्टी में ट्रैक्टर में गिट्टी रेती मिट्टी की ढुलाई का काम करने लगी साथ ही खेती किसानी के दिनों में खेत मेंरोपाई का काम भी किया बी एस सी करने के बाद शिक्षा कर्मी बन पिछले10 वर्षों से समाज सेवा कर रही हूँ कांग्रेस पार्टी ने मुझ पर विश्वास जताया है व एक गरीब मजदूर की बेटी को सरायपाली अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित सीट से विधायक पद का प्रत्याशी बनाया है सभी जगह ग्रामीणों एव युवा वर्ग के लोगों ने जोशीला स्वागत किया, इस दौरान कांग्रेस पार्टी की नीति रीति से प्रभावित होकर ग्राम रिसकेला के 90 युवाओं ने कांग्रेस प्रत्याशी के समक्ष कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ली, वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं ने युवाओं को कांग्रेस का गमछा पहना कर पार्टी में प्रवेश कराया, कार्यक्रम में कांग्रेस प्रत्याशी ने ग्रामीणों को सरकार की ओर से गरीब जनता के लिए चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी साथ ही कांग्रेस सरकार की घोषणा पत्र में किए गए घोषणा को ग्रामीणों को बताया।



जनसंपर्क कार्यक्रम में प्रमुख रूप से वरिष्ठ कांग्रेस नेता प्रदीप गुप्ता, श्रीराम मानिकपुरी, युवा कर्मठ कांग्रेस नेता हरदीप सिंह रैना, सुरेश भोई, परमानंद नायक, भरत मेश्राम, अरमान हुसैन, सुरेश पटेलघसिया सिदार फारम पटेल गोपबंधु पटेल महिला कांग्रेस से सीता पटेल, तिरीथ कुमारी, दीपांजलि बारिक, जयकुमारी नायक, लक्ष्मी साहू चांदनी मानिक पुरी शकुंतला मानिकपुरी आदि उपस्थित थे।

# भाजपा का कार्यकर्ता सम्मेलन लोकोत्सव मैदान में आयोजित

**स्टार प्रचारक असम के मुख्यमंत्री हेमंत विश्व शर्मा व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव होंगे शामिल**

**भाटापारा,** 5 नवंबर (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी का कार्यकर्ता सम्मेलन व भाटापारा क्षेत्र क्र. 46 के विधानसभा प्रत्याशी शिवरतन शर्मा के पक्ष मे प्रचार प्रसार हेतु आम सभा का आयोजन रविवार 5 नवंबर को सुबह 11= 30 बजे नगर के लोकोत्स्व मैदान में आयोजित है जिसमे मुख्य रुप से प्रदेश स्तर के स्टार प्रचारक असम के मुख्यमंत्री हेमंत विश्व शर्मा एवं प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष अरुण साव द्वारा छत्तीसगढ़ विधान सभा के लिये जारी भाजपा के घोषित घोषणा पत्र जिसमे मुख्य रुप से 3100 रुपये मे धान खरीदी, एक लाख सरकारी नौकरी, प्रति एकड 21 च्टिल धान खरीदी भूमिहीन मजदूरों का 10 हजार रुपये हर साल, महतारी वंदना योजना के अंतर्गत महिलाओं को हर वर्ष 12 हजार रुपये, 18 लाख गरीबों के लिये मकान, धान की राशि एकमुश्त, आयुष्मान भारत योजना के तहत 10 लाख तक मुफ्त इलाज बीपीएल परिवार मे बेटी के जन्म पर 1 50 लाख रुपये भर्ती घोटाले की जाँच बेरोजगार युवाओं के लिये नया उद्योग स्थापित कर उन्हें 50 प्रतिशत सब्सिडी के ब्याज मुफ्त राशि दी जायेगी, आदि जारी संगठन के घोषणा पत्रो का उल्लेख कार्यकर्ता सम्मेलन के सभा को संबोधित करते हुये करेंगे व उक्त जारी घोषणा पत्र को क्षेत्र के मतदाताओं तक पहुंचाने का भी टिप्स देंगे उक्त आयोजन को लेकर भाटापारा विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशी शिवरतन शर्मा ने समस्त नागरिकों व कार्यकर्ताओं से उक्त सभा में पहुंचने की अपील की है।।

# शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला छड़िया में हुआ सुरक्षित शनिवार कार्यक्रम

**खरोरा,** 5 नवंबर (देशबन्धु)। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला छड़िया, संकुल केंद्र पचरी, विकासखंड तिल्दा नेवरा, जिला रायपुर में सुरक्षित शनिवार के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमेंआज का थीम च्अंधविश्वास के प्रति जागरूकता के संबंध में जानकारीज्ज जानकारियां साझा की गई। छात्रा भारती, दिया वर्मा, हिना, लिली, तान्या, हिमेश महिलांग, शुभम कोसले, चेतना, राशि, साजिका, शिवम, गजेंद्र, गौतम, लकी रात्रिआदि ने बताया कि अन्धविश्वास बहुत ही बुरी चीज होती है क्योंकि इसकी जड़ें अज्ञानता में फैली होती हैं। यह हमारे भय, निराशा, असहायता व ज्ञान की कमी को दर्शाता है। यह बहुत ही दुखद है की बहुत से पढ़े-लिखे लोग भी अंधविश्वासों में जकड़े होते हैं। इस ज्ञान और विज्ञान के युग में यह हमारी बौद्धिक निर्धनता को दिखाता है।



यह बहुत ही मूर्खतापूर्ण है की जब इंसान किसी बात को समझ नहीं पाता है तो वह उस चीज के लिए अंधविश्वासी हो जाता है। हम इन्हें दैवीय कारण समझकर डरने लगते हैं। प्रधान पाठक एस के देवांगन ने कहा बहुत से अंधविश्वास बहुत ही हास्यास्पद बन जाते हैं, जैसे कि 13 नंबर को अशुभ माना जाता है या कोई छींक दे तो यात्रा के लिए मत जाओ। इसी प्रकार बिल्ली के रास्ता काटने से माना जाता है की कुछ बुरा होने वाला है। उल्लू की आवाज़ या भेड़िये की आवाज़ सुनकर अनहोनी की आशंका करना, यह सब अंधविश्वास के कारण हैं।

शिक्षक धीरेंद्र वर्मा ने बताया किअंधविश्वास किसी विशेष समाज या देश से नहीं जुड़े हैं बल्कि यह हर जगह पाए जाते हैं। अंधविश्वास में आस्था रखने वालों में अधिकतर गरीब, अनपढ़ व निचले तबके के लोग हैं। हम वैज्ञानिक सोच का प्रचार-प्रसार करके अंधविश्वासों में कमी ला सकते हैं। कारण व तथ्यों की मदद से सभी अनसुलझे रहस्यों को सुलझाया जा सकता है और अंधविश्वास की जड़ों पर प्रहार किया जा सकता है। सरपंच आशीष वर्मा तथा शाला प्रबंधन विकास समिति के अध्यक्ष हेमलाल बर्मन ने संयुक्त रूप से कहा कि अंधविश्वास हमें एक ही समय में हंसाने और रुलाने, दोनों का ही कार्य करता है। इसका सुधार सिर्फ लोगों में शिक्षा और ज्ञान के प्रचार द्वारा किया जा सकता है।

# न्यायमूर्ति रजनी दुबे ने किया जिला न्यायालय का निरीक्षण

**महासमुंद,** 4 नवंबर (देशबंधु)। जिला एवं सत्र न्यायालय महासमुंद के पोर्टफोलियो न्यायाधीश, न्यायमूर्ति श्रीमती रजनी दुबे उच्च न्यायालय बिलासपुर के द्वारा वार्षिक निरीक्षण किया गया । उक्त वार्षिक निरीक्षण में न्यायमूर्ति के साथ बीपी वर्मा, रजिस्ट्रार आई एण्ड ई छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय बिलासपुर उपस्थित थे। न्यायमूर्ति द्वारा जिला मुख्यालय महासमुन्द के सभी न्यायालय कक्ष, पंजीयन शाखा, व्हीसी कक्ष, प्राथमिक उपचार केन्द्र, किलकारी कक्ष, कम्प्यूटर अनुभाग, रिकार्ड कक्ष, मालखाना कक्ष सहित समस्त अनुभागों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान दस्तावेज का उचित निर्धारण एवं रख रखाव संबंधी संबंधित कर्मचारियों को उचित निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान न्यायमूर्ति महोदया द्वारा न्यायालय परिसर के विभिन्न निर्माणाधीन कार्यों का भी जायजा लिया गया। वे जिला अधिवक्ता संघ द्वारा आयोजित सम्मान कार्यक्रम में सम्मिलित हुई। न्यायालयों के निरीक्षण पश्चात सभी न्यायिक अधिकारियों की बैठक लेकर विभिन्न लंबित प्रकरणों के यथाशीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। इस संबंध में सभी न्यायिक



अधिकारियों को पुराने प्रकरणों एवं वरिष्ठ नागरिकों के प्रकरणों के शीघ्रता से निराकरण करने हेतु निर्देशित किया गया। इसके अलावा माननीय उच्चतम न्यायालय एवं माननीय उच्च न्यायालय से समय.सीमा निर्धारित प्रकरणों का उच्च प्राथमिकता के आधार पर निराकरण करने निर्देशित किया गया। न्यायामूर्ति द्वारा निरीक्षण के दौरान न्यायालय परिसरों के साफसफाई पर सराहना व्यक्त किया तथा आगे भी न्यायालय परिसरों को स्वच्छता बनाए रखने के निर्देष दिए।

निरीक्षण के दौरान जिला एवं सत्र न्यायाधीश भीष्म प्रसाद पाण्डेय, कुटुम्ब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश रामजीवन देवांगन, अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीमती योगिता विनय वासनिक, द्वितीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनिल कुमार पाण्डेय, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट महासमुन्द सुश्री चित्रलेखा सोनवानी, सिविल न्यायाधीष श्रीमती अदिति ठाकुर सराफ जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव दामोदर प्रसाद चंद्रा, सिविल न्यायाधीश राहुल सराफ कु योगिता जांगडे, प्रशिशु सिविल न्यायाधीश सुश्री खुशबू जैन एवं प्रशासनिक अधिकारी जेडी बारसे सहित समस्त न्यायालयीन कर्मचारीगण उपस्थित रहे ।

# भाटापारा जिला से 37 वें नेशनल वूशु गेम्स के लिए बिंदु पैकरा का चयन

**भाटापारा,** 5 नवंबर (देशबन्धु)। सरकार द्वारा आयोजित 37 वा नेशनल गेम्स का आयोजन पुणे में किया गया था जिसमें चैंपियन मार्शल आर्ट एकेडमी जिला बलोदा बाजार भाटापारा से छात्र बिंदु पैकरा ने चालीफाई किया और गोवा नेशनल खेलने हेतु चयनित किया गया चैंपियन मार्शल आर्ट एकेडमी में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही बिंदु पैकरा ने पैकरा समाज और कसडोल विकासखंड खेल प्रभारी आलोक मिश्रा एवम जिला कराटे संघ सचिव ऋषभ सिंह चौहान के नेतृत्व में 18+ एज ग्रुप के -50 किलो कैटेगरी में स्वर्ण पदक प्राप्त कर अपने समाज जिला बलौदबाजार- भाटापारा एवम विकासखंड कसडोल का नाम ऊंचा किया।



छात्र बिंदु पैकरा की उपलब्धि पर पैकरा समाज के अध्यक्ष सचिव कोषाध्यक्ष एवम समाज के सदस्यों का बहुत बड़ा योगदान रहा।

पैकरा समाज एवम चैंपियन मार्शल आर्ट एकेडमी सचिव नेमीचंद साहू कोषाध्यक्ष योगेश कुर्रे प्रबंधक विक्रम सिंह चौहान उपाध्यक्ष हिमांशु ध्रुव सह-सचिव महेश राजपूत एकेडमी प्रशिक्षक धनंजय पांडे, हर्ष देवांगन, यशवंत साहू, प्रतीक द्विवेदी विपिन साहू, गौरव साहू ने उनकी इस उपलब्धि की सराहना करते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

# आबकारी अमले ने जप्त की अवैध शराब



**धमतरी,** 5 नवंबर (देशबन्धु)।कलेक्टर ऋतुराज रघुवंशी के निर्देश और जिला आबकारी अधिकारी श्री प्रभाकर शर्मा के मार्गदर्शन में जिले में अवैध शराब के विरुद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में गत दिनों आबकारी अमला द्वारा 1 गैर जमानतीय प्रकरण कायम किया गया, जिसमें जप्त मदिरा - 30 पाव देशी प्लेन, 14 पाव मसाला एवं 3 नग हंटर बीयर (कुल 47 नग) शामिल है। साथ ही आरोपी दानीटोला वार्ड निवासी 47 वर्षीय आसकरण साहू के विरुद्ध प्रकरण- 34(2),59(क) पंजीबद्ध किया गया। कार्यवाही के दौरान आबकारी उप निरीक्षक निशांत साधु, प्रद्युमन नेताम सहित आबकारी अमला मौजूद रहा।

# मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने विपरीत परिस्थितियों में भी छग का चहुमुंखी विकास किया

**सरायपाली,** 5 नवंबर (देशबन्धु)। ओडिशा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पूर्व सांसद शरद पटनायक ने ग्राम केदुवा में आयोजित सभा में कहा कि छग में भूपेश बघेल ने विपरीत परिस्थितियों में भी चहुमुंखी विकास किया है किसानों का धान 20 च्टिल प्रति एकड़ खरीद रही है 28 सौ रुपये कीमत हिंदुस्तान के किसी भी प्रदेश में नहीं है मजदूरों युवाओं अनुसूचित जाति जनजाति सभी का ख्याल रखने वाली सरकार है चातुरी नन्द को पंजा छाप में बटन दबा कर विजयी बनाये ताकि फिर से भूपेश बघेल मुख्यमंत्री बन सके उन्होंने कहा कि हमारे राज्य में धान की कीमत 21 सौ रुपये के आसपास है छ ग म प्र राजस्थान तेलंगाना व मिजोरम में कांग्रेस जीत रही है 2024 में लोकसभा



चुनाव में भी इंडिया गठबंधन की भारी जीत होगी राहुल गांधी देश के प्रधानमंत्री बनेगे शरदपटनायक ने उपस्थित जन समूह से पुछा की 15 लाख रुपये मिले हर साल2 करोड़ नौकरी का वादा किया था किसी को नौकरी मिली क्या सभी लोगों ने एक स्वर से कहा कि नहीं भाजपा ने 2 साल का बोनस किसानों को नहीं दिया आदिवासियों को जर्सी गाय देने का वादा किया था किसी को नहीं मिला भाजपा के लोग झूठ बोलने का काम करते हैं सभा को ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष पुष्पेंद्र पटेल विश्वनाथ नायक भगत राम बरीहा हरदीपसिंह रैना कांग्रेस की प्रत्याशी चातुरी नन्द ने भी संबोधित किया कार्यक्रम का संचालन तेज राम पटेल ने किया आभार प्रकट अमृत पटेल ने किया कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में बिजाती पाली केदुवा तिलई पाली जलपुर रिसेकेला पलसापाली कोसम पाली पाट सेन्द्री बिरकोल आदि के कांग्रेस के कार्यकर्ताओं की उपस्थिति थी

## प्रादेशिकी का शेष...

### चोरी के वारदातों को अंजाम...

समक्ष पेश कर पुलिस रिमांड प्राप्त किया गया। जिस पश्चात् आरोपी केशव कवि के निशानदेही पर थाना कोतवाली एवं बोधघाट की टीम को अन्य 08 मामलो में चोरी गई जिसमें दो मोटर सायकल, सोने चांदी के आभुषण, मोबाईल, कैमरा व नगदी रकम कुल कीमती-4,16,500/-रूपये में से दो मोटर सायकल, सोने चांदी के आभुषण, मोबाईल, कैमरा व नगदी रकम कुल कीमती रूपये 3,14,850/- की संपत्ति बरामद करने में तथा उसके दोनों साथियों को गिरफ्तार करने में सफलता मिली है। आरोपी केशव कवि के साथ चोरी में शामिल प्रवीण सिंह परिहार और विधि से संघर्षरत् बालक ने पुछताछ में आरोपी केशव कवि के बताये अनुसार चोरी करना और चोरी से मिले रूपयों को आपस में बांटना स्वीकार किया है जिनसे चोरी से अर्जित रकम में से बचे हुये रकम को जप्त किया गया है। मामले में केशव कवि एवं प्रवीण परिहार को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा जा रहा है तथा विधि संघर्षरत् बालक को निरूद्ध कर माननीय किशोर न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। थाना कोतवाली को एक अन्य चोरी के मामले में एक मोबाईल चोर बनमाली बघेल पिता दासरथी बघेल उम्र 29 साल नि0 ग्राम छोटेदेवड़ा गदियापारा, थाना बस्तर जिला बस्तर (छ0ग0) को 24 घंटे के भीतर पकड़ने एवं उससे चोरी की टच स्क्रीन वीवो कंपनी मोबाईल अनुमानित कीमत लगभग 15,000/-रूपये को बरामद करने में सफलता मिली है। आरोपी बनमाली बघेल को विधिवत् गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया ।

# आरंग के राजा महर की बेटी थी चंदा

**लोरिक चंदा प्रेम गाथा का आठ राज्यों में होता है मंचन**

**आरंग,** 5 नवंबर (देशबन्धु)। लैला-मजनू, हीर-रांझा की तरह लोरिक चंदा भी एक प्रेम गाथा है। जानकार बताते हैं इस प्रेम गाथा का मंचन देश के आठ राज्यों में होता है। इस प्रेम गाथा के नायक लोरिक का संबंध आरंग के रीवांगढ़ से माना जाता है। वहीं नायिका चंदा आरंग के राजा महर की बेटी थी। इस गाथा के अनुसार आरंग पहले गौरागढ़ कहलाता था। लोरिक एक चरवाहा गवाला था और राजा महर की बेटी चंदा एक राजकुमारी। चंदा का विवाह बाल्यावस्था में ही राजा बोडरसाय के पुत्र बावन के साथ हुआ था। किसी कारणों से बावन घर छोड़कर वन चला जाता है। इसी बीच राजा महर का बोडरसाय के पास चंदा का गौना कराने का संदेश आता है।

तभी बावन के पिता बोड़रसाय ने गौना के लिए बावन के जगह लोरिक को गौना के लिए भेज देता है। जो पहले से ही विवाहित रहता है। गौना के दरम्यान लोरिक और चंदा को एक दूसरे को देखते ही प्रेम हो जाता है। और चंदा



लोरिक को मन ही मन अपना पति मान लेती है। जब इस बात की जानकारी चंदा के पिता राजा महर को होती है तो वह क्रोधित होकर चंदा को वापस लाकर सैनिकों का पहरा लगा देता है। तभी लोरिक के प्रेम के वियोग में व्याकुल चंदा किसी तरह गांव की एक मल्लिन दाई को लोरिक से मिलाने के बदले पांच मोहर देने को कहती है। लालच में आकर मल्लिन दाई लोरिक को बुलाने बारहपाली का बाजार जाती है। वहां बाजार में लोरिक नशे में धुत्त पड़ा रहता है। तभी गाय दूहने के बहाने मल्लिन दाई लोरिक को बुलाकर ले आती है जब लोरिक गौशाला में पहुंचते है तो राजकुमारी चंदा को देखकर आश्चर्य में पड़ जाता है। तभी लोरिक और चंदा पासा (चौपड़) खेलते हैं। पासा में यह शर्त होती है कि हारने वाले को जीतने वाले की बात माननी होगी। लोरिक पासे में हार जाता है। इसी बीच अचानक लोरिक की पत्नी दौना मांझर वहां पहुंच जाती है। चंदा और दौना मांझर के बीच झगड़ा होती है। तभी चंदा कसम खाती है कि यदि वह लोरिक को 12 साल के लिए भगाकर नहीं ले गई तो वह राजा महर की बेटी राजकुमारी चंदा नहीं। इसके बाद दोनों लोरिक और चंदा कौरव नगर (कलकत्ता) चले जाते हैं जहां लोरिक एक विशाल सेना खड़ा कर उत्तर भारत में अपना साम्राज्य स्थापित कर लेता।

# कोण्डागांव में त्रिकोणीय मुकाबले के आसार

**कोण्डागांव,** 5 नवम्बर (देशबन्धु)। विधानसभा कोण्डागांव में चुनाव प्रचार जोर-शोर से चल रहा, चुनाव में भाजपा कांग्रेस के दो पूर्व मंत्रियों के सामने भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के प्रत्याशी ताल ठोक रहे। जिसके कारण कोंडागांव विधानसभा में त्रिकोणीय स्थिति निर्मित हो रहा, और पूर्व मंत्रियों की प्रतिष्ठा दाव पर लगी है। क्योंकि भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी का प्रत्याशी भाजपा कांग्रेस प्रत्याशियों को कड़ी टक्कर दे रहा, कोंडागांव विधानसभा क्षेत्र में स्थानीय समस्याओं की अंबर है और मतदाता दोनों ही प्रमुख पार्टियों से नाराज चल रहे हैं ऐसी स्थिति में कोंडागांव क्षेत्र के मतदाता तीसरी विकल्प की तलाश में है। जहां शहर में भाजपा और कांग्रेस में सीधी टक्कर देखने को मिल रहा है वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में भाजपा और कांग्रेस को भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी का प्रत्याशी टक्कर दे रहा, निर्दलीय प्रत्याशी बुधसिंह नेताम कांग्रेस और भाजपा को काफी नुकसान पहुंचा रहे हैं। वही जयप्रकाश अपने परंपरागत वोट बैंक के आधार पर मुकाबला को त्रिकोणीय बना रहे हैं कुल मिलाकर मतदान को कुछ ही दिन बचे हैं, अब देखना है कोण्डागांव क्षेत्र की मतदाता किसको अपना विधायक चुनती है।

# मतदाताओं की खामोशी के बीच उम्मीदवारों का छूटा पसीना

**दंतेवाड़ा,** 5 नवंबर (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव के इस राजनीतिक मौसम में मतदाताओं की खामोशी के बीच उम्मीदवारों के पसीने छूटते रहे। प्रचार का दौर आज शाम खत्म हो गया। पहली बार दंतेवाड़ा में विधानसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस-भाजपा अथवा किसी अन्य राजनैतिक दल से कोई भी स्टार प्रचारक यहां झांकने भी नहीं पहुंचा। उम्मीदवार और कार्यकर्ता भगवान भरोसे चुनावी प्रचार में डटे रहे।




273 वाले मतदान केन्द्रो तथा 1 लाख 92 हजार 323 मतदाता वाले इस दंतेवाड़ा विधानसभा में परिणाम किसके पक्ष में होगा, अभी कोई कहने की स्थिति में नहीं है। गांव और शहर दोनों जगह मतदाता बंट गए हैं और कांग्रेस-भाजपा के सीधे मुकाबले के बीच खामोशी से अपनी मानसिकता बनाए हुए हैं। कांग्रेस ने जहां चारों ब्लाक दंतेवाड़ा, कटेकल्याण, कुआकोंडा और गीदम के ग्रामीण क्षेत्रों में जमकर उपस्थिति दिखाई, तो भाजपा ने शहरों में अपनी परम्परागत मतदाताओं के बीच लगातार मौजूदगी दिखाई। भाजपा का घोषणा पत्र दो दिन पहले तो कांग्रेस का आज घोषित हुआ। दोनों ही घोषणा पत्र में धान, किसान, युवा, स्वास्थ्य, शिक्षा, नौकरी और महिलाओं की तरक्की का जिक्र है। दंतेवाड़ा विधानसभा में इन घोषणा पत्रों का असर बेहद कम होता है। यहां मतदाता मतदान के ठीक आखिरी समय में अपना मूड बनाता है और वोटिंग करता है।

- ठंड में भी गरम रही दंतेवाड़ा की राजनीति
- कांग्रेस-भाजपा में सीधा मुकाबला
- ग्रामीण इलाकों में कांग्रेस तो भाजपा शहर में सिमटी
- प्रदेश और केन्द्र सरकार के नाम पर हुआ प्रचार

राजनीतिक दल चुनावी शोर-शराबे के बीच ग्रामीणों के बीच पहुंचते रहे, लेकिन सब की सुनने वाले ग्रामीण खामोश रहे। इस खामोशी से ही राजनीतिक दलों की चिंता बढ़ी हुई है। कांग्रेस से यहां छविन्द्र कर्मा, भाजपा से चैतराम अटामी, सीपीआई से भीमसेन मंडावी, जोगी कांग्रेस से बेला तेलाम, आम आदमी पार्टी से बल्लू भवानी, निर्दलीय अमूलकर नाग और बसपा से केशव नेताम अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। चर्चा में केवल कांग्रेस और भाजपा के उम्मीदवार हैं। जन संपर्क के हिसाब से कांग्रेस-भाजपा ने काफी मेहनत की, तो आम आदमी पार्टी ने इनके परम्परागत वोट बैंक पर सेंध लगायी। संसाधनों की कमी का रोना भाजपा आखिर तक रोती रही, जबकि कांग्रेस हर मतदाताओं तक पहुंचने की पूरजोर कोशिश में रही। कांग्रेस में युकां ने जैसी सक्रियता दिखाई, भाजपा में भाजयुमो का वैसा उत्साह नहीं दिखा। विकास के मुद्दे पर कांग्रेस ने अपनी बात पहुंचायी, जिसका असर दिखेगा। स्टार प्रचारकों ने पड़ोसी जिले के बीजापुर और सुकमा विधानसभा में अपनी मौजूदगी दिखाई, वहीं दंतेवाड़ा में यह चुनाव स्टार प्रचारक विहीन रहा। नक्सल दहशत को इसका कारण माना जा सकता है।

प्रदेश सरकार की योजनाएं जहां कांग्रेस को उनका अपेक्षित परिणाम दिला सकता है, तो भाजपा को केन्द्र सरकार की योजनाओं का सहारा है। पूरे चुनाव प्रचार में दोनों ही दलों ने एक-दूसरे के खिलाफ कोई नकारात्मक प्रचार नहीं किया। यह दंतेवाड़ा में लोकतंत्र की खूबसूरती का एक शानदार उदाहरण है।

# थम गया प्रचार, सभा व जुलूस पर पाबंदी

**दंतेवाड़ा,** 5 नवंबर (देशबन्धु)। जिला कार्यालय के सभा कक्ष में आज मतदान समाप्ति के 48 घंटे पूर्व होने वाली चुनावी प्रक्रिया पर प्रतिबंध के संबंध में बैठक का आयोजन किया गया था।

बैठक में अपर कलेक्टर संजय कन्नौजे द्वारा निर्देशित किया गया कि भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली द्वारा विधानसभा निर्वाचन 2023 हेतु विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 88-दंतेवाड़ा में मतदान दिवस 7 नवंबर समय प्रात: 7 बजे से अपराह्न 3 बजे का समय अधिसूचित किया गया है। लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 126 अनुसार मतदान की समाप्ति से 48 घण्टे पूर्व अर्थात दिनांक 5 नवम्बर अपराह्न 3 बजे से है। इसके अनुसार मतदान क्षेत्र में मतदान समाप्ति के लिए निर्धारित समय के साथ समाप्त होने वाली 48 घंटों की अवधि के दौरान किसी भी प्रकार के वाहनों पर या किसी भी अन्य तरीके से लगे लाउडस्पीकर का उपयोग करने की अनुमति नहीं होगी। साथ ही मतदान बंद होने से 48 घंटे पहले, चुनाव वाले निर्वाचन क्षेत्र में राजनीतिक पदाधिकारियों के, जो उस क्षेत्र के मतदाता नहीं हैं, के रहने पर प्रतिबंधित होगा। विश्राम गृह के कमरे किसी भी व्यक्ति को अंतिम 48 घंटे में आबंटित नहीं किए जाएंगे।




- जिले से बाहर चले जायेंगे बाहरी प्रचारक
- मतदान समाप्ति के 48 घंटे पूर्व होने वाली प्रतिबंध के संबंध में बैठक

सभी दलों और उम्मीदवारों को मतदान समाप्ति के लिए निर्धारित समय के साथ समाप्त होने वाली 48 घण्टों की अवधि के दौरान सार्वजनिक सभा एवं जुलूस का आयोजन नहीं किया जाएगा। साथ ही इन प्रतिबंधों के उल्लंघन पर समुचित वैधानिक कार्यवाही की जायेगी। इसके अलावा बैठक में मतदान केन्द्रों के 100 मीटर के दायरे में लगे बैनर पोस्टर को भी हटाने के लिए संपत्ति विरूपण टीम, एसएसटी एवं एफएसटी तथा वीएसटी टीम को कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया गया। इस बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी सुरेन्द्र ठाकुर, रिटर्निंग अधिकारी शिवनाथ बघेल सहित चुनावी दायित्व से जुड़े अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।

## बीएसएफ जवान की हैण्ड ग्रेनेड फटने से मौत

**दंतेवाड़ा,** 5 नवंबर (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव ड्यूटी में पहुंचे बीएसएफ जवान की आज हैण्ड ग्रेनेड फटने से मौत हो गई। यह घटना कटेकल्याण थाना परिसर में हुई। विधानसभा चुनाव हेतु रूकी फोर्स आज बीएसएफ सी/70 चार्ली कंपनी सर्चिंग के लिए निकल रही थी। इस फोर्स में जवान हेड कांस्टेबल हिमाचल प्रदेश निवासी बलबीर चंद भी शामिल था। इसकी पोच में रखा हेड ग्रेनेड अचानक फट गया। जवान गंभीर रूप से घायल हो गया। उपचार हेतु एंबुलेंस से दंतेवाड़ा अस्पताल लाया गया। यहां डॉक्टरों ने जांच की तो जवान की मौत हो चुकी थी। चुनाव के दौरान यह पहला हादसा है।

## एक्जिट पोल के सर्वेक्षण व प्रसारण पर लगा प्रतिबंध

**कोण्डागांव,** 5 नवम्बर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक सोनी ने विधानसभा निर्वाचन 2023 के तहत प्रथम चरण में 7 नवंबर को होने वाले मतदान को देखते हुए जिले में एक्जिट पोल के सर्वेक्षण और प्रसारण पर प्रतिबंध लगा दिया है। उन्होंने मंगलवार 07 नवम्बर सुबह 07.00 बजे से गुरुवार 30 नवम्बर 2023 को शाम 06.30 बजे के बीच की अवधि में किसी भी प्रकार के एग्जिट पोल का आयोजन करने तथा प्रिंट या इलेक्ट्रॉनिक मीडिया द्वारा इसके परिणाम के प्रकाशन या प्रचार अथवा किसी भी अन्य तरीके से उसका प्रचार-प्रसार करने पर प्रतिबंध होगा।

# मतदान दलों व माइक्रो ऑब्जर्वर का किया गया तृतीय रेंडमाईजेशन



**जगदलपुर,** 5 नवम्बर (देशबन्धु)। विधानसभा निर्वाचन 2023 के तीनों विधानसभा और आंशिक नारायणपुर निर्वाचन क्षेत्र के तहत जिले में सामान्य, संगवारी मतदान केंद्रों में मतदान करवाने वाले दलों का और माइक्रो ऑब्जर्वर का तृतीय रेन्डमाईजेशन किया गया। जिले के तीनों विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के प्रेक्षक सुब्रत गुप्ता, आरएच ठाकरे, सुदेश कुमार मोखटा की उपस्थिति में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विजय दयाराम के. मार्गदर्शन में किया गया। जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्र में 781 मतदान केंद्र है जिसमें 30 संगवारी, 3 युवा और 3 दिव्यांग मतदान केंद्र के लिए चिन्हाकित किया गया है। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत प्रकाश सर्वे, अपर कलेक्टर सीपी बघेल, उप जिला निर्वाचन अधिकारी हितेश बघेल, तीनों विधानसभा क्षेत्र के रिटर्निंग अधिकारी सहित निर्वाचन कार्यालय के अधिकारी उपस्थित थे।

# शत-प्रतिशत मतदान के संकल्प की गूंज



**दंतेवाड़ा,** 5 नवंबर (देशबन्धु)। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम स्वीप के तहत जिले के शासकीय विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने कार्यक्रम से जुड़कर मतदाता जागरूकता में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभायी।

- वोट पंडूम व चुनई चिरई के साथ रैलियों का दौर
- स्वीप में कॉलेज छात्रों की महत्वपूर्ण भूमिका

इसी क्रम में ग्राम बड़े लखापाल, गाटम, कोरकोटी, बचेली, किरंदुल, में रंगोली, पोस्टर, चित्रकला, जागरूकता रैली के माध्यम से गांव-गांव में ग्रामीण जनों को वोटिंग का महत्व बताया। आश्रम की उत्साही छात्राओं ने मतदाता जागरूकता संबंधी मनमोहक रंगोली, चित्रकला एवं पोस्टर बनाकर लोगों को मतदान की महत्ता समझाई। मालूम हो कि इन छात्र-छात्राओं द्वारा रंगोली और चित्रकला में वोट पंडूम और चुनई चिरई प्रतीक को आकर्षक रंगों से सजाने के अलावा निकाली गयी रैलियों में पोस्टर और तख्तियों में मतदान जागरूकता नारे और स्लोगन लिखकर शत-प्रतिशत मतदान का नारा बुलंद किया गया। ग्रामीणों ने भी उत्साहपूर्वक इन रैलियों में भाग लेकर मतदान मे भागीदारी सुनिश्चित करने की शपथ ली।

# मतदान दलों को तृतीय व अंतिम चरण का प्रशिक्षण

## 7 के मतदान के लिए दी गई अहम जानकारी



**दंतेवाड़ा,** 5 नवंबर (देशबन्धु)। जिला मुख्यालय के स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में मतदान दलों को तृतीय एवं अंतिम चरण का प्रशिक्षण दिया गया। मालूम हो कि इसके पूर्व प्रथम और द्वितीय चरण के प्रशिक्षण में सभी जिले के समस्त पीठासीन तथा सेक्टर अधिकारियों, मतदान दल के कर्मचारियों को मतदान प्रक्रिया के बारीकियों, ईव्हीएम तथा व्हीव्हीपेट हैंड्स ऑन, मतदान प्रक्रिया के पूर्व की तैयारी, मॉकपोल, मॉकपोल के पश्चात सीआरसी अर्थात क्लोज, रिजल्ट एवं क्लीयर की प्रक्रिया तथा मतदान प्रक्रिया सम्पादन और मतदान समाप्ति के बाद ईव्हीएम को क्लोज करना एवं सीलिंग प्रक्रिया, विभिन्न प्रपत्रों को परिपूरित करना, मतपत्र लेखा, परिनियत एवं अपरिनियत लिफाफों को भरे जाने सम्बन्धी के बारे में विस्तारपूर्वक और प्रायोगिक माध्यम से दलों को प्रशिक्षित किया गया था। इस दौरान उपस्थित मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री कुमार बिश्वरंजन ने पीठासीन तथा सेक्टर अधिकारियों से उनके मतदान स्थल, प्रारंभिक मतदान प्रक्रिया, के संबंध में जानकारी ली और उन्हें सफलतापूर्वक मतदान संपादन करने के लिए निर्देशित किया।

# आईटीआई में विधिक साक्षरता शिविर आयोजित कर दी गई नि:शुल्क विधिक जानकारी

**कोण्डागांव,** 5 नवम्बर (देशबन्धु)। उतरा कुमार कश्यप जिला एवं सत्र न्यायाधीश/ अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव के आदेशानुसार एवं अम्बा साह सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव, श्रीमती अंजली सिंह न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी केशकाल के मार्गदर्शन में तथा श्रीमती मनीषा तिवारी रिटेनर अधिवक्ता तालुका केशकाल के नेतृत्व में निश्शुल्क विधिक सलाह की जानकारी दी गई। जिसमें महिलाओं के विरुद्ध हिंसा को समाप्त करने एवं उनको हिंसा से संरक्षण प्रदान करने के लिए सखी वन स्टाफ सेन्टर के बारे में बताया गया। साथ ही महिलाओं एवं बच्चों की सुरक्षा प्रदान करने के लिए चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098, अभिव्यक्ति ऐप के बारे में जानकारी दी गई। महिलाओं एवं बच्चों के साथ लैंगिक यौन शोषण से सम्बंधित घटना होती है तो अभिव्यक्ति ऐप के माध्यम से नजदीकी पुलिस सहायता के लिए तत्काल पहूंचेगी इसकी जानकारी दी गई। बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2अन्तरगत 006 एवं नियम 2007 के यदि कोई वयस्क पुरूष जो 21 वर्ष से अधिक आयु का है और बाल विवाह करता है,या विवाह में सहयोग करता है, बाल विवाह को बढ़ावा देता है तो उसे 2 वर्ष का कठोर कारावास एवं 1,00,000 रूपए से दंडित के बारे में बताया गया। मानव तस्करी, कार्यस्थल पर महिलाओं के लैंगिक उत्पीडन की शिकायतों के निवारण के लिए जागरूक किया गया। पीएलवी लैला मरकाम थाना विश्रामपुरी, पीएलवी अमृतलाल नरेटी थाना केशकाल, पीएलवी रंजन बैध थाना इरागांव,आई टी आई के स्टाफ उपस्थित रहे।



# व्यय प्रेक्षक डॉ. जांगिड द्वारा किया गया पौधरोपण

**कोण्डागांव,** 5 नवम्बर (देशबन्धु)। कोण्डागांव विधानसभा निर्वाचन 2023 के लिए कोण्डागांव में तैनात व्यय प्रेक्षक भारतीय राजस्व सेवा अधिकारी डॉ दिनेश कुमार जांगिड द्वारा पुराने सर्किट हाउस में सात पौधों को पौधरोपण किया गया। डॉ जांगिड दिल्ली में कस्टम विभाग में संयुक्त आयुक्त के रूप में पदस्थापित हैं और 13 अक्टूबर 2023 से कोण्डागांव में व्यय प्रेक्षक के रूप में तैनात रहते हुए पुराने विश्राम गृह में निवास कर रहे हैं।

डॉ जांगिड ने बताया कि जब वे इस विश्राम गृह में आये तो उन्होंने विश्राम गृह का पिछला हिस्सा देखा जो बहुत ही गंदा था। यहां कूडा करकट, पत्थर, सड़े गले पौधे आदि थे जिसके कारण व्यक्ति वहां खड़ा भी नहीं रह सकता था। सबसे पहले डॉ जांगिड ने सुबह शाम स्वयं श्रमदान किया और अपनी टीम से भी श्रमदान करवा कर पीछे के गार्डन को साफ किया। फिर नगरपालिका एवं वन विभाग की मदद से कचरा उठवाया गया और इस इस स्थान का कायापलट किया गया। उसके बाद वन विभाग के डीएफओ से आग्रह कर 7 पौधे मंगवाये गये। जिसमें आंवला, गुड़हल, अमरूद, तेजपत्ता अमलताश काजू आदि के सात पौधों का पौधरोपण व्यय प्रेक्षक डॉ दिनेश कुमार जांगिड द्वारा किया गया। व्यय प्रेक्षक के साथ तैनात अन्य अधिकारियों एवं उपस्थित सदस्यों ने भी पौधरोपण किया। व्यय प्रेक्षक के लायजनिंग अधिकारी डीएमसी महेन्द्र पांडे, सहायक व्यय प्रेक्षक डिंपल नाग, सहायक व्यय प्रेक्षक अजीत टोप्पो, सहायक पुलिस उपनिरीक्षक सुदर्शन मजूदार, सज्जन सिंह राजपुरोहित आदि ने भी पौधरोपण किया। डॉ जांगिड इससे पहले भी हजारों पौधे विभिन्न स्थानों एवं विभिन्न अवसरों पर लगा चुके हैं। डॉ जांगिड ने इस कार्य में सहयोग देने के लिये जिला प्रशासन के सीईओ प्रेम प्रकाश शर्मा, डीएफओ रमेश जांगडे एवं नगर पालिका के मुख्य अधिकारी भूपेन्द्र का भी विशेष आभार प्रकट किया।



# मतदान सामाग्री वितरण हेतु दिया गया प्रशिक्षण

## कल मतदान समाग्री का किया जाएगा वितरण



**कोण्डागांव,** 5 नवम्बर (देशबन्धु)। रविवार को शासकीय गुंडाधुर महाविद्यालय में मतदान समाग्री वितरण एवं उनके लिए आवश्यक सामग्रियों की व्यवस्था हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक सोनी भी सम्मिलित हुए। सभी अधिकारियों से चर्चा करते हुए उन्होंने सभी को तत्परता पूर्वक अपने कार्यों को संचालित करने एवं मतदान सामग्रियों के वितरण का कार्य सतर्कता पूर्वक सम्पन्न करने के लिए हर प्रक्रिया को अच्छे से समझ कर संचालित करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने सभी डेटा एंट्री ऑपरेटर द्वारा मतदान दिवस पर की जाने वाली डेटा एंट्री हेतु दिए जा रहे प्रशिक्षण का भी निरीक्षण किया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ प्रेम प्रकाश शर्मा, एसडीएम चित्रकान्त चार्ली ठाकुर, शंकर लाल सिन्हा, उप जिला निर्वाचन अधिकारी सीमा ठाकुर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। सोमवार को सभी मतदान दलों को मतदान समाग्री का वितरण किया जाएगा एवं अपने अपने मतदान केंद्रों के लिए रवाना होंगे।

# प्रचार के आखिरी दिन उम्मीदवारों ने झोंकी ताकत

**दंतेवाड़ा,** 5 नवंबर (देशबन्धु)। चुनाव प्रचार के आखिरी दिन आज सभी राजनीतिक दलों ने सघन जन संपर्क किया और पूरी ताकत झोंकी। गीदम में साप्ताहिक बाजार होने के कारण प्रत्याशियों का फोकस यहीं था। कांग्रेस और भाजपा दोनों ने बाईक रैली निकाली। कांग्रेस ने कुआकोंडा में भी बाईक रैली निकाली, जिसका नेतृत्व जिला अध्यक्ष अवधेश गौतम ने किया।



कांग्रेस उम्मीदवार छविन्द्र कर्मा ने गीदम साप्ताहिक बाजार और शहर में प्रचार किया। उनके साथ उनकी माता विधायक श्रीमती देवती कर्मा, जिला पंचायत सदस्य सुलोचना कर्मा और वरिष्ठ कांग्रेसी विमल सुराना भी शामिल हुए। इसके पूर्व कांग्रेसियों ने एक बड़ी बाईक रैली भी निकाली, जिसमें बड़ी संख्या में कांग्रेसी मौजूद थे। इधर भाजपा ने भी अंतिम दिन प्रचार में कोई कसर नहीं छोड़ी। साप्ताहिक बाजार होने के कारण यहां भी भाजपाई लोगों से मिलते रहे। भाजपा की ओर से मीडिया प्रभारी राहुल असरानी एवं अन्य भाजपाई इसमें शामिल हुए। प्रत्याशी चैतराम अटामी का विभिन्न क्षेत्रों में जन संपर्क जारी रहा। कांग्रेस और भाजपा के अलावा बहुजन समाज पार्टी, आम आदमी पार्टी, सीपीआई तथा निर्दलीय उम्मीदवार के साथ ही जोगी कांग्रेस के उम्मीदवार ने भी जन संपर्क किया। प्रचार आज शाम 3 बजे थम गया। इसके साथ ही नुक्कड़ सभाओं और रैली तथा जुलूस पर भी पाबंदी लग जाएगी। यहां 7 नवंबर को मतदान होना है। आम आदमी पार्टी से बल्लू भवानी, जोगी कांग्रेस से बेला तेलाम, सीपीआई से भीमसेन मंडावी, निर्दलीय अमूलकर नाग और बसपा से केशव नेताम प्रचार के अंतिम दिन आज अलग-अलग इलाकों में मतदाताओं के बीच पहुंचते रहे।

- कांग्रेस-भाजपा की बाईक रैली
- गीदम साप्ताहिक बाजार में जनसंपर्क
- अलग-अलग क्षेत्रों में सक्रिय रहे सभी उम्मीदवार

# राजनैतिक दलों के लिए प्रचार प्रसार की अवधि हुई समाप्त

**कोण्डागांव,** 5 नवम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ विधानसभा निर्वाचन 2023 के लिए निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 7 नवंबर को सुबह 7 बजे से दोपहर दोपहर 3 बजे तक मतदान किया जाएगा। मतदान की समाप्ति से 48 घंटे पूर्व ही राजनैतिक दलों के लिए प्रचार-प्रसार की अवधि को समाप्त कर दिया गया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक सोनी ने रविवार दोपहर तीन बजे से लेकर 48 घंटो के लिए निर्वाचन के संबंध में किसी भी सार्वजनिक सभा या जुलूस का आयोजन नहीं करने के आदेश दिए हैं। इसके साथ ही मतदान केन्द्र से 200 मीटर के भीतर जारी पार्टी कार्यालय स्थापना की अनुमति समाप्त की गई है। चलचित्र, टेलीविजन या वैसे ही अन्य साधनों द्वारा जनता के समक्ष किसी निर्वाचन संबंधी बात का प्रदर्शन नहीं किया जाएगा। कोई संगीत समारोह या कोई नाट्य अभिनय या कोई अन्य मनोरंजन या आमोद-प्रमोद जनता के सदस्यों को उनके प्रति आकर्षित करने की दृष्टि से आयोजित नहीं किया जाएगा। आयोजन की व्यवस्था करके जनता के समक्ष किसी निर्वाचन संबंधी बात का प्रचार भी नहीं किया जाएगा। कोई भी स्पिरिट वाली शराब या अन्य मादक पदार्थों को किसी होटल, भोजनालय, मधुशाला, दुकान या किसी सार्वजनिक स्थन में बिक्री या परिदान या वितरण नहीं किया जाएगा। प्रचार अवधि की समाप्ति के पश्चात् अभ्यर्थी को छोड़कर कोई भी ऐसा राजनीतिक कार्यकर्ता, पदाधिकारी प्रचार-प्रसार में संलग्न व्यक्ति जो उस विधानसभा क्षेत्र का मतदाता नहीं है, को तत्काल विधानसभा क्षेत्र छोड़ने के निर्देश दिए गए हैं। प्रिंट एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया में प्रसारित विज्ञापनों का प्री सर्टिफिकेशन अनिवार्य होगा।

### सत ग्रंथ गुरु गद्दी पूजा का समापन

**बलौदाबाजार,** 5 नवम्बर। जिला मुख्यालय से 10 किलोमीटर दूर ग्राम करमनडीह में गुरु घासीदास बाबा जी के सत ग्रंथ गुरु गद्दी पूजा का कार्यक्रम 30 अक्टूबर से 5 नवंबर तक ग्रामवासियों द्वारा आयोजित किया गया था जो सफ्लतापूर्वक संपन्न हुआ।

# रतन दुबे की हत्या नक्सलियों की कायराना हरकत : कांग्रेस

## भाजपा लाश पर राजनीति कर रही है



**रायपुर** 5 नवंबर (देशबन्धु)। नक्सलवाद और टारगेट किलिंग को लेकर भारतीय जनता पार्टी के आरोप पर पलटवार करते हुए प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा है रतन दुबे की हत्या दुखद है, कांग्रेस इसकी कड़ी निंदा करती है। भारतीय जनता पार्टी लाश पर राजनीति करना बंद करे। अभी उनके कार्यकर्ता की चिता की आग ठंडी नहीं हुई है, भाजपा उनकी हत्या का राजनीतिकरण करने लगी है। भाजपाई अवसरवादी हो गये है, वे अपने लोगों की नक्सल हत्या पर भी अवसर खोज रहे है। नक्सल मामले में आरोप संबंधी बयान देकर भाजपा नेताओं को अपने पाप याद आ रहे है, साजिश और षड्यंत्र भाजपा का चरित्र है। छत्तीसगढ़ में सुदूर दक्षिण बस्तर के दो ब्लॉक में सीमित नक्सलवाद को रमन सरकार के दौरान ही खाद पानी देकर प्रदेश के 14 जिलों तक प्रसारित करने वाले भारतीय जनता पार्टी के नेता किस मुंह से आरोप लगाते हैं? रमन सिंह के मुख्यमंत्री रहते हैं उनके गृह जिला कवर्धा और संसदीय क्षेत्र राजनांदगांव भी नक्सलवाद के जद में धकेल दिया गया। रमन सिंह के मुख्यमंत्री रहते हैं झीरम का क्रूर नरसंहार हुआ जो दुनिया का सबसे बड़ा राजनीतिक हत्या है। भारतीय जनता पार्टी के नेता यह बताएं कि 2013 में तत्कालीन प्रदेश अध्यक्ष स्वर्गीय नंद कुमार पटेल के नेतृत्व में जब बस्तर के घोर नक्सल क्षेत्र में कांग्रेस की परिवर्तन यात्रा निकली थी तब किस षड्यंत्र के तहत रमन सिंह ने कांग्रेस के दिग्गज नेताओं की सुरक्षा हटवाया था? भाजपा के दामन पर झीरम के शहीदों के खून के छीटें लगे हैं, अनर्गल बयानबाज़ी करके भाजपाई अपने पाप से मुक्त नहीं हो सकते।

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा है लाश पर रोटी सेकने वाले राजनीतिक गिद्ध की भूमिका में बैठे भारतीय जनता पार्टी के नेता यह बताएं कि केंद्रीय गृह विभाग के अधीन काम करने वाली एनआईए किसके इशारे पर और किसे बचाने के लिए जांच को भटका रही है? झीरम मामले में एनआईए ने किसके दबाव में गणपति और और रमन्ना का नाम चार्जशीट से हटाया? आज तक न झीरम के शहीदों को न्याय मिला और न ही दंतेवाड़ा के दिवंगत भाजपा विधायक भीमा मंडावी के परिजनों को। मोदी सरकार के केन्द्रीय गृह विभाग का रवैय्या स्पष्ट है कि एनआईए न खुद जांच करना चाहती है और न ही राज्य सरकार के पुलिस और एसआईटी को जांच करने दे रही है। 16 जून 2020 को वरिष्ठ पत्रकार आशुतोष भारद्वाज द्वारा जारी रिपोर्ट में भाजपा नेता और नक्सलियों के साठगांठ का विस्तृत वर्णन था, जिसका आज तक भाजपा की तरफ से खंडन नहीं आया है। इसी तरह शुभांशु चौधरी की किताब में छत्तीसगढ़ के भाजपा नेताओं और नक्सलियों के एटमी संबंधों का जिक्र है जिस पर भी भाजपाई मौन है।

# तिल्दा व खरोरा में आबकारी विभाग की ताबड़तोड़ कार्रवाई

## 49.500 लीटर देशी मदिरा जब्त



**रायपुर,** 5 नवंबर (देशबन्धु)। विशेष सचिव सह आबकारी आयुक्त महादेव कावरे एवं सहायक आयुक्त श्रीमती मंजू कसेर के निर्देश के तारतम्य में दिनांक 04.11.2023 को गस्त के दौरान आबकारी टीम तिल्दा व खरोरा की संयुक्त टीम ने उपरोक्त कार्यवाही की।

आरपीएफ के साथ आबकारी टीम की संयुक्त कार्यवाही आरपीएफ रेलवे टीम तिल्दा के साथ रेल्वे स्टेशन तिल्दा में संयुक्त कार्यवाही के दौरान तलाशी अभियान चलाया गया जिसमे प्लेटफार्म 02 में एक प्लास्टिक की बोरी लावारिस हालत में संदिग्ध अवस्था में रखा हुआ 09 बल्क लीटर देशी मदिरा प्लेन बरामद किया गया।

मौके पर तिल्दा प्रभारी द्वारा लावारिस प्रकरण कायम किया गया।आबकारी विभाग टीमकार्यवाही के दौरान सहायक जिला आबकारी अधिकारी राजेंद्र नाथ तिवारी, वृत्त तिल्दा प्रभारी आबकारी उप निरीक्षक दिलीप कुमार प्रजापति, आबकारी उप निरीक्षक वृत्त खरोरा प्रीति कुशवाहा और आबकारी मुख्य आरक्षक दिगंबर भुरा उपस्थित रहे तथा आरपीएफ रेलवे टीम तिल्दा से उप निरीक्षक डी के शास्त्री, बंशीलाल बरेठा और आरपीएफ स्टॉफ उपस्थित रहे।

### ठगी का नया तरीका कॉल फारवर्ड से पुलिस ने किया अलर्ट

**रायपुर,** 5 नवंबर। रायपुर पुलिस ने रोजाना हो रहे ऑनलाइन ठगी को लेकर न केवल कार्रवाई कर रही ह बल्कि लोगों को अलर्ट भी पुलिस ने आज एक ऐसा ही अलर्ट जारी किया है। इनमें कॉल फॉरवर्ड के नाम पर ठगी का नया तरीके को उजागर किया है। पुलिस के मुताबिक ठगी करने वाला किसी एक टेलीफोन कंपनी से कॉल कर आपके नंबर को पेश करने की बात कहता है और पलभर के लिए आपको रोककर कॉल फारवर्ड कोड के जरिए कोई आया है कहते हुए उसके प्रीपेड होने का झासा देकर फारवर्ड मोह लेता है। इसके बाद अकाउंट हैक कर उसके जरिए ठगी कर लेता है। पुलिस ने उससे बचने के लिए कहा है कि पहले तो इस कॉल पर विश्वास न करें फिर फॉरवर्ड चेक करने के लिए इस नंबर पर कॉल करे साथ ही कील फॉरवर्ड बंद करने के लिए भी डायल नंबर की जानकारी दी।

### स्वीप के तहत ग्राम पंचायतों में कल होगा हस्ताक्षर अभियान

**बलौदाबाजार,** 5 नवंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी चंदन कुमार के निर्देश पर शत प्रतिशत मतदान के उद्देश्य से स्वीप के तहत ग्राम पंचायतों में 7 नवंबर को एवं जिला स्तरीय 8 नवंबर को हस्ताक्षर अभियान का आयोजन किया जाएगा। हस्ताक्षर अभियान का थीम बेटी है तो कल है, मतदान ही सही विकल्प रखा गया है। ग्राम पंचायत में कार्यक्रम सुबह 10 बजे से 3 बजे तक एवं जिला स्तरीय कार्यक्रम स्पोर्ट्स स्टेडियम बलौदाबाजार में सुबह 10 बजे से 3 बजे तक रखा गया है। इसके साथ ही शहर के प्रमुख चौक चराहों में भी हस्ताक्षर अभियान चलाया जाएगा।

# कांग्रेस का घोषणा पत्र जारी होने के बाद बयानबाजी शुरू



- नकल करके लाया गया घोषणा पत्र : विजय बघेल
- रामलला के दर्शन की बात नहीं : अरुण साव

**रायपुर,** 5 नवंबर (देशबन्धु)। कांग्रेस के घोषणा पत्र अब बयानबाजी शुरू हो रही है, बीजेपी घोषणा पत्र समिति के संयोजक विजय बघेल ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुआ कहा कि कांग्रेस अपनी घोषणा पत्र हमारी नकल करके लाए हैं। इनके लोगों ने बैठकर केवल दो-दो, चार-चार रुपए बढ़ाए हैं। कांग्रेस का घोषणा पत्र बनावटी घोषणा पत्र है। मोदी गारंटी, हमारी गारंटी है। वहीं कांग्रेस के घोषणा पत्र पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव ने बयान दिया है उन्होंने कहा कि कांग्रेस का घोषणा पत्र बता रहा है कि कांग्रेस ने हार मान ली है। यह भूपेश अकबर और ढेबर का घोषणा पत्र है, हमें मालूम था अकबर के घोषणा पत्र में रामलला के दर्शन की बात नहीं होगी। रामलाल के दर्शन तो भाजपा ही कराएगी। महिलाओं के लिए तो कोई बात ही नहीं की गई, भाजपा महिलाओं को ?12000 प्रति वर्ष यानी की 5 साल में प्रत्येक महिला को ?60000 देने जा रहीं है। किसानों को 25 दिसंबर को उनका बकाया 2 साल का बोनस मिलने जा रहा है।

# चुनाव पर मास्टर ट्रेनर्स को दिया गया प्रशिक्षण



**महासमुंद,** 05 नवंबर (देशबंधु)। विधानसभा निर्वाचन 2023 के लिए गठित मतदान दलों का द्वितीय चरण का प्रशिक्षण 6 नवंबर से प्रारंभ होने वाला है। जिसमें प्रशिक्षण देने वाले मास्टर ट्रेनर्स का प्रशिक्षण कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रभात मलिक की उपस्थिति में जिला मुख्यालय में आयोजित किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर श्री मलिक ने कहा कि निर्वाचन कार्य के सफल संपादन के लिए आवश्यक है कि मतदान दलों को प्रशिक्षण इस तरह दिया जाए कि वे बिना किसी गलती के समस्त कार्यों को कर सके। इसलिए निर्वाचन कार्य में मास्टर ट्रेनर्स की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण और जिम्मेदारी का होता है। प्रशिक्षण में जिला मास्टर ट्रेनर तोषण गिरि गोस्वामी ने मतदान प्रक्रिया की बारीक से बारीक और महत्वपूर्ण कार्यों की जानकारी देते हुए माकपोल करना, माकपोल के पश्चात सीआरसी करना और वास्तविक मतदान के लिए मशीन को तैयार करने की प्रक्रिया की जानकारी दी। इसके अलावा उन्होंने पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी क्रमांक 1, 2 और 3 के कार्यों तथा मतपत्र लेखा प्रारूप 17 सी और पीठासीन अधिकारी की डायरी तैयार करने की जानकारी दी। महासमुंद विधानसभा क्षेत्र में दो बैलेट यूनिट उपयोग में लाया जाएगा। इन्हें आपस में कनेक्ट करने की व्यवहारिक जानकारी भी दी गई। प्रशिक्षण में नोडल अधिकारी नंदकिशोर सिन्हा, मास्टर ट्रेनर संजय मांझी, जी आर सिन्हा, हेमेंद्र आचार्य, आशीष देवांगन आदि उपस्थित थे।

# मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई




**खरोरा,** 5 नवंबर (देशबन्धु)। आज भरत देवांगन शासकीय उत्कृष्ट हिंदी, अंग्रेजी माध्यम विद्यालय खरोरा में मतदाता जागरूकता ,शत प्रतिशत मतदान हेतु रंगोली प्रतियोगिता व जनजागरूकता रैली का आयोजन रजनी मिंज प्राचार्य,हरीश देवांगन व स्काउट गाइड प्रभारी व रासेयो प्रभारी सुश्री शाहिना परवीन के मार्गदर्शन पर किया गया।रंगोली प्रतियोगिता में अनामिका, भूमिका, देविका, सिमरन, दिनेश्वरी यादव,चंद्रकला साहू, खुशबू यादव,ज्योति यादव, नीलिमा ,तनु सेन,पल्लवी सोनकर ,खुशी साहू,अमृता, प्रगति बांधे ,दीक्षा ,खुशबू ,डिम्पल प्रतिभागी थे।रैली में हैप्पी वोटिंग, खुशी खुशी वोट देंगे,बहकावे में कभी न आवे सोच समझकर बटन दबावे, वोट डालने जाना है अपना फर्ज निभाना है के नारों को बुलंद करते रैली ने लोगों में जोश भरा।

## निधन

### श्रीमती सविता पांडेय



**भिलाईनगर,** 5 नवंबर। इस्पात नगर रिसाली भिलाई निवासी वरिष्ठ पत्रकार अजय पांडेय की धर्मपत्नी श्रीमती सविता पांडेय का आज रविवार की शाम निधन हो गया। वे पिछ्ले कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रही थी। वे अपने पीछे पति और एक पुत्र को छोड़ गईं है। उनकी अंतिम यात्रा सोमवार 6 नवम्बर की सुबह 10 बजे उनके इस्पात नगर रिसाली स्थित निवास से निकलेगी और हिंद नगर रिसाली के मुक्तिधाम में उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा।

### श्रीरामकृष्ण शर्मा



**रायपुर,** 5 नवंबर। सिद्धार्थ चौक, टिकरापारा निवासी श्रीरामकृष्ण (जय) शर्मा का स्वर्गवास शनिवार 4 नवंबर की मध्य रात्रि में हो गया। जिनका अंतिम संस्कार रविवार 5 नवंबर को मारवाड़ी शमशान घाट, रायपुर में किया गया। वे विद्याभूषण, गौरीशंकर, संजय, शैलेश शर्मा के भाई व अभिषेक, राहुल एवं डॉ रोहित शर्मा के पिता थे।

# पारंपरिक सुआ नृत्य की धूम

## छत्तीसगढ़ी संस्कृति को सहेज रही महिलाएं, तोते से अपना संदेश पति तक भिजवाने की करती हैं मिन्नत



**रायपुर,** 5 नवंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ की समृद्ध शाली संस्कृति और परम्पराओं में अनेक विविधता का इन्द्रधनुषी छटा देखने को मिलता है जिसमें कई तीज त्यौहार धार्मिक मान्यताओं को तो कई इतिहासों और संस्कृति परंपरा और मानवीय सभ्यता से जुड़े होने से यहां हर पर्व खूबसूरत रंगों का सुंदरता बढाती है। ऐसे ही हमारे देश और राज्य का सबसे बड़ा पर्व दीपावली कई पौराणिक कथाओं के साथ परम्पराओं का परिचय कराते हुए दशहरा मनाने के पूरे 20दिनो तक का माहौल दीपावली जैसे होता है जिसमें किसानों का फसल कटाई के साथ साथ ग्रामीण महिलाओं और बालिकाओं द्वारा सुआ नृत्य गीत की टोली बनाकर एक दूसरे ग्रामों में नाचते गाते हुए भ्रमण करना वहीं दूसरी ओर घरों की सफाई लिपाई पुताई और घर के प्रमुखों द्वारा त्योहार की सामग्री की खरीदारी करने आसपास के बाजारों में आने जाने का क्रम लगातार बना रहता है जिसका उमंग और उल्लास लगातार बीस दिनों तक देखते बनता है। रमन सिंह के पक्ष में मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी ने किया रोड शो, जनता से मांग आशीर्वाद, छत्तीसगढ़ के विकास में कांग्रेस सरकार को बताया बाधा ऐसी परंपराओं को सहेजने जुट जाती है ग्रामीण महिलाएं और बालिकाएं जिसमें बांस की निर्मित टोकनी और मिट्टी से बनी तोता जिसे सुआ या पडकी कहा जाता है को लेकर तरी हरि नाना गाती हुई गांव गांव जाती है जिसमें नारी विरह वेदना की प्रमुखता यानि पति का परदेश चले जाने पर घर मे पाले गए तोते को अकेली रह रही पत्नी विरह व्यथा गा गाकर बताती है यही नहीं इसके साथ ही पुराणों के कथा राम कृष्ण गोप ग्वालिन भक्त प्रह्लाद ध्रुव तारावती हरिश्चंद्र सत्यवान सावित्री के विशेषता और लोक जीवन से जुड़े विशेषताओं का उल्लेख किया जाता है। एक तरफ धान की कटाई मिसाई, दूसरे तरफ छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव का प्रचार अंचल में अभी पूरा रंग त्योहार जैसा बना हुआ है जिसमें एक तरफ धान की कटाई मिसाई दूसरे तरफ छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव का प्रचार प्रसार लाउडस्पीकर का बजना तो हमारी बहन बेटियां सुआ नृत्य की टोलियां बनाकर सड़कों गांवों की गलियों चौराहों में नाचती गाती दिखाई दे रही है।

# 30 नवंबर तक एग्जिट पोल आयोजन व प्रसारण पर प्रतिबंध

**रायपुर,** 5 नवम्बर (देशबन्धु)। विधानसभा आम निर्वाचन 2023 अंतर्गत 7 नवम्बर 2023 पूर्वान्ह 7रू00 बजे से 30 नवम्बर 2023 अपरान्ह 6:30 बजे तक की अवधि के दौरान एग्जिट पोल का आयोजन करने तथा प्रिंट या इलेक्ट्रॉनिक मीडिया द्वारा इसके परिणाम के प्रकाशन या प्रचार अथवा किसी भी तरीके से प्रचार करने पर प्रतिबंध रहेगा। इस सम्बंध में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अधिसूचना जारी कर दी गई है। अधिसूचना में कहा गया है कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 126 (क) की उपधारा( 1) के अधीन शक्तियों का प्रयोग करते हुए उक्त धारा की उपधारा (2) के उपबंधों के दृष्टिगत रखते हुए साधारण निर्वाचनों एवं उप निर्वाचनों के संदर्भ में किसी भी एक्जिट पोल का आयोजन करने तथा प्रिंट या इलेक्ट्रॉनिक मीडिया द्वारा इसके परिणाम की प्रकाशन करने या प्रचार करने पर प्रतिबंध होगा। इसके साथ ही अधिनियम 126( 1) (ख) के अधीन संबंधित मतदान क्षेत्रो में मतदान की समाप्ति के लिए नियत समय के साथ समाप्त होने वाले 48 घंटो के दौरान किसी भी इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में किसी भी ओपिनियन पोल या किसी अन्य मतदान सर्वेक्षण के परिणामो सहित किसी भी निर्वाचन संबंधी मामलों के प्रदर्शन पर प्रतिबंध रहेगा।

### नियोजित व्यक्ति एवं श्रमिकों के लिए मतदान तिथि को अवकाश घोषित

**बलौदाबाजार,** 5 नवम्बर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी चंदन कुमार द्वारा विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत बलौदाबाजार भाटापारा जिले में स्थित कारखानों, कारोबार व्यवसाय, औद्योगिक उपक्रम एवं किसी अन्य स्थापना में निर्वाचन क्षेत्रों में सवेतन नियोजित प्रत्येक व्यक्ति को मतदान तिथि मंगलवार 7 नवम्बर 2023 एवं शुक्रवार 17 नवम्बर 2023 को सवेतन अवकाश घोषित किया गया है। ऐसे कारखाने जो सप्ताह के सातों दिन कार्य करते हैं, वहां प्रथम एवं द्वितीय पाली के श्रमिकों को मतदान तिथि के दिन 2-2 घंटे का अवकाश घोषित करने तथा ऐसे कारखाने जो निरंतर प्रक्रिया के अंतर्गत आते हैं, वहां काम करने वाले श्रमिकों को बारी-बारी से मतदान करने की सुविधा देने के निर्देश दिए गए हैं।

# पीएम मोदी ने जैन मुनि से लिया आशीर्वाद



**रायपुर,** 5 नवम्बर (देशबन्धु)। अपने-अपने क्षेत्र में सदी के दो महानायक संत शिरोमणी आचार्य विद्यासागर महाराज एवं देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जैन तीर्थ क्षेत्र चन्द्रगिरी के डोगरगढ में एक कमरे में लगभग 26 मिनट तक एकान्त में चर्चा की। उसके बाद श्री मोदी ने आचार्य श्री से आशीर्वाद लिया। तत्पश्चात श्रीमोदी ने हाथकरघा द्वारा निर्मित कपडे एवम अन्य सामान का निरीक्षण किया ।

# भाजपा नेताओं की हत्या टारगेट किलिंग का परिणाम : केदार

**रायपुर,** 5 नवंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में लगातार भाजपा नेताओं की हत्या से राजनीतिक सियासत भी तेज हो रही है। शनिवार की शाम नारायणपुर में फिर से एक बीजेपी नेता की हत्या हुई। जिसको प्रदेश में एक बार फिर सुरक्षा व्यस्था का मुद्दा उठने लगा है। इसी कड़ी में बीजेपी प्रदेश प्रवक्ता केदार गुप्ता ने बीजेपी नेताओं की हत्या को लेकर कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए टारगेट किलिंग का आरोप लगाया है।



### कांग्रेस पर भाजपा ने साधा निशाना

बीजेपी नेता की हत्या पर केदार गुप्ता ने कहा कि पिछले 9 महीने में 9वीं बार आज भाजपा नेता की हत्या हुई है। साल 2019 में लोकसभा चुनाव के समय नक्सलियों ने दंतेवाड़ा विधायक भीमा मंडावी की हत्या कर दी थी। 16 जनवरी कांकेर में भाजपा नेता बुधराम करताम की संदिग्ध मौत हुई। 5 फरवरी बीजापुर में भाजपा मंडल अध्यक्ष नीलकंठ कक्केम की शादी समारोह में जाकर नक्सलियों ने हत्या की। 10 फरवरी नारायणपुर भाजपा जिला अध्यक्ष सागर साहू की नक्सलियों के हत्या की। 28 मार्च की रात नारायणपुर के एक गांव में रामजी दोदी की हत्या कर दी। 11 फरवरी दंतेवाड़ा के पूर्व उप सरपंच रामधर अलामी की नक्सलियों ने हत्या की। 21 जून बीजेपी के एसटी मोर्चा के जिला महामंत्री काका अर्जुन की गला रेत कर नक्सलियों ने हत्या की। 18 अगस्त बिजापुर जिले के चिन्नागेलूर निवासी रामा पुनेम की नक्सलियों ने पुलिस मुखबिरी का आरोप लगकर हत्या की। 21 अगस्त भाजपा नेता महेश गोटा की चिकट राज पहाड़ी से अगवा कर नक्सलियों ने हत्या की। 20 अक्टूबर मौहला मानपुर विधानसभा क्षेत्र में भाजपा कार्यकर्ता बिरजू तारम की हत्या की। 4 नवंबर को कुल्हाड़ी से मारकर नारायणपुर में भाजपा जिला उपाध्यक्ष रत्न दुबे की नक्सलियों ने हत्या की। इन सभी हत्याओं को लेकर केदार गुप्ता ने कांग्रेस सरकार पर टारगेट किलिंग का आरोप लगाया और कहा कि कांग्रेस सरकार नक्सलवाद की आड़ में टारगेट किलिंग करवा रही है. सरकार की जिम्मेदारी है जनता के जान माल की सुरक्षा हो. ये टारगेट किलिंग नहीं रुक रही है. हम आरोप लगाते है कि सरकार फेल है. 9 महीने में 9 भाजपा कार्यकर्ताओं की हत्या कर दी गयी है. डॉ अंबेडकर द्वारा रचे सविंधान के हिसाब से इसे लोकतंत्र की हत्या माना जा सकता है. विधानसभा के संयोजक की हत्या करना साजिश पूर्ण है. क्या भजापा में होना गुनाह है? ये 9वें कार्यकर्ता की शहादत है. उन्हें हम श्रधांजलि अर्पित करते हैं. भाजपा उनके परिवार के साथ खड़ी है। भाजपा प्रवक्ता केदार गुप्ता के बयान हत्या से किसको फायदा हो रहा, किसके मन में भय पैदा करना चाह रहे? पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पलटवार किया है। मुख्यमंत्री ने खुद स्वीकारा की विपक्ष की टारगेट किलिंग हो रही, क्यों गला घोंट रहे? क्यों विपक्षी नेताओं को खत्म करना चाहते हैं। स्पष्ट करे कि टारगेट किलिंग का कारण क्या है? केदार गुप्ता ने कहा ये पूरी तरह से सुरक्षा का मामला है। अभी आचार सहिंता लगी हो या न लगी हो ये सुरक्षा का मामला होता है। अचार सहिंता लगने से सरकार सुरक्षा नहीं दे पाएगी क्या? गृहमंत्री अपने पद पर तो है, मुख्यमंत्री पद पर हैं। पद पर हैं तो जवाब दें। नक्सलवाद के सरंक्षण में हत्या करवा रहे एसपी, डीआईजी, डीजीपी नहीं हैं क्या? फिर क्यों हत्या हो रही है।

# अस्पताल वाले बाबा का सालाना उर्स कल से



**रायपुर,** 5 नवम्बर (देशबन्धु)। हर साल की तरह इस साल भी हजरत सैयद बंदे अली शाह रहमतुल्लाह अलैह (डीके अस्पताल) के 5 दिवसीय उर्स पाक (7 से 11 नवम्बर तक)बड़े ही शानो शैकत से मनाया जायेगा। इस उर्स पाक का आरंभ कल परचम कुशाई (बाद नमाज मगरीब, शाम 7 बजे) के साथ किया जायेगा एवं उसी रात्रि 9 बजे नातिया प्रोग्राम पेश किया जायेगा। 8 नवम्बर बरोज बुधवार रात 9 बजे नातिया महफिल रखी गई है। 9 नवम्बर को रात्रि 10 बजे धर्मगुरू मोहम्मद अहमद नक्शबंदी साहब (हैदराबाद) तकरीर करें। 10 नवम्बर को शाम 5 बजे शाही संदल व चादरपोशी का प्रोग्राम है जो आस्ताने आलिया से निकलकर शहर का गस्त करता हुआ वापस आस्ताने आलिया पहुंचेगा। उसी रात 10 बजे अली वारीस (मुंबई) के द्वारा महफिले समा का अहतराम होगा। 11 नवम्बर बरोज शनिवार को सुबह 9 बजे कुल शरीफ की फातिहा होगी। ज्ञात हो कि उर्स के दौरान, पांचो दिन, शाम 7 बजे आम लंगर का इंतेजाम किया गया है। उपरोक्त जानकारी अस्पताल वाले बाबा के खादिम5ए-आस्ताना सैयद जाफर अली ने दी। उन्होंने संदल व चादर शरीफ को बड़े अदब-ओ-एहतराम से लाने की अपील की है और तमाम जायरिनों व सखी दाता के चाहने वालों से खास इल्तेजा की है कि ज्यादा से ज्यादा तादाद में प्रोग्रामों में तशरीफ लाकर बाबा के फैज व दुआओं से मालामाल हो।

# पुष्य नक्षत्र में जमकर हुई खरीदारी

**रायपुर,** 5 नवंबर (देशबन्धु)। पुष्य नक्षत्र के पहले दिन सराफा बाजार से लेकर आटोमोबाइल कपड़ाए इलेक्ट्रानिक्स बाजार गुलजार रहा। बताया जा रहा है कि इस वर्ष कार.बाइक की रफ्तार जबरदस्त रही और प्रदेश भर में शनिवार एक दिन में ही लगभग पांच हजार से ज्यादा दोपहिया व पांच सौ कारों की बिक्री हुई। रविवार के लिए भी दोपहिया व कारों की जबरदस्त बुकिंग हो चुकी है। दो दिनों में प्रदेश भर में लगभग 10 हजार से ज्यादा दोपहिया व 900 कारों की बिक्री की उम्मीद है। पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष दोपहिया की बिक्री 20 फीसद बढ़ी है। उपभोक्ताओं को आकर्षित करने के लिए सराफा से लेकर आटोमोबाइल कपड़े व इलेक्ट्रानिक्स में आकर्षक आफर दिए जा रहे हैं। राडा के सचिव कैलाश खेमानी ने बताया कि कंपनियों द्वारा दिए जा रहे आफरों का उपभोक्ताओं द्वारा फायदा उठाया जा रहा है। शुभ दिनों के लिए जबरदस्त बुकिंग की गई है। 90 फीसद फाइनेंस व लोएस्ट डाउन पेमेंट पर गाड़ियां उपलब्ध है। रायपुर सराफा एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष हरख मालू ने बताया कि पुष्य नक्षत्र के दिन उपभोक्ताओं ने मनपसंद आभूषणों की खरीदारी की। सराफा संस्थानों में त्योहारी सीजन व शादी सीजन के हिसाब से गहनों की नई रेंज भी उपलब्ध है।



### सराफा संस्थानों में दोपहर बाद आने लगी भीड़

सराफा संस्थानों में मनपसंद गहनों की खरीदारी करने दोपहर बाद उपभोक्ताओं की भीड़ आने लगीएजो देर रात तक चली। पुष्य नक्षत्र के दिन लोगों ने चूड़ीए नेकलेसए कंगनए टाप्सए हार के साथ ही सिक्कों की खरीदारी की। सराफा संस्थानों में उपभोक्ताओं को लुभाने के लिए बनवाई में आकर्षक छूटदिया जा रहा है साथ ही कुछ संस्थानों में तो उपहार योजनाएं भी चलाई जा रही है।

### धनतेरस के लिए भी जबरदस्त बुकिंग, कारों में 70 हजार तक छूट

पुष्य नक्षत्र के साथ ही धनतेरस के लिए भी उपभोक्ताओं द्वारा अपनी मनपसंद कार.बाइक की जबरदस्त बुकिंग की गई है। कारोबारियों का कहना है कि इस वर्ष आटोमोबाइल की रफ्तार पिछले वर्ष की तुलना में 25 फीसद ज्यादा रहने की उम्मीद है। अभी कारों में 70 हजार रुपये तक की छूट दी जा रही हैइसके साथ ही दोपहिया में आकर्षक फाइनेंस स्कीम व एक्सचेंज बोनस का लाभ दिया जा रहा है। साथ ही 90 फीसद तक फाइनेंस पर गाड़ियां उपलब्ध है और लोएस्ट डाउन पेमेंट है।

### खूब बिके कपड़े

कपड़ा बाजार में भी जबरदस्त खरीदारी रही और कपड़े संस्थानों में मनपसंद कपड़े खरीदने ग्राहकों की भीड़ लगी रही। कपड़े संस्थानों में त्योहारी सीजन व शादी सीजन के हिसाब से कपड़ों की नई रेंज भी उपलब्ध है। उपभोक्ताओं को लुभाने के लिए आकर्षक आफरों की बौछार भी की जा रही है।

### टीवी, फ्रीज, वाशिंग मशीन की बिक्री भी बढ़ी

इलेक्ट्रानिक्स संस्थानों में टीवी, फ्रीज वाशिंग मशीन सहित अन्य इलेक्ट्रानिक्स उत्पादों की खरीदारी भी काफी ज्यादा बढ़ गई। ग्राहकों को लुभाने के लिए कंपनियों द्वारा आकर्षक फाइनेंस आफर के साथ ही छूट भी दी जा रही है।

# चार दिवसीय छठ महापर्व 17 से

## 20 को उगते सूर्य को अर्ध्य देने के साथ समापन



**रायपुर,** 5 नवंबर (देशबन्धु)। चार दिवसीय छठ महापर्व 17नवंबर को महादेव घाट में नहाय खाय के साथ शुरू होगा।20 सुबह अर्ध देने के साथ ही आस्था के इस पर्व का समापन होगा। पर यहां 25 से 30 हजार की भीड़ जुटने की संभावना है।इस अवसर पर दिलीप सारंगी के अलावा इलाहाबाद के लोक कलाकार कार्यक्रम पेश करेंगे।

### महादेव घाट पर 19 को होगी खारुन नदी की महाआरती

छठ महापर्व आयोजन समिति के प्रमुख राजेश कुमार सिंह, सुनील सिंह, रविंद्र सिंह, परमानंद सिंह ने पत्रकार वार्ता में यह जानकारी दी।उन्होंने बताया रायपुर में 50 से अधिक जगहों पर इस वर्ष भी धूम धाम से यह पर्व मनाया जाएगा।17 को नहाय खाय के साथ पर्व शुरू होगा।18 को खरना, संध्या अर्ध 19 को होगा। रात में भंडारे का आयोजन किया जाएगा। ऊषा अर्द्ध 20 नवंबर को होगा। दुनिया का यह एकमात्र पर्व है जिसमे डूबते व उगते सूरज की पूजा की जाती है।समिति के द्वारा 19 को खारुन नदी की महा आरती की जाएगी।छठ पूजा सूर्य और उनकी बहन छठी मइया को समर्पित है।यह योग व साधना का पर्व है।जिसने घंटों पानी में खड़े रहते है।

आयोजन समिति के प्रमुख राजेश कुमार ने बताता इस वर्ष छठ पूजा भव्यता और उत्साह के साथ मनाने का फैसला लिया गया है।छठ महापर्व पर समिति नगर निगम व जिला प्रशासन के सहयोग से खारुन नदी के महादेव सहित सभी घाट की सफाई करेगी।

सूर्य ऊपासना का यह पर्व मुख्य रूप से पूर्वी भारत के बिहार, झारखंड, पूर्वी उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, और नेपाल के तराई क्षेत्र में मनाया जाता है।

# एम्स की महिला डाक्टर से परिचित बनकर 70 हजार की आनलाइन ठगी

**रायपुर,** 5 नवंबर (देशबन्धु)। एम्स की महिला डाक्टर से 70 हजार रुपये की आनलाइन ठगी हो गई। डाक्टर को ठग ने परिचित बनकर के फोन किया। उसने झांसा दिया कि उनके यानी डाक्टर के पिता के खाते में ज्यादा पैसा जमा हो गया गए हैं। उन्हें लौटा दें। डाक्टर ने पैसा जमा कर दिया। लेकिन उनके खाते में कोई पैसा नहीं आया था। पुलिस ने बताया कि हीरापुर निवासी कृति गुप्ता एम्स में डाक्टर हैं। उनके पास 23 सितंबर को फोन आया। उसने बोला कि आपके पापा ने कहा है कि आपके एकाउंट में 25 हजार रुपये डाल दे। थोड़ी देर में डाक्टर के मोबाइल पर 25 हजार रुपये का मैसेज भेजा और इसके बाद फोन कर जानकारी दी गई। अज्ञात व्यक्ति द्वारा पुनरू फोन पर पैसा भेजने संबंधी जानकारी दी गई। डाक्टर ने कहा कि पैसा नहीं आया। उसने कहा एनइएफ्टी के माध्यम से प्रोसेसिंग में वक्त लग रहा है। इसके बाद फोन कर कहा गया गलती से पांच हजार की जगह 50 हजार रुपये ट्रांसफर कर दिया गया है। इसके बाद उसने 45 हजार रुपये वापस करने के लिए कहा। डाक्टर ठग के झांसे में आकर 45 हजार रुपये दो बार में डाल दिए। इसके बाद में पुनरू अज्ञात व्यक्ति द्वारा 25 हजार रुपये रिफंड का मैसेज किया। डाक्टर ने फिर से 25 हजार रुपये भेज दिए। इसके बाद उसने 20 हजार रुपये नहीं मिलने की जानकारी दी तो डाक्टर को शक हुआ तो उस नंबर पर फोन किया। ठग ने फोन बंद कर दिया। इसके बाद डाक्टर से ठगी की रिपोर्ट दर्ज करवाई।

## जीएसटी चोरी पर सीजीएसटी की कार्रवाई

# लावण्या ट्रेडर्स का संचालक गिरफ्तार



**रायपुर,** 5 नवंबर (देशबन्धु)। सीजीएसटी और केंद्रीय उत्पाद शुल्क रायपुर ने मेसर्स लावण्या ट्रेडर्स रायपुर के संचालक राहुल सिंघल को गिरफ्तार किया है आरोपी को आर्थिक अपराध अदालत में पेश किया गया जहां अदालत ने आरोपी को न्यायिक हिरासत पर जेल भेज दिया सीजीएसटी रायपुर आयुक्त मो अबू सामा ने बताया कि के फेक इनवॉइस सेल के अधिकारियों ने जांच में पाया कि मेसर्स लावण्या ट्रेडर्स रायपुर का संचालक राहुल सिंघल कुछ फर्जी फर्मों से बिना किसी भी अंतर्निहित वस्तुओं या सेवाओं की आपूर्ति के फर्जी आईटीसी ले रहा है और उसे विभिन्न व्यवसायियों को वितरित कर रहा है जिससे भारी पैमाने पर जीएसटी की चोरी हो रही है इसी तारतम्य में फेक इन्वाइस सेल की टीम ने राहुल सिंघल के परिसर पर छापा डाल कर तलाशी ली जांच में पता चला कि राहुल सिंघल ने मेसर्स लावण्या ट्रेडर्स के माध्यम से बिना किसी अंतर्निहित वस्तुओं और सेवाओं की आपूर्ति के तथा बिना जीएसटी के भुगतान के 6.18 करोड़ रुपए की फर्जी इनपुट टैक्स क्रेडिट हस्तांतरित की हुई थी इस पर राहुल सिंघल को सीजीएसटी अधिनियम 2017 की धारा 69,1 के प्रावधानों के तहत केंद्रीय जीएसटी टीम ने 5 नवंबर को गिरफ्तार कर आर्थिक अपराध अदालत में पेश किया गया जहां अदालत ने आरोपी को न्यायिक हिरासत पर जेल भेज दिया पहले भी सीजीएसटी रायपुर ने कर चोरों के खिलाफ विशेष रूप से फर्जी बिलिंग के कारोबार में शामिल करदाताओं के खिलाफसख्त प्रवर्तन कार्रवाई की है

# छत्तीसगढ़ प्रदेश कूर्मि क्षत्रिय समाज रायपुर का जिला पदाधिकारी शपथ ग्रहण समारोह संपन्न



**रायपुर,** 5 नवम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ प्रदेश कूर्मि क्षत्रिय समाज के प्रांतीय अध्यक्ष विजय बघेल के सहमति से रायपुर जिला अध्यक्ष भक्त भूषण चंद्रवंशी का कार्यकारिणी गठन कर शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन बैस भवन सुंदर नगर में किया गया। इस शपथ ग्रहण समारोह में रायपुर जिला इकाई सर्व कुर्मी समाज के समस्त पदाधिकारी एवं पूरे रायपुर शहर के समस्त वार्ड प्रमुखों एवं पदाधिकारी की उपस्थिति में यह शपथ समारोह संपन्न हुआ। जिला अध्यक्ष चंद्रवंशी ने अपने उद्बोधन में आगामी विधानसभा चुनाव में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने के लिए पूरे समाज के लोगों को अपने वक्तव्य के माध्यम से प्रेरित कर सत-प्रतिशत मतदान करने की अपील की। साथ ही साथ कुर्मी संझा 2023 का आयोजन कुरूद में होने वाले आगामी 25 एवं 26 नवंबर को दो दिवसीय कार्यक्रम के संबंध में भी चर्चा किया गया। रायपुर जिला पदाधिकारीगण जिला अध्यक्ष -श्री भक्त भूषण चंद्रवंशी, महासचिव- डॉ. पुरुषोत्तम चंद्राकर, सचिव ललित कांकड़े, सह सचिव- शंकर पार्थ वर्मा, संगठन सचिव- रूपेंद्र चंद्राकार, कोषाध्यक्ष- नीलकंठ वर्मा सहित समस्त पदाधिकारी, नारीशक्ति एवं मार्गदर्शकगण उपस्थित रहे।

# पुलिस एक्शन मोड में, गुण्डा बदमाशों की चेकिंग, 263 पकड़े गए



**रायपुर,** 5 नवंबर (देशबन्धु)। आगामी विधानसभा चुनाव 2023 के मद्देनजर वरिष्ठ पुलिस सुरक्षा, शांति एवं कानून व्यवस्था में कसावट लाने के मद्देनजर समस्त थाना प्रभारियों को अपने . अपने थाना क्षेत्रों में गुण्डा बदमाशों की चेकिंग कर उन पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही करने निर्देश दिये गये। जिस पर समस्त नगर पुलिस अधिक्षकों के पर्यवेक्षण में समस्त थानों प्रभारियों द्वारा अपने . अपने थाना क्षेत्रों में गुण्डा बदमाशों को थानों में तलब कर उनकी परेड़ ली गई तथा गुण्डा बदमाशों को समझाईश दी गई कि वे अपराधों से दूर रहकर शांति पूर्वक अपने परिवार के साथ जीवन यापन करें। पुलिस द्वारा जब भी उन्हें उपस्थित होने कहा जाता है तो वे तत्काल उपस्थित होवें तथा क्षेत्र में सुरक्षा शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने में पुलिस का सहयोग करें। कुल 263 से अधिक गुण्डा बदमाशों में से आज थाना तलब कर चेक किया गया जिसमें 27 गुण्डा बदमाशों के विरूद्ध आर्म्स एक्ट की कार्यवाही करने के साथ.साथ 33 गुण्ड़ा बदमाशों के विरूद्ध प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत् कार्यवाही भी की गई। रायपुर पुलिस का गुण्डा बदमाश, निगरानी, अपराधिक तत्वों एवं संदिग्ध व्यक्तियों के विरूद्ध चेकिंग अभियान लगातार जारी रहेगा।

# जेल लोक अदालत में एक साथ रिहा हुए 94 बंदी

**रायपुर,** 5 नवंबर (देशबन्धु)। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायपुर द्वारा 5 नवंबर को केन्द्रीय जेल में राज्य स्तरीय वृहद जेल लोक अदालत का शुभारंभ अब्दुल जाहिद कुरैशी जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने किया। राज्य स्तरीय वृहद जेल लोक अदालत में कुल 142 प्रकरण रखे गये थे जिनमें से 94 प्रकरण निराकृत हुये और 94 बंदी आज रिहा हुये।

न्यायाधीश अब्दुल जाहिद कुरैशी ने बंदियों को संबोधित करते हुये बताया गया कि अंडर ट्रायल रिव्यु कमेटी 2023 के अंतर्गत केन्द्रीय जेल रायपुर एवं उप जेल गरियाबंद में ऐसे बंदी जो अभिरक्षा में अधिक अवधि से निरूद्ध है उनक प्रकरणों में शीघ्र निराकरण हेतु सर्वोच्च न्यायालय उच्च न्यायालय तथा जिला न्यायालय शीघ्र निराकरण के प्रयास कर रहे हैं। जिला न्यायालय एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण निरूद्ध बंदियों के मौलिक अधिकार एवं कानूनी अधिकार की सुरक्षा के लिये निरंतर कार्य कर रहा है। बहुत से बंदी ऐसे हैं जो अपने मामले की पैरवी के लिये अधिवक्ता की नियुक्ति आर्थिक स्थिति कमजोर होने या निर्धनता के कारण जमानत राशि की व्यवस्था नहीं कर पाते है तो ऐसी स्थिति में आपके साथ जिला विधिक सेवा प्राधिकरण आपकी सहायता हेतु तत्पर है जो आपके मामले को सरल एवं सहज प्रक्रिया से निपटारे के लिये नि:शुल्क विधिक सहायता करेगा। छग राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर की राज्य स्तरीय वृहद जेल लोक अदालत का अभियान सराहनीय पहल है । जिससे जेलों में निरूद्ध बंदियों की अधिकता को कम करने हेतु कम अवधि की सजा वाले मामलों को चिन्हांकित करते हुये मामलों के निपटारे के लिये जेल लोक अदालत का समय समय पर आयोजन किया जाता है। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट जिला.रायपुर दिग्विजय सिंह ने कहा कि प्रत्येक कार्यदिवस के शनिवार को भी जेल लोक अदालत का आयोजन होता है जिसमें कोई भी बंदी अपने मामले का निराकरण करा सकता है और यह जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से भी जेल लोक अदालत के माध्यम से निराकरण करने हेतु आवेदन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से प्रेषित करा सकता है और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ऐसे मामलों में नि:शुल्क सेवा प्रदान करती है जेल अधीक्षक एस.एस तिग्गा द्वारा अपने उदबोधन में कहा गया कि हम जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सहयोग से बंदियों के सर्वोत्तम हित के लिये कार्य कर रहे है और बंदियो की अपीले जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से नि:शुल्क रूप से जिला स्तर से लेकर सर्वोच्च न्यायालय तक पहुंचाने का कार्य कर रहे हैं। उक्त कार्यक्रम के दौरान अब्दुल जाहिद कुरैशी जिला एवं सत्र न्यायाधीश रायपुर के द्वारा केन्द्रीय जिला जेल में बंदियों को दी जानवाली सुविधाओं जिसमे स्वास्थ्य सुविधाओं इत्यादी का भी निरीक्षण किया गया और बंदियों के द्वारा बनाये हस्ताकला एवं कलाकृतियों को भी सराहा गया। के द्वारा जेल प्रशासन के द्वारा आम जनों के लिये चलाये जा रहे स्वल्पाहार केन्द्र के सफाई एवं गुणवत्ता का भी निरीक्षण किया गया।



### रायपुर केंद्रीय कारावास में राज्य स्तरीय वृहद जेल लोक अदालत

# अवैध शराब बिक्री करते युवक पकड़ाया

**रायपुर,** 5 नवंबर (देशबन्धु)। अवैध रूप से शराब की खरीदी.बिक्री करने वाले लोगों के संबंध में पतासाजी कर कार्यवाही करने निर्देशित किया गया है। जिसके तारतम्य में रायपुर पुलिस के समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों एवं प्रभारी ए सी सी यू साथ ही अन्य माध्यमों से भी जानकारी एकत्रित किए जा रहे है।

इसी क्रम में थाना कबीर नगर की टीम को सूचना प्राप्त हुई कि बाल्मिकी नगर में एक व्यक्ति अपने घर के पास अवैध रूप से शराब बेचने का काम कर रहा है। जिस पर आरोपी को शराब के साथ रंगे हाथ गिरफ्तार करने निर्देशित किया गया कि वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन पर थाना प्रभारी निरीक्षक श्रुति सिंह के नेतृत्व में थाना कबीर नगर पुलिस की टीम द्वारा मुखबीर द्वारा बताए स्थान पर पतासाजी किया जा रहा था कि एक व्यक्ति जो एक प्लास्टिक बोरी लिए पुलिस को देखकर छुप रहा था जिसे घेराबंदी कर पकड़ा गया। पूछताछ में व्यक्ति ने अपना नाम रमेश महानंद पिता स्व दुर्जे महानंद उम्र 32 वर्ष निवासी वाल्मिकी नगर थाना कबीर नगर जिला रायपुर का होना बताया। टीम के सदस्यों द्वारा उसके पास रखें प्लास्टिक बोरी की तलाशी लेने पर बोरी के अंदर में आइकॉन प्रीमियम व्हीस्की अंग्रेजी शराब रखा होना पाया गया। शराब रखने के संबंध में रमेश महानंद से वैध दस्तावेज की मांग करने पर उसके द्वारा किसी प्रकार का कोई दस्तावेज प्रस्तुत न कर टीम के सदस्यों को लगातार गुमराह करने का प्रयास किया जा रहा था। जिस पर आरोपी रमेश महानंद को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अवैध रूप से रखें 32 पौवा आइकॉन प्रीमियम व्हीस्कीअंग्रेजी शराब कीमती लगभग 3,840 रूपये जप्त कर उसके के विरूद्ध थाना कबीर नगर में अपराध धारा 34;2 आबकारी एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही किया गया।

# सट्टा संचालित करते सटोरिया हिरासत में



**रायपुर,** 5 नवंबर (देशबन्धु)। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में थाना गोलबाजार पुलिस की टीम द्वारा थाना गोलबाजार क्षेत्रांतर्गत शास्त्री मार्केट सब्जी मार्केट के पास सट्टा संचालित करते सटोरिया चंद्रकांत गुप्ता पिता शंभू प्रसाद गुप्ता उम्र 46 साल पता विजय नगर शिव मंदिर के पास थाना खम्हारडीह को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से नगदी रकम 2,370, रूपये एवं सट्टा.पट्टी जप्त कर सटोरिया चंद्रकांत गुप्ता के विरूद्ध थाना गोलबाजार में धारा 6 छण्णण् जुआ प्रतिषेध अधिनियम के तहत का अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी के विरूद्ध कार्यवाही किया गया।

# दुकान के गल्ले से नौकर ने उड़ाए 20 हजार, गिरफ्तार

**रायपुर,** 5 नवंबर (देशबन्धु)। शहर के मालवीय रोड स्थित एक कपड़े की दुकान के गल्ले से चोरी हुए 20 हजार रुपये दुकान के नौकर ने ही उड़ाया था। सीसीटीवी में राशि चुराते कैद हुए नौकर को रविवार कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से मात्र तीन हजार रुपये बरामद किया गया बाकी रुपये उसने खर्च कर दिया। सिटी कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मालवीय रोड में प्रिंस दुसेजा की कपड़े की दुकान है।दुकान में 15 अक्टूबर से त्रिमूर्तिनगर फाफाडीह निवासी तुलसी तांडी उर्फकबीर 32 वर्ष काम करता आ रहा था। 17 अक्टूबर की रात आठ बजे लघुशंका जाने के बहाने वह दुकान से निकलाए लेकिन वापस नहीं लौटा। सीसीटीवी की जांच करने पर तुलसी तांडी रुपये निकलते हुए पाया गया दूसरे दिन भी दुकान नहीं आया तब संदेह होने पर प्रिंस दुसेजा ने गल्ले को चेक किया तो 20 हजार रुपये नहीं मिले। दुकान में लगे सीसीटीवी की जांच करने पर तुलसी तांडी रुपये निकलते हुए पाया गया। शिकायत पर पुलिस ने चोरी का केस दर्ज कर रविवार को तुलसी को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उसने पैसा चोरी करना स्वीकार कर लिया। आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

# डिजिटल तकनीक से रेल यात्रा हुई आसान

**रायपुर,** 5 नवंबर (देशबन्धु)। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे सभी प्रमुख स्टेशनों पर आधुनिक यात्री सुविधाएँ उपलब्ध कराई हैं। ट्रेन इंडीकेशन बोर्ड, ऐट ए ग्लान्स डिस्प्ले बोर्ड कोच गाइडेंस डिस्प्ले बोर्ड ऑटोमेटिक अनाउंसमेंट जैसी आधुनिक सुविधाओं के द्वारा यात्रियों को स्टेशनों के प्लेटफार्म पर ट्रेनों के आवागमन की वास्तविक जानकारी मिल रही है। इनसे रेल यात्रा को अत्यन्त सुविधापूर्वक बनाने की कोशिश की गयी है जिससे कि किसी भी यात्री को प्लेटफार्म पर ट्रेनों से संबंधित जानकारी के लिए परेशानी न उठानी पड़े।



यात्रियों के लिए उपलब्ध कराई गई इन नवीनतम सुविधाओं की विस्तृत जानकारी एवं कार्यप्रणाली इस प्रकार है.ट्रेन इंडीकेशन बोर्ड . ये मुख्यत: स्टेशनों के विभिन्न गेटों के आसपास ही लगाया जाता है क्योंकि इसके द्वारा ट्रेन का आगमन प्रस्थान समय व प्लेटफॉर्म नंबर की सूचना मिलती है। बिलासपुर स्टेशन के सभी प्लेटफार्म एवं वेटिंगहॉल और जोन के 35 स्टेशनों पर यह सुविधा उपलब्ध है। ऐट ए ग्लान्स डिस्प्ले बोर्ड इसे मुख्यत: प्लेटफार्म के गेटों फूटओवर ब्रिज वेटिंगहॉल में लगाए गए हैं। इसके द्वारा यात्रीयों को स्टेशन प्लेटफार्म में प्रवेश करते ही उनकी ट्रेन में इंजन की स्थिति एवं इंजन के सापेक्ष कोच की स्थिति के बारे में जानकारी मिल जाती है। यह बिलासपुर स्टेशन में गेट नंबर 3 एवं दोनों और के फूट ओवर ब्रिज प्रथम श्रेणी वेटिंगहॉल के साथ जोन के 33 स्टेशनों पर लगाए हैं। कोच गाइडेंस डिस्प्ले बोर्ड इसमें यात्रियों को उनकी आने वाली ट्रेन के कोचों की स्थिति के बारे में जानकारी दी जाती है जिससे कि यात्रियों को उनके कोच की सही स्थिति मालूम रहे और वे अपने कोच तक पहुँचने के लिए परेशान ना हो । जो यात्री बुजुर्ग है अथवा जिनके पास अधिक सामान है उन यात्रियों के लिए यह सुविधा अत्यंत ही लाभदायक है। बिलासपुर रेलवे स्टेशन के सभी आठ प्लेटफार्म समेत जोन के 28 स्टेशनों पर यह सुविधा उपलब्ध है। ऑटोमेटिक अनाउंसमेंट प्रणाली यह सुविधा कंप्यूटर द्वारा नियंत्रित होती है। इस प्रणाली में श्रव्य माध्यम द्वारा यात्रियों को न केवल ट्रेनों के बारे में जानकारी दी जाती है अपितु उनकी सुरक्षा सतर्कता स्वास्थ्य एवं सुविधाओं की जानकारी भी दी

# धारदार चाकू के साथ युवक धरा गया

**रायपुर,** 5 नवंबर (देशबन्धु)। थाना कबीर नगर पुलिस टीम द्वारा थाना कबीर नगर क्षेत्रांतर्गत चेकिंग के दौरान बाल्मिकी नगर सुलभ के पास आरोपी अख्तर खान पिता यूसुफ खान उम्र 32 वर्ष निवासी राजबंधा। मैदान भाजपा कार्यलय के पीछे थाना मौदहापारा रायपुर का अवैध रूप से चाकू लेकर लोगो को डराते धमकाते मिला जिसे घेराबंदी कर पकड़ कर गिरफ्तार किया गया उसके कब्जे से अवैध रूप से रखें 01 नग धारदार चाकू जप्त कर आरोपी के विरूद्ध थाना कबीर नगर में धारा 25,27 आर्म्स एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही किया गया।

उल्टा पुल्टा

डिलिवरी के टाइम डॉक्टर ने महिला से पूछा: क्या आप डिलिवरी के टाइम बच्चे के बाप को अपने पास देखना पसंद करेंगी?

**महिला:** नहीं, उसे मेरे पति पसंद नहीं करते!

## संपादकीय

### किसानों के मुद्दे पर 'आप' भी

*कहने को तो आम आदमी पार्टी मूलतः शहरी लोगों की पार्टी मानी जाती है क्योंकि यह शहरों में रहने वालों और वह भी सिविल सोसायटियों से जुड़े कार्यकर्ताओं द्वारा गठित की गयी है। इसका नेतृत्व भी अधिकतर उन्हीं लोगों के हाथों में हैं जो पढ़े-लिखे हैं और शहरों में रहने वाले सामाजिक कार्यकर्ता हैं, विशेषकर दिल्ली, मुम्बई जैसे महानगरों में। इसी कारण देश भर के अन्य छोटे-बड़े शहरों एवं कस्बों में भी जब इसका विस्तार हुआ तथा संगठन बना तो उसमें शामिल होने वालों में ज्यादातर युवा एवं शिक्षित समाज है। लम्बे समय तक माना गया था कि इसका दबदबा दिल्ली में है और इसकी राजनीति शहरी समस्याओं के ईर्द-गिर्द ही घूमती है। आप ने सस्ती या निशुल्क नागरिक सुविधाओं के दम पर दिल्ली विधानसभा के चुनाव जीते हैं। वहां उसका प्रचंड बहुमत है और वह बहुत ताकतवर भी है। पिछले साल हुए पंजाब के विधानसभा चुनाव जीतकर वहां भी उसने सरकार बनाकर सबको चकित किया था क्योंकि वहां मुख्य मुकाबला भाजपा व कांग्रेस के बीच ही था। इससे उसके बारे में यह धारणा दूर होने में मदद मिली कि वह केवल शहरी लोगों की पार्टी है। पंजाब की अर्थव्यवस्था का प्रमुख आधार कृषि ही है- उद्योग एवं व्यवसाय के साथ।*

*अपने बढ़ते विस्तार के कारण उसे केन्द्र सरकार की ओर से पैदा की जाने वाली सवैधानिक व प्रशासकीय अड़चनों से अक्सर जूझना पड़ता है। कभी उसके बनाये कानूनों को दिल्ली के उप राज्यपाल द्वारा निरस्त कर दिया जाता है तो कभी उसके किसी अधिकार में कटौती कर दी जाती है। इसके बावजूद पार्टी अलग-अलग राज्यों में चुनाव लड़ती आ रही है। अक्सर उसे भारतीय जनता पार्टी की भी टीम भी कहा जाता रहा क्योंकि उसके कारण भाजपा विरोधियों के वोट बंटते हैं और भाजपा को फायदा मिलता आया है। इसके बावजूद आप की विस्तार परियोजना कभी रूकी नहीं। हर जगह वह दिखती है, जहां उसका कोई जनाधार नहीं है या उसके लेशमात्र चुनाव जीतने की उम्मीद नहीं होती।*

*छत्तीसगढ़ में भी वह पूरी ताकत से लड़ रही है। सभी 90 सीटों पर उसके प्रत्याशी खड़े हैं। वे कहीं कम तो कहीं ज्यादा मजबूत नज़र आते हैं। कहीं-कहीं उनकी उपस्थिति नाम की है। प्रमुख प्रतिद्वंद्वियों यानी कांग्रेस-भाजपा के मुकाबले वह सभी जगह कमतर तो है परन्तु देखना यह है कि उसकी उपस्थिति का कहां कांग्रेस को फायदा मिलता है और कहां पर भाजपा को। शनिवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री व आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान भी फिर से छग में थे। बिलासपुर में उन्होंने घोषणा की कि जीतने पर राज्य के किसानों का पूरा धान खरीदा जायेगा और न्यूनतम समर्थन मूल्य 3200 रुपये प्रति क्विंटल होगा। यानी किसान यहां भी केन्द्र में है।*

# धनतेरस व दीवाली की खरीदी के साथ ही चुनावी प्रचार के लिये उमड़ी जनता की भीड़

**■ जगह जगह चक्काजाम की स्थिति, चुनाव प्रचार**

**दुर्ग,** 5 नवंबर (देशबन्धु)। शाम ढलते ही जहां एक ओर धनतेरस व दीपावली की खरीदी के लिये बाजारों में सपरिवार उमड़ने लगी है वहीं विधानसभा चुनाव लड़ रहे प्रत्याशीगण भी शाम ढलते ही ढोल ढमाकों फौज फटाकों के साथ जगह जगह जनसंपर्क कर रहे है। इस वजह से शहर के प्रमुख मार्गो पर शाम होते ही जाम लगने शुरू हो जाता है। कांग्रेस-भाजपा जैसी राष्ट्रीय पार्टियों के प्रत्याशियों की टीम के अलावा कतिपय निर्दलीय प्रत्याशियों के बैनर पोस्टर वाल वाहन बाजार क्षेत्रों में घूमने लगे है। इसके अलावा कतिपय ऐसे निर्दलीय प्रत्याशी भी है जो राष्ट्रीय दलों कांग्रेस व भाजपा प्रत्याशियों की ड्योढ़ी पर जाकर उन्हे समर्थन देकर चुनाव में हटने की कोशिश कर रहे है। अभी तक मगर दुर्ग शहर, ग्रामीण, पाटन क्षेत्र में उनकी बात पक्की नहीं हो पा रही है।

शहर में अब चुनावी हलचल तेज होने लगी है। कांग्रेस व भाजपा दोनों ही दलों के प्रत्याशी दिन दिन भर बल्कि रात्रि 8 से 10 बजे तक प्रत्येक वार्ड में घरोंघर जाकर अपनी अपनी पार्टी के लिये वोट की अपील कर रहे है। भाजपा प्रत्याशी प्रत्येक वार्ड में वार्ड के भाजपाइयों के साथ घूम घूम कर संपर्क कर रहे है। उन्हें लगभग सभी जगह अपना परिचय देना पड़ रहा है। पार्टी के नाम एवं उनके पिता के नाम के साथ मोदी के नाम पर लोग उन्हें आश्वस्त कर रहे है। दूसरी कांग्रेस के प्रत्याशी अरूण वोरा अपने जीवन का 7 वां चुनाव लड़ रहे है। वे लोगों से सीधे बगैर किसी रिफरेंस के लोगों से मिलजुल रहे है। कहीं कहीं उन्हें नगर निगम द्वारा छोड़े दिये गये अधूरे कार्य तो कहीं किसी ओर मुद्दे पर भी लोग घेर रहे है। उनसे तरह तरह के सवाल जवाब किये जा रहे है। यह पूछताछ करने वालों में महिलाओं की संख्या ज्यादा है। दोनों ही जगह साथ चलने वालों में युवावर्ग व महिलाओं की संख्या ज्यादा है। पुराने बड़े बुजुर्गो की संख्या काफी कम देखी जा रही है। इस मामले में दोनों ही पक्ष के लोगों का कहना है कि दीवाली सिर पर है। ऐसे में बुजुर्ग अपनी अपनी दूकानों में बैठकर काम धंधा सम्हाल रहे है। युवाओं का एक बड़ा वर्ग भी व्यवसाय की ओर केन्द्रित नजर आ रहा है। चुनाव प्रचार में इसलिये महिलाओं की संख्या ज्यादा है। इसकी एक वजह नगरीय निकाय के चुनाव में महिलाओं को अवसर देने की बात कही जा रही है। इस तरह चुनावी टिकिट का आकर्षण भी महिला की राजनीतिक महत्वाकांक्षा को बल दे रहा है। महिलाएं अपने अपने चहेते प्रत्याशियों की जगह जगह आरती उतारकर, तिलक लगाकर जनसंपर्क में साथ निभा रही है। शहर के लगभग हर गली मोहल्ले में दोनों ही राजनीतिक राष्ट्रीय दलों के वाल पेटिंग, बैनर व होर्डिग्स लगाये जा रहे है। लोगों के घरों में कांग्रेस व भाजपा दोनों के बैनर होर्डिंग्स पोस्टर्स लगने लगा है। भाजपा का चुनावी कार्यालय भी खुल गया है। आपापुरा स्थित पार्टी कार्यालय में हटकर गंजपारा से कार्यालय संचालित किया जा रहा है। कांग्रेस का चुनावी कार्यालय प्रत्याशी का पद्मनाभपुर स्थित निवास ही कार्यालय है।

## गीत संगीत के माध्यम से चलाया गया मतदाता जागरूकता अभियान



**दुर्ग**, 5 नवंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ मंच दुर्ग के बैनर तले पुराना बस स्टैंड में संगीतमयी शाम सुरीला सफर के माध्यम से मतदाता जागरूकता संदेश का अभियान चलाया गया। मंच के अध्यक्ष ईश्वर सिंह राजपूत, दिनेश जैन एवं तुलसी सोनी ने बताया कि मंच द्वारा गीतों के माध्यम से मतदाता जागरूकता का अभियान चलाया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि समाजसेवी रघुनंदन लाल श्रीवास्तव, सुराना, चंद्रिका दत्त चंद्राकर, कवि रवि श्रीवास्तव, विश्वनाथ पाणिग्रही, अनूप सिंग भाटिया एवं हाजी मिर्जा साजिद बैग प्रमुख रूप से उपस्थित थे। छत्तीसगढ़ मंच के गायक कलाकारों द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया तथा उपस्थित संगीत प्रेमियों को मंच के संरक्षक तुलसी सोनी ने शपथ दिलाते हुए उपस्थित संगीत प्रेमियों से अधिक से अधिक मतदान करने एवं अन्य लोगों को भी मतदान के लिए प्रेरित करने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर मंच के गायक कलाकार यूनुस चौहान, त्रिलोक सोनी, गुलाब चौहान, तुलसी सोनी, रमन सिंह, जाहिद अली, संजय लारोकर, दीपक शर्मा, जयंती सिंह एवं प्रकाश सेठ ने एक से बढ़कर एक गीतों की शानदार प्रस्तुति दी जिसे उपस्थित संगीत प्रेमियों एवं शहर वासियों ने काफी सराहा। इस अवसर पर कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जाबिर अली, माधुरी लारोकर, बहादुर अली थरानी, मोहम्मद मतीन, राजेश जैन, अनिल गुप्ता, किशोर जैन, भागी भाई, किशोर जैन, दुर्गा भाई, असलम कुरैशी, जावेद भाई, अलीम कुरैशी, सहित काफी संख्या में संगीत प्रेमी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन संरक्षक तुलसी सोनी एवं आभार प्रदर्शन मंच के अध्यक्ष ईश्वर सिंह राजपूत ने किया।

## ग्राम कुथ्रैल में आज मुख्यमंत्री बघेल की आमसभा

**ताम्रध्वज के पक्ष में करेगें प्रचार**

दुर्ग, 5 नवंबर (देशबन्धु)। दुर्ग ग्रामीण विधानसभा के अंतर्गत ग्राम कुथरेल में कल 6 नवंबर को दोपहर 2 बजे स्थान राम लीला मैदान में मुख्यमंत्री भुपेश बघेल की आमसभा का आयोजित की गई है। जिसमें दुर्ग ग्रामीण विधानसभा के कांग्रेस प्रत्याशी ताम्रध्वज साहू के पक्ष में प्रचार के साथ साथ आम सभा को संबोधित करेंगे।

इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला कांग्रेस कमेटी, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी, सभी प्रकोष्ठ के पदाधिकारी, किसान कांग्रेस कमेटी, जोन प्रभारी, सेक्टर प्रभारी, बूथ प्रभारी, वरिष्ठ कार्यकर्ता, पंचायत प्रतिनिधिगण, राजीव युवा मितान क्लब के सभी सदस्य, शाला विधायक प्रतिनिधि, महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, एन एस यू आई, गौठान समिति के सभी सदस्य, नगर निगम रिसाली सभी पार्षद, एल्डरमैंन, नगर पंचायत उतई सहित आम जन अधिक से अधिक संख्या में सभा स्थल में सम्मिलित होगें।

## मुख्यमंत्री आज अरूण वोरा के पक्ष में करेंगे दुर्ग शहर में रोड शो



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल कल 6 नवंबर को शाम 4 बजे से दुर्ग शहर विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस प्रत्याशी अरूण वोरा के पक्ष में रोड शो कर जनसंपर्क प्रचार करेगें। कांग्रेसजन पुरानी गंजमंडी में एकत्रित होकर श्री बघेल के साथ रोड शो में शामिल होगें।

श्री बघेल का रोड शो पुलगांव नाका चौक से शुरू होगा वहां से गंजपारा, सत्ती चौरा में मां दुर्गा दर्शन, वहां से सिद्धार्थ नगर, फिर वार्ड क्रमांक 32, 33, 34, शिवपारा होते हुए चंडी मंदिर वार्ड से वार्ड क्रमांक 1,2,3,4,5,6,56, 57, 58 से होते हुए चंडी मंदिर कंकालीन चौक होते हुए वार्ड 32, लुचकी चौक से वार्ड 7,8,9,10, 11,13,30 तकियापारा वार्ड 8, 25, 26 सुभाष चौक इंदिरा मार्केट, मोती काम्पलेक्स, राममंदिर, गांधी चौक, शनिचरी बाजार होते हुए पुराने बस स्टैंड दुर्ग पहुंचेगी।

## जनसमर्पण सेवा संस्था दीवाली पर झोपड़ों में बांटेगा खुशियां

**■ वस्त्र, मिठाई, नमकीन, फटाकों सहित घरेलू सामानों के वितरण की योजना**

**दुर्ग,** 5 नवंबर (देशबन्धु)। जनसमर्पण सेवा संस्था दुर्ग द्वारा दुर्ग शहर के लगभग 5 सौ बच्चें, बुजुर्ग महिलाओं को दीपावली पर नये कपड़े मिष्ठान नमकीन एवं फटाके उपलब्ध कराने का निर्णय लिया है। संस्था इस वर्ष समाज के कमजोर बच्चों एवं परिवारों के बीच दीवाली की खुशियां बांटेगी।

यह जानकारी देते हुए संस्था के अध्यक्ष योगेन्द्र शर्मा बंटी ने बताया कि इस कार्यक्रम को मूर्तरूप देने संस्था द्वारा 8 नवंबर से 11 नवंबर तक एक अभियान चलाया जायेगा। उन्होंने बताया कि दीपावली तक इस साधन सुविधाहीन परिवारों तक जनसमर्पण सेवा संस्था कपड़े फटाके मिठाई, नमकीन के अलावा और भी यथासंभव आवश्यक घरेलू जरूरत के सामान मुहैया करायेगी। यह अभियान 8 नवंबर को मोहलाई, 9 को भिलाई के वृद्धाश्रम, 10 को वृद्धाश्रम दुर्ग, 11 को दुर्ग रेल्वे स्टेशन के अलावा 7 एवं 11 नवंबर को पटेल चौक, पुराना बस स्टैंड, मालवीय नगर चौक, नेहरू नगर चौक, पावर हाऊस चौक, एवं दुर्ग रेल्वे स्टेशन तथा अन्य फुटपाथ में रहने वालों को दीपावली सप्ताह मनाकर सहायता दी जायेगी। संस्था द्वारा विगत 6 वर्षो से रेल्वे स्टेशन में भूखे साधनहीन लोगों को लगातार भोजन सेवा दी जा रही है।

## केन्द्रीय जेल में लोक अदालत लगाकर निपटाये 36 मामले




**दुर्ग,** 5 नवंबर (देशबन्धु)। छ.ग.राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, बिलासपुर के निर्देशानुसार एवं नीता यादव, जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, दुर्ग के मार्गदर्शन में आज ''राज्य स्तरीय वृहद जेल लोक अदालत'' का आयोजन केन्द्रीय जेल दुर्ग में किया गया।

उक्त राज्य स्तरीय वृहद जेल लोक अदालत में संतोष कुमार ठाकुर, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, दुर्ग के अलावा प्रमुख रूप से गठित दो खण्डपीठ के पीठासीन न्यायिक अधिकारीगण सरोजनी जनार्दन खरे, न्या.मजि.प्रथम श्रेणी, दुर्ग एवं डी. एस. बघेल, न्या.मजि.प्रथम श्रेणी, दुर्ग तथा प्रतिबंधात्मक धाराओं के प्रकरणों के निराकरण हेतु गठित खण्डपीठ के पीठासीन अधिकारी दीपक कुमार निकुंज एस.डी.एम. भिलाईनगर/छावनी एवं आशीष डहरिया, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, दुर्ग, केन्द्रीय जेल दुर्ग की ओर स आर. आर. राय जेल अधीक्षक, दुर्ग श्यामलाल ठाकुर उप जेल अधीक्षक, केन्द्रीय जेल दुर्ग व जेल के अन्य कर्मचारी/स्टाफ उपस्थित थे।

इस अवसर पर उपस्थित न्यायिक अधिकारीगण एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दुर्ग द्वारा जेल में निरूद्ध बंदियों को प्ली-बार्गेनिंग, अंडर ट्रायल रिव्यू कमेटी तथा विचाराधीन बंदियों के प्रकरणों के सुगमता से निराकरण के कई कानूनी पहलुओं की जानकारी प्रदान करते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को जेल में निरूद्ध प्रत्येक बंदी के लिए सदैव विधि अनुसार सहयोग करने के लिए तत्पर एवं प्रतिबद्ध ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

## महादेव एप पर प्रतिबंध क्यों नहीं लगा रही केन्द्र सरकार : राजेन्द्र साहू



**दुर्ग, 5** नवंबर (देशबन्धु)। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री राजेंद्र साहू ने सवाल किया है कि केंद्र की भाजपा सरकार महादेव एप पर रोक क्यों नहीं लगा रही है। महादेव एप के मामले में कांग्रेस और मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को बदनाम करने की साजिश करने वाले भाजपा नेता पूरे देश में एक्सपोज हो चुके हैं। कथित भाजपा नेताओं के साथ सट्टा एप चलाने वालों की तस्वीरों से भाजपा की साजिशों का पर्दाफाश हो गया है।

राजेंद्र ने कहा कि जिस असीम दास के पास से ईडी ने 5 करोड़ रुपए जब्त करने के बाद उसके बयान के आधार पर सीएम भूपेश बघेल का नाम जोड़ाए वो असीम भाजपा पार्षद का खासमखास निकला। महादेव एप चलाने वालों के साथ कई दिग्गज भाजपा नेताओं की तस्वीरों से खुलासा हो चुका है कि सट्टा एप को भाजपा का संरक्षण मिला हुआ है। राजेंद्र ने कहा कि जब से छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार बनी है, तब से केंद्र की भाजपा सरकार सहित सभी भाजपा नेताओं ने भूपेश सरकार पर अनर्गल और आधारहीन आरोप लगाए हैं। झूठ का प्रपंच फैलाया गया। अफवाह का मायाजाल रचा गया। छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार को बदनाम करने की साजिशें रची जा रही है।

राजेंद्र ने कहा कि मोदी के साढ़े 9 साल के कार्यकाल और रमन सिंह के 15 साल के राज में एक भी योजना ऐसी नहीं है जिसके दम पर भाजपा चुनाव में जनता के बीच जा सके। दरअसल इतने बड़े कार्यकाल में बीजेपी ने जनकल्याण का कोई काम ही नहीं किया। भूपेश सरकार के कल्याणकारी कार्यों का जवाब न होने के कारण भाजपा ने कांग्रेस को बदनाम करने का षड्यंत्र रचा। भूपेश सरकार पर आधारहीन आरोप लगाए गए, जिनका सच से कोई वास्ता ही नहीं है।

2014 में केंद्र की सत्ता में आने के बाद से भाजपा लगातार कांग्रेस व अन्य दलों के नेताओं पर ईडी, आईटी, सीबीआई का दबाव बना रही है। भाजपा ने पूर्व में विपक्ष के नारायण राणे, हेमंत बिस्वा सरमा, अजित पवार, शुभेंदु अधिकारी सहित कई नेताओं पर दबाव बनाकर भाजपा प्रवेश कराया। अगर विपक्षी नेता भाजपा में शामिल नहीं हो रहे हैं तो उन्हें झूठे केस में फंसाया जा रहा है। ये सारी साजिश देश में पांच राज्यों में हो रहे चुनाव के साथ ही 2024 के लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखकर रची जा रही है। राजेंद्र ने कहा कि छत्तीसगढ़ के सीएम भूपेश बघेल किसान पुत्र हैं। पद संभालने के बाद से उन्होंने छत्तीसगढ़ में रहने वाले लोगों के सम्मान बढ़ाने का काम किया। छत्तीसगढ़ी संस्कृति को बढ़ावा देने के कार्य किये।

## कांग्रेस का चुनावी घोषणा पत्र झूठ का पुलिंदा : वर्मा



**दुर्ग,** 5 नवंबर (देशबन्धु)। जिला भाजपा अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा ने कहा है कि कांग्रेस का चुनावी घोषणा पत्र झूठ का पुलिंदा है। पिछले चुनावी घोषणा पत्र की 70 प्रतिशत घोषणाएं भी कांग्रेस ने पूरी नहीं की है। वह यदि वादे करके मुकरने की आदी है।

श्री वर्मा ने इस सिलसिले में पिछले चुनावी घोषणा पत्र में कांग्रेस द्वारा किये गये महतारी सम्मान निधि, पूर्ण शराबबंदी, छत्तीसगढ़ राज्य के विकास के लिये कांग्रेस ने कोई रोडमेप अपने घोषणापत्र में नहीं बताया है। उन्होंने कांग्रेस व भाजपा दोनों के चुनावी घोषणा पत्र की तुलना करते हुए कहा कि कांग्रेस वादे करके पूरा नहीं करती, भाजपा अपने वादे पूरे करेगी।





**डोंगरगढ़। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने रविवार चंद्रगिरी तीर्थ स्थल में पहुँच आचार्य विद्यासागर जी महाराज के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। इसी कड़ी में प्रधानमंत्री श्री मोदी ने मां बमलेश्वरी देवी का विधिवत पूजा अर्चना भी की। इस दौरान पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह उपस्थित थे।**

## छत्तीसगढ़ प्रवास के दौरान भाजपा नेता योगेश तिवारी ने पीएम मोदी से की मुलाकात



**बेमेतरा,** 5 नवम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ प्रवास के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दुर्ग आगमन पर हैलीपैड पर भाजपा नेता योगेश तिवारी ने प्रधानमंत्री का स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री को बेमेतरा आने का न्यौता दिया। भाजपा नेता ने प्रधानमंत्री को बेमेतरा जिले की समस्याओं से अवगत कराया। उन्होंने प्रधानमंत्री को बताया बेमेतरा जिला कृषि प्रधान क्षेत्र है और बेमेतरा ज़िले का आर्थिक विकास के लिये किसानों के लिये पर्याप्त सिंचाई संसाधन की जरूरत है। किसानों के फसल के वाजिब मूल्य के लिए फुड प्रोसेसिंग प्लांट खोलने की ज़रूरत है। तभी बेमेतरा ज़िले का आर्थिक विकास हो पाएगा। प्रधानमंत्री ने समस्याओं को ध्यान से सुना और भविष्य बेमेतरा आने का आश्वासन दिया।

## कलेक्टर ने किया मतदाता सूची का अवलोकन



**बेमेतरा,** 5 नवम्बर (देशबन्धु)। विधानसभा सामान्य निर्वाचन.2023 में ज़िले के तीनों विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 68 साजा, 69 बेमेतरा और 70 नवागढ़ में द्वितीय चरण 17 नवंबर 2023 को मतदान होगा। इसी को लेकर कलेक्टर एवं ज़िला निर्वाचन श्री पदुम सिंह एल्मा ने आज यहां ज़िला पंचायत के सभाकक्ष में चल रही मतदाता सूची का अवलोकन किया। उन्होंने मतदाता सूची में विलोपित किए गए नामों के अनुपात में नए जुड़े नामों की जानकारी ली। कलेक्टर ने 80 से अधिक आयु के बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं की भी जानकारी ली।

उन्होंने विधानसभा और मतदान केंद्र अनुसार मतदाता सूची के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची में अगर टंकण त्रुटिपूर्ण हो तो समय रहते दूर कर लिया जाये। इसके साथ जिन लोगों के नाम जुड़े हैं उन्हें वोटर आईडी के वितरण के संबंध में भी जानकारी ली।

ज़िले की तीनों विधानसभा में 46 प्रत्याशी निर्वाचन में खड़े है। सबसे अधिक प्रत्याशी 18 बेमेतरा और 14-14 प्रत्याशी साजा और नवागढ़ विधानसभा क्षेत्र से है। ज़िले की तीनों विधानसभा में 746614 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इनमें 80 से अधिक आयु के बुजुर्ग मतदाताओं कि संख्या 4715 और दिव्यांग मतदाताओं की संख्या 4113 है।

ईवीएम व वीवीपैड का रेंडमाईजेशन राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में किया जा चुका है। कल 6 अक्टूबर को मतदान दल अधिकारियों का रेंडमाईजेशन होगा। ज़िले में निर्वाचन की सभी तैयारियाँ योजना वार की जा रही। अधिकारियों-कर्मचारियों को ज़िला स्तरीय मास्टर ट्रेनरों द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

# राधिका नगर के तीन घरों में ईडी का छापा



**भिलाईनगर,** 5 नवंबर (देशबन्धु)। प्रवर्तन निदेशालय की टीम ने आज सुबह सुपेला थाना अंतर्गत राधिका नगर में भिलाई स्टील प्लांट के रिटायर्ड कर्मचारी, रिटायर्ड टीचर और एक अन्य के मकान में छापा मारा है। टीम की कार्रवाई सुबह 5 बजे से जारी है। आपको बता दें कि ईडी की टीम ने तीन दिन पहले ही भिलाई की हाउसिंग बोर्ड कालोनी में ऑनलाइन सट्टा ऐप मामले में छापा मारकर करोड़ों रुपए बरामद किए थे। मिली जानकारी के अनुसार ये वही टीम है जो तीन दिन पहले 2 नवंबर को भिलाई के हाउसिंग बोर्ड निवासी कालोनी असीम के मकान में पहुंची थी। आज तीन से चार गाड़ियों में ईडी की अलग-अलग टीमें राधिका नगर पहुंची हैं। ये टीमें सुपेला राधिका नगर दाऊबाड़ा तालाब के समीप निवासी रिटायर्ड बीएसपी कर्मी, रिटायर्ड टीचर केरल के मूल निवासी उन्नीयन और मुस्तफा के घर में एक साथ पहुंची हैं। आपको बता दें कि ये तीनों घर 100 मीटर के रेडियस में ही स्थित हैं। ईडी की कार्रवाई जारी है। सुत्रों ने बताया ईडी की कार्यवाही में कुछ हाथ नही लगा है। ईडी की टीम शाम तक कार्यवाही के बाद वापस भी चले गई है।

# श्रमिकों का दो माह का बन रहा गेटपास



**भिलाईनगर,** 5 नवम्बर (देशबन्धु)। स्टील ठेका श्रमिक यूनियन इंटक के कार्यकारिणी की बैठक जोरा तराई के कार्यालय में सम्पन्न हुई। जिसमें भिलाई इस्पात संयंत्र में कार्यरत ठेका श्रमिकों की समस्या पर चर्चा किया गया एवं राष्ट्रीय इंटक के निर्देश पर वर्तमान में हो रहे विधानसभा चुनाव में दुर्ग जिला में कांग्रेस के उम्मीदवार को जिताने का संकल्प लिया गया। स्टील ठेका श्रमिक यूनियन इंटक के अध्यक्ष संजय साहू द्वारा छत्तीसगढ़ में कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में श्रमिक हित में किए गए कार्य, राजमाता कन्या विवाह योजना, मुख्यमंत्री श्रमिक औजार सहायता योजना, नव निहाल छात्रवृत्ति योजना, दुर्घटना सहायता योजना, मुख्यमंत्री साइकिल सहायता योजना, विश्वकर्मा दुर्घटना मृत्यु पर अंत्येष्टि एवं अनुग्रह राशि योजना जैसे अनेक श्रमिक हित में कार्य हुए हैं।

**ठेका श्रमिकों के मिले दीपावली बोनस**

बीएसपी में कार्य करने वाले सभी ठेका श्रमिकों के लिए प्रबंधन ने बोनस का सर्कुलर निकाल दिया है लेकिन अभी तक अधिकांश ठेका श्रमिकों को बोनस वितरण नहीं किया गया है जिससे ठेका श्रमिकों में आक्रोश है प्रबंध सुनिश्चित करें सभी ठेका श्रमिकों को दीपावली पूर्व बोनस वितरण नियमानुसार किया जाए।

दो साल का ठेका होने के पश्चात भी दो-दो माह के लिए बन रहा है गेट पास पर चिन्ता व्यक्त की गई। बैठक में अन्य विभाग के श्रमिकों ने बताया कि उनका ठेका दो साल के लिए हुआ है उसके पश्चात भी ठेकेदार द्वारा दो-दो माह के लिए गेट पास बनाया जा रहा है जिससे बार-बार दस्तावेज एवं फोटो देना पड़ता है और कई बार दो-चार श्रमिकों का गेट पास ठेकेदार द्वारा नहीं दिया जाता इसलिए दो साल के ठेके में दो साल के लिए गेट पास बनना चाहिए एवं सभी गेट पास पर दो गेट से आने जाने की सुविधा दी जानी चाहिए।

स्टील ठेका श्रमिक यूनियन के अध्यक्ष संजय साहू ने कहा कि यूनियन के प्रयास से लगातार श्रमिकों की समस्या में सुधार हो रहा है एवं वेतन संबंधी सुधार और सुविधाओं के लिए यूनियन निरंतर प्रयास कर रही है जिसका परिणाम है कि स्टील ठेका श्रमिक यूनियन की सदस्य संख्या में लगातार बढ़ोतरी हो रही है जिससे यूनियन के प्रति श्रमिकों का विश्वास बढ़ा है एवं दुर्ग जिला के अंतर्गत आने वाले विधानसभा भिलाई नगर, पाटन, दुर्ग ग्रामीण, दुर्ग, वैशाली नगर एवं अहिवारा विधानसभा में कांग्रेस के उम्मीदवार को विजय दिलाने एवं प्रचार प्रसार करने का निर्णय लिया गया। बैठक में मनोहर लाल, दीनानाथ सिंह, सुरेश कुमार, आर दिनेश, गुलाब दास, गुरुदेव साहू, डीपी खर, रिखी राम साहू, संतोष ठाकुर, जयराम ध्रुव, गणेश ठाकुर, इंद्रमणि, कान्हा, जयकुमार एवं कार्यकारिणी के सदस्य उपस्थित थे।

# बैंक की सुरक्षा भगवान भरोसे : मिश्रा

**भिलाईनगर,** 5 नवम्बर (देशबन्धु)। एचएमएस यूनियन से संबद्ध छत्तीसगढ़ सिक्युरिटी गार्ड केयर टेकर कर्मचारी संगठन के महासचिव एचएस मिश्रा ने राष्ट्रीयकृत बैंकों के एटीएम बूथों पर हो रही तोडफोड़ को बैंक प्रबंधन की लापरवाही का नतीजा करार दिया है। उन्होंने कहा कि बिना किसी पूर्व सूचना के ज्यादातर सुरक्षा कर्मियों को बेदखल कर दिए जाने से एटीएम बूथों की सुरक्षा भगवान भरोसे होकर रह गई है। जिन चुनिंदा एटीएम बूथ पर सुरक्षा कर्मी तैनात हैं। उन्हें एग्रीमेंट में दर्ज प्रावधान के अनुसार वेतन भुगतान सहित अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराने में केयर टेकर एजेंसियां आनाकानी कर रही है। प्रदेश के वरिष्ठ श्रमिक नेता एवं छत्तीसगढ़ सिक्युरिटी गार्ड केयर टेकर कर्मचारी संगठन के महासचिव एचएस मिश्रा ने बताया कि कुछ साल पहले तक सभी राष्ट्रीयकृत बैंकों द्वारा अपने एटीएम बूथ पर सुरक्षा कर्मी तैनात किया जाता था। लेकिन अब सुरक्षा कर्मी नहीं रखे जाने से एटीएम बूथों पर चोरी के इरादे से आए दिन तोडफोड़ की घटनाएं हो रही है। भिलाई के छावनी थाना क्षेत्र में गौरव पथ पर ओम शांति चौक और दुर्ग के मोहन नगर थाना क्षेत्र में एटीएम बूथ पर तोडफोड़ का ताजा मामला सामने है। इससे पहले हुडको कालोनी के तीन एटीएम बूथ पर चोरी के बाद तत्वों ने आग लगा दिया था। एटीएम बूथ पर तैनात ज्यादातर सुरक्षा कर्मियों को पांच छह साल पहले बिना किसी पूर्व सूचना के नौकरी से निकाल दिया गया था। ऐसे सुरक्षा कर्मियों को आज तक अंतिम भुगतान नहीं मिल पाया है। उनके स्थान पर किसी दूसरे सुरक्षा कर्मियों की तैनाती नहीं किए जाने से एटीएम बूथों पर तोडफोड़ की घटनाएं लगातार बढ़ रही है। श्री मिश्रा ने बताया कि कुछ एटीएम बूथ पर द्वितीय पाली और रात्रि पाली में सुरक्षा कर्मी तैनात रहते हैं। लेकिन ऐसे बूथ की संख्या काफी कम है। प्रथम और सामान्य पाली में सुरक्षा कर्मी नहीं रहने से रुपए निकालने वालों को असुरक्षित महसूस होता है। वहीं उनमें अनहोनी घटना होने का भी भय बना रहता है। एटीएम बूथों पर कैमरे जरुर लगाए गए हैं। लेकिन जब तक इसके सहारे पुलिस अपराधियों तक पहुंचती है तब तक बहुत देर हो चुकी होती है। सुरक्षा एजेंसियों के पास ईएसआई, भविष्य निधि, लेबर लाइसेंस, ट्रेड लाइसेंस, पसारा लाइसेंस नहीं है। फिर भी ऐसी एजेंसियां धड़ल्ले से काम कर रही है। श्री मिश्रा ने कहा कि इस तरह की एजेंसियों द्वारा सुरक्षा कर्मियों से 12 घंटे की ड्यूटी और रविवार को भी अवकाश नहीं देकर महीने के पूरे 30 अथवा 31 दिन काम लिया जा रहा है। बदले में सुरक्षा कर्मियों को 6 - 8 हजार रुपए प्रतिमाह वेतन भुगतान किया जा रहा है। एजेंसियों द्वारा सुरक्षा कर्मी को वेतन पर्ची, बैंक पेमेंट, एम्प्लाइज कार्ड, आई कार्ड, सालाना बोनस, न्यूनतम वेतन, ओवर टाइम की राशि, सुरक्षा उपकरण सहित छुट्टी एवं अन्य सुविधाएं नहीं दी जाती है। एजेंसियां सरकार के नियम व कानून का पालन नहीं कर रही है। जो बड़े बैंक हैं, उनके केयर टेकर एजेंसी द्वारा काम से निकाले गए सुरक्षा कर्मियों को अंतिम भुगतान व ग्रेच्युटी की राशि नहीं दी जाती है। जो सुरक्षा कर्मियों के साथ अन्याय और शोषण का उदाहरण है।



# संविधान बचेगा तो भारत बचेगा : डॉ.उदित

**भिलाईनगर,** 5 नवम्बर (देशबन्धु)। अनुसूचित जाति जनजाति संगठनो का अखिल भारतीय परिसंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा.उदित राज की अध्यक्षता मे नई दिल्ली के रामलीला मैदान मे संविधान बचाओ महारैली को देश के सभी राज्यो से जुटे लाखो लोगो की एतिहासिक उपस्थिति मे अभूतपूर्व सफलता प्राप्त हुई। आंदोलनकारियो को संबोधित करते हुए डा.उदित राज ने कहा कि आप सभी संविधान प्रेमियो की यह जागरूकता जरूर रंग लायेगी और सरकार को संविधान सम्मत कार्य करने मजबूर होना पड़ेगा, क्योंकि जब तक संविधान सुरक्षित है तभी तक ही भारत सुरक्षित है। रैली को छत्तीसगढ़ राज्य की तरफ से प्रदेश कोषाध्यक्ष नरेन्द्र खोब्रागड़े ने पचास हजार रुपए का आर्थिक सहयोग प्रदान कर महारैली को संबोधित करते हुए कहा कि डा. बाबासाहेब आम्बेडकर की विचारधारा ही भारत को संगठित, सुरक्षित व सशक्त राष्ट्र के रूप मे स्थापित कर सकती है। महारैली को देश के सभी राज्यो से आये प्रदेश अध्यक्षो ने भी संबोधित किया। परिसंघ के राष्ट्रीय महासचिव डा. ओम सुधा द्वारा महारैली मे भारत के सभी हिस्सो से आये लाखो संविधान प्रेमियो का आभार प्रदर्शित करते हुए भविष्य मे भी ऐसी एकजुटता बनाये रखने का आव्हान किया। उक्त जानकारी अनिल मेश्राम प्रदेश अध्यक्ष, अनुसूचित जाति जनजाति संगठनो ने दी है।



# 7वें मार थियोडोशियस स्मृति बास्केटबॉल प्रतियोगिता



**भिलाईनगर,** 5 नवम्बर (देशबन्धु)। सेंट थॉमस महाविद्यालय रूआबांधा में प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी महाविद्यालय के संस्थापक बिशप स्वर्गीय स्टेफानोस मारथियोडोशियस की स्मृति में 7वें बास्केटबॉल पुरुष प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि कैथोलिकोस और मलंकरा मेट्रोपोलिटन हिसहोली ने बेसेलिओस मार्थोम्मा मैथ्यूस तृतीय थे। मुख्य अतिथि को सलामी दी गयी। कार्यक्रम के अध्यक्ष सेंट थॉमस मिशन के मुखिया एवं सेंट थॉमस महाविद्यालय रूआबांधा के मैनेजर बिशप हिस ग्रेस एलेक्सीओस मार यूसेबिओस ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.एम.जी. रोईमोन ने मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए स्वागत भाषण दिया। अध्यक्ष ने सभी खिलाडियों को अपनी कहा कि विजयी होने के लिए टीम स्पिरिट होना अति आवश्यक है। मुख्य अतिथि ने सभी टीमों को अपनी शुभकामनाये दी एवं सभी खिलाडियों को अनुशासन, ईमानदारी से खेलने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि द्वारा की महाविद्यालयीन पत्रिका का विमोचन किया गया तथा गुब्बारों को उड़ाने के साथ ही मुख्य अतिथि ने प्रतियोगिता को आरंभ कर ने की विधिवत घोषणा की। प्रथम सेमी फाइनल मैच में रूंगटा कॉलेज ने डी.पी. विप्र कॉलेज बिलासपुर को 57 . 31 से हराया एवं दूसरे सेमी फाइनल में सेंट थॉमस कॉलेज ने बीआईटी दुर्ग को 57 . 33 से हराया। अंत में फाइनल मैच में सेंट थॉमस कॉलेज ने रूंगटा कॉलेज को 47 . 28 सेहराया। महाविद्यालय के खेल अधिकारी कैलाश नारायण वर्मा ने मुख्य अतिथि हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग के कुलसचिव भूपेंद्र कुलदीप का स्वागत किया। रूंगटा कॉलेज की टीम को ट्रॉफी और नगद पुरस्कार के रूप में 12000 रूपये दिए गए। विजेता सेंट थॉमस कॉलेज की टीम को ट्रॉफी और 15000 रूपये नगद पुरस्कार के रूप में दिए गए। इस सम्पूर्ण कार्यक्रम का संचालन अंग्रेजी विभाग की डॉ. शाइनी मेंडोंस ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन वाणिज्य विभाग की सहायक प्राध्यापिका डॉ.रिंसीबी अब्राहम ने दिया। इस अवसर पर राइटरेवरेंट थॉमस रम्भान, फादर अजू के.वर्गीस, फादर डॉ. पी. एस. वर्गीस, फादर जिबिन जॉनसन, फादर कुरियन जॉन, महाविद्यालय के प्रशासक रेवरेंट फादर डॉ. जोशी वर्गीस, क्रीड़ा समिति से डॉ.रिंसी अब्राहम, डॉ. सुनीता क्षत्रिय, डॉ. संतोषमिरी, अमिताभ शर्मा, डॉण् अनुप मागंगरा ड़े डॉ. सपना शर्मा. अन्य प्राध्यापक एवं छात्र. छात्राएं उपस्थित थें। महाप्रबंधक अनिकेत ने धन्यबाद ज्ञापित किया

# अब्जार्वर व आयुक्त ने मतदान केन्द्रों का किया निरीक्षण



**भिलाईनगर,** 5 नवम्बर (देशबन्धु)। मुख्य चुनाव आयोग द्वारा नियुक्त अब्जार्वर ने भिलाई विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 65 के 167 मतदान केन्द्रों का स्थल निरीक्षण कर कि गई व्यवस्था पर संतोष व्यक्त किये। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 65 के अब्जार्वर दीपक कुमार मीणा रिटर्निंग ऑफिसर एवं आयुक्त रोहित व्यास के साथ भिलाई नगर विधानसभा के सभी 167 मतदान केदो को देखने पहुंचे उन्होंने मतदान केंद्र में दिव्यांग मतदाताओं के लिए बनाए गए रैंप प्रवेश एवं निकासी की व्यवस्था बिजली, पानी, केंद्र की साफ-सफाई तथा शौचालय महिला एवं पुरुष की पृथक व्यवस्था को देखकर संतुष्ट हुए। टाउनशिप, खुर्सीपार, छावनी के शासकीय स्कूल आईटीआई एवं प्रशासनिक अधिकारी भवन में बनाए गए 167 मतदान केन्द्रों का श्री मीणा ने स्थल अवलोकन किये जहां 17 नवंबर को मतदान होना है। उन्होंने विधानसभा क्षेत्र के आर ओ श्री व्यास से कहा कि मतदान केन्द्रों के 200 मीटर की परिधि में प्रचार प्रसार ना हो इस बात का ध्यान अभी से रखना होगा ताकि मतदान दिवस को कोई असुविधा ना हो आयुक्त ने भ्रमण में उपस्थित जोन आयुक्त को मतदान केन्द्रो के आसपास प्रचार सामग्री को प्रतिबंधित करने के निर्देश दिए हैं।

# सतर्कता जागरूकता सप्ताह का पुरस्कार वितरण

**भिलाईनगर,** 5 नवम्बर (देशबन्धु)। संयंत्र के सतर्कता विभाग द्वारा सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2023 के समापन समारोह के साथ.साथ विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं और निर्णायकों को सम्मानित करने के लिएए पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन संयंत्र के मानव संसाधन विकास केन्द्र के सभागार में किया गया। सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2023 के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं जिसमें निबंध, स्लोगन, क्विज, तात्कालिक वाद-विवाद, भाषण, ड्राइंग और पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। संयंत्र के कर्मचारियों, भिलाई के आसपास के स्कूलों और कॉलेजों के छात्रों को भ्रष्टाचार के दुष्प्रभाव, सत्यनिष्ठा का महत्व, पारदर्शिता, व्यक्तिगत और सार्वजनिक जीवन में जवाबदेही का महत्व आदि के प्रति जागरूक करने हेतुए इन कार्यक्रमों का आयोजन किया गया था। समारोह में संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यपालक निदेशक वर्क्स अंजनी कुमार, एस मुखोपाध्याय, अजय कुमार चक्रबर्ती,, डॉ अशोक कुमार पंडा, पवन कुमार, बी के गिरी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ एम रविन्द्रनाथ, महाप्रबंधक सतर्कता सत्यब्रत कर उपस्थित थे। मुख्य अतिथि अनिर्बान दासगुप्ता ने कहा कि उन्होंने समस्त सेल बिरादरी के सतर्कता विभाग को सम्मान मिलने तथा बीएसपी को एंटी ब्राइबरि मैनेजमेंट सिस्टम का सर्टिफिकेट मिलने पर बधाई दी। सभी प्रतियोगिताओं के प्रतिभागियों तथा रोचक तरीके से नाट्य प्रस्तुत करने वाले कार्मिक कलाकरों एवं वाद विवाद प्रस्तुत करने वाले बच्चों को शुभकामनाओं दी। उन्होंने कहा कि सिर्फ भ्रष्टाचार ही हमे विकास से नहीं रोक रही है, अपितु कभी.कभी हमारे व्यवहार में अनैतिकता भी इसके लिए जिम्मेदार होते हैं। देश की बात आने पर झूठ कभी भी मान्य नहीं होगा। इसलिएए भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाना आवश्यक है, ताकि हमारे देश को सही मायने में एक विकसित राष्ट्र बनाया जा सके। इसके लिए सभी का योगदान और हर जगह पर जागरूक रहना आवश्यक है। हमे सभी जगहों पर सतर्क और जागरूक रहना चाहिए, चाहे वो सेफ्टी काए उत्पादन का या अनुरक्षण का विषय क्यों ना हो। महाप्रबंधक सत्यब्रत कर द्वारा स्वागत भाषण प्रस्तुत किया गया। स्वागत भाषण के पश्चात वाद.विवाद प्रतियोगिता के प्रथम पुरस्कार विजेताओं ने सभा के समक्ष अपने वाद.विवाद विषय पर प्रस्तुति दी। भ्रष्टाचार के खिलाफ संदेश तथा सतर्कता संकल्प के महत्व पर आधारित बीएसपी कर्मचारियों द्वारा नाट्य का प्रदर्शन किया गया। तत्पश्चात सभी विजेताओंए निर्णायकों एवं प्रतिभागियों को अनिर्बान दासगुप्ता एवं अतिथियों द्वारा पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया।



# इंडोर हैंडबॉल पुरुष वर्ग ने जीता अपना मैच



**भिलाईनगर,** 5 नवम्बर (देशबन्धु)। 37वीं राष्ट्रीय खेल का आयोजन राज्य शासन गोवा के द्वारा गोवा में भारतीय ओलम्पिक संघ एवं गोवा ओलम्पिक संघ के तत्वावधान में राष्ट्रीय खेल में छत्तीसगढ़ राज्य की इंडोर हैंडबॉल पुरुष वर्ग एवं बीच हैंडबॉल की महिला वर्ग की टीम ने भाग लेने की पात्रता हासिल की है। इंडोर हैंडबॉल खेल आयोजन मनोहर परिकर इंडोर स्टेडियम मडगाव में हैंडबॉल खेल का आयोजन मीरामार बीच, पणजी, गोवा में 5 से 9 नवंबर तक आयोजित किया जा रहा है। इंडोर हैंडबॉल में छत्तीसगढ़ का लीग मैच में पहला मुकाबला मध्य प्रदेश के साथ खेला गया। छत्तीसगढ़ की टीम मध्यांतर तक 16-13 से आगे थी। छत्तीसगढ़ की टीम ने अपने बढ़त को बरक़रार रखते हुए मध्य प्रदेश को 36-29 गोलों से पराजित किया। छत्तीसगढ़ से मो. आमिर ने 11 गोल किये। बसा महेश ने 7 गोल, एस ब्रिटैन सिंह ने 5 गोल, मिथुन कुमार ने 5 गोल, व्ही.बिनु, देवेश्वर पांडेय, के कार्तिक कुमार एवं बी प्रवीण कुमार ने 2-2 गोल किये।

# डीएवी हुडको के अवनी-जसराज ने मारी बाजी



**भिलाईनगर,** 5 नवम्बर (देशबन्धु)। 31वी राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस 2023 का जिला स्तरीय आयोजन सरस्वती शिशु मंदिर दुर्ग में गत 3 नवम्बर को संपन्न हुआ। इस प्रतियोगिता में जिले भर की विभिन्न स्कूलों से 70 परियोजनाएँ प्रस्तुत की गई। जिसमें डी.ए. वी पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए वरिष्ठ सीनियर वर्ग एवं कनिष्ठा जुनियर वर्ग दोनों वर्गों में प्रथम स्थान प्राप्त किया। कनिष्ठ वर्ग में अवनी शर्मा और सृष्टि साहू की परियोजना को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। वहीं वरिष्ठ वर्ग में जसराज सिंह सिंधु और प्रियांश भादुड़ी की परियोजना ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। दोनों ही परियोजनाएँ विज्ञान शिक्षक अजय शर्मा के मार्गदर्शन में पूरी हुई। परियोजनाओं का मूल्यांकन डॉ,अवधेश श्रीवास्तव असिस्टेंट प्रोफेसर शासकीय दानवीर तुलाराम महाविद्यालय उतई नीलिमा शुक्ला असिस्टेंड प्रोफेसर कल्याण महाविद्यालय भिलाई डॉ. शमा वेग असिस्टैंड प्रोफेसर विभागाध्यक्ष माइको बायलाजी स्वामी स्वरुपानंद महाविद्यालय हुडको, डॉ. अनिता शुक्ला असिस्टेंट प्रोफेसर शासकीय विज्ञान महाविद्यालय शासकीय वो बाय टी पी जी स्वशासी महाविद्यालय, डॉ. रचना सिंह असिस्टैंड प्रोफेसर शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय दुर्ग में किया। डी.ए.वी.पब्लिक स्कूल हुनुको के प्राचार्य एवं डी आर ओ छत्तीसगढ़ जोन अ प्रशांत कुमार एवं अन्य सभी शिक्षकों ने विजेता बच्चों तथा उनके पालकों को बधाई दी और राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए शुभ कामनाएँ प्रेषित करते हुए बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

# शंकराचार्य द्वारा सतर्कता जागरूकता सप्ताह

**भिलाईनगर,** 5 नवम्बर (देशबन्धु)। श्री शंकराचार्य महाविद्यालय, भिलाई, राष्ट्रीय कैडेट कोर-37 सीजीबीएन एनसीसी दुर्ग ने सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2023 के उपलक्ष्य में वार्षिक विषय भ्रष्टाचार को ना कहें, राष्ट्र के लिए प्रतिबद्ध रहें। के साथ सत्यनिष्ठा शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया। श्री शंकराचार्य महाविद्यालय के संकाय सदस्यों ने शपथ ग्रहण समारोह में भाग लिया। उन्होंने डॉ. अर्चना झा, प्राचार्य, डॉ. जे. दुर्गा प्रसाद राव डीन, अकादमिक और कैप्टन डॉ. कृष्णा जिबोन मंडल एसोसिएट एनसीसी अधिकारी के मार्गदर्शन में हर समय ईमानदारी और सत्यनिष्ठा के उच्चतम मानकों के लिए प्रतिबद्ध होने की शपथ ली। प्राचार्य डॉ. अर्चना झा ने सतर्कता जागरूकता सप्ताह के महत्व पर प्रकाश डाला। कुल 58 कैडेट्स सीनियर डिवीजन और सीनियर विंग ने समाज के साथ-साथ प्रशासन में भ्रष्टाचार की बुराइयों को पहचाना। उन सभी ने निजी या सार्वजनिक क्षेत्र में किसी भी भ्रष्ट आचरण में शामिल न होने और न ही उसे स्वीकार करने की प्रतिज्ञा की। कैडेटों ने उपर्युक्त विषयों पर अपने विचार प्रस्तुत किए।



# दुर्ग से पलसाय बरहमपुर तक रेल सुविधा की मांग



**भिलाई,** 5 नवंबर। आंध्र उत्कल संघर्ष समिति के अध्यक्ष एवं पूर्व रेलवे सलाहकार समिति सदस्य के उमाशंकर ने बताया कि विगत 10 वर्षों से दुर्ग से पलसाए बरहमपुर तक सीधी नई रेल सुविधा की मांग ष्आंध्र उत्कल समाज वासियों की ओर से किया जा रही है। उक्त मांग पर क्रमिक भूख हड़तालए धरना एवं प्रदर्शन कर रेल प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों को अवगत कराया गया। दुर्ग जिले के सांसद विजय बघेल जी ने लोकासभा में दो बार के लोकसभा अध्यक्ष के समक्ष उक्त मांग को शीघ्र पुर्ण किए जाने हेतु निवेदन किया गया। इसके अलावा अप्रेल 2023 को नई दिल्ली में रेल मंत्री से सीधे मुलाकात कर उक्त मांग को जन हित में शीघ्र किए जाने की निवेदन किया गया। कल 4 नवंबर 2023 को दुर्ग चुनावी सभा में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी को क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों ने रेल समस्या का समाधान हेतु ज्ञापन दिया गया उक्त ज्ञापन में जो मांग रखी गई वह बिल्कुल अलग मांग हैए जिसके परिचालन से छत्तीसगढ़ के आंध्र उत्कल वासियों को रेल सुविधा नहीं मिल पाएगा। दुर्ग से विशाखापट्टनम रेल को पलसा से बरहमपुर तक चलने की मांग की गई है जिससे ऐसा लगता है कि जनप्रतिनिधियों को आंध्र उत्कल वासियों के रेल समस्याओं के समाधान में पूर्ण जानकारी नहीं होना या उससे अनभिज्ञ होना प्रतीत होता है। जनप्रतिनिधियों से मैं करबद्ध प्रार्थना करता हूं की पुन: इसे सुधार कर प्रधानमंत्री एवं केंद्रीय रेल मंत्री को ध्यान आकर्षण कराया जाए और उक्त मांग पर शीघ्र निर्णय लेकर इसे प्रारंभ किया जाए ताकि छत्तीसगढ़ में रह रहे आंध्र उत्कल वासियों को सीधा रेल सुविधा का लाभ मिल सकेगा।

## सत ग्रंथ गुरु गद्दी पूजा का समापन

**बलौदाबाजार,** 5 नवम्बर। जिला मुख्यालय से 10 किलोमीटर दूर ग्राम करमनडीह में गुरु घासीदास बाबा जी के सत ग्रंथ गुरु गद्दी पूजा का कार्यक्रम 30 अक्टूबर से 5 नवंबर तक ग्रामवासियों द्वारा आयोजित किया गया था जो सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# जिले के कवर्धा व पडंरिया विस क्षेत्र के 804 मतदान केन्द्रों के लिए आज होगा सामाग्री वितरण

**कवर्धा,** 5 नवंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के प्रथम चरण में 07 नवम्बर को होने वाले स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी मतदान के लिए कबीरधाम जिले के विधानसभा क्षेत्र 71-पंडरिया और 72 कवर्धा के 804 मतदान केन्द्रों के लिए 06 नवम्बर को कृषि उपज मंडी बिलासपुर रोड़ कवर्धा से सुबह 07 बजे समाग्री वितरण किया जाएगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री जनमेजय महोबे ने सभी मतदान दल के पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारी 01, 02, 03 को निर्धारित समय में उपस्थित होकर सामाग्री प्राप्त करने के निर्देश दिए है। भारत निर्वाचन अयोग के निर्धारित कार्यक्रम अनुसार कबीरधाम जिले में मतदान 07 नवम्बर मंगलवार को प्रात: 8 बजे से शुरू होगा। जिले के कवर्धा विधानसभा क्षेत्र में 411 मतदान केन्द्र के लिए गठित 411 मतदान दल को समाग्री का वितरण किया जाएगा। इसी प्रकार पंडरिया विधानसभा क्षेत्र के 393 मतदान केन्द्र के लिए गठित 393 मतदान दल को सामाग्री वितरण किया जाएगा। इसके अलावा कवर्धा विधानसभा के लिए (25 प्रतिशत) 103 मतदान दल और पंडरिया विधानसभा के लिए (25 प्रतिशत) 99 मतदान दल रिजर्व रखा गया है। जिले में 24 मतदान केन्द्रों को आदर्श मतदान केन्द्र के रूप में तैयार किया गया है। इसमें दोनों विधानसभा क्षेत्र में दस-दस संगवारी मतदान केन्द्र बनाया गया है। खास बात यह है कि इन सभी 20 मतदान केन्द्र में पीठासीन से लेकर मतदान दल क्रमांक 1,2 और 3 सभी महिला कर्मचारी होंगे। इसी प्रकार इन दोंनो विधानसभा क्षेत्र में 1-1 मतदान केन्द्र दिव्यांग और 1-1 मतदान केन्द्र युवा प्रबंधित मतदान केन्द्र बनाया जाएगा। दिव्यांग मतदान केन्द्र में सभी अधिकारी-कर्मचारी दिव्यांग होंगे इसी प्रकार युवा प्रबंधित मतदान केन्द्रों में युवा अधिकारी होंगे। इसके अतिरिक्त 05-05 मतदान केन्द्र मॉडल मतदान केन्द्र होंगे। निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार पंडरिया विधानसभा क्षेत्र में कुल 14 अभ्यर्थी एवं नोटा 01 कुल 15 है। विधानसभा क्षेत्र पंडरिया के 393 मतदान केन्द्र हैं। इन मतदान केन्द्रों के लिए 473 बैलेट यूनिट, 474 कंट्रोल यूनिट तथा 513 व्हीव्हीपैट को सुरक्षित रखा गया है। कंट्रोल यूनिट 80, बैलेट यूनिट 81 और 120 व्हीव्हीपैट रिर्जव रखा गया गया है। कवर्धा विधानसभा क्षेत्र में कुल मतदान केन्द्रों की संख्या 411 हैं। इस विधानसभा क्षेत्र में 16 अभ्यर्थी एवं नोटा 01 कुल 17 के लिए प्रत्येक मतदान केन्द्र के लिए 02-02 बैलेट यूनिट उपयोग किया जाएगा। इन मतदान केन्द्रों के लिए बैलेट यूनिट 990, कंट्रोल यूनिट 497 और व्हीव्हीपैट 540 सुरक्षित रखा गया है। बैलेट यूनिट 168, कंट्रोल यूनिट 86 और 129 व्हीव्हीपैट रिर्जव के लिए चयन किया गया है।

## वोटर आईडी कार्ड के साथ 12 अन्य पहचान पत्र दिखाकर कर सकते हैं मतदान

**कवर्धा,** 5 नवंबर। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाताओं को मतदान (वोट) डालने के लिए मतदाता पहचान पत्र के अलावा अन्य वैकल्पिक 12 प्रकार के दस्तावेजों में से कोई भी दस्तावेज होने पर मताधिकार का प्रयोग कर सकते है। भारत निर्वाचन आयोग के आदेश अनुसार विधानसभा आम निर्वाचन 2023 के लिए मतदाता को अपनी पहचान सिद्ध करने के लिए अपना मतदाता फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत करना होगा, परन्तु ऐसे मतदाता जो अपना मतदाता फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत नहीं कर पाते हैं, उन्हें अपनी पहचान स्थापित करने के लिए वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेजों में से कोई एक प्रस्तुत करना होगा। इसमें आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड बैंकों या डाकघरों द्वारा जारी किये गये फोटोयुक्त पासबुक, श्रम मंत्रालय की योजना के अन्तर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, एनपीआर के अंतर्गत आरजीआई द्वारा जारी किए गए स्मार्ट कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, केन्द्र/राज्य सरकार/लोक उपक्रम/पब्लिक लिमिटेड कम्पनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किए गये फोटोयुक्त सेवा पहचान-पत्र, सांसदों या विधायकों अथवा विधान परिषद् सदस्यों को जारी किये गये सरकारी पहचान पत्र, यूनिक डिसएबिलिटी आईडी (यूडीआईडी) कार्ड, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी पहचान पत्र शामिल है।

# एक वोट किसी का भाग्य विधाता, लोकतंत्र का यह अधिकार वोट न हो किसी का बेकार बूढ़े हो या जवान सभी करें मतदान

## मतदाता जागरूकता पर विविध कार्यक्रम



**नवापारा -राजिम,** 5 नवम्बर (देशबन्धु)। सेठ फूलचंद अग्रवाल स्मृति महाविद्यालय, राष्ट्रीय सेवा योजना, एलुमनी एसोसियेशन एवं रेड रिबन क्लब के संयुक्त तत्वाधान में मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत रंगोली, निबंध, वाददूविवाद, राष्ट्रीय सेवा योजना के देसी खेल - कूद, बाज झपट्टा, राम रावण, खेलो के माध्यम से विद्यार्थियों को संदेश दिया कि निष्पक्ष व निरूस्वार्थ भाव से शत - प्रतिशत अपने बहुमूल्य मतों का अनिवार्य रूप से प्रयोग करें एवं दूसरो को भी प्रेरित करे। उक्त प्रतियोगिता में क्रमश: प्रथम व द्वितीय पुरस्कार रखा गये।

इस प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। राज कुमार जगत, विभा गावरकर, योगेश्वर साहू प्रथम एवं अंजली देवांगन, कुसुम निषाद, व पूजा साहू द्वितीय स्थान पर रही इस जागरूकता अभियान प्रतियोगिता का सफल मार्गदर्शन डॉ. सी. एल. साहू, डॉ. श्यामा शांडिल्य, डॉ. पूनम सिंह, डॉ राजेश्वरी चंद्राकर, डॉ प्रेरणा सोनी, प्रो. लेखराम साहू, प्रो. महेंद्र द्विवेदी, प्रो. लोमश साहू की अहम भूमिका रही। सभी विजेता प्रतिभागी को महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. शोभा गावरी, उप प्राचार्य डॉ. मनोज मिश्रा ने ढेर सारे शुभकामनाएं दिए। कार्यक्रम संयोजक डॉ. आर. के. रजक ने राष्ट्रीय सेवा योजना के देशी खेलकूद में स्वामी विवेकानंद एवं महात्मा गांधी टीमों के बीच प्रतियोगिता में स्वामी विवेकानंद की टीम विजेता रही। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से स्वयंसेवकों ने मतदान के महत्व को बताये। साथ ही मतदान करना हमारा अधिकार है। ष्एक वोट किसी का भाग्य विधाता लोकतंत्र का यह अधिकार वोट न हो किसी का बेकार। बूढ़े हो या जवान सभी करे मतदानष् ऐसे नारों का गुंजायमान किया। वरिष्ठ एवं कनिष्ठ 65 स्वयंसेवकों को स्वच्छ मतदान के लिए शपथ भी दिलाये।

## कांग्रेस का घोषणा पत्र भाजपा का नकल : डॉ सियाराम साहू

**कवर्धा,** 5 नवंबर (देशबन्धु)। कॉंग्रेस के घोषणा पत्र पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए भारतीय जनता पार्टी के पूर्व विधायक डॉ सियाराम साहू ने कहा कॉंग्रेस किस मुह से घोषणा पत्र की बात करेगी पिछले 36 घोषणा में एक भी घोषणा को कॉंग्रेस नित भुपेस सरकार ने पूरा नही किया है । इस बार जो कॉंग्रेस ने घोषणा पत्र रखा है वह भारतीय जनता पार्टी का नकल है जनता जनार्दन के लिए कुछ नया करने सोचने की क्षमता इनकी नही है इसलिए भाजपा का घोषणा पत्र का इंतजार करती रही कॉंग्रेस । भाजपा का घोषणा पत्र मोदी जी की ग्यारंटी है । भूपेश सरकार ने किसानों का कर्जा माफ पिछले बार भी कहा था पर सिर्फ सोसायटी तक सीमित रही । डायरेक्ट बेनिफिट की तरह ये शो करते है तो हमने भी किसानों का पूर्व बोनस देने की बात पहले ही कर दी थी । धान खरीदी के मामले में भी कॉंग्रेस ने 3200 प्रति चिंटल कहा है लेकिन पैसे चार किस्तों में मिलेगा और सिर्ग 20 कविंटल कि खरीदी करेंगे । हमने 3100 में 21 कविंटल कहा है । 100 रुपये बढ़ाकर 3000 किसानों को कम देने की बात उन्होंने कर दी है । हम महिलाओं को 12 हजार प्रति माह दे रहे है इससे महिलाओं को ताकत मिलेगा । कॉंग्रेस के पास महिलाओं के लिए कुछ नही है । इनका पूरा घोषणा सिर्फ नकल है झूठ बोलकर सत्ता हासिल करना इनकी पुरानी बीमारी है । कॉंग्रेस घोषणा पत्र महामंत्री संतोष पटेल ने कहा पीएससी घोटाला करने वाली कॉंग्रेस ने युवाओं के लिए घोषणा पत्र में कुछ नही दिया भाजपा ने 1 लाख शासकीय नॉकरी बेरोजगार युवाओं को देने की बात कही है । युवा उद्यमियों को रोजगार के लिए हमने 50ल सब्सिडी देने की बात की तो कॉंग्रेस ने नकल कर दिया पर उसमें हमने बिना ब्याज ऋण देने की बात की है कॉंग्रेस से कही अधिक युवाओं की चिंता हमने की है ।

## चुनाव पर मास्टर ट्रेनर्स को दिया गया प्रशिक्षण



**महासमुंद,** 05 नवंबर (देशबंधु)। विधानसभा निर्वाचन 2023 के लिए गठित मतदान दलों का द्वितीय चरण का प्रशिक्षण 6 नवंबर से प्रारंभ होने वाला है। जिसमें प्रशिक्षण देने वाले मास्टर ट्रेनर्स का प्रशिक्षण कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रभात मलिक की उपस्थिति में जिला मुख्यालय में आयोजित किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर श्री मलिक ने कहा कि निर्वाचन कार्य के सफल संपादन के लिए आवश्यक है कि मतदान दलों को प्रशिक्षण इस तरह दिया जाए कि वे बिना किसी गलती के समस्त कार्यों को कर सके। इसलिए निर्वाचन कार्य में मास्टर ट्रेनर्स की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण और जिम्मेदारी का होता है। प्रशिक्षण में जिला मास्टर ट्रेनर तोषण गिरि गोस्वामी ने मतदान प्रक्रिया की बारीक से बारीक और महत्वपूर्ण कार्यों की जानकारी देते हुए माकपोल करना, माकपोल के पश्चात सीआरसी करना और वास्तविक मतदान के लिए मशीन को तैयार करने की प्रक्रिया की जानकारी दी। इसके अलावा उन्होंने पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी क्रमांक 1, 2 और 3 के कार्यों तथा मतपत्र लेखा प्रारूप 17 सी और पीठासीन अधिकारी की डायरी तैयार करने की जानकारी दी। महासमुंद विधानसभा क्षेत्र में दो बैलेट यूनिट उपयोग में लाया जाएगा। इन्हें आपस में कनेक्ट करने की व्यवहारिक जानकारी भी दी गई। प्रशिक्षण में नोडल अधिकारी नंदकिशोर सिन्हा, मास्टर ट्रेनर संजय मांझी, जी आर सिन्हा, हेमेंद्र आचार्य, आशीष देवांगन आदि उपस्थित थे।

## मतदाता जागरूकता रैली




**खरोरा,** 5 नवंबर (देशबन्धु)। आज भरत देवांगन शासकीय उत्कृष्ट हिंदी, अंग्रेजी माध्यम विद्यालय खरोरा में मतदाता जागरूकता ,शत प्रतिशत मतदान हेतु रंगोली प्रतियोगिता व जनजागरूकता रैली का आयोजन रजनी मिंज प्राचार्य,हरीश देवांगन व स्काउट गाइड प्रभारी व रासेयो प्रभारी सुश्री शाहिना परवीन के मार्गदर्शन पर किया गया।रंगोली प्रतियोगिता में अनामिका, भूमिका, देविका, सिमरन, दिनेश्वरी यादव,चंद्रकला साहू, खुशबू यादव,ज्योति यादव, नीलिमा ,तनु सेन,पल्लवी सोनकर ,खुशी साहू,अमृता, प्रगति बांधे ,दीक्षा ,खुशबू ,डिम्पल प्रतिभागी थे रैली में हैप्पी वोटिंग, खुशी खुशी वोट देंगे,बहकावे में कभी न आवे सोच समझकर बटन दबावे, वोट डालने जाना है अपना फर्ज निभाना है के नारों को बुलंद करते रैली ने लोगों में जोश भरा।

## सार-संक्षेप

### स्वीप के तहत ग्राम पंचायतों में कल होगा हस्ताक्षर अभियान

**बलौदाबाजार,** 5 नवंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी चंदन कुमार के निर्देश पर शत प्रतिशत मतदान के उद्देश्य से स्वीप के तहत ग्राम पंचायतों में 7 नवंबर को एवं जिला स्तरीय 8 नवंबर को हस्ताक्षर अभियान का आयोजन किया जाएगा। हस्ताक्षर अभियान का थीम बेटी है तो कल है, मतदान ही सही विकल्प रखा गया है। ग्राम पंचायत में कार्यक्रम सुबह 10 बजे से 3 बजे तक एवं जिला स्तरीय कार्यक्रम स्पोर्ट्स स्टेडियम बलौदाबाजार में सुबह 10 बजे से 3 बजे तक रखा गया है। इसके साथ ही शहर के प्रमुख चौक चराहों में भी हस्ताक्षर अभियान चलाया जाएगा। स्वीप नोडल अधिकारी जिला पंचायत सीईओ नम्रता जैन ने सभी जिला वासियों से अधिक से अधिक इस अभियान में शामिल होने का आग्रह किया है।

### पांच हजार दियों से हुई छग महतारी की महाआरती

**खरोरा,** 5 नवंबर। राज्य सिरजन दिवस के मौके पर रायपुर के डब्ल्यू आर एस कालोनी में विविध सांस्कृतिक आयोजन किया गया, सर्व छत्तीसगढ़िया समाज संगठन (रेलवे) द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के बाद बनी प्रथम छत्तीसगढ़ महतारी की मूर्ति प्रांगण में पांच हजार एक दिये प्रज्वलित कर आरती किया गया। इस दौरान राजकीय गीत अरपा पैरी के धार महानदी हे अपार को सामुहिक रूप से गायन किया गया।

# कृषि विभाग द्वारा आगामी रबी फसलों के लिए समसामयिक कृषि सलाह जारी

**गरियाबंद,** 5 नवंबर (देशबन्धु)। आगामी रबी फसलों की तैयारी के लिए कृषि विभाग द्वारा समसामयिक सलाह जारी की गई है। किसानों को वर्षा आधारित क्षेत्रों में धान के पश्चात उतेरा फसल के रूप में विभिन्न दलहनी फसलों- तिवड़ा, मसूर, बटरी, चना इत्यादि तिलहनी फसलों- अलसी, सरसों, इत्यादि को उपयुक्त समय में पर्याप्त नमी की उपलब्धता में बुआई करने की सलाह दी गई है। उतेरा फसल के लिए प्राय: अक्टूबर के आखिरी पखवाड़ा तक बुआई किया जाना अत्यंत आवश्यक रहता है, इस हेतु सलाह दी गई है कि जिन खेतो में धान की मध्यम 120-125 दिन में पकने वाली किस्में जैसे महामाया, राजेश्वरी, दुर्गेश्वरी, एम.टी.यू. 1001; लगाई गयी है, उन्ही खेतो में उतेरा फसलों की बुआई करें।

उतेरा फसल के लिए तिवड़ा की उपयुक्त प्रजाति महातिवड़ा एवं प्रतीक है। जिसका बीज दर 75-80 कि.ग्रा. प्रति हेक्ट है। चना की उपयुक्त प्रजाति छ.ग. चना - 2, इंदिरा चना-1, छ.ग. लोचन चना एवं बीज दर 80-100 कि.ग्रा. प्रति हेक्ट है। मसूर की उपयुक्त प्रजातियां छ.ग. मसूर - 1, आई.पी.ल- 316, आर. बी. एल. 31 एवं बीज दर 40-50 कि.ग्रा. प्रति हेक्ट है। अलसी की उपयुक्त प्रजातियां आर.एल. सी. - 143, आर. एल. सी. - 153, इंदिरा अलसी - 32, छ.ग. इत्यादि है एवं बीज दर 20 कि.ग्रा. प्रति हेक्ट है। सरसों की उपयुक्त प्रजातियां छ.ग. सरसों - 1, इंदिरा तोरिया - 1, पूसा बोल्ड, वरदान आदि है तथा बीज दर 5 कि.ग्रा. प्रति हेक्ट. है। उक्त फसल किस्मों के प्रमाणित एवं उपचारित बीजों को धान की कटाई के 15 दिन पूर्व खड़ी फसल में पर्याप्त नमी होने की अवस्था में छिड़कवा बुआई करने की सलाह दी गई है।

कृषि विभाग द्वारा जारी सलाह में कहा गया है कि जिन क्षेत्रों में सिंचाई की सुविधा उपलब्ध है, वहां पर रबी फसलों के लिए खेत की तैयारी अच्छी तरह से करें, इस हेतु ट्रेक्टर चलित रोटावेटर अथवा कल्टीवेटर का प्रयोग कर खेतो की तैयारी करें। सीमित सिंचाई की उपलब्धता होने पर रबी के मौसम में मसूर, चना, मटर, सरसों, अलसी, कुसुम इत्यादि फसलों को खेत को अच्छी तरह से तैयार कर नवम्बर के प्रथम पखवाड़ा तक कतारों में बुआई करें। कृषक जिनके पास पर्याप्त सिंचाई की सुविधा उपलब्ध है वह खेत भलीभांति तैयार कर कतार में सीडड्रिल में माध्यम से गेंहू, मक्का, मटर, सरसों, सूरजमुखी, आलू, प्याज एवं सब्जियों की बुआई नवम्बर माह में पूर्ण कर लेवें तथा रागी फसल की बुआई जनवरी-फरवरी माह में की जा सकती है। छत्तीसगढ़ में पशुधन की समृध्दता है अत: सिंचित अवस्था में नवम्बर के मध्य में बरसीम एवं जई की फसल चारा हेतु लगाई जा सकती है। बरसीम फसल से चार से पांच कटाई एवं जई फसलों से दो से तीन कटाई चारा हेतु प्रदेश में ली जा सकती है। इन चारा फसलों को पशुपालक अपने पशुओं हेतु उपयोग में ला सकते है। चारा को डेयरी या अन्य पशु पालकों को बेचकर अतिरिक्त लाभ कमा सकते है ।

## मीना सत्येंद्र साहू कांग्रेस से 6 साल के लिए निष्कासित



**गुरुर,** 5 नवंबर। जिला पंचायत सदस्य एवं कांग्रेसी मीना सत्येंद्र साहू को कांग्रेस पार्टी ने 6 साल के लिए निष्कासित कर दिया है। मीना सत्येंद्र के अलावा अन्य 5 कांग्रेस के वरिष्ठों पर भी यह कार्रवाई की गई है। जानकारी के मुताबिक कांग्रेस समर्थित जिला पंचायत सदस्य मीना सत्येंद्र साहू विधानसभा चुनाव लड़ने के लिए कांग्रेस से टिकट की मांग कर रही थी, लेकिन कांग्रेस पार्टी द्वारा टिकट नहीं मिलने के कारण पार्टी से बगावत कर उन्होंने निर्दलीय चुनाव लड़ने के लिए रणनीति तैयार कर ली। इसकी जानकारी होते ही छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज के आदेश अनुसार छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव 2023 में पार्टी की अधिकृत प्रत्याशी के विरुद्ध चुनाव लड़ रहे कांग्रेस के बागी प्रत्याशियों को भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता से 6 वर्षों के लिए निष्कासित किया गया, जिसमें संजारी बालोद से मीना सत्येंद्र के अलावा जयपुर से प्रदीप खेस, रायगढ़ से शंकर अग्रवाल, मुंगेली से रूपलाल कोसरे, कसडोल से गोरेलाल साहू एवं रायपुर नगर उत्तर से अजीत कुकरेजा शामिल है।

## नियोजित व्यक्ति एवं श्रमिकों के लिए मतदान तिथि को अवकाश घोषित

**बलौदाबाजार,** 5 नवम्बर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी चंदन कुमार द्वारा विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत बलौदाबाजार भाटापारा जिले में स्थित कारखानों, कारोबार व्यवसाय, औद्योगिक उपक्रम एवं किसी अन्य स्थापना में निर्वाचन क्षेत्रों में सवेतन नियोजित प्रत्येक व्यक्ति को मतदान तिथि मंगलवार 7 नवम्बर 2023 एवं शुक्रवार 17 नवम्बर 2023 को सवेतन अवकाश घोषित किया गया है। ऐसे कारखाने जो सप्ताह के सातों दिन कार्य करते हैं, वहां प्रथम एवं द्वितीय पाली के श्रमिकों को मतदान तिथि के दिन 2-2 घंटे का अवकाश घोषित करने तथा ऐसे कारखाने जो निरंतर प्रक्रिया के अंतर्गत आते हैं, वहां काम करने वाले श्रमिकों को बारी-बारी से मतदान करने की सुविधा देने के निर्देश दिए गए हैं।

## निधन

### श्रीमती सविता पांडेय



**भिलाईनगर,** 5 नवंबर। इस्पात नगर रिसाली भिलाई निवासी वरिष्ठ पत्रकार अजय पांडेय की धर्मपत्नी श्रीमती सविता पांडेय का आज रविवार की शाम निधन हो गया। वे पिछ्ले कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रही थी। वे अपने पीछे पति और एक पुत्र को छोड़ गईं है। उनकी अंतिम यात्रा सोमवार 6 नवम्बर की सुबह 10 बजे उनके इस्पात नगर रिसाली स्थित निवास से निकलेगी और हिंद नगर रिसाली के मुक्तिधाम में उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा।

### श्रीरामकृष्ण शर्मा



**रायपुर,** 5 नवंबर। सिद्धार्थ चौक, टिकरापारा निवासी श्रीरामकृष्ण (जय) शर्मा का स्वर्गवास शनिवार 4 नवंबर की मध्य रात्रि में हो गया। जिनका अंतिम संस्कार रविवार 5 नवंबर को मारवाड़ी शमशान घाट, रायपुर में किया गया। वे विद्याभूषण, गौरीशंकर, संजय, शैलेश शर्मा के भाई व अभिषेक, राहुल एवं डॉ रोहित शर्मा के पिता थे।

## जनरल आब्जर्वर ने बिलाईगढ़ विस के मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया

**बिलाईगढ़,** 5 नवंबर(देशबंधु)। बिलाईगढ़ विधानसभा के सामान्य प्रेक्षक पवन कुमार ने बिलाईगढ़ विधानसभा अंतर्गत आने वाले मतदान केन्द्र सोनाखान सहित 21 मतदान केन्द्र का निरीक्षण किया। ये 21 मतदान केन्द्र कसडोल क्षेत्र में स्थित हैं। जनरल आब्जर्वर श्री पवन कुमार ने बिलाईगढ़ के बेलटिकरी, पीपरडुला, चुरेला आदि मतदान केन्द्रों का भी निरीक्षण किया और रिटर्निंग अधिकारी को आवश्यक निर्देश दिए।

## प्रादेशिकी का शेष...

### केन्द्रीय जेल में लोक अदालत लगाकर...

होना बताया गया। केन्द्रीय जेल दुर्ग में आयोजित उक्त राज्य स्तरीय वृहद जेल लोक अदालत में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट/न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी के न्यायालय में लंबित ऐसे बंदियों के प्रकरणों जिनमें बंदियों द्वारा अपराध स्वीकार किया गया, प्ली-बारगेनिंग एवं शमनीय मामलों का निराकरण किया गया। जिसके तहत् जिला न्यायालय में 2 खण्डपीठ एवं राजस्व न्यायालय की 1 खण्डपीठ का गठन किया गया। उक्त गठित खण्डपीठ में कुल 36 मामलें निराकृत हुए जिनमें 29 मामलें न्यायालयीन एवं 7 मामलें राजस्व न्यायालय के शामिल है।

## किसान अपने बैंक खातों को क्रियाशील कर ले

**महासमुंद,** 05 नवंबर (देशबंधु)। वर्तमान में 01 नवम्बर से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की जा रही है। इस दौरान उनके बैंक खातों में धान विक्रय की राशि भी पहुंचेगी। सहकारी बैंक के नोडल अधिकारी जीएन साहू ने किसानों से अपील करते हुए कहा है कि जिन किसान भाईयों के बैंक खाते वर्तमान में अक्रियाशील है या उनमें लेनदेन नहीं हो रहे हैं। ऐसे किसान साथी अपने बैंक खाते में लेनदेन कर क्रियाशील कर लेवें ताकि उन्हें धान विक्रय के बाद उनके बैंक खाते में राशि पहुंचने में किसी तरह की परेशानी न हो।

## पीठासीन अधिकारी तथा समस्त मतदान अधिकारियों का द्वितीय चरण का प्रशिक्षण 6 से 8 तक

**महासमुन्द।** सोमवार 6 नवंबर से 8 नवंबर तक समस्त पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारियों का द्वितीय चरण का प्रशिक्षण प्रात: 10 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित किया गया है। 6 नवम्बर को वेडनर मेमोरियल स्कूल महासमुन्द में बसना विधानसभा के लिए गठित मतदान दलों को तथा केंद्रीय विद्यालय महासमुंद में खल्लारी विधानसभा के लिए गठित मतदान दलों को प्रशिक्षण दिया जाएगा । इसी तरह 7 नवंबर को वेडनर मेमोरियल स्कूल महासमुन्द में विधानसभा क्षेत्र सरायपाली और केंद्रीय विद्यालय महासमुंद में विधानसभा क्षेत्र महासमुन्द के लिए गठित मतदान दलों का प्रशिक्षण होगा । उप जिला निर्वाचन अधिकारी निर्भय साहू ने बताया कि 8 नवंबर को चारों विधानसभा क्षेत्रों के लिए गठित शेष मतदान दलों का प्रशिक्षण होगा ।प्रशिक्षण के दौरान ही मतदान दल के सदस्यों को पोस्टल बैलेट द्वारा मतदान कराया जाएगा । इसके लिए दोनों प्रशिक्षण स्थलों में सुविधा केंद्र बनाया गया है ।

## ईव्हीएम तथा वीवीपीएटी का कमीशनिंग आज

**महासमुन्द।** विधानसभा निर्वाचन 2023 के अंतर्गत ईव्हीएम तथा वीवीपीएटी का कमीशनिंग अर्थात सीलिंग का कार्य 6 नवंबर को प्रात: 9 बजे से कृषि उपज मण्डी पिटियाझर महासमुन्द में होगा । कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रभात मलिक ने कमीशनिंग कार्य के लिए नियुक्त समस्त अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्धारित समय और स्थान पर अनिवार्य रूप से उपस्थित होने निर्देश दिए है ।

# अपने-अपने क्षेत्र में सदी के दो महानायक की चन्द्रगिरी डोगरगढ़ में विशेष चर्चा



**नवापारा-राजिम,** 5 नवम्बर (देशबन्धु)। अपने-अपने क्षेत्र में सदी के दो महानायक संत शिरोमणी आचार्य विद्यासागर महाराज एवं देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जैन तीर्थ क्षेत्र चन्द्रगिरी के डोगरगढ में एक कमरे में लगभग 26 मिनट तक ऐकान्त मे चर्चा हुई । उसके बाद श्रीमोदी ने आचार्य श्री से आशीर्वाद लिया। तत्पश्चात श्रीमोदी ने हाथकरघा द्वारा निर्मित कपडे एवम अन्य सामान का निरीक्षण किया ।

# ठग विद्या में माहिर है भाजपा: भूपेश बघेल

**■ मोदी की गारंटी पर जनता कैसे करे भरोसा**



**राजनांदगांव,** 5 नवम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव 2023 में कांग्रेस पार्टी की घोषणा पत्र जारी करने के बाद सुकुल दैहान, मोतीपुर, मोहड़ , टेडेसरा की जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा की छत्तीसगढ़ में भाजपा के पास ऐसा कोई नेता नहीं जो जनता का भरोसा जीत सके इसी लिए ठग विद्या में माहिर मोदी की गारंटी रुपी जुमले भरे घोषणा पत्र जारी कर आम जनता को गुमराह करने का काम किया है धान का कटोरा छत्तीसगढ़ में किसान कर्ज की मार से बेबस होते है उसके लिए भाजपा ने अपने घोषणा पत्र में कोई उल्लेख न कर किसानों के साथ फिर से क्रूर अन्याय किया है बिजली बिल, बेरोजगारी जैसे मुद्दों पर भाजपा ने अपने घोषणा पत्र में कोई बात ना कर अपने कुनीति का परिचय दिया है वही छत्तीसगढ़ में कांग्रेस सरकार ने अपने घोषणा पत्र में फिर से किसानों का कर्ज माफ करने की घोषणा की है वहीं 200 यूनिट तक बिजली मुफ्त देने के साथ-साथ गैस में 500 रु की छूट देने के साथ साथ शिक्षा के क्षेत्र में के जी से पी जी तक निशुल्क शिक्षा देने की घोषणा कर अपने विकासशील सोच को प्रदर्शित किया है कांग्रेस सरकार धान के समर्थन मूल्य को 32 सौ रु तक पहुंचने का एक ढांचा तैयार किया है जातिगत जनगणना के साथ-साथ शिक्षा में क्रांतिकारी कदम में सभी सरकारी स्कूलों को आत्मानंद स्कूल बनाने का संकल्प लिया है संस्कारधानी राजनादगांव से प्रेरणा लेकर अंतेष्टि के लिए लकड़ी और कंडे की मुफ्त सहायता भी कांग्रेस ने करने का घोषणा किया है भाजपा को आडे हाथों लेते हुए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपने चिरपरिचित आक्रामक तेवर में कहा कि छत्तीसगढ़ की योजनाओं को भाजपाई रेवाड़ी की संज्ञा देते हैं जबकि इन्हीं योजनाओं के दम पर हमने 40 लाख परिवारों को गरीबी रेखा से ऊपर उठाया है 17 लाख परिवारों के आवास की परिकल्पना को पूर्ण करने के लिए प्रथम किस्त के रूप में राशि का हस्तांतरण उनके बैंक खातों में कर दिया है सबसे हास्यापद यह है कि डिजिटल कैश की बात करने वाली भाजपा ग्राम पंचायत स्तर पर धान खरीदी की राशि का वितरण कर अपने भाजपाइयों को कमीशन देने का एक मास्टर प्लान तैयार किया है भाजपा की नियति और नीति दोनों में खोट रहता है जिसके कारण 15 वर्षीय भाजपा सरकार होने के बाद भी छत्तीसगढ़ विकास की उस ऊंचाई तक नहीं पहुंच पाया था आज भाजपाइयों में नेतृत्व का संकट है छत्तीसगढ़ में कोई ऐसा नेता नहीं है जो छत्तीसगढ़ की जनता के प्रति अपनी जवाब देही प्रदर्शित कर सके और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पार्टी से बड़ा बनाकर भाजपा ने यह साबित कर दिया है कि भाजपा व्यक्तिवादी पार्टी है पूंजीवादी पार्टी है वह लोकतांत्रिक पार्टी नहीं है विशाल जनसमूह के बीच मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी ने कहा कि छत्तीसगढ़ में 5 साल कांग्रेस की सरकार ने जो कार्य किया है और आने वाले दिनों में आप लोग के जनादेश से फिर से सरकार बनेगी और विकास सहित अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाने की जो कल्याणकारी योजनाएं हैं वह निरंतर चलते रहेगी और नई योजनाओं के साथ छत्तीसगढ़ को विकास की ऊंचाइयों तक हम पहुंचाएंगे।

# भाजपा है तो विकास है, कांग्रेस का सूपड़ा साफ : संतोष अग्रवाल

**राजनंदगांव,** 5 नवम्बर (देशबन्धु)। जिला भाजपा पूर्व अध्यक्ष संतोष अग्रवाल ने कहा कि भाजपा है तो विकास है और इस विकास के जरिए भाजपा पुनः सत्ता पर आएगी। भाजपा के संकल्प पत्र के जारी होने के बाद प्रदेश में भाजपा की स्थिति मजबूत हुई है और लगता है कि इस बार भूपेश के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार का सूपड़ा साफ है। उन्होंने कहा कि योगी आदित्यनाथ के रोड शो में आज भीड़ को देखकर यह कहा जा सकता है कि भाजपा के विकास पर लोगों का विश्वास बढ़ा है और वे पूरे मन से भाजपा को विजयश्री का सेहरा पहनाने के लिए मन बना चुके हैं।

जिला भाजपा के वरिष्ठ नेता संतोष अग्रवाल ने कहा कि योगी आदित्यनाथ के रोड शो में आज उमडी ऐतिहासिक भीड़ को देखकर कांग्रेस में हलचल मच गई है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता यह समझ चुकी है कि भाजपा है तो विकास है। पिछले 5 साल में कांग्रेस की सरकार के कार्यकाल को प्रदेश की जनता देख चुकी है और इस दौरान विकास कार्यों के न होने से उनमें भारी मायूसी है, वह यह समझ चुकी है कि कांग्रेस के लोग केवल अपना विकास चाहते हैं उन्हें प्रदेश के विकास से कोई लेना-देना नहीं है। राजनांदगांव में भी विकास थम सा गया है। इन 5 सालों में एक भी विकास के कार्य नहीं हुए बल्कि भाजपा शासन काल में जो विकास कार्य शुरू हुए थे, वह रुक गए सीवरेज वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट जो बूढ़ा सागर में तैयार हो रहा था,वह रुक गया और वहां अब झाड़ियां दिखने लगी है। विकास के लिए आए पैसे कहां गए इस संबंध में कांग्रेस की स्थानीय सत्ता मौन साधे हुए है। आज तक या प्लांट तैयार हो जाना था किंतु कांग्रेस की उदासीनता के चलते यह प्लांट तैयार नहीं हो पाया। बूढ़ा सागर में आज भी गंदा पानी जा रहा है।

कांग्रेस की स्थानीय सरकार ने शहर के बगीचों के द्ध की ओर भी ध्यान नहीं दिया और आज यह आलम है कि शहर का एक भी गार्डन दुरुस्त नहीं है। जो है उसकी शुद्ध कांग्रेस की स्थानीय सट्टा ले नहीं रही है और नए गार्डन तैयार करने की घोषणा कर उसमें लाखों रुपए लगाने की बात की जा रही है। श्री अग्रवाल ने कहा कि कांग्रेस के छलावे में अब जनता नहीं आने वाली है और वह 7 नवंबर को भाजपा को अपना मत और समर्थन देकर उसे प्रदेश की सत्ता में बैठाने का मन बना चुकी है।

# भाजपा का घोषणा पत्र कांग्रेस की नकल: पीयूष सोनी

**दल्लीराजहरा/डौण्डी,**5 नवंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ विधानसभा से पहले भाजपा ने घोषणा पत्र जारी कर दिया है इस पर कांग्रेसी नेता पीयूष सोनी ने आरोप लगाते हुए कहा की भाजपा ने अपने घोषणा पत्र में कांग्रेस की नकल करने की कोशिश की है पीयूष सोनी ने धान खरीदी को लेकर तंज कसते हुए कहा की यह भूपेश बघेल की उपलब्धि है की धान पर बोनस का विरोध करने वाले धान की कीमत 3100 करने की बात कर रहे है, उन्होने आगे कहा की जो भाजपा प्रदेश के किसानों को 2100 बोलकर नही दिये 300 बोनस नही दिये ,यही भाजपा है जो 15चिंटल नही खरीदने का निर्णय लिया थे वे अब 21 च्टिंल खरीदने की बात कर रहे है उन्होने भाजपा को घेरते हुए कहा की बीजेपी घोषणा तो कर रहे इस पर जनता भरोसा नही करने वाली है। कांग्रेसी नेता पीयूष सोनी का मानना है प्रदेश में एक वार फिर से भूपेश के नेतृत्व में कांग्रेस की सरकार बनेगी व बालोद जिला के तीनो विधानसभा सीट में कांग्रेस का परचम लहराने वाला है अनु सूचित जाति के प्रदेश महामंत्री शंकर पिपरे का कहा की भाजपा को घोषणा पत्र मोदी जी का चुनावी जुमला बन कर रह जाएगा इस बात को प्रदेश की जनता भलिभांति समझ रही है, शंकर पिपरे ने कहा की देश के प्रधानमंत्री मोदी 15 लाख देने का वादा भूल गये। किसानों का आय दुगुनी करने के वायदे तो आज तक पुरा नही हुआ 2 करोड़ युवाओं को रोजगार देने का वायदा भूल गए। 100 दिन में महंगाई कम करने का वायदा का कुछ अतापता नही है उनकी क्या गारंटी है। उन्होने आरोप लगाते हुए कहा की भाजपा भ्रामक विचार को आगे बढ़ने का कार्य करती है, वोट लेने के लिए फिर किसानों को ठगना चाहती है। पिपरे ने यह भी कहा की भूपेश सरकार के कार्यकाल में किसान खुशहाल हुए है और आने वाले समय में किसान खुशहाल और भी समृद्ध होंगे।





**■ भाजपा वोट लेने फिर किसानों को ठगना चाहती :शंकर पिपरे**

# उपजेल सलोनी में लगाई गई लोक अदालत एक मामले का मौके पर हुआ निपटारा

**■ एडीजे व जेएमएफसी के समक्ष कम संगीन अपराधों में शामिल अपराधियों को पेश किया गया**



**खैरागढ़,** 5 नवम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय बिलासपुर के अध्यक्ष आलोक कुमार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राजनांदगांव के निर्देशानुसार उपजेल सलोनी में 5 नवम्बर को राज्य स्तरीय जेल लोक अदालत का आयोजन किया गया जिसमें अपर जिला व सत्र न्यायाधीश चन्द्र कुमार कश्यप व गुरु प्रसाद देवांगन जेएमएफसी खैरागढ़ जेल में उपस्थित हुए एवं छ ग उच्च न्यायालय द्वारा संचालित निर्देशानुसार जेल में लोक अदालत का आयोजन किया गया उपरोक्त न्यायालय के समक्ष कम संगीन अपराधों में शामिल अपराधियों को पेश किया गया। जिसमें से 1 मुकदमे का मौके पर ही निपटारा किया गया जिसमें जेएमएफसी कोर्ट 1 कुल 1 प्रकरण इस जेल में लोक अदालत में सफलतापूर्वक निपटारा किया गया

अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश चन्द्र कुमार कश्यप ने विचाराधीन बंदियों को संबोधित करते हुए कहा कि जो बंदी अपने वेयर से अधिवक्ता नियुक्त करने में समर्थ नहीं हैं वह अपना एक आवेदन तालुक विधिक सेवा समिति के द्वारा जेल अधीक्षक के माध्यम से समिति में अपना आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। जहां से आपको आपके केस में पैरवी करने के लिए अधिवक्ता निशुल्क नियुक्त किया जाता है।

साथ ही ई कोर्ट एप के संबंध में बताया कि ई कोर्ट एप के माध्यम से आप अपने केस की जानकारी कहीं भी और कभी भी जान सकते हैं। अध्यक्ष /न्यायाधीश तालुक विधिक सेवा समिति खैरागढ़ द्वारा विचाराधीन बंदियों का हालचाल पूछा गया और उनके स्वास्थ्य के बारे में भी जाना गया साथ ही उनकी समस्याओं को भी सुना गया स्वास्थ्य केंद्र एवं पाकशाला का निरीक्षण किया गया और पूरे जेल का भी भ्रमण किया गया वहां की व्यवस्था को और सुव्यवस्थित और सुदृढ़ करने के लिए सुझाव व दिशा निर्देश दिया गया। उक्त जेल लोक अदालत में पैरालीगल वालंटियर गोलूदास साहू, प्रसन्न श्रीवास्तव, जेल अधीक्षक योगेश कुमार बंजारे, उपजेल खैरागढ़ सिपाही यशवंत कुमार नायक, प्रेम सागर साहू, प्रकाश कुर्रे,चुरामन प्रसाद कुर्रे, सोहन साहू सहित अन्य उपस्थित रहे।

# जिले के सम्पूर्ण मतदान केन्द्रों में सुरक्षा व्यवस्था का सुनिश्चित इंतजाम करने कलेक्टर ने किया आदेश जारी

**■ एसपी को मतदान केन्द्रों की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था को लेकर किया निर्देशित**



**खैरागढ़,** 5 नवम्बर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी गोपाल वर्मा ने एसपी अंकिता शर्मा को आगामी विधानसभा निर्वाचन-2023 के अंतर्गत 7 नवम्बर मंगलवार को होने वाले मतदान प्रक्रिया के दौरान जिले के सम्पूर्ण मतदान केन्द्रों में आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था का इंतजाम करने के लिए निर्देशित किया गौरतलब है कि खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले में विधानसभा आम निर्वाचन 2023 के लिये 7 नवंबर को सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान संपन्न होगा जिसके लिये 6 नवंबर सोमवार को सुबह 7 बजे से जिले के विभिन्न मतदान केन्द्रों के लिये गठित मतदान दल खैरागढ़ के पिपरिया स्थित वेयर हाउस में बनाएं गए स्ट्रांग रूम से अपने- अपने निर्धारित मतदान केन्द्रों के लिये रवाना होगी। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी गोपाल वर्मा ने मतदान दलों की रवानगी से लेकर मतदान उपरांत वापस स्ट्रांग रूम में पहुंचने तक उनकी संपूर्ण सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने कहा है। इसके अलावा पुलिस प्रशासन के प्रस्ताव अनुसार जिले के अंतर्गत संवेदनशील, अति संवेदनशील तथा राजनैतिक दृष्टि से संवेदनशील मतदान केन्द्रों में विशेष सुरक्षा व्यवस्था सहित संपूर्ण जिला क्षेत्र में शांतिपूर्ण मतदान प्रक्रिया संपन्न कराने की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया है।

# जिले में निर्वाचन के दौरान चुनाव संचालन, शांति बनाएं रखने तथा निर्वाचन प्रक्रिया निर्विघ्न, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने अधिकारियों की लगाई ड्यूटी

**कवर्धा,** 5 नवंबर (देशबन्धु)। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा निर्वाचन-2023 के कार्यक्रम की घोषणा उपरांत जिले में 07 नवंबर 2023 को मतदान तिथि नियत की गई है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री जनमेजय महोबे ने जिले में निर्वाचन के दौरान चुनाव संचालन एवं शांति बनाएं रखने तथा निर्वाचन प्रक्रिया निर्विघ्न, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 72-कवर्धा के लिए अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत श्री संदीप कुमार अग्रवाल एवं विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 71-पण्डरिया के लिए अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी इंद्रजीत बर्मन की ड्यूटी लगाई गई है।

अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत श्री अग्रवाल एवं अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी श्री बर्मन 05 नवंबर से 08 नवंबर 2023 तक विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 72- कवर्धा एवं विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 71-पण्डरिया के प्रत्येक मतदान केन्द्र, ग्राम पंचायत, नगरीय निकाय में चुनाव संचालन एवं कानून व्यवस्था की स्थिति की निगरानी करेंगे तथा सतत रूप से संपर्क में रहेंगे।

जारी आदेश में बताया गया है कि उक्त अवधि के दौरान दोनों विधानसभा क्षेत्र कवर्धा व पण्डरिया अंतर्गत शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस अधीक्षक, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, थानेदार सेक्टर अधिकारी, एफ.एस.टी., व्ही.एस.टी. एस.एस.टी. के पास दूरभाष नंबर हो। ताकि कानून व्यवस्था की स्थिति निर्मित होने पर तत्काल संबंधितों से संपर्क स्थापित कर, उसे समय-सीमा में रोकने के लिए टीम भेजा जाए व आवश्यतानुसार स्वयं स्थिति का जायजा ले। जारी आदेश में बताया गया है कि विधि विरूद्ध कार्यवाही अथवा आदर्श आचार संहित के उल्लंघन पाए जाने से संबंधितों पर विधि सम्मत कार्यवाही सुनिश्चित की करें। साथ ही 07 नवंबर 2023 मतदान दिवस को ई.व्ही.एम. मतदान केन्द्रों मतदान कर्मियों इत्यादि के समस्याओं का रिटर्निंग अधिकारी, पुलिस, मतदान दल एवं संबंधितों से सामन्जस्य स्थापित कर अतिशीघ्र समाधान करेंगे। यह आदेश तत्काल प्रभावशील होगा।

# फसल कटाई में व्यस्त किसानों व मतदाताओं को रिझाने में लगे प्रत्याशी

## निर्दलीय प्रत्याशी भी स्थानीय मुद्दे को लेकर हर वर्ग के लोगों पर साध रहे निशाना

**बालोद,** 5 नवम्बर (देशबन्धु)। संजारी बालोद विधानसभा सहित बालोद जिले की दो अन्य विधानसभा सीट डौडीलोहारा आरक्षित व गुंडरदेही विधानसभा में चुनाव प्रचार प्रसार कार्य में धीरे-धीरे तेजी देखने को मिल रही है। लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि कार्य जोरों पर है किसान धान कटाई, मिजाई व समिति ले जाने में व्यस्त हैं ऐसे में प्रत्याशियों को अपने वोट की आकांक्षा हेतु लोगों को समझने में दिक्कतें आ रही है कुछ प्रत्याशी तो अब खेतों की ओर भी अपने चुनाव प्रचार के लिए जाने लगे हैं। संजारी बालोद विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी राकेश यादव बालोद गुरुर में पिछले कुछ वर्षों से चल रहे अवैध शराब, जुआ सट्टा को प्रमुख मुद्दा बना रहे हैं वही अवैध शराब की बिक्री को चुनाव जीतने पर बंद करने का भरोसा भी दिला रहे हैं। इसके अलावा मोदी की गारंटी में किए गए वादों संकल्पना को अपने छोटे-छोटे नुक्कड़ स्वभाव में लोगों को बताने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। वहीं कांग्रेस प्रत्याशी संगीता सिन्हा पिछले 5 वर्ष में किए गए अपने कार्यों को गिना रही है तो वही पिछले कुछ दिनों से बड़े राष्ट्रीय नेताओं द्वारा गैस सिलेंडर में छूट, बिजली फ्री, गोधन न्याया योजना जैसे महत्वपूर्ण योजनाओं की जानकारी दे रही हैं। इस बीच में जिला पंचायत सदस्य मीना सत्येंद्र साहू को कांग्रेस पार्टी ने पार्टी के एक अन्य उम्मीदवार के विरुद्ध उतरने के कारण 6 साल के लिए निष्कासित कर दिया गया है। जो स्वाभाविक प्रक्रिया है। शनिवार को बालोद में उनके कार्यालय उद्घाटन होने के बाद बालोद ब्लाक में प्रचार प्रसार में तेजी आई है। वे अपने आप को गरीब की बेटी व किसानों की सेवा में तत्पर तथा भय भ्रष्टाचार, अवैध कारोबार से मुक्ति का विश्वास दिलाकर आम जनता में खरा उतरना चाहती हैं। इस बीच जिला प्रशासन लोकतंत्र के महापर्व में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए हर संभव प्रेरणा दे रही है कि ज्यादा से ज्यादा मतदान वोटर कर सके आगामी 17 नवंबर को मतदान होना है। प्रेक्षक ने स्ट्रांग रूप का अवलोकन लाइवलीहुड कॉलेज में किया।

बालोद जिले की तीन विधानसभा सीट में कुल 31 प्रत्याशी संजारी बालोद से 14 गुंडरदेही से 13 व डौड़ी लोहारा से 4 प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं जहां पर प्रमुख मुकाबला कांग्रेस के तीनों वर्तमान विधायक व भारतीय जनता पार्टी के मध्य में है। बालोद विधानसभा से कांग्रेस से बागी होकर जिला पंचायत सदस्य मीना साहू चुनाव लड़ रही है। दोनों प्रत्याशी के बीच एक नया चेहरा मानकर आम जनता के बीच एक नया चेहरा अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है। मीना साहू पिछले कई वर्षों से राजनीति में है अब तक वह 2 बार ग्राम सरपंच व दो बार जिला पंचायत सदस्य रही है। इस बार चुनाव में निर्दलीय प्रत्याशी भी अपना भाग्य आजमा रहे हैं जिन्हें गन्ना किसान, हेलीकॉप्टर, बाल्टी, पेट्रोल पंप, एयर कंडीशनर, माचिस की डिब्बी, कांच का गिलास, अलमारी, हीरा, छड़ी, आरी, फुटबॉल खिलाड़ी, ग्रामोफोन, हल जोतता किसान, हाथ गाड़ी जैसे चुनाव चिन्ह आवंटित किए गए हैं। इनकी भी कुछ गाड़ियां शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में देखी जा सकती है।

विधानसभा 2023 के चुनाव में कांग्रेस पार्टी ने जहां संजारी बालोद, डौंडीलोहारा में दो महिला प्रत्याशियों को चुनावी मैदान में उतारा है वहीं भारतीय जनता पार्टी की ओर से एक भी महिला उम्मीदवार चुनावी मैदान में नहीं उतरा गया है। एक और पार्टी महिलाओं को बराबर की भागीदारी देने के लिए प्रतिबद्ध होकर अपनी बड़ी-बड़ी बातें करते हैं वही जब मौका मिला तब भाजपा ने बालोद जिले की तीनों विधानसभा सीट से एक भी महिला प्रत्याशी को चुनावी समर में नहीं उतारा। यहां पर महिलाओं की संख्या पुरुषों से कहीं अधिक है अपने चुनावी घोषणा पत्र में महिलाओं के लिए बहुत बड़ी-बड़ी योजनाओं का बखान करने वाले क्या उन्हें एक भी महिला प्रत्याशी को टिकट के लिए योग्य प्रत्याशी नहीं मिला? यहां क्षेत्र की जनता खास कर महिलाएं पूछ रही हैं?

# डोंगरगढ में वृहद जेल लोक अदालत का आयोजन



**डोंगरगढ़,** 5 नवम्बर (देशबन्धु)। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राजनांदगांव माननीय अध्यक्ष महोदय श्री आलोक कुमार के निर्देशानुसार उप जेल डोंगरगढ में माननीय अतिरिक्त मुख्य न्यायाधीश सीमा प्रताप चंद्र की उपस्थिति में उप जेल डोंगरगढ में वृहद जेल लोक अदालत का आयोजन किया गया । जेल अधीक्षक राहुल गंगपाल्ले तथा जेल के कर्मचारीगण उपस्थित थे। जज महोदया ने सभी बंदियों के बारे में जानकारी लेकर चर्चा करते हुए पूछा कि आपको निशुल्क अधिवक्ता मिल रहा है या नहीं । जज महोदया द्वारा उप जेल में व्यक्तिगत 8 बंदियों के केस के बारे में व्यक्तिगत जानकारी ली तथा उन्हें आश्वासन दिया कि उनके केस की समस्या का शीघ्र निपटारा किया जाएगा । जज महोदय ने पुनः बंदियों को बताया कि आप लोग यहां पर निश्चिंत होकर रहें तथा यहां पर अपने व्यक्तिगत जीवन के बारे में चिंतन मनन करने के लिए स्वतंत्र है और यहां अपने आगामी जीवन के बारे में क्या करना है यहां पर रहकर आप सोच सकते हो हमारा प्रयास रहेगा कि जो भी बंदी का केस लंबित है जैसे गवाह, पुलिस अधिकारी का बयान तथा अन्य मामले का निपटारा शीघ्र किया जाएगा । अंत में जज महोदया द्वारा समस्त जेल का निरीक्षण करके बंदियों की रहने की व्यवस्था, विडियो कांफ्रेंस रूम, रसोई कक्ष का निरिक्षण किया । इस लोक अदालत में रीडर कपिल गोंडाने , पैरालीगल वैलिंटियर अशोक कुमार पांडे तथा पवन कुमार उपस्थित रहें ।

उल्टा पुल्टा

एक 88 साल के बुजुर्ग को फोन आया...
सर, हम बैंक से बोल रहे हैं, म्युचुअल फंड ले लो, सात साल में भाव डबल हो जाएंगे...!
बुजुर्ग ने जवाब दिया: बेटा, मैं उम्र के उस मोड़ पर हूं कि केले भी कच्चे नहीं खरीदता...!!!

संपादकीय

## किसानों के मुद्दे पर 'आप' भी

कहने को तो आम आदमी पार्टी मूलत: शहरी लोगों की पार्टी मानी जाती है क्योंकि यह शहरों में रहने वालों और वह भी सिविल सोसायटियों से जुड़े कार्यकर्ताओं द्वारा गठित की गयी है। इसका नेतृत्व भी अधिकतर उन्हीं लोगों के हाथों में हैं जो पढ़े-लिखे हैं और शहरों में रहने वाले सामाजिक कार्यकर्ता हैं, विशेषकर दिल्ली, मुम्बई जैसे महानगरों में। इसी कारण देश भर के अन्य छोटे-बड़े शहरों एवं कस्बों में भी जब इसका विस्तार हुआ तथा संगठन बना तो उसमें शामिल होने वालों में ज्यादातर युवा एवं शिक्षित समाज है। लम्बे समय तक माना गया था कि इसका दबदबा दिल्ली में है और इसकी राजनीति शहरी समस्याओं के ईर्द-गिर्द ही घूमती है। आप ने सस्ती या निशुल्क नागरिक सुविधाओं के दम पर दिल्ली विधानसभा के चुनाव जीते हैं। वहां उसका प्रचंड बहुमत है और वह बहुत ताकतवर भी है। पिछले साल हुए पंजाब के विधानसभा चुनाव जीतकर वहां भी उसने सरकार बनाकर सबको चकित किया था क्योंकि वहां मुख्य मुकाबला भाजपा व कांग्रेस के बीच ही था। इससे उसके बारे में यह धारणा दूर होने में मदद मिली कि वह केवल शहरी लोगों की पार्टी है। पंजाब की अर्थव्यवस्था का प्रमुख आधार कृषि ही है- उद्योग एवं व्यवसाय के साथ।

अपने बढ़ते विस्तार के कारण उसे केन्द्र सरकार की ओर से पैदा की जाने वाली संवैधानिक व प्रशासकीय अड़चनों से अक्सर जूझना पड़ता है। कभी उसके बनाये कानूनों को दिल्ली के उप राज्यपाल द्वारा निरस्त कर दिया जाता है तो कभी उसके किसी अधिकार में कटौती कर दी जाती है। इसके बावजूद पार्टी अलग-अलग राज्यों में चुनाव लड़ती आ रही है। अक्सर उसे भारतीय जनता पार्टी की भी टीम भी कहा जाता रहा क्योंकि उसके कारण भाजपा विरोधियों के वोट बंटते हैं और भाजपा को फायदा मिलता आया है। इसके बावजूद आप की विस्तार परियोजना कभी रूकी नहीं। हर जगह वह दिखती है, जहां उसका कोई जनाधार नहीं है या उसके लेशमात्र चुनाव जीतने की उम्मीद नहीं होती।

छत्तीसगढ़ में भी वह पूरी ताकत से लड़ रही है। सभी 90 सीटों पर उसके प्रत्याशी खड़े हैं। वे कहीं कम तो कहीं ज्यादा मजबूत नज़र आते हैं। कहीं-कहीं उनकी उपस्थिति नाम की है। प्रमुख प्रतिद्वंद्वियों यानी कांग्रेस-भाजपा के मुकाबले वह सभी जगह कमतर तो है परन्तु देखना यह है कि उसकी उपस्थिति का कहां कांग्रेस को फायदा मिलता है और कहां पर भाजपा को। शनिवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री व आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान भी फिर से छग में थे। बिलासपुर में उन्होंने घोषणा की कि जीतने पर राज्य के किसानों का पूरा धान खरीदा जायेगा और न्यूनतम समर्थन मूल्य 3200 रुपये प्रति क्विंटल होगा। यानी किसान यहां भी केन्द्र में है।

## 36 सौ प्रतिभागियों ने भाग लिया 36गढ़ स्थापना क्विज में, टॉप 36 हुए चयनित



**नवापारा-राजिम,** 5 नवंबर (देशबन्धु)। ऐक्टिव पीएलसी अभनपुर द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में स्कूली बच्चों के लिए आनलाइन राज्यस्तरीय छत्तीसगढ़ स्थापना क्विज़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसका मुख्य उद्देश्य छत्तीसगढ़ के स्कूली छात्र-छात्राओं एवं युवाओं को छत्तीसगढ़ राज्य से संबंधित महत्त्वपूर्ण जानकारियों को क्विज के माध्यम से साझा करना। ऐक्टिव पीएलसी के लीडर हेमन्त कुमार साहू ने बताया कि इस आयोजन में ज़िले सहित राज्यभर के अनेक स्कूलों से 3600 प्रतिभागियों ने क्विज में भाग लिया जिसमे से टॉप 36 का चयन किया गया एवं प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को आकर्षक ई-सर्टिफिकेट प्रदान किया गया साथ ही चयनित प्रतिभागियों को विशेष प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में अरुण शर्मा एपीसी समग्र शिक्षा रायपुर का विशेष मार्गदर्शन एवं सहयोग रहा। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक बसंत दीवान ऐक्टिव पीएलएसी, सोमा बनिक सेजेस खोरपा एवं दीपक ध्रुवंशी, पीएलसी के सक्रिय सदस्य, बसंत साहू, धिलेश्वरी साहू, अंजुम शेख़, गौरव पंचभाई, नीतू बंजारे, ओमप्रकाश साहू, गौरव पंचभाई, उकेश तारक, रामनारायण धीवर का सहयोग रहा। ये हुए टॉप 36 में चयनित मिनी, सोनिया साहू, ईशा चतुर्वेदी, दीक्षा बंजारे, जागृति पटेल, करीना साहू, जानकी, रामदास, गरिमा जायसवाल, प्रभा साहू, होमेश्वरी भंडारी, चंद्रकला साहू, मोहित कुमार, आर आरूष जोशी, नंदिनी भारती, शीतल वर्मा, रामकुमार खुशी, रिद्धिमा देशलहरा, निकिता राठौर, लकिता, हिमेश कौशिक, प्रज्ञा गोश्वामी, स्वेता गुप्ता, दीपांशु साहू, लालिमा गिलहरे, निकिता चंद्राकर, शेख़ रेहान, धानी निर्मलकर, मकदम राजू, मोनिका प्रधान, अंकित साहू, मानवी ठाकुर, वंजाम रिंकु, शिल्पा पटेल एवं साक्षी चंद्राकर सभी चयनित प्रतिभागियों को पीएलसी अभनपुर टीम ने बधाई प्रेषित किए है।

## कोसमसरा में हो रही लगातार चोरी से ग्रामीणों में भय एवं आक्रोश



**कार्रवाई की मांग को लेकर ग्रामींण पहुंचे थाना**

**कसडोल/बलौदाबाजार,** 5 नवंबर (देशबन्धु)। कसडोल थानांतर्गत ग्राम कोसमसरा से रविवार को दर्जनभर से ज्यादा ग्रामीण कसडोल थाना पहुँचे। ग्रामीणों ने थाना प्रभारी को शिकायत पत्र देते हुए बताया कि विगत दो माह से गांव में लगातार चोरी की घटना हो रही है अब तक 6 लोगो के घर और दुकान में चोरी हो चुकी है जिससे ग्रामीण बहुत परेशान हैं और भय का माहौल है। पीड़ित रामअवतार ध्रुव ने बताया कि गांव में प्रतिदिन चोरी की वारदात हो रही है। आसामाजिक प्रवित्ति बढ़ती जा रही है। आज मेरे घर अंदर रखी कार पर तोड़फोड़ किया गया और मेरी नानी के साथ मारपीट करने की कोशिश किया गया। जिससे पूरे गांव के लोग आक्रोशित है जिसको लेकर आज थाना पहुंचकर कार्यवाही की मांग की गई है।

श्री ध्रुव ने आगे बताया कि लगभग दो माह से चोरी हो रही है। बीते 2 अक्टूबर को शुभम स्वीट्स के गोदाम से लगभग 70 से 80 हजार की सामान चोरी हुआ। साथ ही 5 अक्टूबर को शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय कोसमसरा में सी. सी टीवी कैमरा की चोरी हुई। इसके अलावा 5 अक्टूबर को ही मां सरस्वती शिशु मंदिर कोसमसरा में ताला तोंडा गया है एवं चोरी का प्रयास किया गया। नवरात्रि के अंतिम दिवस के दिन बालक दास के यहां नगद कैश व गहना चोरी हुआ। चोरी का सिलसिला यही नही थमा 3 नवम्बर की रात गांव के प्रीतम दास यहां कैश व गहना व फ्रीज की चोरी हुई। राम अवतार वर्मा के घर में रखी कार पर तोड़फोड़ किया गया एवं जानलेवा हमला किया गया। इसके साथ-साथ गांव एवं आसपास झगड़ा लडाई मारपीट शराब पिकर हुडदंग घरों के बाहर लगे बत्ती चोरी के अलावा छोटी-बड़ी घटनाएं लगातार हो रही है। ये सब चोरी की घटना होने का मुख्यकारण हैं कोसमसरा में अवैध रूप से फलफूल रहा शराब जिसको पीकर लोग गलत कामों को अंजाम दे रहे हैं। वही इस मामले पर थाना प्रभारी लखेश्वर केवट ने जल्द जांच कर उचित कार्यवाही करने की आश्वासन दिया है।

## युक्ति कोचर ने नगर का नाम रोशन किया



**नवापारा राजिम,** 5 नवंबर (देशबन्धु)। नगर के वार्ड 5 के पार्षद एवं सभापति अजय कोचर की सुपुत्री युक्ति कोचर ने डीबीएस (दंत चिकित्सक) की परीक्षा उत्तीर्ण कर नगर सहित अंचल को गौरवान्वित किया है। कु0 युक्ति ने बताया कि उनकी सफलता के पीछे माता-पिता सहित गुरूजनों का मार्गदर्शन एवं परिवार का अच्छा माहौल रहा। उनके पिता अजय कोचर ने बताया कि उनकी बेटी प्रारंभ से ही मेधावी रही है। उसने अपनी प्रारंभिक शिक्षा स्थानीय टीबीएस हायर सेकेण्डरी स्कूल से पूरी की है। उनकी इस सफलता पर नगर के मनोहरमल संचेती, अशोक संचेती, गौतम पारख, आयुष जैन, अनमोल जैन, सुनील बंगानी, संतोष गोलछा, गोल्डी पारख सहित अनेकों लोगों ने घर पहुंचकर बधाई दी।

## जेल लोक अदालत में 3 प्रकरण हुए निराकृत



**धमतरी,** 5 नवंबर (देशबन्धु)। राज्य स्तरीय वृहद जेल लोक अदालत के तहत आज मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अनिल प्रभात मिंज की उपस्थिति में जिला जेल धमतरी में जेल लोक अदालत का अयोजन किया गया। इस मौके पर 10 प्रकरणों में से 3 प्रकरण निराकृत किए गए। इस अवसर पर सहायक जेल अधीक्षक श्री एन के डहरिया एवं अन्य अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे।

## आज पेंशनधारी कल्याण संघ की मासिक बैठक

**बलौदाबाजार,** 5 नवंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ पेंशनधारी कल्याण संघ तहसील शाखा बलौदाबाजार की मासिक बैठक 6 नवम्बर को रखा गया है। यह बैठक निवनिर्मित पेंशनर भवन षष्ठी मंदिर के पास सिविल लाईन बलौदाबाजार में दोपहर 2 बजे से आयोजित है। पेंशनर साथियों को सूचित किया गया है कि 1 नवम्बर से जीवित प्रमाण पत्र (लाईफ सर्टिफिकेट) भरकर जमा करना शुरू हो चुका है। इसलिए पेंशनर साथी शीघ्र ही संबंधित बैंक में अपना प्रमाण पत्र फार्म भरकर जमा कर असुवधिा से बचें। पेंशनरों को बैठक में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील संघ के सचिव जे.पी धुरंधर ने की है।

## अवैध शराब पर आबकारी विभाग की कार्रवाई



**महासमुंद,** 5 नवंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर प्रभात मलिक के निर्देशानुसार एवं जिला आबकारी अधिकारी मोहित जायसवाल के मार्गदर्शन में गुरुवार को आबकारी टीम द्वारा आबकारी वृत्त बसना अंतर्गत ग्राम. चेरगाडोढहा थाना.बसना के जंगल से अवैध महुआ शराब मात्रा 50 लीटर एवं 500 किलोग्राम महुआ लाहन जप्त कर अज्ञात आरोपी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई। वहीं शुक्रवार को संयुक्त आबकारी टीम द्वारा महासमुंद ग्रामीण वृत्त अंतर्गत की गई कार्यवाही में 1 प्रकरण 34 एक 34;2 एवं 59;क के तहत तथा 1 प्रकरण 34;1;क के तहत कुल 02 प्रकरण दर्ज किया गया। जिसमें ग्राम पचरी थाना .खल्लारी के रतन कुमार टंडन से 50 लीटर हाथ भट्ठी महुआ मदिरा तथा उमेश कुमार ध्रुव ग्राम रैताल, थाना.खल्लारी से 4 लीटर हाथ भट्ठी महुआ मदिरा एवं 30 किलोग्राम महुआ लाहन कुल मात्रा 54 बल्क लीटर महुआ मदिरा एवं 30 किलोग्राम महुआ लाहन जप्त किया गया। कार्यवाही सहायक जिला आबकारी अधिकारी निधीश कोष्ठी एवं आबकारी मंडल प्रभारी उत्तम बुद्ध भारद्वाज के मार्गदर्शन में आबकारी उप निरीक्षक वृत्त महासमुंद ग्रामीण हृदय कुमार तिरपुरे के नेतृत्व में की गई। कार्यवाही के दौरान आबकारी उपनिरीक्षक मुकेश कुमार वर्मा, बसना नितेश सिंह बैंसए आबकारी मुख्य आरक्षक माधव राव, आबकारी आरक्षक संजय तिवारी, देवेश मांझी, संजय मरकाम तथा नगर सैनिक मुकेश प्रधान, वाहन चालक गांधी राम ठाकुर एवं समस्त आबकारी स्टाफ महासमुंद उपस्थित थे। कार्यवाही में सहायक जिला आबकारी अधिकारी श्रीमति सविता रानी मेश्राम का विशेष योगदान रहा।

## भटगांव में निकला पुलिस का फ्लैग मार्च



**भटगांव/बलौदाबाजार,** 5 नवंबर (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव के मद्देनजर होने वाले मतदान को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने को लेकर पुलिस पर बड़ी जिम्मेदारी है। यही वजह है कि पुलिस रात दिन मेहनत कर अवैध कार्य में लिप्त लोगों की धरपकड़ के साथ ही नगर में शांति व्यवस्था को कायम रखने के प्रयास में जुटी हुई है।

शनिवार को पुलिस ने नगर में फ्लैग मार्च निकाला और लोगों को संदेश दिया कि वे भयमुक्त होकर वोट डालें किसी लालच और डर के नहीं। नगर में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए शनिवार शाम को भटगांव पुलिस के द्वारा फ्लैग मार्च निकालकर नगर भ्रमण किए। जिसमें बिलाईगढ एसडीओपी विजय ठाकुर, बिलाईगढ थाना प्रभारी शिवकुमार धारी, व सलिहा थाना प्रभारी मनोज मंडावी, के साथ भटगांव थाना प्रभारी अमृत भार्गव अपने दल-बल के साथ चांपा रोड से होते हुए बस स्टैंड पहुंचे वहीं सांई मंदिर होते हुए नया हटरी होते हुए ब्राह्मण पारा शनिमंदिर चौंक पहुंचे फिर अपने थाना वापसी फ्लैग मार्च करते पहुंचे।

## व्यय प्रेक्षक राउतकर ने जांच चौकी रायतुम का किया निरीक्षण



**महासमुंद,** 5 नवंबर (देशबन्धु)। विधानसभा क्षेत्र महासमुंद.42 व खल्लारी.41 के लिए नियुक्त व्यय प्रेक्षक नीलेश राउतकर ने शनिवार को महासमुन्द विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत जांच चौकी रायतुम का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने यहां तैनात एसएसटी टीम से जानकारी लेकर संधारित पंजी का अवलोकन भी किया। उन्होंने 24 घंटे सतत निगरानी के निर्देश दिए और किसी भी तरह के अवैध परिवहन और निकासी पर कड़ी नजर रखते हुए कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने जांच के दौरान टीम को विशेष निर्देश दिए कि आम जन को किसी भी तरह की असुविधा न हो। इस दौरान लाइजनिंग अधिकारी एवं उप वनमंडलाधिकारी अब्दुल वहीद खान सहित एसएसटी केण्हमराह की टीम मौजूद थी।

## प्रेक्षक ने एक दर्जन से अधिक संवेदनशील मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर लिया जायजा



**तैयारी पूरी कर सुधार के दिए निर्देश**

**बलौदाबाजार,** 5 नवंबर (देशबन्धु)। कसडोल विधानसभा क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक डॉ. राजेंद्र भारूड ने पलारी तहसील अंतर्गत एक दर्जन से अधिक दर्जन से अधिक संवेदनशील मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर उनका जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने मतदान केंद्र क्रमांक 234, 235 शा.पूर्व मा. शाला भवन रसौटा, 257, 258, 259 वीर शहीद युगल किशोर वर्मा शा.प्रा.शा.पलारी, 260, 261, 262, शास. पूर्व मा.कन्या शाला पलारी, 263, 264, 265 स्वामी आत्मानंद उ.अंग्रेजी मा.वि.पलारी 358 शास.प्रा.शाला हरिनभट्ठा 359 शास. पर्व मा.शाला हरिनभट्ठा, 360, 362 शास. प्रा. शाला भवन तेलासी एवं 361 शास. पूर्व मा.शाला तेलासी का निरीक्षण किया।

उन्होंने सभी मतदान केंद्रों में मूलभूत व्यवस्थाओं को शीघ्र ही पूर्ण करने के निर्देश संबधित अधिकारियों को दिए है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि मतदाताओं को किसी भी प्रकार की तकलीफ ना हो मतदान केंद्रों में इसका विशेष ध्यान रखे। डॉ. भारूड ने लाइव वेबकास्टिंग के संबध में हो रहे तैयारियों को परखा। उन्होंने सभी मतदान केन्द्रों के दिवाल में विशेष सूचना पटल में लेखन के कार्य को भी पूर्ण करने के निर्देश दिए है। इस मौके पर उन्होंने आम ग्रामीण से मुलाकात कर चुनाव संबधित समान्य जानकारी हासिल की। निरीक्षण के दौरान संबधित क्षेत्र के तहसीलदार, लायजिनिग अधिकारी सहित राजस्व, पंचायत एवं पुलिस विभाग के अधिकारी कर्मचारी गण उपस्थित थे।

## दिव्यांगजनों ने मिलकर 17 नवंबर को अपने मत का प्रयोग करने किया जागरूक



**मतदान केंद्र में दिव्यांग मातादाताओ को मिलने वाली सुविधाओ की दी जानकारी**

**धमतरी,** 5 नवंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऋतुराज रघुवंशी के निर्देश और मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं स्वीप जिला नोडल अधिकारी श्रीमती रोक्तिमा यादव के मार्गदर्शन में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन जिला मुख्यालय, वार्डो, गली, मोहल्लों, स्कूल, कालेज, हाट-बाजार सहित अन्य भीड़ वाले स्थानों पर कर जिले के मतदाताओं को शत-प्रतिशत मतदान के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है।

मतदाता जागरूकता कार्यक्रम की इसी कड़ी में जिले के दिव्यांगजन भी एक कदम आगे आकर इस अभियान में अपनी सहभागिता निभा रहे है। दिव्यांग आईकॉन बसंत कुमार बिश्नोई और उनके साथियों ने घर-घर जाकर ग्रीटिंग कार्ड बनाकर मतदान के लिए लोगो को जागरूक किया। इस दौरान उन्होंने दिव्यांगजनो से मिलकर 17 नवंबर 2023 के दिन अपने मताधिकार का प्रयोग करने कहा। साथ ही मतदान केंद्रों में दिव्यांग साथियों को मिलने वाली सुविधाओ की विस्तृत जानकारी दी। अभियान में घनश्याम साहू, रोहित कुमार साहू, दिव्यांग प्रेरणा जनकल्याण समिति के अध्यक्ष संतोष बिश्नोई ने अपनी सहभागिता निभाई।

### दिव्यांग ललेश्वरी पेंटिंग बनाकर मतदाताओं को कर रही जागरूक



**धमतरी।** मतदाताओं को अपने मत का प्रयोग करने के लिए प्रोत्साहित करने हेतु जिला प्रशासन द्वारा जिले में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है और इस अभियान में जिले का हर वर्ग, अधिकारी कर्मचारी, युवा, महिला, पुरुष, व्यापारी, दिव्यांगजन, तृतीय लिंग, छात्र छात्राएं, शिक्षक, शिक्षिकाए सभी अपने अपने स्तर पर जिले के मतदाताओं को अपने वोट का उपयोग करने के लिए जागरूक करने का काम कर रहे हैं। लोकतंत्र के इस महापर्व में दिव्यांजन भी एक कदम आगे आकर अपनी भूमिका निभा रहे है। मगरलोड के मेघा की श्रीमती ललेश्वरी जो खुद दिव्यांग है, वह अपने हाथो से पेंटिंग बना कर लोगो को मतदान का महत्व बता रहीं है और मतदान करने का आग्रह गांव के मतदाताओ से कर रही है। इसके साथ ही ललेश्वरी गांव के मतदाताओ से निर्भिक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना निर्वाचन में अपने मताधिकार का प्रयोग करने सहित सही व्यक्ति को मत देने और जिला धमतरी वोट सर्वोपरि को चरितार्थ करने की अपील भी कर रहीं हैं।

## छात्राओं ने नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से लोगों को मतदान के महत्व को बताकर किया जागरूक



**महासमुंद,** 5 नवंबर (देशबन्धु)। शासकीय माता कर्मा कन्या महाविद्यालय महासमुंद द्वारा जिला नोडल अधिकारी डॉ मालती तिवारी के मार्गदर्शन में प्राचार्य डॉ शील भद्र कुमार एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ सरस्वती वर्मा के दिशा निर्देशन में महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान के तहत ग्राम मचेवा में रैली निकालकर गॉव के लोगों को मतदान के महत्व को बताकर नुक्कड़ नाटकों सहित विभिन्न कार्यक्रमों के जरिए शत.प्रतिशत मतदान करने के प्रति जागरूक किया गया। महाविद्यालयीन छात्राओं द्वारा मतदान के महत्व को बताया गया और लोकतंत्र के इस महापर्व में सहभागी बनने का संदेश दिया गया। नुक्कड़ नाटक मंच के माध्यम से विद्यार्थियों ने मतदान के महत्व को समझाया और इसमें सहभागिता बढ़ाने पर जोर दिया। मंच के माध्यम से संदेश दिया कि लोकतंत्र के इस महापर्व में हम सब का दायित्व है कि देश में स्वच्छ एवं निष्पक्ष सरकार चुनने के लिए अपने मत का प्रयोग करें। जनसामान्य से आग्रह किया गया कि वे मतदान केन्द्र पर जाकर मतदान अवश्य करें,

## सत ग्रंथ गुरु गद्दी पूजा का समापन

**बलौदाबाजार,** 5 नवम्बर। जिला मुख्यालय से 10 किलोमीटर दूर ग्राम करमनडीह में गुरु घासीदास बाबा जी के सत ग्रंथ गुरु गद्दी पूजा का कार्यक्रम 30 अक्टूबर से 5 नवंबर तक ग्रामवासियों द्वारा आयोजित किया गया था जो सफ्लतापूर्वक संपन्न हुआ।

# जोगी कांग्रेस भाजपा की बी टीम बन कर चुनाव लड़ रही है : रैना



**सरायपाली,** 5 नवंबर (देशबंधु)। सरायपाली विधानसभा के कांग्रेस नेताओं द्वारा कांग्रेस पार्टी के चुनावकार्यालय में प्रेस कांफ्रेंस आयोजित किया गयाजिसमें भूपेश सरकार द्वारा चुनावी वायदों को बताया, वरिष्ठ कांग्रेस नेता हरदीप सिंह रैना ने कहा की भूपेश बघेल की सरकार किसान और गरीबों की हितैशी है, सरायपाली विधानसभा से एक गरीब मजदूर परिवार की बेटी चातुरी नंद को प्रत्याशी बनाया है, किसानों का कर्जा माफ करने के साथ 20 चिंटल प्रति एकड़ 32 सौ रुपये में खरीदी गैस सिलेंडर में भारी छूट, भूमिहीन मजदूर को दस हजार रुपये सालाना के साथ सैकड़ों योजना सरकार द्वारा संचालित की जा रही है, जिससे आम गरीब जनता खुश है।

पत्रकारों के सवालों पर कहा कि वर्तमान विधायक जिन्होंने जे सी सी जे पार्टी मेंप्रवेश कर सरायपाली विधानसभा में चुनाव लड़ रहे हैं, कोई फर्क नहीं पड़ेगा, क्योंकि पेड़ से डगाल अलग होने से कोई महत्व नहीं होता जे सी सी जे भाजपा की बी टीम की तरह काम कर रही है, वोट कटवा पार्टी है, सरायपाली विधानसभा कीजनता इस बार भूपेश बघेल के चेहरे पर भरोसा जताएगीऔर इस विधानसभा और प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनायेंगे।

प्रेस वार्ता के दौरान प्रमुख रूप से नगर पालिका अध्यक्ष अमृत पटेल, पिछड़ा वर्ग विकास प्राधिकरण के सदस्य नरेंद्र साहु, विधानसभा प्रभारी श्याम तांडी, ग्रामीण ब्लॉक अध्यक्ष पुष्पेंद्र पटेल, विश्वनाथ नायक, रामदयाल पटेल, प्रफुल्ल भोई, कमल पटेल, सहित कांग्रेस संगठन के नेता मौजूद थे

# एक वोट किसी का भाग्य विधाता, लोकतंत्र का यह अधिकार वोट न हो किसी का बेकार बूढ़े हो या जवान सभी करें मतदान

## मतदाता जागरूकता पर विविध कार्यक्रम




**नवापारा -राजिम,** 5 नवम्बर (देशबन्धु)। सेठ फूलचंद अग्रवाल स्मृति महाविद्यालय, राष्ट्रीय सेवा योजना, एलुमनी एसोसियेशन एवं रेड रिबन क्लब के संयुक्त तत्वाधान में मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत रंगोली, निबंध, वाददृविवाद, राष्ट्रीय सेवा योजना के देसी खेल - कूद, बाज झपट्टा, राम रावण, खेलो के माध्यम से विद्यार्थियों को संदेश दिया कि निष्पक्ष व निरूस्वार्थ भाव से शत - प्रतिशत अपने बहुमूल्य मतों का अनिवार्य रूप से प्रयोग करें एवं दूसरो को भी प्रेरित करे। उक्त प्रतियोगिता में क्रमश: प्रथम व द्वितीय पुरस्कार रखा गये।

इस प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। राज कुमार जगत, विभा गावरकर, योगेश्वर साहू प्रथम एवं अंजली देवांगन, कुसुम निषाद, व पूजा साहू द्वितीय स्थान पर रही इस जागरूकता अभियान प्रतियोगिता का सफ्ल मार्गदर्शन डॉ. सी. एल. साहू, डॉ. श्यामा शांडिल्य, डॉ. पूनम सिंह, डॉ राजेश्वरी चंद्राकर, डॉ प्रेरणा सोनी, प्रो. लेखराम साहू, प्रो. महेंद्र द्विवेदी, प्रो. लोमश साहू की अहम भूमिका रही। सभी विजेता प्रतिभागी को महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. शोभा गावरी, उप प्राचार्य डॉ. मनोज मिश्रा ने ढेर सारे शुभकामनाएं दिए। कार्यक्रम संयोजक डॉ. आर. के. रजक ने राष्ट्रीय सेवा योजना के देशी खेलकूद में स्वामी विवेकानंद एवं महात्मा गांधी टीमों के बीच प्रतियोगिता में स्वामी विवेकानंद की टीम विजेता रही। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से स्वयंसेवकों ने मतदान के महत्व को बताये। साथ ही मतदान करना हमारा अधिकार है। ष्एक वोट किसी का भाग्य विधाता लोकतंत्र का यह अधिकार वोट न हो किसी का बेकार। बूढ़े हो या जवान सभी करे मतदानष् ऐसे नारों का गुंजायमान किया। वरिष्ठ एवं कनिष्ठ 65 स्वयंसेवकों को स्वच्छ मतदान के लिए शपथ भी दिलाये।



**पिथौरा।** आज प्रदेश कांग्रेस कमेटी विधि विभाग के अध्यक्ष डाक्टर देवा देवांगन के नेतृत्व में विधिक टीम में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष तथा छत्तीसगढ हाईकोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता मिर्जा हाफिज बेग के सानिध्य में तथा रमेश शर्मा की उपस्थिती में प्रदेश कांग्रेस कमेटी मुख्यालय राजीव भवन रायपुर में विधिक पक्ष के संवर्धन तथा विधिक सहायता हेतु कर्तव्यरत रहे।

# चुनाव पर मास्टर ट्रेनर्स को दिया गया प्रशिक्षण



**महासमुंद,** 05 नवंबर (देशबंधु)। विधानसभा निर्वाचन 2023 के लिए गठित मतदान दलों का द्वितीय चरण का प्रशिक्षण 6 नवंबर से प्रारंभ होने वाला है। जिसमें प्रशिक्षण देने वाले मास्टर ट्रेनर्स का प्रशिक्षण कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रभात मलिक की उपस्थिति में जिला मुख्यालय में आयोजित किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर श्री मलिक ने कहा कि निर्वाचन कार्य के सफल संपादन के लिए आवश्यक है कि मतदान दलों को प्रशिक्षण इस तरह दिया जाए कि वे बिना किसी गलती के समस्त कार्यों को कर सके। इसलिए निर्वाचन कार्य में मास्टर ट्रेनर्स की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण और जिम्मेदारी का होता है। प्रशिक्षण में जिला मास्टर ट्रेनर तोषण गिरि गोस्वामी ने मतदान प्रक्रिया की बारीक से बारीक और महत्वपूर्ण कार्यों की जानकारी देते हुए माकपोल करना, माकपोल के पश्चात सीआरसी करना और वास्तविक मतदान के लिए मशीन को तैयार करने की प्रक्रिया की जानकारी दी। इसके अलावा उन्होंने पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी क्रमांक 1, 2 और 3 के कार्यों तथा मतपत्र लेखा प्रारूप 17 सी और पीठासीन अधिकारी की डायरी तैयार करने की जानकारी दी। महासमुंद विधानसभा क्षेत्र में दो बैलेट यूनिट उपयोग में लाया जाएगा। इन्हें आपस में कनेक्ट करने की व्यवहारिक जानकारी भी दी गई। प्रशिक्षण में नोडल अधिकारी नंदकिशोर सिन्हा, मास्टर ट्रेनर संजय मांझी, जी आर सिन्हा, हेमेंद्र आचार्य, आशीष देवांगन आदि उपस्थित थे।

# मतदाता जागरूकता रैली




**खरोरा,** 5 नवंबर (देशबन्धु)। आज भरत देवांगन शासकीय उत्कृष्ट हिंदी, अंग्रेजी माध्यम विद्यालय खरोरा में मतदाता जागरूकता ,शत प्रतिशत मतदान हेतु रंगोली प्रतियोगिता व जनजागरूकता रैली का आयोजन रजनी मिंज प्राचार्य,हरीश देवांगन व स्काउट गाइड प्रभारी व रासेयो प्रभारी सुश्री शाहिना परवीन के मार्गदर्शन पर किया गया।रंगोली प्रतियोगिता में अनामिका, भूमिका, देविका, सिमरन, दिनेश्वरी यादव,चंद्रकला साहू, खुशबू यादव,ज्योति यादव, नीलिमा ,तनु सेन,पल्लवी सोनकर ,खुशी साहू,अमृता, प्रगति बांधे ,दीक्षा ,खुशबू ,डिम्पल प्रतिभागी थे रैली में हैप्पी वोटिंग, खुशी खुशी वोट देंगे,बहकावे में कभी न आवे सोच समझकर बटन दबावे, वोट डालने जाना है अपना फर्ज निभाना है के नारों को बुलंद करते रैली ने लोगों में जोश भरा।

## सार-संक्षेप

### स्वीप के तहत ग्राम पंचायतों में कल होगा हस्ताक्षर अभियान

**बलौदाबाजार,** 5 नवंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी चंदन कुमार के निर्देश पर शत प्रतिशत मतदान के उद्देश्य से स्वीप के तहत ग्राम पंचायतों में 7 नवंबर को एवं जिला स्तरीय 8 नवंबर को हस्ताक्षर अभियान का आयोजन किया जाएगा। हस्ताक्षर अभियान का थीम बेटी है तो कल है, मतदान ही सही विकल्प रखा गया है। ग्राम पंचायत में कार्यक्रम सुबह 10 बजे से 3 बजे तक एवं जिला स्तरीय कार्यक्रम स्पोर्ट्स स्टेडियम बलौदाबाजार में सुबह 10 बजे से 3 बजे तक रखा गया है। इसके साथ ही शहर के प्रमुख चौक चराहों में भी हस्ताक्षर अभियान चलाया जाएगा। स्वीप नोडल अधिकारी जिला पंचायत सीईओ नम्रता जैन ने सभी जिला वासियों से अधिक से अधिक इस अभियान में शामिल होने का आग्रह किया है।

### पांच हजार दियों से हुई छग महतारी की महाआरती

**खरोरा,** 5 नवंबर। राज्य सिरजन दिवस के मौके पर रायपुर के डब्ल्यू आर एस कालोनी में विविध सांस्कृतिक आयोजन किया गया, सर्व छत्तीसगढ़िया समाज संगठन (रेलवे) द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के बाद बनी प्रथम छत्तीसगढ़ महतारी की मूर्ति प्रांगण में पांच हजार एक दिये प्रज्वलित कर आरती किया गया। इस दौरान राजकीय गीत अरपा पैरी के धार महानदी हे अपार को सामुहिक रूप से गायन किया गया।

# कृषि विभाग द्वारा आगामी रबी फसलों के लिए समसामयिक कृषि सलाह जारी

**गरियाबंद,** 5 नवंबर (देशबन्धु)। आगामी रबी फसलों की तैयारी के लिए कृषि विभाग द्वारा समसामयिक सलाह जारी की गई है। किसानों को वर्षा आधारित क्षेत्रों में धान के पश्चात उतेरा फसल के रूप में विभिन्न दलहनी फसलों- तिवड़ा, मसूर, बटरी, चना इत्यादि तिलहनी फसलों- अलसी, सरसों, इत्यादि को उपयुक्त समय में पर्याप्त नमी की उपलब्धता में बुआई करने की सलाह दी गई है। उतेरा फसल के लिए प्राय: अक्टूबर के आखिरी पखवाड़ा तक बुआई किया जाना अत्यंत आवश्यक रहता है, इस हेतु सलाह दी गई है कि जिन खेतो में धान की मध्यम 120-125 दिन में पकने वाली किस्में जैसे महामाया, राजेश्वरी, दुर्गेश्वरी, एम.टी.यू. 1001; लगाई गयी है, उन्ही खेतो में उतेरा फसलों की बुआई करें।

उतेरा फसल के लिए तिवड़ा की उपयुक्त प्रजाति महातिवड़ा एवं प्रतीक है। जिसका बीज दर 75-80 कि.ग्रा. प्रति हेक्ट है। चना की उपयुक्त प्रजाति छ.ग. चना - 2, इंदिरा चना-1, छ.ग. लोचन चना एवं बीज दर 80-100 कि.ग्रा. प्रति हेक्ट है। मसूर की उपयुक्त प्रजातियां छ.ग. मसूर - 1, आई.पी.ल- 316, आर. बी. एल. 31 एवं बीज दर 40-50 कि.ग्रा. प्रति हेक्ट है। अलसी की उपयुक्त प्रजातियां आर.एल. सी. - 143, आर. एल. सी. - 153, इंदिरा अलसी - 32, छ.ग. इत्यादि है एवं बीज दर 20 कि.ग्रा. प्रति हेक्ट है। सरसों की उपयुक्त प्रजातियां छ.ग. सरसों - 1, इंदिरा तोरिया - 1, पूसा बोल्ड, वरदान आदि है तथा बीज दर 5 कि.ग्रा. प्रति हेक्ट. है। उक्त फसल किस्मों के प्रमाणित एवं उपचारित बीजों को धान की कटाई के 15 दिन पूर्व खड़ी फसल में पर्याप्त नमी होने की अवस्था में छिड़कवा बुआई करने की सलाह दी गई है।

कृषि विभाग द्वारा जारी सलाह में कहा गया है कि जिन क्षेत्रों में सिंचाई की सुविधा उपलब्ध है, वहां पर रबी फसलों के लिए खेत की तैयारी अच्छी तरह से करें, इस हेतु ट्रेक्टर चलित रोटावेटर अथवा कल्टीवेटर का प्रयोग कर खेतो की तैयारी करें। सीमित सिंचाई की उपलब्धता होने पर रबी के मौसम में मसूर, चना, मटर, सरसों, अलसी, कुसुम इत्यादि फसलों को खेत को अच्छी तरह से तैयार कर नवम्बर के प्रथम पखवाड़ा तक कतारों में बुआई करें। कृषक जिनके पास पर्याप्त सिंचाई की सुविधा उपलब्ध है वह खेत भलीभांति तैयार कर कतार में सीडड्रिल में माध्यम से गेंहू, मक्का, मटर, सरसों, सूरजमुखी, आलू, प्याज एवं सब्जियों की बुआई नवम्बर माह में पूर्ण कर लेवें तथा रागी फसल की बुआई जनवरी-फरवरी माह में की जा सकती है। छत्तीसगढ़ में पशुधन की समृध्दता है अत: सिंचित अवस्था में नवम्बर के मध्य में बरसीम एवं जई की फसल चारा हेतु लगाई जा सकती है। बरसीम फसल से चार से पांच कटाई एवं जई फसलों से दो से तीन कटाई चारा हेतु प्रदेश में ली जा सकती है। इन चारा फसलों को पशुपालक अपने पशुओं हेतु उपयोग में ला सकते है। चारा को डेयरी या अन्य पशु पालकों को बेचकर अतिरिक्त लाभ कमा सकते है ।

# कल से 30 नवंबर तक एग्जिट पोल आयोजन व प्रसारण पर रहेगा प्रतिबंध

**बलौदाबाजार,** 5 नवम्बर (देशबन्धु)। विधानसभा आम निर्वाचन 2023 अंतर्गत 7 नवम्बर 2023 पूर्वान्ह 7रू00 बजे से 30 नवम्बर 2023 अपरान्ह 6:30 बजे तक की अवधि के दौरान एग्जिट पोल का आयोजन करने तथा प्रिंट या इलेक्ट्रॉनिक मीडिया द्वारा इसके परिणाम के प्रकाशन या प्रचार अथवा किसी भी तरीके से प्रचार करने पर प्रतिबंध रहेगा। इस सम्बंध में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अधिसूचना जारी कर दी गई है। अधिसूचना में कहा गया है कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 126 (क) की उपधारा( 1) के अधीन शक्तियों का प्रयोग करते हुए उक्त धारा की उपधारा (2) के उपबंधों के दृष्टिगत रखते हुए साधारण निर्वाचनों एवं उप निर्वाचनों के संदर्भ में किसी भी एक्जिट पोल का आयोजन करने तथा प्रिंट या इलेक्ट्रॉनिक मीडिया द्वारा इसके परिणाम की प्रकाशन करने या प्रचार करने पर प्रतिबंध होगा। इसके साथ ही अधिनियम 126( 1) (ख) के अधीन संबंधित मतदान क्षेत्रो में मतदान की समाप्ति के लिए नियत समय के साथ समाप्त होने वाले 48 घंटो के दौरान किसी भी इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में किसी भी ओपिनियन पोल या किसी अन्य मतदान सर्वेक्षण के परिणामो सहित किसी भी निर्वाचन संबंधी मामलों के प्रदर्शन पर प्रतिबंध रहेगा।

### नियोजित व्यक्ति एवं श्रमिकों के लिए मतदान तिथि को अवकाश घोषित

**बलौदाबाजार,** 5 नवम्बर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी चंदन कुमार द्वारा विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत बलौदाबाजार भाटापारा जिले में स्थित कारखानों, कारोबार व्यवसाय, औद्योगिक उपक्रम एवं किसी अन्य स्थापना में निर्वाचन क्षेत्रों में सवेतन नियोजित प्रत्येक व्यक्ति को मतदान तिथि मंगलवार 7 नवम्बर 2023 एवं शुक्रवार 17 नवम्बर 2023 को सवेतन अवकाश घोषित किया गया है। ऐसे कारखाने जो सप्ताह के सातों दिन कार्य करते हैं, वहां प्रथम एवं द्वितीय पाली के श्रमिकों को मतदान तिथि के दिन 2-2 घंटे का अवकाश घोषित करने तथा ऐसे कारखाने जो निरंतर प्रक्रिया के अंतर्गत आते हैं, वहां काम करने वाले श्रमिकों को बारी-बारी से मतदान करने की सुविधा देने के निर्देश दिए गए हैं।

## निधन

### श्रीमती सविता पांडेय

**भिलाईनगर,** 5 नवंबर। इस्पात नगर रिसाली भिलाई निवासी वरिष्ठ पत्रकार अजय पांडेय की धर्मपत्नी श्रीमती सविता पांडेय का आज रविवार की शाम निधन हो गया। वे पिछ्ले कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रही थी। वे अपने पीछे पति और एक पुत्र को छोड़ गई है। उनकी अंतिम यात्रा सोमवार 6 नवम्बर की सुबह 10 बजे उनके इस्पात नगर रिसाली स्थित निवास से निकलेगी और हिंद नगर रिसाली के मुक्तिधाम में उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा।



### श्रीरामकृष्ण शर्मा

**रायपुर,** 5 नवंबर। सिद्धार्थ चौक, टिकरापारा निवासी श्रीरामकृष्ण (जय) शर्मा का स्वर्गवास शनिवार 4 नवंबर की मध्य रात्रि में हो गया। जिनका अंतिम संस्कार रविवार 5 नवंबर को मारवाड़ी शमशान घाट, रायपुर में किया गया। वे विद्याभूषण, गौरीशंकर, संजय, शैलेश शर्मा के भाई व अभिषेक, राहुल एवं डॉ रोहित शर्मा के पिता थे।



### किसान अपने बैंक खातों को क्रियाशील कर ले

**महासमुंद,** 05 नवंबर (देशबंधु)। वर्तमान में 01 नवम्बर से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की जा रही है। इस दौरान उनके बैंक खातों में धान विक्रय की राशि भी पहुंचेगी। सहकारी बैंक के नोडल अधिकारी जीएन साहू ने किसानों से अपील करते हुए कहा है कि जिन किसान भाईयों के बैंक खाते वर्तमान में अक्रियाशील है या उनमें लेनदेन नहीं हो रहे हैं। ऐसे किसान साथी अपने बैंक खाते में लेनदेन कर क्रियाशील कर लेवें ताकि उन्हें धान विक्रय के बाद उनके बैंक खाते में राशि पहुंचने में किसी तरह की परेशानी न हो।

### पीठासीन अधिकारी तथा समस्त मतदान अधिकारियों का द्वितीय चरण का प्रशिक्षण 6 से 8 तक

**महासमुन्द।** सोमवार 6 नवंबर से 8 नवंबर तक समस्त पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारियों का द्वितीय चरण का प्रशिक्षण प्रातः 10 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित किया गया है। 6 नवम्बर को वेडनर मेमोरियल स्कूल महासमुन्द में बसना विधानसभा के लिए गठित मतदान दलों को तथा केंद्रीय विद्यालय महासमुंद में खल्लारी विधानसभा के लिए गठित मतदान दलों को प्रशिक्षण दिया जाएगा । इसी तरह 7 नवंबर को वेडनर मेमोरियल स्कूल महासमुन्द में विधानसभा क्षेत्र सरायपाली और केंद्रीय विद्यालय महासमुंद में विधानसभा क्षेत्र महासमुन्द के लिए गठित मतदान दलों का प्रशिक्षण होगा । उप जिला निर्वाचन अधिकारी निर्भय साहू ने बताया कि 8 नवंबर को चारों विधानसभा क्षेत्रों के लिए गठित शेष मतदान दलों का प्रशिक्षण होगा ।प्रशिक्षण के दौरान ही मतदान दल के सदस्यों को पोस्टल बैलेट द्वारा मतदान कराया जाएगा ।इसके लिए दोनों प्रशिक्षण स्थलों में सुविधा केंद्र बनाया गया है ।

### ईव्हीएम तथा वीवीपीएटी का कमीशनिंग आज

**महासमुन्द।** विधानसभा निर्वाचन 2023 के अंतर्गत ईव्हीएम तथा वीवीपीएटी का कमीशनिंग अर्थात सीलिंग का कार्य 6 नवंबर को प्रातः 9 बजे से कृषि उपज मण्डी पिटियाझर महासमुन्द में होगा । कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रभात मलिक ने कमीशनिंग कार्य के लिए नियुक्त समस्त अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्धारित समय और स्थान पर अनिवार्य रूप से उपस्थित होने निर्देश दिए है ।

# अपने-अपने क्षेत्र में सदी के दो महानायक की चन्द्रगिरी डोगरगढ़ में विशेष चर्चा



**नवापारा-राजिम,** 5 नवम्बर (देशबन्धु)। अपने-अपने क्षेत्र में सदी के दो महानायक संत शिरोमणी आचार्य विद्यासागर महाराज एवं देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जैन तीर्थ क्षेत्र चन्द्रगिरी के डोगरगढ में एक कमरे में लगभग 26 मिनट तक ऐकान्त मे चर्चा हुई । उसके बाद श्रीमोदी ने आचार्य श्री से आशीर्वाद लिया। तत्पश्चात श्रीमोदी ने हाथकरघा द्वारा निर्मित कपडे एवम अन्य सामान का निरीक्षण किया ।

### जनरल आब्जर्वर ने बिलाईगढ़ विस के मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया

**बिलाईगढ़,** 5 नवंबर(देशबंधु)। बिलाईगढ़ विधानसभा के सामान्य प्रेक्षक पवन कुमार ने बिलाईगढ़ विधानसभा अंतर्गत आने वाले मतदान केन्द्र सोनाखान सहित 21 मतदान केन्द्र का निरीक्षण किया। ये 21 मतदान केन्द्र कसडोल क्षेत्र में स्थित हैं। जनरल आब्जर्वर श्री पवन कुमार ने बिलाईगढ़ के बेलटिकरी, पीपरडुला, चुरेला आदि मतदान केन्द्रों का भी निरीक्षण किया और रिटर्निंग अधिकारी को आवश्यक निर्देश दिए।

### मास्टर ट्रेनर चूड़ामणि गोस्वामी व एस आर अजय ने कमीशनिंग दल को दिया प्रशिक्षण

**बिलाईगढ़,** 5 नवंबर(देशबंधु)। विधानसभा आम निर्वाचन 2023 अंतर्गत मंडी परिसर सारंगढ़ के कमीशनिंग हाल में जिले के सारंगढ़ और बिलाईगढ़ विधानसभा के मतदान केन्द्रों में उपयोग होने वाले ईव्हीएम और व्हीव्हीपैट मशीनों की कमीशनिंग कार्य के लिए मास्टर ट्रेनर श्री चूड़ामणि गोस्वामी और एस.आर. अजय ने कमिशनिंग दल को मशीनों के उपयोग और सीलिंग के संबंध में जानकारी दी। इस अवसर पर रिटर्निंग अधिकारी मोनिका वर्मा और डॉ. स्निग्धा तिवारी उपस्थित थीं।

# बरमकेला में 'लोक नृत्य के रंग–मतदान संकल्प के संग' थीम पर मनाया गया मतदाता जागरूकता कायक्रम

## करमा, सुआ, सरगुजिया, राउत नाचा, पंथी, कत्थक, गौरी गौरा नृत्य की हुई प्रस्तुति



**बिलाईगढ़,** 5 नवंबर (देशबन्धु)। जिला निर्वाचन अधिकारी व कलेक्टर डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी के निर्देशन में बरमकेला में विकासखंड स्तरीय स्वीप के तहत मतदाता जागरूकता ''लोक नृत्य के रंग'' ''मतदान संकल्प के संग'' थीम पर कार्यक्रम का सफल आयोजन इंद्रप्रस्थ स्टेडियम में किया गया। इस कार्यक्रम का सफल आयोजन छत्तीसगढ़ के नक्शा, भीम, रंगोली उकेर कर किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला निर्वाचन अधिकारी कलेक्टर डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी एवं विशिष्ट अतिथि रिटर्निंग ऑफिसर एसडीएम मोनिका वर्मा व जिला नोडल अधिकारी श्री हरिशंकर चौहान उपस्थित थे।

कलेक्टर डॉ. सिद्दीकी ने कार्यक्रम की शुरूआत में प्रतिभागियों से मुलाकात की और प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में उपस्थित स्कूलों के सभी छात्र–छात्राओं, बिहान समूह के सदस्य, व सभी उपस्थित नागरिकों को मतदान देने के लिए शपथ दिलाया गया। बरमकेला सहित अंचल के नागरिकों ने इस कार्यक्रम में बढ़–चढ़कर भाग लिया। स्वीप मतदाता जागरूकता में अपने सहभागिता निभाकर सफल बनाने में सहयोग दिया। इस कार्यक्रम में करमा नृत्य, सुआ नृत्य, सरगुजिया नृत्य, राउत नाचा, पंथी नृत्य, कथक नृत्य, गौरी गौरा नृत्य प्रस्तुत किया गया एवं कैंडल मार्च निकाला गया। कार्यक्रम के शानदार प्रस्तुति से मतदान के महत्व को बताया गया।

- मतदाता शपथ और कैंडल मार्च निकाला गया
- कार्यक्रम के शानदार प्रस्तुति से बताया गया मतदान का महत्व

कलेक्टर ने कहा कि बरमकेला के द्वारा जो इस कार्यक्रम को आयोजित करने के लिए कई दिनों से लगे हुए थे उस पूरी टीम को में बधाई देता हूं। उन्होंने कहा कि बहुत ही अच्छा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम बहुत ही अच्छे प्रस्तुति के साथ, लोक कला एवं नृत्य के माध्यम से मतदाताओं के मानस पटल पर अंकित करने का प्रयास किया गया है। मतदान बहुत जरूरी है और 17 नवंबर 2023 को अपने मतदान का अवश्य प्रयोग करें। बहुत सारे मतदाता पहली बार बोट देंगे मतदान करने के लिए मतदान केंद्र पर अवश्य जाएं अपने मताधिकार का प्रयोग कर लोकतंत्र को मजबूत बनाएं। अपने घरों में अपने आसपास अपने गांव के अपने शहरों के सभी नागरिकों को प्रोत्साहित करें कि मतदान 17 नवम्बर के दिन अपने मतदान केंद्र मतदान केन्द्र अवश्य जाएं और अपना मताधिकार का प्रयोग करें। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी बरमकेला प्रज्ञा यादव, बीईओ, नरेश चौहान, आत्मानंद स्कूल के छात्र–छात्राएं कन्या शाला एवं शिक्षक शिक्षिकाएं और बड़ी संख्या में नागरिकगण उपस्थित थे।

# 1 लाख के सागौन साजा चिराग जप्त



**महासमुंद,** 5 नवंबर (देशबन्धु)। मुखबिर की सूचना पर ग्राम जोरातराई निवासी ईश्वर वल्द बाबूलाल निषाद 35 वर्ष के घर एवं बाड़ी पर सर्च वारंट के माध्यम से महासमुन्द वन विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा दबिश देकर सर्च की कार्यवाही की गई। कार्यवाही में ईश्वर वल्द बाबूलाल निषाद के घर में सागौन लट्ठा 17 नग त्र 1.069 घ.मी, सागौन चिरान 24 नग त्र 0.181 घ.मी एवं साजा चिरान 34 नग त्र 0.034 घ.मी जप्त करते हुए पीओ आर क्रमांक 14357 3 नवंबर को पंजीबद्ध किया गया। जप्त वनोपज का बाजार मूल्य लगभग 1 लाख रूपये है। उक्त कार्रवाई वनमंडलाधिकारी महासमुन्द पंकज राजपूत के मार्गदर्शन एवं अब्दुल वाहिद खान, उप वनमंडलाधिकारी के कुशल निर्देशन पर परिक्षेत्राधिकारी महासमुन्द तोषराम सिन्हा के नेतृत्व में परिक्षेत्र सहायक श्रीमती लखिया माण्डले, सीएफओ जगतुराम ठाकुर, सीएफओ मुन्नालाल त्रिपाठी, सीएफओ एवं बीएफओ बाजन सिंह डड़सेना, देवकुमार ध्रुव, उपेन्द्र सिदार, श्रीमती रूपा चतुर्वेदी, चम्पेश्वर साहू, दिलीप यादव एवं पुलिस विभाग के आरक्षक के द्वारा की गई।

# पाइप विस्तारीकरण के लिए खोदी गड्ढे समतल नहीं कराने से हो रही परेशानी



**पलारी,** 5 नवंबर (देशबन्धु)। नल जल योजना के तहत गाँव गाँव पाईप विस्तारीकरण के सीसी सड़क को खोदकर कर पाईप विस्तारीकरण किया जा रहा है कई गाँव मे लेकिन देखने को मिलता है कि ठेकेदार द्वारा जेसीबी से गड्डे खोदकर पाईप बिछाकर नदारद हो जाता खोदे गए गड्डो को रिफलिंग करना भूल जाते हैं जिससे बरसात के दिनो मे ग्रामीणों को अनेको परेशानियों का सामना करना पड़ा ग्रामीण गड्डे मे गिरकर चोटील भी हुए वही पैदल चलना भी दुस्वार हो गया था वही कुछ दिन पहले ही ग्राम बाँसबिनौरी मे पाईप विस्तारीकरण के लिए सीसी सड़क को बीचोबीच उखाड़कर पाईप बिछा दी गई लेकिन ठेकेदार द्वारा सीसी सड़क रिफलिंग कर समतल नही कराया गया जिससे ग्रामिणो आने जाने मे अत्यधिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा ठेकेदार के इस कार्यप्रणाली से ग्रामीणों मे रोष व्याप्त है।

# प्राचार्य सुहासिनी पट्टलवार को मैट्स यूनिवर्सिटी से पीएचडी की उपाधि मिली



**गरियाबंद,** 5 नवंबर (देशबन्धु)। जिला गरियाबंद के जोबा हायर सेकंडरी स्कूल की प्राचार्य व रायपुर निवासी सुहासिनी पट्टलवार को मैट्स यूनिवर्सिटी से पीएचडी की उपाधि मिली है। उन्होंने अपना शोध प्रो. डा. परविंदर हंसपाल के निर्देशन में पूरा किय।

डा. सुहासिनी ने अपना शोध उच्चतर माध्यमिक शालाओं की सहशिक्षा और गैर सहशिक्षा में अध्ययनरत छात्रों की आधुनिकता का उनकी शैक्षिक उपलब्धि एवं जीवन शैली पर पड़ने वाले प्रभाव पर किया है। मैट्स विवि के प्रो. वीपी राय का भी उन्हें भरपूर सहयोग मिला। काफी परेशानियों के बीच उन्होंने अपना यह शोध कार्य पूरा किया।

डा. सुहासिनी पट्टलवार ने बताया कि वर्ष 2016 से उन्होंने अपना शोध शुरू किया। उन्होंने चार स्कूलों के 800 से अधिक 9वीं के बच्चों से संपर्क कर अपना शोध पूरा किया। जिसमें 400 बच्चे कोएड स्कूल के है। वहीं 200 कन्या और 200 बालक स्कूल के बच्चों से चर्चा की। उन्होंने बताया कि बच्चों को सकारात्मक चीजों को स्वीकार करने में कम समय लगता है। डिजीटल दुनिया में खुद को फ्री करने में बच्चों को कम समय लगता है, क्योंकि सोशल मीडिया किशोरों को आकर्षित करती है।

उन्होंने आगे बताया कि इस केटेगिरी के बच्चों के मन में अभिव्यकित का डर, समानता का डर, भेदभाव जैसी भावनाएं भरी होती है। वे अपने समान या यूं कहें अपनी कैटेगेरी के बच्चों के साथ फ्री रहते है। गांव के बच्चे शहर के बच्चों के साथ जल्दी घुलते मिलते नहीं है। दोनों ही अपने को अलग अलग क्लास का मानते है। ऐसे में साथ पढ़ाई के दौरान उन्हें लगभग एक साल उन्होंने आगे बताया कि इस केटेगिरी के बच्चों के मन में अभिव्यकित का डर, समानता का डर, भेदभाव जैसी भावनाएं भरी होती है। वे अपने समान या यूं कहें अपनी कैटेगेरी के बच्चों के साथ फ्री रहते है। गांव के बच्चे शहर के बच्चों के साथ जल्दी घुलते मिलते नहीं है। दोनों ही अपने को अलग अलग क्लास का मानते है। ऐसे में साथ पढ़ाई के दौरान उन्हें लगभग एक साल का समय लग जाता है आपस में एक दूसरे को जानने और समझने के लिए।

# विधवा बहू को बेटी बनाकर ससुराल से विदा किए एम. आर. निषाद परिवार



**पिथौरा,** 5 नवंबर (देशबन्धु)। एम आर निषाद अध्यक्ष मछुआ कल्याण बोर्ड (कैबिनेट मंत्री दर्जा) छत्तीसगढ़ शासन के स्वर्गवासी छोटे भाई के सुपुत्र मनीष निषाद का विवाह वर्ष 2018 में उरला रायपुर निवासी हरीश निषाद की सुपुत्री कविता के संग संपन्न हुआ था। समय का चक्र कहे या ईश्वर की इच्छा, मात्र ढाई माह ही परिणय बंधन को बीता था कि भतीजे का सड़क हादसा में अकस्मात् मृत्यु हो गया। ऐसी ईश्वर की नियति काल के सामने भतीजा बहू एवं परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा, ऐसी परिस्थिति में विधवा बहू को श्री एम आर निषाद ने बेटी बनाकर उसके सुने जीवन को खुशहाल जीवन यापन की दिशा में आगे बढ़ाने की संभावनाओं को जीवंत करने का निर्णय लिया। इसी निर्णय के चलते विगत 2 वर्ष से रिश्ता लगाने का प्रयास चलता रहा।

निषाद केवट सामाजिक ग्रुप में श्री सोनी राम निषाद के माध्यम से रिश्ता हेतु निरंतर प्रेषित किया जा रहा था। विशेष तौर पर श्री दिलीप निषाद जी पूर्व उपाध्यक्ष निषाद केवट समाज प्रदेश संगठन के सार्थक प्रयास से ईश्वर ने घोटिया बालोद निवासी शशिकांत निषाद को विधवा बहू के सुने मांग और कलाई को सिंदूर व चुड़ी से सजाने के लिए आगे लाया, जिनके सामाजिक रश्म दिनांक 5-11-2023 को सम्पन्न हुआ। हम सभी एम आर निषाद परिवार ईश्वर को धन्यवाद देते हुए दोनों जोड़ी को आशीर्वाद प्रदान करते हुए उनके दाम्पत्य जीवन को हमेशा खुशहाल व सुखमय प्रदान करने की मंगल कामना की गई। उक्त जानकारी निषाद समाज प्रमुख दिलीप निषाद ने दिया

# सरोज साव डाक्टरेट मानद उपाधि से विभूषित



**पिथौरा,** 5 नवंबर (देशबन्धु)। शासकीय पोस्ट मेट्रिक आदिवासी कन्या छात्रावास पिथौरा में उच्च वर्ग पद पर पदस्थ श्रीमती सरोज साव को उनके द्वारा शिक्षा एवं साहित्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्यों के लिये इन्हें विगत दिनों हरियाणा के मैजिक एन्ड आर्ट फरीदाबाद यूनिवर्सिटी द्वारा डाक्टरेट की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया। डॉ. सरोज साव की इस उपलब्धि पर पिथौरा के बीईओ के के ठाकुर, एबीईओ द्वारिका पटेल, लक्ष्मी डड़सेना, तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ के ब्लॉक अध्यक्ष उमेश दीक्षित, प्रधानपाठक छबिराम पटेल, लेखराम साहू, रोहिणी देवांगन, अन्तर्यामी प्रधान, नरेश नायक, सन्तोष साहू, यू के दास, दिनेश साहू, पंचायत सचिव संघ के संरक्षक पुनीत सिन्हा, साहित्यकार प्रवीण प्रवाह, सन्तोष गुप्ता, अनूप दीक्षित, जितेश्वरी साहू, गुरप्रीत कौर सहित कई मित्रों एवं शुभचिंतकों ने बधाई व शुभकामनाएं दी हैं।

# सफ्लता के चार सूत्र प्रयास, योजना, अभिव्यक्ति और संस्कार द्वारा सफलता प्राप्त कर सकते हैं : आनंद श्रीवास्तव



**नवापारा-राजिम,** 5 नवंबर (देशबन्धु)। सेठ फूलचंद अग्रवाल स्मृति महाविद्यालय में शिक्षा संकाय में गायत्री विद्या शक्तिपीठ के द्वारा सामूहिक ज्ञानदीक्षा संस्कार महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन बीएड प्रशिक्षणार्थीयों को, जो भावी शिक्षको के लिए विशेष रूप से आयोजित किया गया था। इस कार्यक्रम की शुरुआत मिशन गीत से प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम को संचालित करते हुए आनंदश्रीवास्तव के द्वारा बीएड प्रशिक्षणार्थियों को गायत्री मंत्र से अवगत कराते हुए प्राचार्य डॉ शोभा गावरी, उप प्राचार्य डॉ मनोज मिश्रा ने ऋषि - परंपराओं की जानकारियां प्रदान की गई। बीएड प्रशिक्षणार्थियों को प्राचीन ऋषि - परंपरा में शिक्षा के महत्व को बताया। प्राचीन शिक्षा संस्कृति गुरुकुलों के माध्यम से संचालित होती थी जिसमें 64 प्रकार की कलाओं का ज्ञान प्रदान किया जाता था। प्राचीन शिक्षा गुरुकुल में संचालित होती थी जिसमें गुरु - शिष्य की परंपरा स्थापित थी और आधुनिक शिक्षा शिक्षक - छात्र बनकर रह गया है। बीएड प्रशिक्षणार्थियों को स्वयं में उपस्थित शक्तियों एवं स्वधर्म के बारे में बताया गया। श्री श्रीवास्तव के द्वारा प्रशिक्षणार्थियों को सफ्लता के चार सूत्र बताए गए जिसमें प्रयास, योजना, अभिव्यक्ति और स्व को जानना (संस्कार) के द्वारा सफ्लता प्राप्त कर सकते हैं। कार्यक्रम प्रभारी लोमश साहू एवं प्रो नयना पहाड़िया के मार्गदर्शन के माध्यम से बीएड प्रशिक्षणाथियों को ज्ञानदीक्षा संकल्प सूत्र - सत्यम वद, धर्मम चर, स्वाध्यायान मा प्रमात, मातृ देवो भव, पितृ देवो भव, आचार्य देवो भव इत्यादि से संकल्पित कराया इसमे चंद्रहास साहू, अखिलेश शर्मा रवि कोठारी, विजय राजपूत, प्राध्यापकों ने कार्यक्रम शिक्षक - प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों में होना चाहिए जो भावी शिक्षकों के ज्ञान में वृद्धि करने में सहायक सिद्ध होती है। इस प्रकार के आयोजन से प्रशिक्षणार्थियों का समग्र विकास करने में सहायक होता है, क्योंकि ऐसे आयोजन प्रशिक्षणार्थियो को अपनी संस्कृति, अस्मिता एवं प्रकृति के करीब ले जाने में महती भूमिका निभाती है। अत: ऐसे आयोजन शिक्षक - प्रशिक्षण हेतु आवश्यक माना जा सकता है। कार्यक्रम का आभार प्राध्यापक नयना पहाड़िया ने किया।

# दिवंगत शिक्षक परिवार को मिला अनुग्रह व सहयोग राशि



**पलारी,** 5 नवंबर (देशबन्धु)। विगत दिनों गैंदराम बंजारे प्रधानपाठक प्राथमिक शाला साराडीह के स्वर्गवास उपरांत उनके निज निवास जारा जाकर शासन द्वारा प्रदत्त अनुग्रह राशि व शिक्षक सहयोग राशि 50-50 हजार कुल 1 लाख रूपये नगद पत्नी उषानंदिनी बंजारे व पुत्र राजेंद्र बंजारे को दिवँगत के कार्यक्रम के लिए प्रदान किया गया व उपस्थित सदस्यों के द्वारा मृतात्मा को शांति प्रदान करने व परिवार को हरसंभव मदद का भरोषा दिलाया गया। इस अवसर पर सहायक विकासखंड शिक्षाधिकारी सतीश महेश्वरी, अंगद दयाल खूंटे, अभिषेक महोबे, रोहित जायसवाल, विक्रम राय, घनश्याम प्रसाद वर्मा, प्रकाश सेन, विश्वनाथ मांडले, संजय सिन्हा, किशन बंजारे, छन्नू लाल ध्रुव, चुन्नू प्रसाद मारकंडे, लक्ष्मण प्रसाद साहू, चुम्मन लाल साहू, पूरन लाल साहू, मनोज गायकवाड़, विकास तम्बोली, राजकुमार साहू, कुमार मारकंडे आदि उपस्थित थे।

# कुरूद में गूंजने लगी सुवा नृत्य की गूंज



**कुरूद,** 5 नवंबर (देशबन्धु)। जगमग रोशनी के महापर्व दीपावली के नजदीक आते ही हर वर्ग इसे धूमधाम से मनाने तैयारी में जुटे गए है। नगर में दीपावली पर्व में व्यापारी वर्ग अच्छे व्यवसाय की उम्मीद लिए ग्राहकों की आस में अपने दुकानों में पर्व को चार चांद लगाने वाले वस्तुओ को सजाकर बैठे है। वही कुम्हार वर्ग भी मिट्टी के दिए सहित अन्य सामानो के साथ अच्छे व्यवसाय की उम्मीद लगाए हुए हैं। इस बीच कुरूद नगर में ग्रामीण अंचल व कुरूद की ही प्यारी-प्यारी बेटिया पारंपरिक सुवा नृत्य की मनमोहक गूंज लिए कुरूद में अपनी परंपरा का निर्वहन कर रही है।विदित है कि हमारे छत्तीसगढ में सुवा नृत्य की मोहकता ही दीपावली त्यौहार को महकाती है।बेटियों की टोली हर गली मुहल्ले में सुवा नृत्य की गूंज से इन दिनों गूंज रही हैं।इसी के साथ ही हर वर्ग इस पर्व को मोहक बनाने के लिए अपनी तैयारी में जुटा हुआ है।

विदित है कि छत्तीसगढ़ में परम्पराओं की महकती बगिया है जहां लोकगीतों की अजस्त्र रसधार बहती है। लोकगीतों की इसी पावन गंगा में छत्तीसगढ़ी संस्कृति की स्पष्ट झलक दृष्टिगत होती है। छत्तीसगढ़ में लोकगीतों की समृद्ध परम्परा कालांतर से लोक मानस के कंठ कंठ में तरंगित रही है जिसमें भोजली, गौरा, सुआ व जसगीत जैसे त्यौहारों में गाये जाने वाले लोकगीतों के साथ ही करमा, ददरिया, बांस, पंडवानी जैसे सदाबहार लोकगीत छत्तीसगढ़ के कोने कोने से गुंजायमान होती है। इन गीतों में यहां के सामाजिक जीवन व परम्पराओं को भी परखा जा सकता है। ऐसे ही जीवन रस से ओतप्रोत छत्तीसगढ़ी लोकगीत है च्सुआ गीतज्जिसे वाचिक परम्परा के रूप में सदियों से पीढी दर पीढी यहां की नारियां गाती रही हैं। प्रतीकात्मक रूप में सुआ का रूप मिट्टी से निर्मित हरे रंग के तोते नें ले लिया, भाव कुछ इस कदर फूटते गये कि इसकी लयात्मकता के साथ नृत्य भी जुड गया।सुआ गीत मूलत-गोंड आदिवासी नारियों का नृत्य गीत है जिसे सिर्फ स्त्रियां ही गाती हैं।यह संपूर्ण छत्तीसगढ़ में दीपावली के पूर्व से गाई जाती है जो देवोत्थान (जेठउनी) एकादशी तक अलग-अलग परम्पराओं के अनुसार चलती है। सुवागीत गाने की यह अवधि धान के फसल के खलिहानों में आ जाने से लेकर उन्हारी फसलों के परिपक्वता के बीच का ऐसा समय होता है जहां कृषि कार्य से कृषि प्रधान प्रदेश की जनता को किंचित विश्राम मिलता है।सुआ सामूहिक गीत नृत्य है इसमें छत्तीसगढ़ की नारियां मिट्टी से निर्मित सुआ को एक टोकरी के बीच में रख कर वृत्ताकार रूप में खडी होती हैं। महिलायें सुआ की ओर ताकते हुए झुक-झुक कर चक्राकार चक्कर लगाते, ताली पीटते हुए नृत्य करते हुए गाती हैं। ताली एक बार दायें तथा एक बार बायें झुकते हुए बजाती हैं, उसी क्रम में पैरों को बढाते हुए शरीर में लोच भरती हैं।गीत का आरम्भ 'तरी नरी नहा ना री नहना, रे सुवा ना ....' से एक दो नारियां करती हैं जिसे गीत उठाना कहते हैं। उनके द्वारा पदों को गाने के तुरन्त, बाद पूरी टोली उस पद को दुहराती हैं। तालियों के थप थप एवं गीतों के मधुर संयोजन इतना कर्णप्रिय होता है कि किसी भी वाद्य यंत्र की आवश्यकता महसूस ही नहीं होती। संयुक्त स्वर लहरियां दूर तक कानों में रूनझुन करती मीठे रस घोलती है।गीतों में विरह के मूल भाव के साथ ही दाम्पत्य बोध, प्रश्नोत्तनर, कथोपकथन, मान्यताओं को स्वींकारने का सहज भाव पिरोया जाता है जिसमें कि नारियों के बीच परस्पर परंम्?परा व मान्यताओं की शिक्षा का आदान प्रदान सहज रूप में गीतों के द्वारा पहुचाई जा सके।